थरावणौ, थराववौ—थरहराणौ, थरहरावौ' (रू.भे.)
थराविओड़ौ—देखो 'थरहरायोडौ' (रू.भे.)
(स्त्री० थरावियोडी)
थरु, थरू-वि० [सं० स्थिर] अटल, स्थिर। उ०—१ जिण राघव जापियो, थरु धर नव निध थावत।—र.ज.प्र.
उ०—२ चढ़ै सिंह चंडी मधूकीट खंडी। खळ ओक खप्पी थरू दास थप्पी।—केहर प्रकास
उ०—३ जिण मुख जोवतां दुख प्राचत जावै। थरू आथ धर नव निध थावै।—र.ज.प्र.
उ०—४ सह तरा रूप कळ विरछ अखै सकळ, थरु दुत मेर सिखरां आथाघो।—र.ज.प्र.
थळ-सं०पु० [सं० स्थल] १ स्थान, जगह। उ०—१ कै 'सोनागिर' कै 'दुरंग', कै खीची 'मुकनेस'। अै जांणै छळ सांम रौ, जिण थळ रहै नरेस।—रा.रू.

थळेचो—देखो 'थळियो' (रू.भे.)
थळेरी—देखो 'थळगट' (रू.भे.)
थळेस्वरी-सं०स्त्री० [सं० स्थल+ईश्वरी] देवी, शक्ति।
थवक्क, थवक्को-सं०पु० [सं० स्तवक] समूह। उ०—तुंग पयोहर उल्लसइ सिंगार थवक्का। कुसुमवांणि निय अमियकुंभ किर थापणि मुक्का।—प्राचीन फागु संग्रह
थवणी-[सं० स्तवनिका, स्थापनिका] सुस्मृति, स्मृति-चिन्ह।
उ०—परिणीय आपी पंडुकुमरि आपणीय जि थवणी। सहीयर वळि एकति हुई पुत्तु जायउ रमणी।—पं.पं.च.
थवणौ, थवबौ-क्रि०अ०—होना।
थवियोड़ौ-भू०का०कृ०—हुवा हुआ।
(स्त्री० थवियोड़ी)
थविर-वि० [सं० स्थविर] १ बुड्ढा, वृद्ध।
२ परिपक्व बुद्धि वाला, स्थिर बुद्धि वाला. ३ स्थविर-कल्पी, साधु (जैन)
रू०भे०—थिवर, थीवर, थेर, थेवर।
थह, थहक-सं०स्त्री० [सं० स्था] सिंह, सूअर, रींछ आदि की मांद, कंदरा। उ०—१ घाल घणा घर पातळा, आयो थह में आप। सूतौ नाहर नींद सुख, पौहरौ दियै प्रताप।—बां.दा.
उ०—२ फिरतौ देख दिसूं दिस दोळा, अणडरतौ करतौ ओछाह। डाकरतौ आयो थह डारण, वीफरतौ फिरतौ वाराह।
—महादांन महडू
रू०भे०—थे, थेह, थैह।
थहण-उ०लि० [सं० स्था] स्थान, जगह। उ०—चहूं चक्क चल चलिय सेस चळचळिय सहस सिर। कमठ पीठ कळमळिय थहण दळमळिय सुचर थिर।—र.रू.
थहरणौ, थहरबौ-क्रि०अ०—१ ठहरना, टिकना, रुकना।
उ०—जस थहरै तो जीभ में, क्रिपा हूंत विधि कीध। मंहरै तौ म्रिगसींग में, पंठो बांन पसीध।—बां.दा.
२ दुर्बलता या भय से कांपना।
थहराणौ, थहराबौ-क्रि०स०—१ कांपना, थर्राना. २ ठहराना, टिकाना।
थहरायोड़ौ-भू०का०कृ०—१ कांपा हुआ, थर्राया हुआ. २ ठहराया हुआ।
(स्त्री० थहरायोड़ी)
थहरावणौ, थहरावबौ—देखो 'थहराणौ, थहराबौ' (रू.भे.)
उ०—वायू आयू हर विवरण वहरावै। थर थर थरकत थिर थिरचर थहरावै।—ऊ.का.
थहरावियोड़ौ—देखो 'थहरायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० थहरावियोड़ी)
थहरियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ ठहरा हुआ, टिका हुआ, रुका हुआ.
२ कांपा हुआ, थर्राया हुआ।
(स्त्री० थहरियोड़ी)
थां-सर्व०—आप, तुम। उ०—१ बारठ केसरिसिंघ सूं, अक्खी 'सोनंग' साह। खत्रि सपूता चार री, थां हूंता निरवाह।—रा.रू.
उ०—२ रे मीत नचिंत हुवौ कप राजिंद, याद हरी नह आवै। तोरौ वीर विछंडै तीरां, थां गथ सो हिव थावै।—र.रू.
थांअळौ—देखो 'थांहरौ' (रू.भे.)
(स्त्री० थांअळी)
थांण—देखो 'थांन' (रू.भे.) उ०—१ देवी गंद्रपांवास अरवद् गांमै। देवी थांण उडियांण समसांण ठांमै।—देवि.
उ०—२ मांण थांण परसण विय 'मोकळ', घसण फौज पड़ घण घणी। घणी चत्रंग वैसतां धारण, धारण चूको दिली धणी।
—महारांणा जगतसिंह वडा री गीत
उ०—३ थांण करै आखूं थड़थां, नह थण काती न्हाय। समर जिमा नव लख सगत, कंत उदार कहाय।—रेवंतसिंह भाटी
थांणगिद्धी-सं०स्त्री० [सं० स्त्यानगृद्धि] सोते सोते छः मास बीत जाने का भाव (जैन)
थांणथप—देखो 'थांणाथप' (रू.भे.)
थांणबंध—देखो 'थांणाबंध' (रू.भे.)
थांणाथप-वि०—एक ही स्थान पर अमिट रूप से रहने वाला।
सं०पु०—वह वृद्ध जैन साधु जो चलने-फिरने में असमर्थ हो तथा एक ही स्थान पर रहता हो।
रू०भे०—थांणथप।
थांणादार—देखो 'थांणेदार' (रू.भे.) उ०—जणी नाकै गोळकुंडा री थांणादार रहै। जिकण सूं भील पाल्वी अगंजियाई वहै।
—केहर प्रकास
थांणादारी—देखो 'थांणेदारी' (रू.भे.)
थांणाबंध-सं०पु० [सं० स्थानबंध] डिंगल का एक गीत छंद विशेष।
रू०भे०—थांणबंध।
थांणायत-सं०पु० [सं० स्थान+रा०प्र०आयत] १ चौकीदार।
उ०—१ सो वीकांण घेरा चै सांधै, वळ मेटियो जु हूता वांधै। केताई गांव थांणायत कोटां, लूटै देस किया सहलोटां।—रा.रू.
उ०—२ तद पूनियां रै थांणायत अरज कीवी—परगनो नयो दबियो छै।—मारवाड रा अमरावां री वारता
वि०—एक ही स्थान पर अमिट रूप से रहने वाला।
रू०भे०—थांणैत।
थांणु, थांणू-सर्व०—१ आपका, तुम्हारा. २ देखो 'थांणौ' (रू.भे.)
उ०—१ हां हो जीव दया धरम वेलड़ी, रोपी स्री जिनराय। जिन सासण थांणु जिहां, ऊगो अविचळ आय।—स.कु.
उ०—२ कान्ह नै भांग रिड़माल राजा कियो, पियो पय हाकड़ो समंद पांणू। वीक नै दियो वरदांन तै वीसहथ, थिर कियो दुरंग देमांण थांणू।—वालावक्ष वारहठ

[सं० स्थाणु] ३ महादेव, शिव. ४ सूखा वृक्ष।

थाणेत-सं०पु०—१ किसी स्थान का अधिपति. २ किसी चौकी या अड्डे का मालिक. ३ किसी स्थान का देवता.
४ देखो 'थांणायत' (रू.भे.)

थाणेदार, थाणैदार-सं०पु० [सं० स्थान+फा० दार] १ पुलिस स्टेशन का वह अधिकारी या प्रधान जो किसी स्थान पर शान्ति बनाये रखने और अपराध की छानबीन करने के लिये नियुक्त रहता है।
२ जकात का वह अधिकारी या चौकीदार जो आयात और निर्यात के माल पर कर (चुंगी) वसूल करता है।
रू०भे०—थांणादार।
अल्पा०—थांणेदारियो।

थाणेदारी-सं०स्त्री०—१ थानेदार का पद।
क्रि०प्र०—मिळणी।
२ थानेदार का कार्य।
क्रि०प्र०—करणी।
रू०भे०—थांणादारी।

थाणो-सं०पु० [सं० स्थान] १ वह स्थान जहां आसपास की रक्षा के लिये थोड़े से सिपाही आदि रहते हों, चौकी। उ०—१ बरात रा समाधांन पर आपरा सुभट सचिव रात्रि तत्काळ ही बूंदी आए अमल कीधो। जठै आपरो थांणो राखि पाछो ऊमर सूं जाए आसाढ़ सित्तरा नवमी बुधवार रा लग्न पर गोळवाळ री दो ही पुत्रियां री विवाह चाळुकराज रा दो ही कंवरां रै साथ कर दीधो।—वं.भा.
उ०—२ जड़ि ठांम ठांम थांणा जबर, बैठा मुगळ महाबळी। आसुरां सुरां प्रजळि अगनि, छोह श्रोह झळ ऊछळी।—सू.प्र.
२ वह स्थान जहां अपराधों की सूचना दी जाती है और कुछ सरकारी सिपाही रहते हैं, पुलिस स्टेशन, पुलिस की बड़ी चौकी.
३ टिकने या ठहरने का स्थान। उ०—थाटपति मेवाड़ थांणे, रचै निजरां दीघ रांणे।—सू.प्र.
४ स्थान। उ०—ग्यांनी घ्यांनी सब सुण लीजो, वांठां चेतन रहया। सत लोक सोहं घर वासा, थिर थांणा थइया।
—श्री हरिरांमजी महाराज
५ वह घेरा या गड्ढा जिसमें कोई पौधा लगा हो, आलवाल, थाल।
उ०—१ वल्ली तसु बीज भागवत वायो, महि थांणो प्रिथु दास मुख। मूळ ताल जड़ अरथ मंडहे, सुथिर करणी चढ़ि छांह सुख।
—वेलि.
उ०—२ इक थांणै रोपिया रे, इक आंबो एक बूळ। वाको रस नीको लगै रे, वाकी गागै सूळ।—मीरां
रू०भे०—थांवळो।
यौ०—तुळछी-थांणो।
६ समूह। उ०—पड़ियो गुरभाय सेस इळ ऊपर, सकत रांण सुत सांझी। थरकै माल वनचरां थांणा, मुख कुमळांणां मांझी।—र.रू.

७ एक प्रकार का सरकारी लगान।
क्रि०प्र०—देंणी, मांगणी।
सर्व० (स्त्री० थांणी) आपका, तुम्हारा।
रू०भे०—थांणु थांणु, थांनो।

थान-सं०पु० [सं० स्थान] १ किसी देवी-देवता का मंदिर अथवा चबूतरा।
उ०—१ जै काठड़ै थो भैरव काठड़ै थांनो रो थान। काठड़ै थो भैरव काठड़ै थांनी थापना।—लो.गी.
उ०—२ निमळ देह धारियां गगन मंडळ पर निरखै। थान देवांणु री झान पाया।—गिरनी वारठ
२ स्थान, जगह, ठौर, ठिकाना। उ०—सिद्ध सधी आरंभ सह, तुरमो तिण थान।—वि.कु.
३ कपड़े व गोटे आदि का निश्चित लम्बाई का पूरा टुकड़ा।
उ०—अभयसिंहजी नै मरम दियो, सारा टीको घोड़ा नजर रा दीन्हा, राजाधिराज बखतसिंहजी नागोर सूं टीका रा हाथी घोड़ा कपड़ै रा थान लेय सास नूं भेल्ही।
—मारवाड़ रा अमरावां री वारता
४ देखो 'थण' (रू.भे.)
रू०भे०—थन, थांण।

थानअनाद-सं०पु०—देवालय।

थानक-सं०पु० [स्थानक] १ किसी देवी-देवता का चबूतरा या मंदिर, देवालय. २ स्थान, जगह। उ०—१ मन माळी गुण फूलड़ा, नित नित लेता थाग। अब उण थानक रैण दिन, दिस बिन रहूं उदास।
—अज्ञात
उ०—२ धाना रापन पूर धनेरां, थानक दासा थापै।—र.ज.प्र.
उ०—३ गंगा जिण थानक गई, सुणियो नीरथ सोय। तीरथ होय न गंग बिन, गुरु बिन बोध न होय।—बां.दा.
यौ०—थानकराव।
३ श्वेताम्बर जैनी साधुओं के ठहरने का स्थान। उ०—जयमलजी रा टोळा मांहि थी संवत् १८५२ रै आसरै गुमांनजी, दुरगदासजी, पेमजी, रतनजी आदि सोळै जणा नीकळ्या। थानक, निल्य, पिंड, फलाळ री पांणी वहिरणो आदि छोड़, नवो साधपणो चलायो, तिण सरधा तो बाहिज पुन री।—भि.द्र.
यौ०—थानकवासी।

थानकवळ-सं०पु० [सं० स्थान+वलि] पाताल।

थानकवासी-स०पु०यौ०—श्वेताम्बर जैन साधु।

थान-चंदावणो—विवाह की एक रस्म या प्रथा विशेष जिसमें बारात रवाना होते समय दूल्हा के घोड़े या पालकी पर चढ़ते हो माता उसे स्तन पान कराती है।

थानिक-सं०स्त्री०—१ राजधानी. २ देखो 'थानक' (रू.भे.)
उ०—१ इळ छळि थाट वडा आफाळै, थानिक मोटै वात थयो। जिम दीजै तिम सेलं दीधी, लीजै जिम तिम राड़ लयो।
—राठौड़ सेखा सूजावत गांगा बाघावत री गीत

उ०—२ चित समंद थांनिक 'चौंडरै' । कमधज्ज राजस इम करै ।
—सू.प्र.

थांपण—देखो 'थापरा' (रू.भे.) उ०—१ कूड़ा कथन रखै करौ, सूंस कूडी साख । थांपण मोसौ मत करै, रिद्धि पारकी राख ।—ध.व.ग्रं.

उ०—२ चाडी खाधी चउतरइ, कीधउ थांपण मोसउ । कुगुरु कुदेव कुधरम नउ, भलउ ग्रांण्यउ भरोसउ ।—स.कु.

वि०—स्थापित करने वाला । उ०—दूजो सवळां उथांपरा, तीजो निवळां थांपण ।—रा.सा.स.

थांपणि—देखो 'थापरा' (रू.भे.) (उ.र.) उ०—करि रखवाळू थांपणि तणुं ग्रजीउ फिरेवुं ग्रम्हि वनि घणुं । नमी हिडंवा पाछी जाइ वापराजि घरिणयांणी थाइ ।—पं.पं.च.

थांब, थांबड़—देखो 'थंबौ' (मह., रू.भे.)

थांबणौ, थांबबौ—देखो 'थांभरणौ, थांभबौ' (रू.भे.)

उ०—ढोलाजी करहलो थांब्यो रे, फंवयो रेतूड़ रै मांय । काडचो डावा पग री ताकळी, कोई पूग्यो छिन रै मांय ।—लो.गी.

थांबलियौ—देखो 'थंबौ' (ग्रल्पा., रू.भे.)

थांबली-सं०स्त्री०—देखो 'थंबौ' (ग्रल्पा., रू.भे.)

थांबलौ—देखो 'थंबौ' (ग्रल्पा., रू.भे.)

थांबियोड़ौ—देखो 'थांभियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० थांबियोड़ी)

थांबियौ— देखो 'थंबौ' (ग्रल्पा., रू.भे.)

थांबीड़—देखो 'थंबौ' (मह., रू.भे.)

थांबौ—देखो 'थंबौ' (रू.भे.)

थांभ—१ देखो 'थंबौ' (मह., रू.भे.) २ देखो 'तोरणथांभ' (रू.भे.)

थांभउ—देखो 'थंबौ' (रू.भे.) (उ.र.)

थांभणौ, थांभबौ-क्रि०स०—१ रोकना, ठहराना । उ०—१ जुध भागां थांभै जिकौ, गढ़ तजियां नहि गत्त । गढ़ नूं म्है बांध्यो गळै, ग्रावो सो ग्रसपत्त ।—बां.दा.

उ०—२ सोरठ थू सुरनार, सिर सोनै री बेहड़ी । पग थांभो पिरिण-हार, वातां वूझै बींझरो ।—बीझा सोरठ री वात

२ जारी न रखना, बन्द करना. ३ धैर्य रखना, शांत होना ।

उ०—भरमल री डील तौ विरह सूं पसीज गयौ, बहुत उदास हुई, नयरणां सूं प्रवाह छूटियो, नीठ सी जीव थांभियौ ।
—कुंवरसी सांखला री वारता

४ किसी गिरती हुई वस्तु को ग्रधर मे ठहरा लेना, पकड़ लेना ।

उ०—सखी ग्रमीरणौ साहिबो, बोह जूझै वळवंड । सो थांभै भुजडंड सूं, खडहडतौ ब्रहमंड ।—बां.दा.

थांभणहार, हारौ (हारी), थांभणियौ—वि० ।

थंभवाड़णौ, थंभवाड़बौ, थंभवाणौ, थंभवावौ, थंभवावणौ, थंभवाववौ, थंभाड़णौ, थंभाड़बौ, थंभाणौ, थंभाबौ, थंभावणौ, थंभावबौ—प्रे०रू० ।

थांभिग्रोड़ौ, थांभियोड़ौ, थांम्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

थांभीजणौ, थांभीजबौ—कर्म वा० ।

थंबणौ, थंबबौ, थंभणौ, थंभबौ, थमणौ थमबौ—ग्रक०रू० ।

ठांबणौ, ठांबबौ, ठांभणौ, ठांभबौ, ठांमणौ, ठांमबौ, थांबणौ, थांबबौ, थांमणौ, थांमबौ—रू०भे० ।

थांभलियौ—देखो 'थंबौ' (ग्रल्पा., रू.भे.)

थांभली-सं०स्त्री०—देखो 'थंबौ' (ग्रल्पा., रू.भे.)

थांभलौ—देखो 'थंबौ' (ग्रल्पा., रू.भे.)

थांभायत-सं०पु०—कुल या वंश की शाखा या उप-शाखा का प्रमुख व्यक्ति ग्रथवा पूर्वज ।

थांभियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ रोका हुग्रा, ठहराया हुग्रा. २ बन्द किया हुग्रा. ३ किसी गिरती हुई वस्तु को ग्रधर में रोका हुग्रा, ग्रधर में पकडा हुग्रा. ४ धैर्य रखा हुग्रा, शान्त ।
(स्त्री० थांभियोडी)

थांभियौ—देखो 'थंबौ' (ग्रल्पा., रू.भे.)

थांभीड़—देखो 'थंबौ' (मह., रू.भे.)

थांभु, थांभौ-सं०पु०—१ वंश ग्रथवा कुल की शाखा या उपशाखा. २ देखो 'थंबौ' (रू.भे.) उ०—१ तिहां नु रे थांभु तेह नीखीउ तेणइ ठाइ । कुतूहळ कीधू तेणइ बळवंतइ ए ।—नळ-दवदंती रास

उ०—२ कठठे हठी पाकेटूं की कतार । सो कंसे बगलूं के उरळे गिर सिखरूं से थूंभा । जूबलूं के घाट देवळूं के थांभा ।—सू.प्र.

उ०—३ ग्रर जगमाल मालावत घोड़ी दावियो सु थांभौ खिसियो नहीं ।—नैणसी

थांभ—देखो 'थंभौ' (मह. रू.भे.)

थांमणौ, थांमबौ—देखो 'थांभणौ, थांभबौ' (रू.भे.)

उ०—रथ तांम थांम देखंत रवि, उडै रीठ तरवारियां । घरण करै पार जरदां घटां, करदां छुरां कटारियां ।—सू.प्र.

थांमियोड़ौ—देखो 'थांभियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० थांमियोड़ी)

थांम्हणौ, थांम्हबौ—देखो 'थांभणौ, थांभबौ' (रू.भे.)

थांम्हियोड़ौ—देखो 'थांभियोडौ' (रू.भे.)
(स्त्री० थांम्हियोड़ी)

थां'ळौ, थांरउ, थां'रौ—देखो 'थांहरौ' (रू.भे.) उ०—१ राजि थांरउ रूप सकळ सुखदा ।—वि.कु.

उ०—२ ग्रै साथी हुसी कुंवर इतरी कही तद लोकै कही थां'री ऐसोहीज धीरज दीसै छै ।—चौबोली
(स्त्री० थां'ळी, थां'री)

थांवळौ—देखो 'थांणौ' (५) (रू.भे.)

थांहरौ-सर्व० (स्त्री० थांहरी) ग्रापका, तुम्हारा । उ० -१ थांहरी तौ सूरति जिनवर राजै छइ नीकी ।—वि.कु.

उ०—२ थांहरा छै ज्यूं थां दाई ग्रावै त्यूं करौ । मारी भावै राखौ ।
—द.वि.

उ०—३ ताहरां किरोटी तेड़ नै कह्यो—थांहरा आदमी गांवै मूको ज्यूं पइसा ल्यावै ।—नैणसी

था-सं०स्त्री०—१ गंगा. २ पृथ्वी. ३ द्युति. ४ मृदंग (एका.)

सर्व०—तुम । उ०—सांई ! तूं ज वडो धणी, था सू वडो न कोय। तू जेना सिर हत्थ दे, सो जग में वड होय ।—ह.र.

क्रि०अ० (बहु व०) एक शब्द जिससे भूतकाल मे होना सूचित होता है, राजस्थानी के 'थो' शब्द का बहुवचन, थे । उ०—सखी सु सज्जण आविया, हुंता मुझ्झ हियाह । सूका था सू पाल्हव्या, पाल्हविया फळियाह ।—ढो.मा.

प्रत्य०—करण और अपादान कारक का चिन्ह, तृतीया और पंचमी विभक्ति का चिन्ह, से । उ०—१ सु सिरोही था नजीक घाटी छै तठै आय देवळ लखै घाटी विघाड़ रै वास्तै रोकी छै ।

—राव लाखै री वात

उ०—२ संवत १६७८ ब्रहांनपुर था छाट नै राव रतन रै वास वसियो ।—नैणसी

थाक-सं०स्त्री०—थकावट ।

थाकउ—देखो 'थाकौ' (रू.भे.) उ०—जइ भागउं तौ वाराहउं, जइ थाकउ तौ पार करउ घोडउ, जइ ठालउ तोइ कपूर तणउ दाबडउ, जइ जूनउं तोइ पाटू ।—व.स.

थाकड़ौ—देखो 'थाकौ' (अल्पा., रू.भे.) उ०—भूखा तिमिया थाकड़ा, राखीजै नेड़ाह । ढळिया हाथ न आवसी, 'गोगादे' घोड़ाह ।—गो.रू.

थाकणौ-वि० (स्त्री० थाकणी) थकने वाला, शिथिल पड़ने वाला ।

रू०भे०—थाकु ।

सं०पु०—रुकने या ठहरने की क्रिया, ठहराव । उ०—थांनिक थांनिक थाकणे, दीजइ जे मागइ । पंच वरण दयां भरी, वळि चालइ आगइ ।

—ऐ जै.का.स.

थाकणौ, थाकबौ-क्रि०अ०—१ शिथिल होना, श्रान्त होना, क्लान्त होना । उ०—ऊनाळा में लूण रा वण चमक'र आंख्यां नै पांणी रो धोखो देवै । तिरस्या हिरण्या पांणी देख'र दौड़ता रै'वै अर थाकर मर जावै ।—रातवासो

२ दुर्बल होना, कृश होना । उ०—दुनिया में सब रोगां री दवा है पण वै'म री ओखद कठैई कोयनी । थनै म्हारै थाकण रो वै'म व्हैग्यो है ।—रातवासो

३ काम करने योग्य न रहना, अशक्त होना, शक्तिहीन होना.

४ कम पड़ना, बाकी रहना । ज्यूं—व्याव मे रुपया दो हजार री जरूरत ही, पनरै सो तो है पण पांच सौ रुपया थाक रह्या है ।

५ निर्धन होना ज्यूं—कै'टो धणोडो घर थो पण अबै थाक ग्यो ।

६ हैरान होना, ऊब जाना । उ०—प्रगट खांप खांप रा एम दोहं वड रावत, ठौड़ ठौड़ राठौड़ घणा मुगळां खग धावत । पचि थाको पतसाह किलम विहडाय कराळा, क्रोध जतन कीजतां, ठहै न कमंध हठाळा ।—सू.प्र.

७ चलता न रहना, मंद पड़ना, धीमा पड़ना, रुक जाना । ज्यूं—कारखांनी सागै चालतो हो पण अबै थाक रह्यो है ।

८ मुग्ध होकर स्थिर हो जाना, मोहित होकर अचल हो जाना । ज्यूं—चांद सो मुखड़ो'र केहर सी कटी देख'र आंख्यां थाकी री थाकी रयगी ।

थाकणहार, हारो (हारी), थाकणियो—वि० ।

थकयाड़णो, थकवाड़बो, थकयाणो, थकवाबो, थकवावणो, थकवावबो, थकाड़णो, थकाड़बो, थकाणो, थकाबो, थकावणो, थकावबो—प्रे०रू० ।

थाकिओड़ो, थाकियोड़ो, थाक्योड़ो—भू०का०कृ० ।

थाकीजणो, थाकीजबो—भाव वा० ।

थकणो, थकबो, थथकणो, थथकबो—रू०भे० ।

थाकल-वि०—१ शिथिल, धीमा. २ अशक्त, कमजोर. ३ कृश, दुर्बल. ४ निर्धन, कंगाल ।

थाकियोड़ो-भू०का०कृ०—१ शिथिल, श्रान्त, क्लान्त. २ दुर्बल, कृश. ३ शक्तिहीन, अशक्त. ४ कम पड़ा हुआ, बाकी रहा हुआ. ५ निर्धन, कंगाल. ६ ऊबा हुआ, हैरान. ७ मंदा, धीमा. ८ अचल, स्थिर.

(स्त्री० थाकियोड़ी)

थाकी—देखो 'थकी' (रू.भे.) उ०—महारइ थाकी राजकुंआरि परणीय जा परदेसडइ ए ।—विद्याविलास पवाडउ

वि०स्त्री०—अशक्त, दुर्बल ।

थाकु—देखो 'थाकणो' (रू.भे.)

थाकेलो-सं०पु०—१ थकान, शिथिलता । उ०—थांहरो घर छै, दस बीस दिन टिको, थाकेलो उतारो ।—कुंवरसी सांखला री वारता

क्रि०प्र०—णाणो ।

२ दुर्बलता, कृशता ।

क्रि०प्र०—आणो ।

३ हैरानी ।

क्रि०प्र०—आणो ।

रू०भे०—थकेलो ।

थाकोड़ो, थाको—देखो 'थाकियोडो' (रू.भे.) उ०—थुर थुर धूजंता थुड़ता थाकोड़ा । पीळा पड़ियोड़ा पिलिया पाकोड़ा ।—ऊ.का.

रू०भे०—थकोड़ो ।

यौ०—थाको-मांदो ।

(स्त्री० थाकोड़ी)

थाग-सं०पु०—१ गहराई, थाह. २ गहराई का अन्त, धरती का वह तल जिस पर पानी हो । उ०—थाग न पावै थागतां, उदध समावां आप । नेक वगत लोपै नहीं, पाजा धरम 'प्रताप' ।—चिमनदांन रतनू

३ गहराई का पता, गहराई का अंदाज । उ०—गयणाग कवण चीते गहीर । निज थाग लहै कुण महण नीर ।—रांमदांन लाळस

४ पार, अंत, परिमिति। उ०—जळ में भीणा जीव थाग नहीं कोय रे।—जयवांणी

५ सीमा, हद। उ०—बहु खाटै जयचंद विरद, वधि खग दत विण-वार। आवै नहि जे थाग अति, पावै नहि को पार।—सू.प्र.

६ पता, इल्म। उ०—तेरस तेरै वर गई, आज न लागै थाग। हिवडो हळवळियो हमैं, ऊमीजै ऊमाग।—अज्ञात

क्रि०प्र०—लागणौ।

७ एक ही प्रकार के फूलों के हार के बीच में लगाया जाने वाला भिन्न रंग का पुष्प अथवा भिन्न रंग का कागज आदि।

क्रि०प्र०—दैणौ, लगाणौ।

अल्पा०—थेगड़ो।

८ रोक, सहारा।

क्रि०प्र०—दैणौ, लगाणौ।

९ गंभीरता. १० नदी के पानी के कटाव तथा बाढ़ के कारण किनारों के नीचे की ओर स्थान-स्थान पर पड़ने वाले बड़े गड्ढे उ०—नदी रा थागां में, उजाड़ कांकड़ में अर डूंगरां री छायां में चोरां रा अड्डा हा।—रातवासौ

रू०भे०—थाघ।

अल्पा०—थागौ।

थागड़-वि०—निडर, निर्भीक। उ०—भूंडण तौ भूंडा जिणै, हिरणी जिणै सुगट्ट। पांन खड़क्कै उठ चलै, थागड़ चालै थट्ट।—अज्ञात

थागड़ौ-वि०—थाह लेने वाला। उ०—भुळ रथ साथ उरवसी रा भागड़ै, निज हरक डाक डक लगाई नागड़ै। थरर धर अेक डंका धरर अण थागड़ै, पकड़ भालौ कठी दीयै पग पागड़ै।

—महादांन महड़ू

थागणौ, थागबौ-क्रि०स०—गहराई की जांच करना, अंत तक पहुँचना, थाह लेना। उ०—१ थागै कुण अणथाग बात ओहड़ी विचारी। सांम दांम डंड भेद, सरै जिम कारज सारी।—पे.रू.

उ०—२ सुत फतमाल बंस रा सूरज, मांगण भड़ां वधारण मोद। थग आवै महरांण थागियां, सहजां थग ना'वै सीसोद।

—मेघराज आढ़ौ

थागणहार, हारौ (हारी), थागणियौ—वि०।

थागिओड़ौ, थागियोड़ौ, थाग्योड़ौ—भू०का०कृ०।

थागीजणौ, थागीजबौ—कर्म वा०।

थाघणौ, थाघबौ—रू०भे०।

थागत-सं०स्त्री०—थाह। उ०—अस वाजस पक्खर गुगरियूं। तित थागत लेत सुरंतर यूं।—पा.प्र.

थागिड़दा-सं०पु०—ढोल का बोल।

थागियळ-सं०पु०—समुद्र, जलधि। उ०—थागियळ पूछियौ भणौ भागीरथी, सांवळा नीर किसां समोहां। साह री फौज 'सगता' हरै सीधळी, लाल रंग चाढ़ियौ मार लोहां।—अज्ञात

थागियोड़ौ-भू०का०कृ०—गहराई की जांच किया हुआ, अंत तक पहुँचा हुआ, थाह लिया हुआ।

(स्त्री० थागियोडी)

थागौ-वि०—१ कम गहरा, उथला।

रू०भे०—थाघौ।

२ देखो 'थाग' (अल्पा., रू.भे.)

थाघ—देखो 'थाग' (रू.भे.) उ०—आलम मोरा ओगुणां, साहिब तूझ गुणांह। बूंद-बिरखा रैण-कण, थाघ न लब्भौ त्यांह।—ह.र.

थाघणौ, थाघबौ—देखो 'थागणौ, थागबौ' (रू.भे.) उ०—दड़ी पड़ंतां द्रहा में, चढै भांकियौ कदंब डाळ, नीर थाघै अथाग चडंतां बाद नार। खेल्ह वाळवृंद रै करंतां लगाड़ियौ खेटौ, काळी नाग जगाड़ियौ नंद रै कंवार।—र.ज.प्र.

थाघियोड़ौ—देखो 'थागियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० थाघियोड़ी)

थाघौ—१ देखो 'थाग' (अल्पा., रू.भे.)

२ देखो 'थागौ' (रू.भे.)

थाट-सं०पु० [सं० स्थात] १ समूह, दल। उ०—१ साथै नर नारी नां थाट।—वि.कु.

उ०—२ हुवौ अति सींधवौ राग वागी हकां। थाट आया पिसण घाट लागै थकां।—हा.भा.

२ सेना, फौज, दल (अ.मा.) उ०—१ खत्रवट प्रकट 'अमरेस' रै खेलतै, ठेलतै थाट रहिया नहीं ठांहि। मार तुरकां दिया कमधां मुहै, मार कमधां दिया कुरभां मांहि।—चतरौ मोतीसर

उ०—२ मिटै मोह छोळां थटै देव माया। उठै थाट ले भूप सुग्रीव आया।—सू.प्र.

उ०—३ वदै रांण नूं कोण कै दास वारां। किसै वैर तैं थाट मारै कंवारां।—सू.प्र.

उ०—४ राव चूंडा रौ थाट पण भूंडेल रहतौ।—नैणसी

यौ०—थाट-थंभ।

३ सामान, सामग्री. ४ संपत्ति. ५ वैभव।

यौ०—थाट-पाट।

६ आनन्द। उ०—१ गो वळग्यौ निज गांव थाट घर मंगळ थाया। मुड़दौ देख मसांण चिलमियां चाढ़ण चाह्या।—ऊ.का.

उ०—२ बुहौ जिकण तूं वाट, चित सूं वाट चितारसो। थैं कोना सह थाट, जग में पग-पग 'जसा'।—ऊ.का.

७ प्रसन्नता, हर्ष। उ०—पैंड पैंड ज्यां रा पिसण, त्यां रा कड़वा वैण। जग जांनूं देखै जळै, नहि थाटां न्है नैण।—बा.दा.

८ मनोकामना, मनोरथ। उ०—१ आसण गूढ़ करूं पण आसुर, ज्याग विधूंसै जावै। रिख्या वाट करै जो राघव, थाट संपूरण थावै।

—र.रू.

उ०—२ सखी सहेली सांभळै, म्हे मन वांध्या थाट। नव दिन कीधा नौरता, सो प्रीतम हदवाट।—ढो.मा.

९ बाहुल्यता, प्रचुरता। उ०—विभौ जेह नै अति घणौ, घन घीणा ना थाट।—जयवांणी

१० चद्दर, पतरा। उ०—थाट हेम हिंद थळी तास राजरा किय खांनां। राजां किया रतन्न बड़मद्युति उज्वळ वांनां।—केहरप्रकास

११ सातों स्वरों का वह निश्चित रूप जिसके आधार पर अनेक राग-रागनियों का विधान किया जाता है। उ०—रंग की बरखा अलगोजू के नाद। ग्रैसी भांति ग्रनेक उछब सैं गावते हैं, तारीफ की. तांन असमांन से लावते हैं। ग्रैसा मूरतिवंत राग का थाट रचि जरकस जंवहरू के इनांम पाए।—सू.प्र.

सं०पु०—१२ गज, हाथी ? उ०—१ पुरुख ते जे पुण्यवंत, स्त्री ते जे पुत्रवंत, हाट ते जे वस्तुवंत, थाट ते जे सिंदूरवंत, घाट ते जे सुथवंत, भाट ते जे वचनवंत, खाट ते जे धरणिवंत, मठ ते जे मुनिवंत।
—व.स.

उ०—२ राजा लोह संपूरण सन्नद्ध हूउ युद्ध करइ, सुहड़ चूरइ. रथावळि ऊथलावइ, मुट्ठु उधा मांकड जिम नचावइ, पाखरया थाट हणइ।—व.स.

१३ देखो 'ठाट' (रू.भे.) उ०—राखिउ ए राउ जूठिलु विदुरह वयणु न मांनीउं ए। हारीयां ए हाथियं थाट भाइय हारीय राजि सउं ए।
—पं.पं.च.

रू०भे०—थट, थटक, थटक्क, थटौ, थट्ट, थट्टौ, थाटि।

थाटणौ–वि० (स्त्री० थाटणी) १ शोभा बढ़ाने वाला, वैभव बढ़ाने वाला। उ०—कोटैक ग्रघदळ कांटणौ, असुरेस मूळ उपाटणौ। थिर संत थांनक थाटणौ, ग्रभनिमो सगर ग्ररोड़।—र.ज.प्र.

२ प्राप्त कराने वाला।

उ०—तोपां रण ताळ रै सकज भूपाळ संवारी, खै ग्रकाळ खाटणी काळ थाटणी करारी।—मे.म.

थाटणौ, थाटबौ–क्रि०स०—१ शोभित करना. २ सुसज्जित करना. ३ तैयार करना, तैयार रखना. ४ एकत्रित करना, संग्रह करना. ५ प्रकट करना, उत्पन्न करना. ६ धारण करना. ७ स्थापित करना. ८ मुकर्रर करना, तय करना, निश्चित करना. ९ प्राप्त कराना।

थाटणहार, हारौ (हारी), थाटणियौ—वि०।

थटवाड़णौ, थटवाड़बौ, थटवाणौ, थटवाबौ, थटवावणौ, थटवावबौ, थटाड़णौ, थटाड़बौ, थटाणौ, थटाबौ, थटावणौ, थटावबौ—प्रे०रू०।

थाटिग्रोड़ौ, थाटियोड़ौ, थाटयोड़ौ—भू०का०कृ०।

थाटीजणौ, थाटीजबौ—कर्म वा०।

थटणौ, थटबौ, थट्टणौ, थट्टबौ—ग्रक०रू०।

थाट-थंभ–सं०पु०यौ०—ग्रकेला ही फौज को रोकने वाला, योद्धा, वीर। उ०—ग्रोद्रकै हेमगढ़ ग्रही दध ग्रोदकै, सांकै खुरसांण छव खळ सारै। सुतन 'जसराज' ग्रवतार खटतीस वंस, थाट-थभ नमं ग्राय पाव थारै।
—बारहठ ईसरदास सूरजमलोत

थाटनाथ–सं०पु०यौ०—सेनापति। उ०—थाटनाथ होसी दहुं थाटां। झळहळ भड़ां परख खग झाटां।—सू.प्र.

थाटपति, थाटपती–सं०पु०यौ०—सेनापति।

वि०—वैभवशाली। उ०—थाटपति मेवाड़ थांणै। रचै निजरां दीध रांणै।—सू.प्र.

थाट-पाट, थाट-बाट–सं०पु०यौ०—१ वैभव, ऐश्वर्य. २ सजावट, शृंगार. ३ तड़क-भड़क, ग्राडम्बर। उ०—पाहटां ग्रोघाटां चलै जळाधार ग्राटपाटां, ऊमदाय देत झाटां ग्रमाटां ग्रमेस। पाप रा कपाटां तोड़ ग्रघां मोड़ थाट-पाटां, थाटां लायौ भागीरथी सुघाटां वसेस।—गगा रौ गीत

४ शान-शौकत।

रू०भे०—थाट-बाट।

थाट-पाटां–वि०यौ०—१ हृष्ट-पुष्ट। उ०—जायोड़ा जोड़ रा, थाट-पाटां थायोड़ा। दिन ग्रायोड़ा दाय, तिका मोतण तायोड़ा।—मे.म.

२ सम्पन्न, वैभवशाली।

थाटव–सं०पु०—कवि।

वि०—ठाट-बाट से रहने वाला।

थाटवौ–सं०पु०—युवराज (राज्य के ग्रधिकारी) का छोटा भाई।

थाटि—देखो 'थाट' (रू.भे.) उ०—१ सुखासण तणी ड्रडवड, घोटा तणै थाटि, पायक तणै पहटि, बहुली लागि तणइ चीतकारि, भाट नगारी तणइ कयवारि, राजा राजवाटिका चटिउ।—व.स.

उ०—२ गुणनिधांनसूरि पाटि, सोहइ मुनिवर थाटि। गुरुतण ग्रागरू ए, सिमा ग्रति सागरू ए।—प्राचीन फागु संग्रह

थाटियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ शोभित किया हुग्रा, शोभायमान किया हुग्रा. २ सुसज्जित किया हुग्रा. ३ तैयार किया हुग्रा, कटिबद्ध किया हुग्रा, तैयार रखा हुग्रा. ४ एकत्रित किया हुग्रा, इकट्ठा किया हुग्रा, संग्रह किया हुग्रा. ५ प्रकट किया हुग्रा, उत्पन्न किया हुग्रा. ६ धारण किया हुग्रा. ७ स्थापित किया हुग्रा. ८ मुकर्रर किया हुग्रा, तय किया हुग्रा, निश्चित किया हुग्रा. ९ प्राप्त किया हुग्रा। (स्त्री० थाटियोड़ी)

थाटियौ–सं०पु० - गाड़ी का ग्रगला हिस्सा जिस पर गाड़ीवान बैठ कर गाड़ी हांकता है, ग्रधारिया, मोढ़ा।

थाटेसरी–सं०पु०—एक प्रकार के संन्यासी। उ०—थाटेसरी ग्रकास मुनी थट। जळ सभि करै वधारै नख जट।—सू.प्र.

थाटौ–सं०पु०—१ गाड़ी की छत. २ खाद या धूलि से भरी हुई गाड़ी. ३ उतनी मात्रा का खाद या धूलि जो एक बार में गाड़ी में समा सके. ४ वक्ष-स्थल।

वि०—स्थिर, ठहरा हुग्रा। उ०—थिर ग्रासोज वेद मग थाटौ। लपट वाळि रांमण कुळळाटौ।—ऊ.का.

थाडौ—देखो 'ठाडौ' (रू.भे.) उ०—१ वरसै सघण नीझरण वाजै, थाडै वादळ गरक थयो। वरसाळै नीला वनवाळै, काळै गिर सर पाव कियो।—स्री ग्राबूजी रौ गीत

उ०—२ थाडौ पांणी पी नै खुदा री सुकरगुजारी न करै जिणनै परलोक मांय खुदा सजा देवै।—वां.दा. ख्यात

(स्त्री० थाडी)

थाढ़-सं०पु०—सहारा, स्तंभ। उ०—आभ तूटी पडइ तउ कुण थाढ़ दिइ, चंद्रमाहइं पित्त उपजइ तउ कउण सीतळोपचार करइ, हिमाचळहइं ठाढ़ि लागइ तउ किहांतउ ओढ़णउं आंणियइं धन्वंतरि मांदउं थाइ तउ कउण वैद्य, काळ्स नी आंखि फूलउं तउ कउण उपचार, इंद्र नी आंखि दूखइ किहां पाटउ वांधिजइ।—व.स.

२ देखो 'ठंड' (रू.भे.)

थाढ़ौ-सं०पु० [सं० स्थातृ] १ सहारा।

वि०—२ खड़ा। उ०—ग्यारहसं डंड करि अवगाढ़ौ। थण कढ़ पियं दोय मण थाढ़ौ।—सू.प्र.

२ ठंडा, शीतल। उ०—१ दिन छोटा मोटी रयण, थाढ़ा नीर वन्न। तिण रित नेह न छांडियइ, हे वालम वडमन्न।—ढो.मा.

उ०—२ वजसी थाढ़ौ वायरौ, गजसी मधुरौ गाज। धण जद तजसी ढोलियौ, सजसी जाग समाज।—मयारांम दरजी री वात

थाणौ, थाबौ—देखो 'थावणौ, थाववौ' (रू.भे.) उ०—१ सींगाळौ अवखललणौ, जिण कुळ हेक न थाय। जास पुरांणी वाड़ जिम, जिणजिण मत्थै पाय।—हा.झा.

उ०—२ अरध उरध अरु उत्तर दक्षिण, पूरव पश्चिम नहिं थासी। आदि रु अंत मध्य नहिं मेरे, है ज्यूं का त्यूं थासी।

—स्री सुखरांमजी महाराज

थात-सं०पु०—१ पैर के नीचे का हिस्सा, पैर का तलुआ।

वि० [सं० स्थात] जो बैठा या ठहरा हो, स्थित।

थाप-सं०स्त्री०—१ हाथ के पूरे पंजे का आघात, थप्पड़, तमाचा।

उ०—नरहरि थंभ विदारियौ, सेवग हुंदी चाड। हेक थाप चूरण हुआ, हिरणाकुस रा हाड।—वां.दा.

क्रि०प्र०—दैणी, मेलणी, लगाणी।

२ तबले, मृदंग आदि पर पूरे पंजे का आघात, थपकी।

रू०भे०—थापटी।

अल्पा०—थापड़ी।

३ विचार, मंत्रणा। उ०—पातिसाह पासें जाइइं जी, हुं करस्युं जे बात। रावळजी छोडायस्यां जी, पाछै करेस्यां घात। भलो भलो सुभटे कह्यौ जी, थाप्यौ एहज थाप। इम आलोच आलोचतां जी, प्रात हुओ गत पाप।—प.च.चौ.

वि०—स्थापित करने वाला। उ०—१ इत जयपुर उत जोधपुर, दोनूं थाप-उथाप। कूरम मारचौ डीकरौ, कमधज मारचौ बाप।

—कविराजा करणीदांन

उ०—२ अनि करै कुण विण आप, इहं दिलो थाप-उथाप। ततवीर कर धरि तौर, असपती कीजै और।—सू.प्र.

थाप-उथाप-सं०स्त्री०यौ०—निर्णय, फैसला। उ०—१ ओ दोनूं छै मांहरै, विढ़ता दीसै बाप। कहौ राज क्यों करि हुवै, इण रौ थाप-उथाप।—पलक दरियाव री वात

उ०—२ धणी खुसियाळी में राग रंग गोठां करीजै। थाप-उथाप रावजी री ठहरी। सीसोदियां री गिणत काई रही नहीं।

—राव रिणमल री वात

वि०—१ स्थापित करने एवं उखाड़ने वाला. २ स्थापित किए हुए को उखाड़ने वाला।

रू०भे०—थप-उथप, थापण-उथापण।

थापड़ी-सं०स्त्री०—१ देखो 'थाप' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—आई-आई जंवाई नै रीस। गोरै मुखड़ै पर मारी थापड़ी।

—लो.गी.

२ देखो 'थेपड़ी'. (रू.भे.)

थापट—देखो 'थाप' (रू.भे.)

थापण-सं०स्त्री० [सं० स्थापन] १ स्थापित करने की क्रिया या भाव।

२ धरोहर, अमानत। उ०—इम पभणइ 'धरमसी' साह, ए कुमर वडउ गजगाह। पूजजी हिव क्रिपा करीजइ, ए मांहरि थापण लीजइ।

—ऐ.जै.का.सं.

मुहा०—थापण वांधणी—कर्ज करना, किसी की धरोहर हजम करना, ऋण करना।

रू०भे०—थांपण, थांपणि, थापन, थापिणी।

थापण-उथापण—देखो 'थाप-उथाप' (रू.भे.) उ०—महाराज गजसिंहजी वडो प्रतापी राजा हुवौ, वादसाहां रौ थापण-उथापण हुवौ।

—राठौड़ राजसिंह री वारता

थापणा—देखो 'थापना' (रू.भे.)

थापणौ, थापवौ-क्रि०स०—१ स्थापित करना, जमाना, बैठाना.

२ प्रतिष्ठित करना. ३ मुकर्रर करना। उ०—१ जग मांहै सहू नार, माता कर थापणी।—जयवांणी

उ०—२ प्रीति परस्पर जांणि नै, वेस्या थापी नारि।—वि.कु.

उ०—३ राज रौ थापियौ राज-न लहै रवद। धणी म्हे थापसां जकौ जोधांण।—वां.दा.

४ तय करना, निश्चित करना। उ०—१ तरै आपरै नांवै तौ विजैराव नै झालियौ नै देवराव वरसै ५ में बेटौ हुतौ तिण रै नावै नाळेर झालियौ नै साहौ थापियौ।—नैणसी

उ०—२ इतरै भीमी कहियौ जो राज रौ परधांन मेल्हौ जु व्याह थाप नै मेल्हसां।—लाली मेवाड़ी री वारता

५ प्रहार करना। उ०—पूछ्यां विनां पयंपै पापी, थट विच कहै लात सिर थापी। वदन मत दिखाळै वंस द्रोही चलै।—र.रू.

६ सुपुर्द करना, संभलाना। उ०—घर थापौ पुत्रां भणी, जिम सहू सजन जिमाड़ हो।—जयवांणी

थापणहार, हारौ (हारी), थापणियौ—वि०।

थपवाड़णौ, थपवाड़वौ, थपवाणौ, थपवावौ, थपवावणौ, थपवाववौ, थपाड़णौ, थपाड़वौ, थपाणौ, थपावौ, थपावणौ, थपाववौ—प्रे०रू०।

थापिओड़ौ, थापियोड़ौ, थाप्योड़ौ—भू०का०कृ०।

थापीजणौ, थापीजवौ—कर्म वा०।

थपणो, थपवो—अक०क्रि० ।

अपकणो, थपकवो, थपणो, थपवो, थरथपणो, थरथपवो, थरथापवणो, थरथापववो, थरपणो, थरपवो, थरप्पणो, थरप्पवो, थिरपणो, थिरपवो —रू०भे० ।

थापन—देखो 'थापणा' (रू.भे.) उ०—कुळ देवी थापन करे, जात गया री जाय । सरब ठिकांणां विदर से, कळ में मूढ़ कहाय ।—बां.दा.

थापना–सं०स्त्री० [सं० स्थापना] १ वह सांकेतिक या कल्पित वस्तु जिसकी किसी वास्तविक वस्तु की अनुपस्थिति में या अभाव के कारण कल्पना की जाती है (जैन) २ आकार, आकृति, चित्र, मूर्ति (जैन) ३ स्थापन, न्यास (जैन) ४ अनुज्ञा, सम्मति (जैन) ५ जैन साधु को भिक्षा में दी जाने के लिये रखी हुई वस्तु और इस रखी हुई भिक्षा से साधु को लगने वाला दोष (जैन)

रू०भे०—ठवणा ।

६ स्थापन, प्रतिष्ठा. ७ मूर्ति की स्थापना या प्रतिष्ठा ।

उ०—जे कठई श्री भैरव कठई थांरी श्री थांन । कठई श्री भैरव कठई श्री थांरी थापना ।—लो.गी.

८ नवरात्रि का प्रथम दिन. ९ नवरात्रि में दुर्गापूजा के लिए घट-स्थापना. १० अधिकार, कब्जा । उ०—सोजत तौ राव रिड़मल री माटी छै । थापना कदीम छै ।—राव मालदे री बात

रू०भे०—थापणा ।

थापनाकरम–सं०पु० [सं० स्थापनाकर्म] स्थापनाकर्म (जैन)

रू०भे०—ठवणाकम ।

थापनाचारज– सं०स्त्री० [सं० स्थापनाचार्य] स्थापनाचार्य ।

उ०—बाहिर साहि झाड़, साहि विभाड़, बलियां साहि कंपि कुदाळ, सबळ साहिमांन मरदन निबळ साहि थापनाचारज, संग्रांम साहि गिण भाजणा साहि जइतखंभ, सुरितांण दूमरउ अलावदीन । किसइ अेक आरंभि पारंभि आइ टिक्यउ छइ ।—अ. वचनिका

थापनाचारिज–सं०पु० [सं० स्थापनाचार्य] वह वस्तु जिसके लिये आचार्य का संकेत किया जाय (जैन)

रू०भे०—ठवणायरिय, ठवणारी ।

थापनापुरस–सं०पु० [सं० स्थापनापुरुष] पुरुष की स्थापना, आकृति, मूर्ति या चित्र (जैन)

रू०भे०—ठवणापुरिस ।

थापनासच, थापनासच्च, थावनासत्य, थापनासाच–सं०पु० [सं० स्थापनासत्य] किसी वस्तु में वास्तविकता न होने पर भी मनुष्य का अपनी श्रद्धा या भावुकता के कारण उसे सत्य मान लेने का भाव । यथा–बच्चे को लकड़ी के घोड़े में भी सत्यता प्रतीत होती है । श्रद्धालु व्यक्ति मूर्ति को ही ईश्वर कहता है (जैन)

रू०भे०—ठवणासच्च ।

थापल—देखो 'थापी' (रू.भे.)

थापलणो, थापलवो–क्रि०स०—पीठ पर या कंधे पर जोश दिलाने के लिये या प्यार करने के लिये थपकी देना । उ०—१ कांध थापल 'देवल' गीत करै । पग दे पड़ 'पाल' रकेब परै ।—पा.प्र.

उ०—२ हळ गळ वागळ में बळवळ गळ हेरै, टगमग टोकरिया वळदां गळ टेरै । पागां प्रेरगिकां पाणत पुनकारै, थापू-थापू कर थापल बुचकारै ।—ऊ.का.

उ०—३ नरेस सुरजन भी पुत्र री कांधी थापली हृदय हूं लगाई विसर्जियौ ।—वं.भा.

थापलणहार, हारौ (हारी), थापलणियौ—वि० ।

थापलिश्रोड़ो, थापलियोड़ो, थापल्योड़ो—भू०का०कृ० ।

थापलीजणो, थापलीजवो —कर्म वा० ।

थपणो, थपवो, थप्पलणो, थप्पलवो—रू०भे० ।

थापलियोड़ो–भू०का०कृ०—थपकी दिया हुआ, जोश दिलाया हुआ ।

(स्त्री० थापलियोड़ी)

थाविणि—देखो 'थापणा' (रू.भे.) उ०—बाहुबलि कहि; लि आ विद्या जु ईहां छि साहरां; अरथ तणी विद्या तुम्ह पासि छि ए थाविणि माहारी ।—नळाख्यांन

थापोटणो, थापोटवो–क्रि०स०—कंधों या पीठ पर जोश दिलाने अथवा प्यार करने हेतु थपकी देना । उ०—मरणो घट हुंकं भोलखी, जूंझ वधारणो झागड़ो । काळवी कंध थापोट कर, 'पाल' उद्याड़णो पागड़ो ।—पा.प्र.

थापोटियोड़ो–भू०का०कृ०—कंधे या पीठ पर जोश दिलाने अथवा प्यार करने हेतु थपकी दिया हुआ ।

(स्त्री० थापोटियोड़ी)

थापो–सं०पु०—१ वह सांचा जिस पर रंग आदि पोत कर कोई चिन्ह अंकित किया जाता है. २ गीली हल्दी, मेंहदी, रंग आदि हथेली पर पोत कर हाथ के पंजे को कहीं पर दबाने अथवा मारने से बनने वाला चिन्ह. ३ वह सांचा जिसमें किसी गीली वस्तु को डाल कर अथवा दबा कर कोई वस्तु बनाई अथवा ढाली जाती है. ४ खलियान में अनाज को चोरी आदि से बचाने के लिये अनाज के ढेर पर गीली मिट्टी अथवा गोबर से ढाला हुआ चिन्ह. ५ ढेर, राशि. ६ खलिहान में साफ किये हुए अनाज का ढेर. ७ झड़बेरी के पत्तों का ढेर. ८ रहेंट के कंगूरेदार बड़े चक्र में मजबूती के लिये लगाई जाने वाली बड़ी लकड़ी. ९ विवाह के अवसर पर देवी-देवताओं के लिये माना हुआ निश्चित् स्थान ।

वि०वि०—इस स्थान पर स्त्रियां अथवा चित्रकार गणेश व देवी-देवताओं के चित्र बनाते हैं जिनकी वर-वधू कई बार जाकर पूजा करते हैं ।

१० एक बाहुमूल के नीचे से लगा कर संपूर्ण वक्षस्थल तथा दूसरे बाहुमूल केनीचे तक का भाग. ११ विवाह संस्कार सम्पन्न होने के उपरांत दहेज देने के समय सास द्वारा दामाद की पीठ पर मांगलिक रंगों से अपने हाथ का चिन्ह बनाने की प्रथा विशेष या इस

क्रिया से दामाद की पीठ पर बना हुआ सास के हाथ का चिन्ह ।
(राजपूत, चारण मारवाड़)

थाबीजणौ, थाबीजबौ-भाव वा०--आर्थिक संकट से दुखी होना, अर्थाभाव में पडना ।

थाबीजियोड़ौ-भू०का०कृ०--अर्थाभाव में पड़ा हुआ, आर्थिक संकट से दुखी हुवा हुआ, निर्धन ।

थाबौ-सं०पु०--१ तकलीफ, पीड़ा. २ निष्फल आने जाने की क्रिया या भाव ।

मुहा०—थावा खाणा—निष्फल भटकना, व्यर्थ डोलना ।

थायणौ, थायबौ—देखो 'थावणौ, थावबौ' (रू.भे.)

थायी—देखो 'स्थायी' (रू.भे.)

थायोड़ौ—देखो 'थावियोडौ' (रू.भे.)

थारउ—देखो 'थारौ' (रू.भे.) उ०--घन धन हो राजा अचळेसर थारउ जियउ जिणि पातिसाह सउं खांडउ लियउ ।
—अ. वचनिका

थारोड़ौ—देखो 'थारौ' (अल्पा. रू.भे.) उ०—१ मरजौ रे राइका थारोड़ी जी नार, सैणां रौ विछोवौ दूममी पाड़ियौ जी म्हारा राज ।
—लो.गी.

उ०—ओ है बाईजी थारोड़ौ भरतार नणदल म्हारी ए, ओ है बाईजी थारोड़ौ भरतार कादौ नै विलोवै, रांणी काछवौ जी म्हारा राज ।—लो.गी.

(स्त्री० थारोडी)

थारौ-सर्व० (बहु व० थारा, स्त्री० थारी) तेरा, तुम्हारा ।

उ०—१ मुणी मै ख्यात अम्हीणी मत्त । गोविंद न लाधी थारी गत्त ।—ह.र

उ०—२ बाबहिया तूं चोर, थारी चांच कटाविसूं । राति ज दीन्ही लोर, मइं जांण्यउ प्री आवियउ ।—ढो.मा.

उ०—३ करहा नीरूं जउ चरइ, कंटाळउ नइ फोक । नागरवेलि किहां लहइ, थारा थोवड़ जोग ।—ढो.मा.

थाळ-सं०पु० [सं० स्थालम्] कांसे या पीतल का बना वडा छिछला वर्तन, बडी थाली (ड.र.) उ०—बजि थाळ सकळ वाजित्र वजै, कुसुम सघण सुरियंद किया । वेखियांहीज आवै वणै, उण दिन तणी अजोधिया ।—सू प्र.

अल्पा०—थाळकियौ, थाळियौ, थाळी ।

(मह० थाळीड़, थाळौ)

थाल-सं०पु०—१ वह घोडा जो अपने गालो को चाटता है (अशुभ) (शा.हो.) २ पार्श्व पलटने की क्रिया या भाव ।

क्रि०प्र०—देणौ ।

वि०—ठीक ।

मुहा०—१ थाल (थालै) पड़णौ—सुधरना, ठीक होना. २ थाल बैठणौ—देखो 'थाल पड़णौ' ।

थाळकड़ी, थाळकली—देखो 'थाळी' (अल्पा. रू भे.)

उ०—अंकै थाळकली रै सागै जीमिया ।—लो.गी.

थाळकियौ—१ देखो 'थाळ' (अल्पा. रू.भे.)

२ देखो 'थाळौ' (अल्पा. रू.भे.)

थाळकी—देखो 'थाळी' (अल्पा. रू.भे.)

थालणौ, थालबौ-क्रि०स०—१ पार्श्व पलटना. २ सीधा करना. ३ स्थापित करना, रखना. ४ देखो 'ठाळणौ, ठाळबौ' (रू.भे.)

थाळि—देखो 'थाळी' (रू.भे.) उ०—थळ भांति गात निरतंत थाळि । श्रम जात अतन तन रूप भाळि ।—रा.रू.

थालियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ पार्श्व पलटा हुआ. २ सीधा किया हुआ. ३ स्थापित किया हुआ, रखा हुआ. ४ देखो 'ठाळियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० थालियोड़ी)

थाळियौ-सं०पु०—१ गाड़ी का वह अग्र भाग जिस पर गाड़ीवान बैठता है. २ देखो 'थाळ' (अल्पा., रू.भे.)

३ देखो 'थाळौ' (अल्पा. रू.भे.)

थाळी-सं०स्त्री० [सं० स्थाली=बटलोई, थालिका] १ कांसे या पीतल का वड़ा छिछला वरतन जिसमें खाने के लिये भोजन रखा जाता है।
मुहा०—थाळी खोसणी (लेणी)—किसी की रोजी छीनना, किसी की आमदनी हड़पना ।

२ बड़ी तश्तरी ३ ढोल के ढमके के साथ तान मिलाने के लिये वजाया जाने वाला कांसी का थालीनुमा वाद्य. ४ नाच की एक गत जिसमें घोड़े को घेरे के बीच नाचना पड़ता है. ५ पाटल वृक्ष ।
(वि०वि०—देखो 'पाडळ')

रू०भे०—थाळि ।

अल्पा०—थाळकड़ी, थाळकली, थाळकी ।

(मह० थाळीड)

६ देखो 'थाळ' (अल्पा. रू.भे.)

थाळीड़—१ देखो 'थाळ' (मह. रू.भे.) २ देखो 'थाळी' (मह. रू.भे.)
३ देखो 'थाळौ' (मह. रू.भे.)

थाळौ-सं०पु० [सं० स्था] १ जमीन का वह टुकड़ा जिसे निवास-स्थान अथवा मकान बनवाने के लिये चुना गया हो, प्लॉट. २ सोने या चांदी की बनी देवमूर्ति. ३ गले में लटकाने का सोने या चांदी का बना आभूषण विशेष जिसमें किसी देव या देवी की आकृति होती है. ४ वह घेरा या गड्ढा जिसके भीतर पौधा लगाया जाता है, पेड़ को पानी पिलाने के लिये भी उसके चारो ओर ऐसा गड्ढा या घेरा खोद कर बनाया जाता है, थांवला. ५ वह स्थान जहां पर कूए से पानी निकाल कर मवेशियों के लिये एकत्रित किया जाता है. ६ गाड़ी की छत ।

अल्पा०—थाळकियौ, थाळियौ ।

(मह० थाळीड़)

७ देखो 'थाळ' (मह. रू.भे.)

थावणी-सं०पु०—पौधे अथवा पेड़ के चारों ओर पानी देने के लिये बनाया हुआ गड्ढा।

थावणौ, थावबौ-क्रि०अ० [सं० स्था] होना। उ०—जिकां लगि बावन वीर जब्बर। देख्या जम गावत थावत दूर।—मे.म.

थावणहार, हारौ (हारी), थावणियौ—वि०।

थाविओड़ौ, थावियोड़ौ, थाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

थावीजणौ, थावीजबौ—भाव वा०।

थइणौ, थइबौ, थणौ, थबौ, थाणौ, थावौ, थायणौ, थायबौ, थिणौ, थिबौ, थिवणौ, थिवबौ, थुवणौ, थुवबौ—रू०भे०।

थावर-वि० [सं० स्थावर] १ जो चलता-फिरता न हो, स्थावर (जीव) उ०—१ नहीं तू बाळ न ब्रद्ध न मूळ। नही तू थावर मुक्कम थूळ।
—ह.र.

उ०—२ राजकंवार नीमरांणा की वांथरवाड़े व्याई। परतख होय पांगळी पांवां, थावर संग्या थाई।—मे.म.

उ०—३ पांच थावर नै त्रिणि विकलेंद्रि।—ध.व.ग्रं.

२ अचल, स्थिर. ३ मूर्ख, नासमझ. ४ पागल।

उ०—सिंधुरवर बावर भूंटण कर सांधै। वांमा वैजळ नैं थावर गळ बांधै।—ऊ.का.

५ ढीठ, निर्लज्ज।

सं०पु०—१ पर्वत. २ धनुष की डोरी, प्रत्यंचा. ३ शनिवार।

अल्पा०—थावरियौ।

४ शनिश्चर ग्रह। उ०—लालच री दौड़ै लहर, भवन वियां धन भाळ। बैठौ थावर बारमौ, कांधै आंण कराळ।—वां.दा.

थावरियौ-सं०पु०—वह ब्राह्मण जो शनिश्चर की पूजा का दान लेता हो, शनि की पूजा करने वाला ब्राह्मण।

थावस-सं०पु०—धैर्य, विश्वास।

वि०—स्थावर, अटल। उ०—नेजां दकूळ उडतां निहंग, हसत भून मिळ हाम्रिया। कुळ अनट गिरंद जांणै सकळ, थावस मुज जंगम थिया।—सू.प्र.

थावियोड़ौ-भू०का०कृ०—हुवा हुआ।

(स्त्री० थावियोड़ी)

थावौ-वि०—स्थिर, दृढ।

थाह-सं०स्त्री० [सं० स्था] १ धरती का वह तल जिस पर पानी हो, नदी, ताल, समुद्र आदि के नीचे की जमीन, गहराई का अंत।

उ०—विस लावो वै मरण लो, मरुवरिया रौ थाह। कै कंठा विच माल लो, बाघरिया रौ थाह।—अज्ञात

क्रि०प्र०—लागणौ, लेणौ।

२ अंत, पार, सीमा, हद। उ०—१ धरती जैसी धीरज कहिये, समुद्र ज्यूं गंभीर। आर पार कोई थाह न आवै, यूं संतां मन धीर।
—श्री सुखरांमजी महाराज

उ०—२ थाह निहाळइ दिन गिणइ, मारू आसा लुब्ध। परदेसे पांघल घणा, विखउ न जांणइ मुग्ध।—ढो.मा.

३ कोई वस्तु कितनी या कहां तक है इसका अनुमान।

क्रि०प्र०—लागणी, लैणी।

थाहणौ-वि० [सं० स्था] रोकने वाला। उ०—थटै गयंदां 'थाट' क फौजां थाहणा। वणै तुरंगां वाळ अगाटां वाहणा।
—बगसीरांम प्रोहित री वात

थाहणौ, थाहबौ-क्रि०स० [सं० स्था] १ गहराई का पता चलाना, थाह लेना. २ अंदाज़ लगाना, पता लगाना।

थाहर-सं०पु० [सं० स्था] १ सिंह की मांद, गुफा, कंदरा।

उ०—१ सूतो थाहर नींद सुख, सादूळौ बळवंत। वन कांठै मारग वहै, पग पग होल पड़ंत।—वां.दा.

उ०—२ सूती थाहर सिंघ री, जाय सकै नहि कोय। सिंह खडां थह सिंह री, क्यों न भयंकर होय।—वां दा.

२ स्थान। उ०—थाहर थाहर थूरिया, मारू अर घमसांण। 'पातल' रा नह पांतरै, कर जरमन केवांण।—किसोरदांन बारहठ

३ रिक्त स्थान, खाली जगह। उ०—विसइवा फिरवा थाहर अति मोकळी।—व.स.

४ नगर, शहर. ५ गढ, किला। उ०—१ सिया वाहर समर दसाणण साझा, अवी उछाहर दीन निवाजा। दीठां थाहर कनक दराजा, रीझ खीज जाहर रघुराजा।—र.ज.प्र.

उ०—२ विहद भूपत सीत वाहर, जार दस सिर समर जाहर। थरर लंका जिसा थाहर, विसर त्रंबक वाज।—र.ज.प्र.

६ भवन, मकान।

वि०—१ कम गहरा, छिछला. २ योद्धा (?)

उ०—वांमा नूरमली तिण वाहर, थूरै दौड अगेड़ा थाहर।—रा.रू.

थाहरणौ, थाहरबौ-क्रि०अ० [सं० स्था] कम रुकना, थोड़ा ठहरना, खिसकना, गिरना। उ०—१ पांखे पांणी थाहरइ, जळि काजळ गहिलाइ। सयणां-तणा संदेसड़ा, मुख वचने कहिवाइ।—ढो.मा.

२ ठहरना, स्थिर होना। उ०—परमेस आप पांणी पवन, कळंक मांहि निकळंक किरि। संसार मांहि थाहरि सदा, थाहरियौ थळ मांहि थिरि।—पी.ग्रं.

थाहरियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ खिसका हुआ, गिरा हुआ, कम रुका हुआ, थोड़ा ठहरा हुआ. २ ठहरा हुआ, स्थित।

(स्त्री० थाहरियोड़ी)

थाहरै-सर्व०—तेरे, तुम्हारे। उ०—इमां बळै देखि नै वह्यौ, भाभी जे हिवै ईटो थाहरै मूंडा आगै आंणिस्यां।—चौबोली

थाहरौ-सर्व०—(स्त्री० थाहरी) तुम्हारा, तेरा।

उ०—१ घट 'पातल' उबजो घणौ, रण थंभण राठौड़। थैं मरियां सूं थाहरी, ठाली रहसी ठौड़।—ऊ.का.

उ०—२ इण 'परिग्रा' में थाहरौ हो मुनिवर ! संयम थिर नहीं

होय । गंधण कुळ रा सरप ज्यूं हो मुनिवर ! वमिया नै मत जोय ।
—जयवांणी

थाहियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ थाह लिया हुआ, गहराई का पता लगाया हुआ. २ अंदाज लगाया हुआ, पता लगाया हुआ ।
(स्त्री० थाहियोड़ी)

थि-सं०स्त्री०—१ यमुना. २ गोदावरी. ३ नींद. निद्रा ।
सं०पु०—४ बैल (एका.)

थिकत-वि०—चकित, दंग । उ०—तरण रथ थकित घण वहै खागां अतर ।—सू.प्र.

थिकां, थिका—देखो 'थकां' (रू.भे.) उ०—१ जे पंच परमेस्ट महामंत्र समरिगां थिकां हूंतां राजारथी राज पांमइ ।—व.स.
उ०—२ वाडि आडा थिका एकि कांपइ । एक वीर सिर से जई झांपइं ।—विराटपर्व
उ०—३ सांधिइ सांधि जूजूई कीधी, थर पाडेवा लागा । ऊपरि थिका हाथीया घोडा, घण तणें घाए भागा ।—कां दे.प्र.

थिकु, थिकौ—देखो 'थकौ' (रू.भे.) उ०—सांभळिवाइ थिकु धरम लाभइ । ए वात कहइ छइ । विहुं गाहे करी ।—षष्टिशतक प्रकरण

थिग-सं०स्त्री० [सं० स्थगित] १ ढेर, समूह, राशि. २ नृत्य का बोल ।
उ०—थिग मिग थिग थिग थेइ, थेंइ थिग मिग । थेइ थेइ तत नक ताथेई ।—ध.व.ग्रं.
३ लड़खड़ाने की क्रिया । उ०—१ तरुणी वरुणी में नींभर झर ताकी । थिग थिग अगनैणी पिकवैणी थाकी । पिंजर पासळियां भीतर पैठोड़ा । बोलै बोवाता डोबा बैठोड़ा ।—ऊ.का.
उ०—२ मां बारा वाखोटिया, थिगथिग पकड़ै चाल । लूआं नैडी आवतां, खिणैं'क राख्या ख्याल । — लू
क्रि०वि०—१ पास, ढिग ।

थिगणौ, थिगबौ-क्रि०अ० [सं० स्थगितं] १ लड़खड़ाना, डगमगाना ।
उ०—मगर पचीसी मांय, डोकरौ वणगौ डाकी । डांगड़ियां निठ डिगै, थिगै डांगड़ियां थाकी ।—ऊ.का.
२ ठहरना । उ०—गवाक्ष तैं अगाक्ष की कटाक्ष तें निगं नहीं । थिराभ चंद्रसाळ चंद्रसाळ पै थिगै नही ।—ऊ का.
थिगणहार, हारौ (हारी), थिगणियौ—वि० ।
थिगवाड़णौ, थिगवाड़बौ, थिगवाणौ, थिगवाबौ, थिगवावणौ, थिगवावबौ, थिगवाड़बौ, थिगवाड़बौ, थिगाणौ, थिगाबौ, थिगावणौ, थिगावबौ—प्रे०रू० ।
थिगिओड़ौ, थिगियोड़ौ, थिग्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
थिगीजणौ, थिगीजबौ—भाव वा० ।

थिगली-सं०स्त्री०—रुपये रखने की थैली ।

थिगियोड़ौ-भू०का०कृ० [सं० स्थगित] १ लड़खडाया हुआ, डगमगाया हुआ. २ ठहरा हुआ ।
(स्त्री० थिगियोड़ी)

थिड़णौ, थिड़बौ—देखो 'थुड़णौ, थुड़बौ' (रू.भे.)

थिड़ियोड़ौ—देखो 'थुड़ियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० थिड़ियोड़ी)

थिड़ौ—देखो 'थड़ौ' (रू.भे.)

थिडणौ, थिडबौ—देखो 'थुड़णौ, थुड़बौ' (रू.भे.)
उ०—थिडिवे थिडिवे थिड़िया थट्टं । थीया कटकह कोअण थट्टं ।
— गु.रू.ब.

थिडियोड़ौ—देखो 'थुड़ियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० थिडियोड़ी)

थिणौ, थिबौ—देखो 'थावणौ, थावबौ' (रू.भे.) उ०—१ थूर हथ धवळ री थाट गैंवट थियौ । काळ चाळौ चखां चोळ वोळां कियौ ।
—हा.झा.
उ०—२ हुवै पंख राव जिम वीर हाका लियां । थरहरै कायरां उवर ढीला थियां ।—हा.झा.

थित-वि० [सं० स्थित:] १ स्थित । उ०—महाराजा अजमाल, करै राजस अधकारै । प्रिय चहुवांण पतिव्रता, धरम थित गरभ सधारै ।
—सू प्र.
२ मौजूद, विद्यमान. ३ अटल, दृढ़ ।
वि० [सं० स्थित] १ स्थिर । उ०—साधो भाई आ मत लै कोई नर रे, जाग्रत मांय सुसुप्ती बरते, निज स्वरूप थित कर रे ।
— स्री सुखरांमजी महाराज
२ नित्य, हमेशा ।
सं०स्त्री० [सं० स्थिति] १ स्थिरता । उ०—ब्रह्म विचार परमपद लीना, तहां नित थित रह लागी । इंद्रादिक का तुच्छानंद त्याग्या, लयौ निजानंद सागी ।—स्री सुखरांमजी महाराज
२ धन, दौलत, लक्ष्मी । उ०—जग थित झूठी जांणणी, मूठी भीड़ म रख्ख । माया मेवौ माढुवां, चंगा चाखव चख्ख ।—बां.दा.
यौ०—थितवित ।
३ ठहरने का स्थान, पड़ाव, डेरा, मुकाम । उ०—१ भूपति तणें वचन मन भाया, वेऊं प्रागहरा बोलाया । कुंवर सभ्रण थित दिल्ली केरी, फुरमायौ सुज वात न फेरी ।—रा.रू.
उ०—२ भारी तुज्ज भरोस, रिण में थित बांधे रह्या । खीची लीनो खोस, सारी मो वाळौ सुरै ।—पा.प्र.
[सं० क्षिति, प्रा० छिति] ४ पृथ्वी । उ०—दळ धाय महा सिध पाव दिया, हव सेन थरत्थर कंप हिया । नह धापेय लोह अजै लड़ती, थित धावत वीर लडत्थडतौ ।—पा.प्र.
५ देखो 'थिति' (रू.भे.)

थिति-सं०स्त्री० [सं० स्थिति] १ स्थिति । उ०—१ सिव सक्ती का सब विस्तारा, ब्रह्मा कीट लग कर रे । इणमें ई उत्पति थिति अरु लयता, निज स्वरूप निरपख रे ।—स्री सुखरांमजी महाराज
उ०—२ सुरग पुव्वसर राज, गयणवर धुरि वारिव थिति । वासव

माँई। दे चसमा घट भीतर देख्या, दीस्या अमर गुसांई।
—स्री हरिरांमजी महाराज

थिरकियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ (नृत्य में पैरों को) गतिमान किया हुआ, अंग मटकाया हुआ, नाचा हुआ।
२ देखो 'थरकियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० थिरकियोड़ी)

थिरचर-सं०पु० [सं० स्थिरा+चर] भूमि पर विचरण करने वाले, भूमि पर निवास करने वाले, भूचर। उ०—वायू आयू हर विवरण वहरावै। थर थर थक्कत थिर थिरचर थहरावै।—ऊ.का.

थिरता-सं०स्त्री० [सं० स्थिरता] १ धैर्य, शान्ति। उ०—थिरता मन री नहिं तन री गति थाकी। फुरणां परधन री अन री नहिं फाकी।
—ऊ.का.
२ स्थायित्व। उ०—दिन दिन प्रांणी मात्र जे, जम के आलय जात। थिरता चाहत पीछले, फिर का अचरज तात।
—महात्मा स्वरूपदास दादूपंथी
३ स्थिर होने का भाव, ठहराव, निश्चलता। उ०—मन नी थिरता राख नै, ध्यांन मकुळजी ध्याय।—जयवांणी
४ मजबूती, दृढ़ता। उ०—अवगुण हूं आळसू, अवल थिरता गुण आंणै। चपल होय चळ वित्त, वडौ उद्यमी वखांणै।—ध.व ग्रं.
रू०भे०—थिरताई।
वि०—स्थिर, अटल। उ०—नरक पड़ंता राखियौ हे राजुल! इम बोल्यौ रहनेम। मुज नै थिरता कर दियौ हे राजुल! वचन-अंकुस गज जेम।—जयवांणी

थिरताई—देखो 'थिरता' (रू.भे.) उ०—अथिर आदि मंडांण न को दीसै थिरताई। काळ ग्रास संसार आस जीवणौ न काई।—रा.रू.

थिरथाप-वि०—अटल, दृढ़।

थिरथोभ-वि० [सं० स्थिर-स्तम्भ:] स्थिर, अटल, दृढ़।
उ०—पाट सात पाछइ जिण देस मेवाड मइं रे, थाप्यौ गच्छ थिर-थोभ। कटारिया कुळदीपक जग जस जेहनउ रे, स्री खरतरगच्छ सोभ।—प व चौ.

थिरपणौ, थिरपबौ—देखो 'थापणौ, थापबौ' (रू.भे.)
उ०—आप विराजौ ईस्वरी, थिरपौ मढ सद्धर। दम गांवां सूं देस-णोक, निमि कीधी निज्जर।—ठाकुर जुझारसिंह मेडतियौ
थिरपणहार, हारौ (हारी), थिरपणियौ—वि०।
थिरपवाड़णौ, थिरपवाड़बौ, थिरपवाणौ, थिरपवाबौ, थिरपावणौ, थिरपावबौ, थिरपाड़णौ, थिरपाड़बौ, थिरपाणौ, थिरपाबौ, थिर-पावणौ, थिरपावबौ—प्रे०रू०।
थिरपिओड़ौ, थिरपियोड़ौ, थिरप्योड़ौ—भू०का०कृ०।
थिरपीजणौ, थिरपीजबौ—कर्म वा०।

थिरमौ-सं०पु० [देश] एक प्रकार का बढिया कपडा विशेष।
उ०—भर मौल नीलक भार। आसावरी स उदार। दुल्लीच गिलम दुस्साल। थिरमौ सफंभ सुथाल।—सू.प्र.
रू०भे०—थुरमौ।

थिरवंत, थिरवंतौ-वि० [सं० स्थिरवंत] स्थिर, अटल।
उ०—जाग्रत स्वप्न सुसुप्ती जांणौ, ब्रह्म रूप थिरवंता। सब वरतावै सब में साखी, तुरिया नभ रहंता।—स्री सुखरांमजी महाराज

थिरा-सं०स्त्री० [सं० स्थिरा] पृथ्वी, वसुधा (अ.मा.)
उ०—१ मिथ्र जाणियौ अमल हुवौ दुरमण हथियारा। किसा किसा मैं कथ थिरा में ओगण थारा।—ऊ.का.
उ०—२ थिरा आवड़ा नांम विख्यात थायौ। छिपा सत्रु सो तेमड़ै छत्र छायौ।—मे.म.
यौ०—थिरा-थंभ।

थिरी—देखो 'थड़ी' (रू.भे.) उ०—आंगणियै न करावी थिरी कन्हैया! आंगुळियां विळगाय रे। हाऊ बैठौ छै तिहां कन्हैया, अळगौ तूं मति जाय रे।—जयवांणी

थिरु, थिरू-वि० [सं० स्थिर] स्थिर, अटल, दृढ़। उ०—१ थिरू मूरती सूर रै नूर थाई। तिका स्वप्न रै मांहि पिंडां वताई।—मे.म.
उ०—२ मही प्रमार री थिरू, हूती धुराद मंड सूं। अरोग भोम भूप आय, हो जको अफंद सूं।—पा.प्र.

थिवर—देखो 'थविर' (रू.भे.) उ०—वखांणियै जगि जासु उत्तम, लब्धि महिमा अति घणी। स्री 'अज्जसंती' थिवर कहियउ, तासु पाट्टिहि गच्छ धणी।—ऐ.जै.का स.

थी-सं०स्त्री०—१ निद्रा. २ रेवा नदी. ३ स्त्री।
सं०पु०—४ समुद्र. ५ घाव (एका.)
प्रत्य०—तृतीया या पंचमी विभक्ति का चिन्ह। उ०—१ गाजै ग्रह मांझल बैठौ गुज्झ, पुजारां पंच चढावै पुज्ज। सब्बां थी तुम्ह तुम्हां थी सब्भ, उपज्जै जेम अकासां अब्भ।—ह.र.
उ०—२ आठ पौर जस इंदु री, जिण घर दुत जागंत। तिण घर सू अपजस तिमर, अळगा थी भागंत।—वां दा.
उ०—३ एक मुगळ सूं 'सातल' कुसांणै कन्है अठै वडी वेढ कीधी। घणी मारवाड़ री बंध छुडाई। तिण थी ओ घडुला रो गीत गवांणौ।—राव जोधा रै वेटां री वात
क्रि०अ०—राजस्थानी में 'है' के भूतकाल 'थौ' का स्त्री०।
उ०—रावळ भीम वरस १० टीको नीसरियौ, तरै सारी मदार खेतसी ऊपर थी। पछै रावळ भी मोटौ हुवौ, तरै खेतसी नूं धरती बारै काढ़ियौ। तरै एक वार तौ भाटी घणा साथै काढ़िया था।
—नैणसी

थीणौ-वि० [सं० स्त्यान] जमा हुआ ठसा हुआ, गाढ़ा (घी)
उ०—१ थेवा पड़तोड़ी रावां घी थीणा। धापरि देखांला दूजै भव बीणा। हुयग्या हत आसा हक बक सुणि हाकौ। निरधन धनवाळा रौ नीकळग्यौ नाकौ।—ऊ.का.
उ०—२ पग नह मांडै पालियौ, रावतियां रौ साथ। केहर सूं कुसती करौ, द्यौ थीणा में हाथ।—वां.दा.

मुहा०—थीरा में हाथ; थीरा में हाथ देणो—आनन्द प्राप्त करना, लाभ उठाना।

थीतंकर—देखो 'तीरथंकर' (रू.भे.) उ०—आबू रै धणी पाल्हण परमार सरब धातू मांहै भरत रो भरियो थीतंकर रो बीम्ब हुतो गू मलाय अचळेसर है।—बां.दा.ख्यात

थीमड़ो-सं०पु०—चूलें लगी हुई चमड़े की वह पट्टी जिसे बछड़े के मुँह पर गाय के स्तन-पान करने से रोकने के लिये बांधी जाती है।

थीवर—देखो 'थविर' (रू.भे.)

यौ०—थीवरकल्पी।

थीवली—देखो 'त्रिवळि' (रू.भे.) उ०—कडलिए लाकु ग्रहीजइ, थटि-यडि लहकइ वीरिए। नाभि मयणरस वापिय, नगिए थीवली तीरिए।
—प्राचीन फागु संग्रह

थुंग-सं०पु० (अनु०) नृत्य का बोल। उ०—उमंग अंग उछरंग, रंग कुरू थुंग थुंग रत। थेइय थेइय त त थेइय, त त त त त थेइय थेइय त त।—सू.प्र.

थुंटी-सं०स्त्री० (देश०) स्त्रियों के सिर का आभूषण विशेष (राज घराने में)।

थुंभ-सं०पु० [सं० स्तूप] स्तूप। उ०—१ हिव तिहां थी मारग विचि आवतां, सुंदर थुंभ निवेस। पद पंकज जिन मांणिक सूरि ना, भेटया तिणे प्रदेस।—ऐ.जै.का.सं.

उ०—२ साह 'पीथड' 'हाथी' 'रायसिंघइ', 'मांडण' आदइ करि 'भुज' संघइ। उद्यम करि थुंभ तणउ रगइ, थाप्या पूरव दिसि मन सगइ।—ऐ.जै.का.सं.

रू०भे०—थूंभ, थूभ।

थुंभी—देखो 'थूंभी' (रू.भे.)

थु-सं०पु०—१ विष्णु. २ त्याग. ३ झूठ।

सं०स्त्री०—४ कोयल. ५ अविद्या, मूर्खता (एका.)

वि०—१ मैला-कुचैला. २ उच्छृष्ट, जूठा, ऐंठा (एका.)

प्रत्य०—तृतीया और पंचमी विभक्ति का चिन्ह 'से'।

थुइ, थुई-सं०स्त्री०—१ ऊँट के पीठ की कूबड़, ऊँट के पीठ का उभरा हुआ भाग. २ पुष्टता. ३ आगे निकला हुआ पेट, तोंद।

मुहा०—थुई चढ़णी—चरबी बढ़ना, पेट का फूलना, तोंद निकलना, पुष्ट होना।

[सं० स्तु] ४ स्तुति, प्रशंसा।

उ०—१ जिणि दिन पांचमि तप करइ तिणि दिन आरंभ टाळइ रे। पांचमि तवन थुइ कहइ, ब्रह्म चरिज पणि पाळइ रे।—स.कु.

उ०—२ इय जिण वल्लह-थुइ भणिय, सुणियइ करइ कल्लांणु। देउ बोहि चउवीस जिण, सासइ सयनिहांणु।—षष्टिशतक प्रकरण

उ०—३ थियो सदय सुण निज थुई, टींटभ हूंत कसांन। उण ग बाळ उबारिया, महामंत्र जस मांन।—बां.दा.

रू०भे०—थूई, थूही।

थुओ—देखो 'थूओ' (रू.भे.)

थुकाई-सं०स्त्री०—थूकने की क्रिया, थूकने का कार्य।

थुकाड़णो, थुकाड़बो—देखो 'थुकाणो, थुकावो' (रू.भे.)

थुकाड़ियोड़ो—देखो 'थुकायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० थुकाड़ियोड़ी)

थुकाणो, थुकावो-क्रि०स० [सं० थूत्करणं] ('थूकणो' क्रिया का प्रे०रू०) थूकने के लिये प्रेरित करना, थूकने का कार्य दूसरे से करवाना, उगलवाना।

थुकाणहार, हारो (हारी), थुकाणियो—वि०।

थुकायोड़ो—भू०का०कृ०।

थुकाईजणो, थुकाईजबो—कर्म वा०।

थुकाड़णो, थुकाड़बो, थुकावणो, थुकावबो—रू०भे०।

थूकणो, थूकबो—अक०रू०।

थुकायोड़ो-भू०का०कृ०—थूकने के लिये प्रेरित किया हुआ, थूकने का कार्य दूसरे से करवाया हुआ, उगलाया हुआ।

(स्त्री० थुकायोड़ी)

थुकावणो, थुकावबो—देखो 'थुकाणो, थुकावो' (रू.भे.)

थुकावियोड़ो—देखो 'थुकायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० थुकावियोड़ी)

थुड़-सं०पु०—१ वृक्ष का तना। उ०—१ अति प्रगट रस थुड़ डाळी अदभुज, गाथ अति रंग आदरै। जिम पुरस नियतीवंत निप जग प्रजा उर सुख पाव रे।—रा.रू.

उ०—२ चैत्रइ विचित्र थइ रह्या, अंब तणी वनरायो जी। थुड़ मात्रा अंकुरित थइ, सोह वसंतइ पायो जी।—वि.कु.

२ मूर्ख, नासमझ।

रू०भे०—थुड़ि, थुड़, थुड, थुडि।

थुड़णो, थुड़बो-क्रि०अ०—लड़ना, भिड़ना, टक्कर लेना। उ०—जुडै पड़ै लड़ै मुड़ै, थुडै अनेक जग में। अनेक ऊकटै मिटै, कटै तुटै सु अंग में।—रा.रू.

२ डगमगाना, लड़खड़ाना। उ०—थुर थुर घूजंता थुड़ता थाकोड़ा। पीळा पड़ियोड़ा पिलिया पाकोड़ा।—ऊ.का.

थड़णो, थड़बो, थिड़णो, थिड़बो, थुड़णो, थुड़बो—रू०भे०।

थुड़ि—देखो 'थुड' (रू.भे.) उ०—रूंख तणौ थुड़ि वोडो बांधि नै रे, कुमर चढ़यो वांनर रे साथ रे। सास ऊपरि बैठा जाइ नै रे, नेह धरी तिहां जोड़ै बाथ रे।—वि.कु.

थुड़ियोड़ो-भू०का०कृ०—१ लड़ा हुआ, भिड़ा हुआ, टक्कर लिया हुआ. २ डगमगाया हुआ, लड़खड़ाया हुआ।

(स्त्री० थुड़ियोड़ी)

थुटि-सं०पु०—एक प्रकार का व्यंजन? उ०—मरिच ना चमत्कार, अत्यंत सुकमार, हस्तिपद प्रमाण, प्रीणतां प्रांण हाथितल वळइं, मुहि घड्यां गळइं, स्वरगि थिका देव देखी टळवळइ, इसां अनेक प्रकारि वडां, थुटि वडां, मोतीयां वडां।—व.स.

थुड—देखो 'थुड़' (रू.भे.)

थुडणौ, थुडबौ–क्रि०अ० [सं० थुड्=संवरण] १ आच्छादित होना, फैलना, छाना। उ०—उद्यांन वन मांहि आंणिउ, विळासीए वखाणिउ, साकर नी पाळि दूधि पायउ, कोइल तणे वृंदि छायउ, रूपि सुचंगु नम्यउ नवरंगु, थुडि थोर पथिक वधूजन चित्तचोरु।—व.स.
२ देखो 'थुड़णौ, थुड़बौ' (रू.भे.)

थुडि—देखो 'थुड़' (रू.भे.)

थुडियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ आच्छादित हुवा हुआ, फैला हुआ, छाया हुआ. २ देखो 'थुड़ियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० थुडियोडी)

थुणणौ, थुणबौ–क्रि०स० [सं० स्तुत्] १ स्तुति करना, प्रशंसा करना, गुणगान करना। उ०—१ नयन न्तितारथ आज थया मुझ, मूरति देखतां प्राय जी। जीभ पवित्र थई वळी माहरी, थुणतां स्री जिनराय जी।—स.कु.
उ०—२ कमळ लंछन भगवांन 'विनयचंद्रइं' थुण्यो। तुम गुण गण नौ पार, कुंणइ ही नवि गुण्यो रे।—वि.कु.
२ स्मरण करना, याद करना। उ०—प्रह ऊठी नै थुणजै जी।
—वृहद् स्तोत्र

थुणियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ स्तुति किया हुआ, प्रशंसा किया हुआ, गुणगान किया हुआ. २ स्मरण किया हुआ, याद किया हुआ।
(स्त्री० थुणियोड़ी)

थुतकारणौ, थुतकारबौ—देखो 'थुथकारणौ, थुथकारबौ' (रू.भे.)

थुतकारियोड़ौ—देखो 'थुथकारियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० थुतकारियोड़ी)

थुतकारियौ—देखो 'थुथकारियौ' (रू.भे.)
(स्त्री० थुतकारियोड़ी, थुतकारी)

थुतकारौ—देखो 'थुथकारौ' (अल्पा., रू.भे.)

थुतकी–सं०स्त्री०—देखो 'थुथकारौ' (अल्पा., रू.भे.)

थुतकौ—देखो 'थुथकारौ' (रू.भे.)

थुथकारणौ, थुथकारबौ–क्रि०स० [सं० थूत्करणम्] दृष्टि-दोष (नज़र) से बचाने के लिये मुंह से थू थू करना (टोटका) उ०—भली आकृति भाळ घणी वणिया थुथकारै।—दसदेव
थुतकारणौ, थुतकारबौ—रू०भे०।

थुथकारियोड़ौ–भू०का०कृ०—दृष्टि-दोष (नज़र) से बचने के लिये मुंह मे थू थू किया हुआ।
(स्त्री० थुथकारियोड़ी)

थुथकारियौ–वि० [सं० थूत्कृत:] (स्त्री० थुथकारियोड़ी, थुथकारी) वह व्यक्ति, जानवर अथवा वस्तु जिसको दृष्टि-दोष (नज़र) से बचाने के लिये मुंह से थू थू किया जाय। उ०—घणा मोला घोडाह, घणा मोली केई घोड़ियां। थुथकारिया थोटाह, जग में तौ जोड़ा 'जसा'।—ऊ.का.
रू०भे०—थुतकारियौ।

थुथकारी–सं०स्त्री०—देखो 'थुथकारौ' (अल्पा., रू.भे.)

थुथकारौ–सं०पु० [सं० थूत्कार:] किसी को दृष्टि-दोष (नज़र) से बचाने के लिये मुंह से थू थू का शब्द, थू थू का कार्य। उ०—१ जै जै जोगेस्वर भोगेसर भूला। धारण पक्की धर चक्की नहिं चूला। अै तौ जिन कल्पी अल्पी अणगारा। थीवरकल्पी जन नांखै थुथकारा।—ऊ.का.
उ०—२ उसके मुंह से थुथकारे ऐसे कढ़े, मनौ तारत की मोखी से मछर से उडे।—दुरगादत्त बारहठ
उ०—३ सासुवां रूप अर तरह देख घणी राजी हुई, राई लूण वारिया, थुथकारा नांखिया।—कुंवरसी सांखला री वारता
क्रि०प्र०—नांकणौ।
रू०भे०—थुतकारौ, थुतकौ, थुथकौ।
अल्पा०—थुतकारी, थुतकी, थुथकारी, थुथकी।

थुथुकी–सं०स्त्री०—देखो 'थुथकारौ' (अल्पा., रू.भे.)

थुथुकौ—देखो 'थुथकारौ' (रू.भे.)

थुर—देखो 'थर' (१, ५, ६) (रू.भे.) उ०—वासप नैणां सूं निकळै मुख वाफां। रैणूं ऐडी पर फाटोड़ी राफां। थुर थुर धूजंता थुड़ता थाकोड़ा। पीळा पड़ियोड़ा पिलिया पाकोड़ा।—ऊ.का.

थुरन–सं०स्त्री० [सं० स्फुरणम्] हिलने की क्रिया, फड़कन, स्फुरण। उ०—अरू मैं एकाकी थुरन मत थाकी इन अगे। लखूं मैं खांचू तो प्रबळ ठग पांचूं मग लगै।—ऊ.का.

थुरमौ—देखो 'थिरमौ' (रू.भे.) उ०—तद इण आप थुरमा रो दुमाली ढोलियै सूं उठाय ओढ़ायो।—कुंवरसी सांखला री वारता

थुली, थुल्ली–सं०स्त्री० [सं० स्थूल+रा०प्र०ई] गेहूं के दले हुए मोटे कणों का पकाया हुआ व्यञ्जन।
क्रि०प्र०—रांधणी।
मह०—थुल्लौ।

थुल्लौ–सं पु०—देखो 'थुली' (मह., रू.भे.) (अवज्ञा एवं व्यंग्य)

थुवणौ, थुवबौ—देखो 'थावणौ, थावबौ' (रू.भे.) उ०—बाबा सिव मिळै बाथां सूं, थळ जातां सू हरक थुवौ।—बांकीदास बीठू

थुवियोड़ौ—देखो 'थायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० थावियोडी)

थुवौ, थुहौ—देखो 'थूओ' (रू.भे.)

थूं—देखो 'तूं' (रू.भे.) उ०—थूं हिंदुसथांन मे जगळधर देस न जांणै। जठै चवदह जणा हुता राजा हिंदवांणै।—मे.म.

थूंक—देखो 'थूक' (रू.भे.) उ०—उत्तम थूंक विलोव ही, मध्यम मूकी थाप। वणिक अधम चिढता करै, पनसेरी सूं थाप।—बां.दा.

थूंकणौ थूंकबौ—देखो 'थूकणौ, थूकबौ' (रू.भे.) उ०—१ पै'लो मास उलरियो ए जच्चा वे रो आळसियो मन जाय। दूजौ ए मास उलरियो ए जच्चा, वै रो थूंक तडै मन जाय।—ला.गी.
उ०—२ वीर कुळयां मांहि ऊपनो, तो नै खाय मुंडा थी थूंक्यो रे।
—जवांणी

५ थूक मथणो—देखो 'थूक उछाळणो'. ६ थूक लगाणो—हराना, नीचा दिखाना, लौंडेबाजी करना (बाजारू) ७ थूक सूं कांन चेपणा—देखो 'थूक सूं सांधा देणा'. ८ थूक सूं सांधा देणा—ठीक कार्य नहीं करना, कच्चा कार्य करना, कृपणता से धन इकट्ठा करना, कंजूसी से जमा करना. ९ थूक सूकणो (थूक अटकणो)—भयभीत होना, घबराना. १० थूक सुकाणो—धमकाना, भय दिखाना, डराना।

२ बलगम, खखार, ष्ठीवन। उ०—आवै देख उवाक, थूक रा थेचा थाया। ऊतरया सूत अणूंत, मूंत रेला नह माया।—ऊ.का.

दीखणौ, दीखबौ—क्रि०ग्र० [सं० दृश्] १ दृष्टिगोचर होना, देखने में ग्राना, दिखाई देना। उ०—१ ग्रनमी ग्रांटीला थळिया थळ वाळा। विपदा वांटीला बळिया बळ वाळा। दुरजय दीखण में निरभय दिन दूल्हा। भीखण दुरभिख में भुजबळ नह भला।—ऊ.का.
उ०—२ लाखां जन डोलै भचभेड़ा लेता, दारूखोरां री घोरां दव देता। भाजो भाजो कर भोजन कर भीखै, दुख में दरवाजौ दांतां रो दीखै।—ऊ.का.
क्रि०स० [सं० दिक्ष्] २ दीक्षा देना, दीक्षित करना (उ.र.)
दीखणहार, हारौ (हारी), दीखणियौ—वि०
दिखवाड़णौ, दिखवाड़बौ, दिखवाणौ, दिखवाबौ, दिखवावणौ, दिखवावबौ—प्रे०रू०
दिखाड़णौ, दिखाड़बौ, दिखाणौ, दिखाबौ, दिखावणौ, दिखावबौ, देखाड़णौ, देखाड़बौ, देखाणौ, देखाबौ, देखावणौ, देखावबौ—क्रि०स०
दीखिग्रोड़ौ, दीखियोड़ौ, दीख्योड़ौ—भू०का०कृ०
दीखीजणौ, दीखीजबौ—भाव वा०, कर्म वा०
द्रस्टणौ, द्रस्टबौ—रू०भे०

दीखियोड़ौ—१ दृष्टिगोचर हुवा हुग्रा, दिखाई दिया हुग्रा. २ दीक्षा दिया हुग्रा, दीक्षित।
(स्त्री० दीखियोड़ी)

दीगेस—सं०पु० [सं० दिक्+ईश] दिक्पाल।

दीठ—सं०स्त्री० [सं० दृष्टि] १ ग्रांख की ज्योति, दृष्टि, नजर।
उ०—१ सर विद्या इम सीखजै, जिम सीखी पीथल्ल। सर गोरी रै साभियो, दीठ हीण दूभल्ल।—बां.दा.
२ ग्रांख, नेत्र।
३ ग्रच्छी वस्तु पर ऐसी दृष्टि जिसका प्रभाव बुरा पड़े, नजर।
उ०—पुरुस पछइ परहरि घरइ, डाकिणी-सरसी दीठ। भोगवीए भूंडा थइ, ग्रेहवउं थाय ग्रनीठ।—मा.कां.प्र.
ग्रव्य०—१ प्रति एक, हर एक, फी।
उ०—पाखर हैवर पांच सौ, तुरियां दीठ तवल्ल। सीस फरां कट खजरां, चढिया तुरां मुगल्ल।—रा.रू.
मुहा०—१ घर दीठ—प्रत्येक घर। २ टाबर दीठ—प्रति बालक। ३ पोथी दीठ—प्रति पुस्तक।
२ देखो 'दीठौ' (रू.भे.) उ०—खाधो सोहो मीठ है, ग्रग्र जनम किण दीठ। ऊखांणौ ग्रदता पढै। पूरब पद द पीठ।—बां.दा.
रू०भे०—दीठि।

दीठउ—देखो 'दीठौ' (रू.भे.) (उ.र.)

दीठि—सं०पु० [सं० दृष्टि] १ नेत्र, नयन (ह.नां.)

२ देखो 'दीठ' (रू.भे.)

दीठूणो-सं०पु० [सं० दृश्] दृष्टि दोष से बचने के लिये चेहरे पर लगाया जाने वाला चिन्ह। उ०—दिस्ट न लागण सारू दीठूणो दियो। किना दिस्ट लागण री ही उपाव कियो।—र. हमीर

दीठोड़ो, दीठोडो, दीठो-भू०का०कृ०—देखा हुआ, देखा।
उ०—पढयं जिण जोध पोकार सगळं पड़ी, घरं नहीं अरज पातिसाह धीठो। राह वंधी हुई रखं कोई रोकसी, देवं 'जसवंत' रो साथ दीठो।
—ध.व.ग्रं.
(स्त्री० दीठी, दीठोड़ी, दीठोडी)

दीण—देखो 'दीन' (रू.भे.) उ०—१ लूटे न ग्रेह अलीण, दुजराज न लुटे दीण। अमि लूटि सब असहास, सकि नारनोळह नास।—सू.प्र.
उ०—२ मही दीठ धारं चवं वैण मंदं। निरखे भड़ां बोलियो वाळि नंदं। उलंघू अहं सामंद्र वीस वारा। सर्भ दीण भाखा नमो सीस सारा।—सू.प्र.

दीत-सं०पु० [सं० आदित्य] १ सूर्य, भानु। उ०—उगा मुख बारह दीत उदार। भिड़े तिण वार मुंछार भुंहार।—सू.प्र.
२ रविवार।

दीता*-सं०पु० [सं० आदित्य] १ सूर्य, सूरज। उ०—दखं भाख ज्यारा जती वंस दीता। सको कंत त्रीलोक रो नाथ सीता।—सू.प्र.

दीद-सं०पु० [फ़ा०] १ दर्शन, दीदार। उ०—राघव सिफत वखांणी सच्चे सायरां। आफताव दुनियांणी दीद नगाहए।—र.ज.प्र.
२ देखो 'दीन्हो' (रू.भे.)

दीदनी-अव्य० [फ़ा०] देखने योग्य, दर्शनीय। उ०—यकं नूर खूब खूवां, दीदनी हैरांन। अजब चीज खुरदनी, पियालए मस्तांन।—दादू वांणी

दीदम-सं०स्त्री० [फा० ?] १ दृष्टि। उ०—कुळ आलम यके दीदम, अरवाहे इखलास। वद अमल वदकार दूई, पाक यारां पास।
—दादू बांणी
२ दर्शन, दीदार। उ०—१ हक हासिल नूर दीदम, करारे मकसूद। दीदार दरिया अखाहि, आमद मोजूदे मोजूद।—दादू बांणी
उ०—२ आसिकां रह कब्ज करदा, दिल वजा रफ्तंद। अल्लह आले नूर दीदम, दिल हि दादू बंद।—दादू वांणी

दीदवांन-सं०पु० [फ़ा० दीदवान] बन्दूक के घोड़े के निकट नाल पर लगा हुआ छेददार लोहे का गुटका जिसमें से 'मक्खी' की सीध मिलाई जाती है।

दीदा-सं०स्त्री० [फ़ा०] १ दृष्टि, नजर. २ दर्शन, दीदार।

दीदार-सं०पु० [फा०] १ मुख, छवि। उ०—दिन ऊगं नित देखणो, दाता रो दीदार। भागे भूख कळेस भय, 'बंक' न लागं वार।
—वां.दा.
२ दर्शन, अवलोकन। उ०—पन्नग लोक म्रित लोक तणा प्रभु, वडा रिखीसर जोवं वाट। दहनांमी दीदार देखवा, घडे हुवा हूवा गज थाट।—महादेव पारवती री वेलि

३ भेंट, साक्षात्कार।

दीदारू-वि० [फ़ा० दीदार] दर्शनीय, देखने योग्य।

दीदी-सं०स्त्री० [देश०] बड़ी बहिन के लिये प्रयोग किया जाने वाला शब्द।

दीदो—देखो 'दीन्हो' (रू.भे.) उ०—पछै औ रजपूत वणीज राजा रै चाकर रयो। अणां हैं लाख रुपयां रो पटो दीदो।
—झांणा राजपूत री वात
(स्त्री० दीदी)

दीध—देखो 'दीन्हो' (रू.भे.) उ०—भूपति अति संतोखया भीम, सीख करी चाल्या पुर सीम। विहिवाविधि मांडीनि कीध, मांन घणां नळ रांनि दीध।—नळाख्यांन

दीधति, दीधती-सं०स्त्री० [सं० दीधिति] किरण (नां.मा.)
उ०—ससांक नी दीधति दिव्य वस्त्र, सदा सदाचारि करि पवित्र। सुवरणवेदी अहिनांणि जांणि, सरह्तीसूनु क्रिपांणपांणि।
—विराट पर्व

दीधल-वि० [सं० दा] दिया हुआ, दत्त। उ०—परही पुळ आंणिय ठांण परं, भुरजाळा री खेग हुती बुहरं। भणिये क वखांण किसूं भलरां, वरदाइ नं दीधल देवल री।—पा.प्र.

दीधुं, दीधु, दीधू—देखो 'दीन्हो' (रू.भे.) (उ.र.)
(स्त्री० दीधी)

दीधोडो—देखो 'दीन्हो' (रू.भे.)

दीधो—देखो 'दीन्हो' (रू.भे.) उ०—दुजं दीन व्हे आसरीवाद दीधो। क्रपानाथ वंदे विदा ब्रह्म कीधो।—सू.प्र.
(स्त्री० दीधी, दीधोड़ी)

दीन-वि० [सं०] १ हीन दशा का, गरीब, दरिद्र।
उ०—१ ओ ऊपर ऊनाळो आयो, दीन जनां दोरो दरसायो। पांणी ग्यांन कोई नहि पायो, फूकं लोक हुवो अति कायो।—ऊ.का.
उ०—२ दातार सूर सीळ के निवास। दीन के सहाय द्विज गऊ के दास।—सू.प्र.
२ भय या दुख से अधीनता प्रकट करने वाला, नम्र।
उ०—१ किण सरणे जाऊं रे, दीन भाख सुणाऊं रे। सतहीण न थाऊं रे, दीन भाख सुणाऊं रे।—प.च.चौ.
उ०—२ दीन पुकार स्रवण सुण हसती। तज कमळा पाळा करत सती।—र.ज.प्र.
३ दयनीय। उ०—म्रिग मरकट मन मीन, नाव नागरीनयण नट। देख हुवै अै दीन, अस 'जेहल' वगसै इसा।—वां.दा.
४ उदास, खिन्न. ५ दुखी, कातर, संतप्त. ६ कायर.
७ देखो 'दीन्हो' (रू.भे.)
सं०पु० [अ०] १ धर्म, मजहब, मत, विश्वास।
उ०—१ महदी रै वंस रा पीरजादां कनै महदवियां रा दीन री किताब है।—वां.दा.ख्यात
उ०—२ दादू दुनियां सौं दिल बांध कर, बैठे दीन गमाय। नेकी नांम विसार कर, करव कमाया खाइ।—दादू वांणी

उ०—३ लीन श्रौ श्रलीन भीन चीन्ह तें लयो। लीन व्है श्रलीन दोऊ दीन तैं गयो।—ऊ.का.

२ वह द्रव्य या धन जो कोई पिता अपनी कन्या के विवाह के लिये वर पक्ष से लेता है. ३ तगर का फूल।

दीनता-सं०स्त्री० [सं०] दरिद्रता, गरीबी. २ कातरता, आर्त्तभाव।

उ०—१ सो डोकरी श्राधी रात में बादसाह री गोर ऊपर जाय घणी **दीनता** सूं प्रभू नूं वीणती करी।—नी.प्र.

उ०—२ स्राप सुण थां दोनूं हाथ जोड़ कै श्ररज करी—जे म्हारै साधारण अपराध बदळै दंड मोटो दियो। यूं कहि **दीनता** करी।

—डाढ़ाळा सूर री वात

३ उदासी, खिन्नता. ४ दुख से उत्पन्न अधीनता का भाव, नम्रता, विनीत भाव। उ०—१ नह कायरता **दीनता**, 'पता' तिहारै पिंड। करता तो रचतां किया, अत्ता नेम श्रखंड।—जैतदांन वारहठ

उ०—२ हे वणावटी रावतां सीह मत वाजो, थांरै मांहै सीह वाजो जेड़ी सकती नहीं, **दीनता** सूं श्रापरा दिन गुजारो, श्रापरो पौरस सीह वाजण रो नहीं।—वी.स.टी.

५ दयनीयता. ६ कायरता।

रू०भे०—दीनताई, दीनती।

दीनताई—देखो 'दीनता' (रू.भे.) उ०—लई **दीनताई** रहै खांनजादे। कहै खो गये मेच्छ वेरे विवादे।—ला.रा.

दीनती-सं०स्त्री० [सं० दीनता] १ दीनता के साथ की जाने वाली प्रार्थना। उ०—'गुमांना' सुतन बीनती करै गरज री, **दीनती** श्ररज री भाव दासा। जळंधर नाथ महाराज श्रण जीव री, एक चरणारबंद तणी श्रासा।—महाराजा मांनसिंह

२ देखो दीनता' (रू.भे.)

दीनत्व-सं०पु० [सं०] दीनता।

दीनदयाळ, दीनदयाळु, दीनदयाळौ-वि० [सं० दीनदयालु] दीनों पर दया करने वाला। उ०—**दीनदयाळ** छेह नहिं देता सदा श्रछेह सभावां।

—ऊ.का.

सं०पु०—ईश्वर का नाम। उ०—प्रथम्मी जाती रेस पयाळ। दाढ़ां विच राखी **दीन-दयाळ**।—ह र.

रू०भे०—दीनादयाळ।

दीनदार-वि० [श्र० दीन+फ़ा० दार] जो धर्म पर विश्वास रखता हो, धार्मिक।

दीनदारी-सं०स्त्री० [श्र०+फ़ा०] धर्म की श्राज्ञाश्रों के अनुसार श्राचरण, धर्म्माचरण।

दीनदुनी-सं०स्त्री० [श्र० दीन+दुनिया] लोक-परलोक।

दीनबंधु, दीनबंधू, दीननबंधू-सं०पु० [सं० दीनबंधु] १ ईश्वर का एक नाम। उ०—१ राज के विहीन सत्य सिंधु तें रह्यो। भाज के श्रधीन **दीनबंधु** के भयो।—ऊ.का.

उ०—२ **दीननबंधू** हुय दीनन दुख दीन्हो।—ऊ.का.

२ गरीब श्रौर दुखियों का सहायक. ३ प्याज।

दीनादयाळ—देखो 'दीनदयाळु' (रू.भे.)

दीनानाथ-सं०पु० [सं० दीन+नाथ] १ ईश्वर का एक नाम. २ दीनों का स्वामी या रक्षक।

दीनार-सं०पु० [फा०] १ स्वर्ण-मुद्रा. २ सोने या चांदी का बना एक प्राचीन सिक्का। उ०—बादसाह फरमाई सो हजार **दीनार** उणनूं मिळिया।—नी.प्र.

दीनोड़ौ, दीनोडौ, दीनौ—देखो 'दीन्हौ' (रू.भे.)

उ०—१ ताहरां नाई नूं मिळियो। नाई नूं घणी भोळावण **दीनी**।

—नैणसी

उ०—२ लारै बाळद रो डेरो लीनोड़ो। दोळो दाळद रो घेरो **दीनोड़ो**। जूंवां लीखां रा जमियोड़ा जाळा। नीचा नमियोड़ा कड़-कोड़ा काळा।—ऊ.का.

उ०—३ रावळो पीसणो टेपरिया भांबी रै श्रठै **दीनोड़ो** हो सो श्राटो लावण नै गयो।—रातवासो

उ०—४ जका तो कयो न कीनो हर करड़ो ही उतर **दीनो**।

—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

(स्त्री० दीनी, दीनोड़ी. दीनोडी)

दीन्ह, दीन्हउ, दीन्होड़ौ, दीन्हौ-भू०का०कृ०(स्त्री० दीन्ही, दीन्होड़ी) दिया हुश्रा, प्रदत्त। उ०—१ दादू माया मांहै काढ़ कर फिर माया मैं **दीन्ह**। दोऊ जन समझै नहीं, एको काज न कीन्ह।—दादू वांणी

उ०—२ अंऊकार **दीन्हउ** न कीयो श्रादरि, पहलइ नेत तिण छाया पाप। दीठी सती श्रावती दुवारइ, बइठउ हुए श्रपूठउ बाप।

—महादेव पारवती री वेलि

उ०—३ राजा त्यां नूं एक मंसापूरण जड़ी **दीन्ही**।

—सिंघासण बत्तीसी

उ०—४ दादू सुमिरण सहज का, **दीन्हा** श्राप श्रनंत। श्ररस परस उस एक सौं, खेलै सदा बसंत।—दादू वांणी

उ०—५ तहां दमनी वात संभाळ कह्यो तैं भूंडी कीन्हीं, घर रो भेद **दीन्हो**।—पचदंडी री वारता

रू०भे०—दीध, दीधोड़ो, दीधो, दीन, दीनउ, दीनोड़ो, दीनोडो, दीनो।

दीपंतौ-वि० [सं० दीप्त] चमकता हुश्रा, दीप्तिमान्, प्रकाशित।

दीप-सं०पु० [सं० दीप] १ दीपक (ह.नां.) उ०—१ पेखो वर में पवन सूं, बचै **दीप** दुतिवंत। दीप हूंत दरसंत, घर मैं उजवाळो घणो।

—बां.दा.

उ०—२ श्रोप **दीप** श्रारतो रूप देखै राय पुत्रिय। जिसो रांम पुर जनक दरसि श्रभिरांम श्रद्वितिय।—रा.रू.

रू०भे०—दीव, दीवउ।

२ इन्द्र (ना.डि.को.) ३ दस मात्राश्रों का एक छंद जिसके अन्त में तीन लघु फिर एक गुरु श्रौर फिर एक लघु होता है. ४ लखपत

पिंगळ के अनुसार एक मात्रिक छंद विशेष जिसके प्रत्येक चरण में क्रमशः तीन गुरु एक लघु फिर तीन गुरु, एक लघु तथा अंत में गुरु लघु से कुल १७ मात्राएं होती हैं. ५ छप्पय छंद का ६८ वां भेद जिसमें तीन गुरु और १४६ लघु से १४९ वर्ण या १५२ मात्राएं होती हैं। (र.ज.प्र.)

[सं० द्वीप] ६ देश, प्रदेश। उ०—सड़ सड़ वाहि म कंवड़ी, रांगां देह म चूरि। विहुं दीवां विचि मारुइ, मो-थी केती दूरि।—ढो.मा.

७ देखो 'द्वीप' (रू.भे.) उ०—पर मंडळ पर दीप में, हद घर घर कथ होत। कीरतवर जेहो कुंवर, जाड़ेचां घर जोत।—बां.दा.

दीपक-स०पु० [सं० दीपकः] १ चिराग, दीया, दीप।

उ०—१ करै कमाई कोय, दीपक ज्यूं सांमी दियैं। जीमण सीरा जोय, मुलमुल पैरण मोतिया।—रायसिंह सांदू

उ०—२ जड़ियो तिलक जवाहरां, जांणौ दीपक जोत। वालम चोत पतंग विधि, हित सूं आसक होत।—बां दा.

पर्याय०—उजासी, उतमदसा, उदोत, कजळअंक, कळघन, ग्रहमिण, ताईतिमर, ताईपतंग, दीप, दुत, नेहांनेह, प्रदीप, सारंग, सिखजनम, सिखाजोत।

रू०भे०—दिपह, दीपक्क, दीपग, दीवक, दीवक।

अल्पा०—दिग्रो, दियो, दिवलो, दीग्रो, दीपक्को, दीयौ, दीवटिउ, दीवटिग्रो, दीवटियउ, दीवटियो, दीवटीउ, दीवटीग्रो, दीवटीयउ, दीवटीयो, दीवटो, दीवडलो, दीवडु, दीवड़ू, दीवडो, दीवलउ, दीवलियो, दीवलो, दीवी, दीवो।

२ पीला॰ (डि.को.) ३ एक अलंकार विशेष जिसमें उपमेय और उपमान की एक ही धर्मवाची क्रिया हो. ४ संगीत में छः रागों में से एक राग जो हनुमत के मत से दूसरा है और इसके गाने का समय ग्रीष्म ऋतु का मध्यान्ह है। इसका सरगम यह है—स र ग म प ध नी सा. ५ एक ताल का नाम (संगीत) ६ दश मात्राओं का एक मात्रिक छंद विशेष (र.ज.प्र.) ७ वेलिया सांणोर गीत के मिलते-जुलते लक्षणों का पांच चरण का एक गीत (छंद) विशेष जिसके पांचवें चरण में १५ मात्राएं होती हैं (र.ज.प्र.)

८ डिंगल के वेलिया सांणोर गीत का एक भेद विशेष जिसके प्रथम द्वाले मे ६० लघु दो गुरु सहित ६४ मात्रायें होती हैं तथा शेष के द्वालों में ६० लघु एक गुरु कुल ६२ मात्राएं होती हैं (पि.प्र.)

९ केसर (ह.नां.)

वि०—१ पाचन अग्नि को तेज करने वाला. २ उजाला फैलाने वाला, दीप्तिकारक।

दीपकमाळा-सं०स्त्री० [सं० दीपकमाला] १ दीप-पंक्ति. २ दीपक अलंकार का एक भेद. ३ प्रत्येक चरण में भगण, मगण, जगण और गुरु युक्त एक वर्णवृत्त।

दीपकसुत-सं०पु० [सं०] काजल, कज्जल (डि.को.)

दीपकामाळ-सं०स्त्री० [सं० दीपमालिका] १ दीपावली. २ दीपों की पंक्ति।

दीपकाळ-सं०पु० [सं० दीपः+काल] दीपक जलाने का समय, सन्ध्या समय।

दीपक्क—देखो 'दीपक' (रू.भे.) उ०—इसे नासिका सग दीपक्क एरी, कळी चंप जांणे लळी लंप केरी। नवे नेह दीरघ्घ पंकज्ज नेत्रे, सुभा मीन खंजन म्रिग्गी सवेत्रे।—ना.द.

दीपक्को—देखो 'दीपक' (अल्पा.; रू.भे.) उ०—तरुणी पुणोवि गहियं परीयच्चय भितरेण पिउ दिट्ठ। कारण कवण सयांणी दीपक्को धूणए सीसं।—ढो.मा.

दीपग—देखो 'दीपक' (रू भे.) उ०—भूप जड़ावै मुगट मझ, रोहण गिर उतपत्त। निस दीपग प्रतिनिध रतन, प्रभा अपूरव भत्त।—बां.दा.

दीपगर-सं०पु० [सं० दीपगृह ?] १ दीपकों का समूह।

उ०—निगरभर तरुवर सघण छांह निसि, पुहुपित अति दीपगर पळास। मौरित अंब रीझ रोमंचित, हरखि विकास कमळ क्रिन हास।—वेलि.

२ दीपक रखने का स्थान, दीपगृह।

दीपचदी-सं०स्त्री० [सं० दीप+चंद्र] १ १४ मात्राओं की ताल।

दीपण—देखो 'दीपन' (रू.भे.)

दीपणो-वि० [सं० दीपी] (स्त्री० दीपणी) १ चमकने वाला, जगमगाने वाला, प्रकाशित होने वाला. २ रोशन होने वाला, प्रकाशित होने वाला. ३ देदीप्यमान होने वाला. ४ प्रज्वलित होने वाला.

५ शोभित होने वाला। उ०—दातार है मर देग्रणो, जस लेग्रणो घण जांण। देसां सिरोमणि-दीपणो, जुध जीपणो जमरांण।—ल.पिं.

६ लावण्य युक्त होने वाला. ७ प्रसिद्ध होने वाला. ८ प्रकट होने वाला।

दीपणो, दीपबो-क्रि०अ० [सं० दीपी] १ चमकना, जगमगाना, प्रकाशित होना। उ०—१ प्रगट कहे 'जैमाल' 'पतो', अचळ अचळ कर अंग। कायर रेहण कढ़ गयां, दीपै कनक दुरंग।—बां.दा.

उ०—२ दौलति परजि सहू एम आसीस दै, जीपिया जंग तिम वळै जीपो। दूथियां पाळ सु दयाळ 'दायाळ' हर, दीपते सूर जिम सदा दीपो।—ध.व.ग्रं.

२ रोशन होना, प्रकाशित होना। उ०—दहदिसि दीवा दीपया, चिहुं दिसि मंगळ च्यारि। कांमिनी 'जी जी' जंपती, जगदंबा-जयकार।

—मा.कां.प्र.

३ देदीप्यमान होना। उ०—पर छती जगि रिण जीपियो। दससहस रच्छिक दीपियो।—सू.प्र.

४ प्रज्वलित होना। उ०—जे जळसीकर ते उद्वेग करइ, जे सीतळोपचार इंग विकारइ, इणि परि प्रज्वलित स्नेह पटल विरहानळ दीपतेइ।—वं.स.

५ शोभित होना, शोभा देना। उ०—आठ गुरु बारह लघू होय। दीपै जिण अंते गुरु दोय।—र.ज.प्र.

उ०—२ गढ़ नरवर अति दीपता, ऊंचा महल अवास। घरि कांमिण

हरणाखियां, किसउ दिसावर तास ।—ढो.मा.

६ लावण्ययुक्त होना, नूर चढ़ना । उ०—दूध दही खाया दूजां रा, दीपी देहड़ली । मरियां सूं सूनी मिळ जासी, खूनी खेहड़ली ।—ऊ.का.

७ प्रसिद्ध होना, ख्याति प्राप्त करना, चमकना ।

उ०—प्रथीमाल परमांण वधे चहुवांण तणौ बळ । तेण वंस 'बल्लाल' दांन दीपियौ दसावळ ।—नैणसी

८ प्रकट होना, प्रकटना । उ०—दिली लखै दिगदाह, विगत हित साह विचारी । खर भूकै रव खैंग, स्वांन कूकै सुखहारी । चडै स्वास सज्जणां, नास विपरीत उपज्जै । नह राजै दीवांण, सबद बाजै न गरज्जै । वड चौक लोक संकत रहै, खांति रहै नह खट्टणौं । दीपै न नूर दरगाह मैं, आगम साह पलट्टणौं ।—रा.रू.

दीपणहार, हारौ (हारी), दीपणियौ—वि० ।

दिपवाड़णौ, दिपवाड़बौ, दिपवाणौ, दिपवावौ, दिपवावणौ, दिपवावबौ —प्रे०रू० ।

दिपाड़णौ, दिपाड़बौ, दिपाणौ, दिपावौ, दिपावणौ, दिपावबौ, दीपाड़णौ, दीपाड़बौ, दीपाणौ, दीपावौ, दीपावणौ, दीपावबौ—क्रि०स० ।

दीपिओड़ौ, दीपियोड़ौ, दीप्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

दीपीजणौ, दीपीजबौ—भाव वा० ।

दिपणौ, दिपबौ—रू०भे० ।

दीपत–वि० [सं० दीप्तिकर] १ रमणीय, सुन्दर, अच्छा (ह.नां.) २ देखो 'दीप्ति' (रू.भे.)

दीपति, दीपती—देखो 'दीप्ति' (रू.भे.) (नां.मा.)

उ०—वित ए आसोज मिळै नभि वादळ । प्रथी पंक जळि गुडळपण । जिम सतगुरु कळि कळुख तणा जण । दीपति ग्यांन प्रगटै दहण ।—वेलि.

दीपतौ–वि० [सं० दीप्ति] (स्त्री० दीपती) १ चमकता हुआ. २ कांतिमान्, दीप्तिमान, देदीप्यमान. ३ प्रकाशित, रोशन. ४ प्रज्वलित. ५ शोभित । उ०—देवां मांहे दीपतौ हो, तुं परता सुद्ध पास । सोहै तारां स्रेणि में हो, एकज चंद आकास ।—ध.व.ग्रं.

६ प्रसिद्ध.

दीपदध–सं०स्त्री० [सं० उदधिदीप] जमीन (अ.मा.)

दीपदांन–सं०पु० [सं० दीपः+दान] १ दीप रखने का स्थान, दीपगृह. २ लकड़ी या धातु का बना उपकरण जिस पर दीपक रखा जाय अथवा जिसके ऊपर की कटोरी में दीपक जलाया जाय ।

३ किसी देवता के सामने दीपक जलाने का कार्य. ४ राधा-दामोदर के निमित्त कार्तिक में बहुत से दीप जलाने का कृत्य. ५ कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी के दिवस गृह-द्वार पर भय निमित्त रखा हुआ दीपक. ६ मृत्य व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात आने वाली प्रथम दीपावली को सूर्योदय से दो घण्टे पूर्व जलाशय (कूप, तालाब आदि) पर की जाने वाली दीपपंक्ति (श्रीमाली ब्राह्मण)

दीपदांनी–सं०स्त्री० [सं० दीपः+दान+रा०प्र०ई या दीपः+धानी] वत्ती, घी आदि दीपक जलाने की तथा पूजा की सामग्री रखने की डिबिया ।

दीपधुज, दीपध्वज–सं०पु० [सं० द्वीपध्वज] कज्जल, काजल (अ.मा.)

दीपन–सं०पु० [सं०] १ प्रकाशित या प्रज्वलित करने का कार्य. २ भूख को उभारने की क्रिया. ३ केसर (नां.मा.)

वि०—जठराग्निवर्द्धक ।

दीपनगण–सं०पु० [सं०] जठराग्नि को तीव्र करने वाले पदार्थ ।

दीपनभ–सं०पु० [सं०] तारा (अ.मा.)

दीपनी–सं०स्त्री० [सं०] १ मेथी. २ अजवाइन ।

दीपमाळ, दीपमाळका, दीपमाळा, दीपमाळिका, दीपमाळी–सं०स्त्री [सं० दीपमाला, दीपमालिका] १ दीपों की पंक्ति । उ०—छटा विसाळ साळ तैं छबी घटा छपै नहीं । दिवाल पै सुवाळ दीपमाळ सी दिपै नहीं ।—ऊ.का.

२ दीपावली, दीवाळी (ह.नां.) उ०—भाला वह भळहळै, जेण वेळा जुध जीपक । जांणै घर घर जगै, दीपमाळा मझि दीपक । —सू.प्र.

दीपवती–सं०स्त्री० [सं० द्वीपवती] १ पृथ्वी. २ नदी (अ.मा.)

दीपवरतिक–सं०पु० [सं० दीपवर्तिक] दीपक धारन करने वाला ।

उ०—अंगरक्षक वीरमहर धनुरद्धर खड्गधर दीपवरतिक भोजिक सूरच काय चक्षक नरवैद्य गजवैद्य तुरगवैद्य विखभ वैद्य मांत्रिक, तांत्रिक । —व.स.

दीपसुत–सं०पु० [सं०] कज्जल, काजल (अ.मा.)

दीपसुरलोक–सं०पु० [सं० सुरलोकदीपः] इन्द्र (ना.डि.को.)

दीपाऊ–वि० [सं० दीपी] १ देदीप्यमान करने वाला, चमकाने वाला. २ सुंदर, मनोहर ।

दीपाड़णौ, दीपाड़बौ—देखो 'दीपाणौ, दीपावौ' (रू.भे.)

दीपाड़णहार, हारौ (हारी), दीपाड़णियौ—वि० ।

दीपाड़िओड़ौ, दीपाड़ियोड़ौ, दीपाड़्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

दीपाड़ीजणौ, दीपाड़ीजबौ—कर्म वा० ।

दिपणौ, दिपबौ, दीपणौ, दीपबौ—अक०रू० ।

दीपाड़िओड़ौ—देखो 'दिपायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० दीपाड़ियोड़ी)

दीपाणौ, दीपावौ—देखो 'दिपाणौ, दिपावौ' (रू.भे.)

उ०—दुस्ट व्याधि मुझ पति तणी, जो किम हीए जाय । तो अपजस सगळौ टळै, जिन सासन दीपाय ।—स्रीपाळ रास

दीपाणहार, हारौ (हारी), दीपाणियौ—वि० ।

दीपायोड़ौ—भू०का०कृ० ।

दीपाईजणौ, दीपाईजबौ—कर्म वा० ।

दिपणौ, दिपबौ, दीपणौ, दीपबौ—अक०रू० ।

दीपायण, दीपायन—देखो 'द्वैपायन' (रू.भे.) उ०—तीजौ मदिरापांन व्यसन तजि, चित्त धरी वळि चाहि । दीपायन रिखि दूहव्यौ जादवैं, द्वारिका नौ थयौ दाह ।—ध.व.ग्रं.

दीपायोड़ौ—देखो 'दिपायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० दीपायोड़ी)

दीपारती-सं०स्त्री०—दीपकों द्वारा की जाने वाली परछन, दीपक आरती। उ०—अमें चार दीपारती जोत भासै, प्रभा सूर वारंत सोभा प्रकासै।—रा.रू.

दीपावणौ, दीपाववौ—देखो 'दिपाणौ, दिपावौ' (रू.भे.)
उ०—१ कुण उवह तागै ऊमहै, प्रथम दीपावै पांवडे।—रा.रू.
उ०—२ दीपाविया मुदन पर दीपै, रायजादे वट राजां। भारमलोत तिके नव दै भड़, है चाडै जेहाजां।—नैणसी
दीपावणहार, हारौ (हारी), दीपावणियौ—वि०।
दीपाविग्रोड़ौ, दीपावियोड़ौ, दीपाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।
दीपावीजणौ, दीपावीजवौ—कर्म वा०।
दिपणौ, दिपवौ, दीपणौ, दीपवौ—अक०रू०।

दीपावती-सं०स्त्री० [सं०] १ दीपक और सरस्वती के योग से उत्पन्न एक रागिनी। २ दीपावली [सं० द्वीपवती] ३ वह जिस पर दीप स्थित हों। उ०—एकी रामरौ दास जोरै अपारै। धरा सात दीपावती रेस धारै।
—सू.प्र.

दीपावळि, दीपावळी-सं०स्त्री० [सं० दीप+अवलि] १ दीपों की पंक्ति, दीप-श्रेणी. २ दीवाली त्योहार।

दीपावियोड़ौ—देखो 'दिपायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० दीपावियोड़ी)

दीपिका-सं०स्त्री० [सं०] १ हिंडोल राग की पत्नी मानी जाने वाली एक रागिनी जो प्रदोषकाल में गाई जाती है. २ छोटा दीपक।
वि०—उजाला करने वाली, प्रकाश फैलाने वाली।

दीपित-वि० [सं०] १ चमकता हुआ, प्रकाशित, दीप्त. २ उत्तेजित।

दीपियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ चमका हुआ, जगमगाया हुआ, प्रकाशित. २ रोशन हुवा हुआ, प्रकाशित. ३ देदीप्यमान हुवा हुआ. ४ प्रज्वलित हुवा हुआ. ५ शोभा दिया हुआ, शोभित. ६ लावण्य-युक्त हुवा हुआ, नूर चढ़ा हुआ. ७ ख्याति प्राप्त किया हुआ, प्रसिद्ध हुवा हुआ, चमका हुआ. ८ प्रकट हुवा हुआ, प्रकट हुआ।
(स्त्री० दीपियोड़ी)

दीपोत्सव-सं०पु० [सं०] दीवाली। उ०—दिन दीपोत्सव केरडा, करि-वरि पासा लेय। माधव सिउं सारे रमइ, मांणिक सत मूकेय।
—मा.कां प्र.

दीप्त-वि० [सं०] १ चमकता हुआ, जगमगाता हुआ, प्रकाशित. २ जलता हुआ, प्रज्वलित।

दीप्ताग्नि-वि० [सं०] १ जिसकी पाचन शक्ति बहुत प्रबल हो. २ तेज भूख वाला, भूखा।

दीप्ति-सं०स्त्री० [सं०] १ आभा, चमक. २ उजाला, प्रकाश, रोशनी. ३ कांति, छवि, शोभा. ४ किरण, रश्मि।
रू०भे०—दीपति, दीपती।

दीप्तिमांन-वि० [सं० दीप्तिवान्] १ कांतियुक्त, दीप्तियुक्त. २ प्रकाशित।

दीप्य-वि० [सं०] जो जलाया जाने को हो।

दीवक—देखो दीपक' (रू.भे.)

दीवड़ी—देखो 'दीवड़ी' (रू.भे.)

दीवेल-सं०पु० [सं० दीप+तैल] दीपक में जलाया जाने वाला तेल।
रू०भे०—दीवेल।

दीम, दीमक-सं०स्त्री० [फा०] चींटी की तरह का एक छोटा सफेद कीड़ा जो लकड़ी, कागज आदि में लग कर उसे खोखला और नष्ट कर देता है, वल्मीक (डि.को.)

दीयट—देखो 'दीवट' (रू.भे.)

दीयाळीएल(हेल)—देखो 'दीवाळीएल (हेल) (रू.भे.)

दीयावळि-सं०स्त्री० [सं० दिशा+आलुच्] दिशाभ्रम।

दीयावळौ-सं०पु० [सं० दिशा+आलुच्] दिशाभ्रम, दिशाओं को भूल जाना।
वि० (स्त्री० दीयावळी) जिसे दिशाभ्रम हो गया हो।

दीयासळाई—देखो 'दियासळाई' (रू.भे.)

दीयासूळौ—देखो 'दीयावळौ' (रू.भे.)
(स्त्री० दीयासूळी)

दीयौ—देखो 'दीपक' (रू.भे.) उ०—दीयौ सूं निज कंवर देखियौ, हिवै लियौ हुलराई नै। मां वाजण नै बळियौ मूंडो, श्री अळियौ सुन जाई नै।—ऊ.का.

दीयोड़ौ—देखो 'दियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० दीयोड़ी)

दीरघ, दीरघ-वि० [सं० दीर्घ] (स्त्री० दीरघा) १ बड़ा, विशाल।
उ०—नमो दुजरांम दमोदर देव। नमो गुरु द्रोण करण गंगेव। नमो वप वांमण दीरघ वीख। मिळंग पुरंदर भांजण भीख।—ह.र.
२ महान्, बड़ा। उ०—निराकार निरलेप निगम निरदोस निरंजन, दीरघ दीनदयाळ, देव दुख-दाळद भंजन।—ऊ.का.
३ लम्बा. ४ चिर. लम्बा। उ०—अति वधै सीत दीरघ आव। सुजि हुवै जोग दारण सभाव। उच्छाह सदा रातै अनंत। कांमणि जिम भुगतै भूमिकंत।—सू.प्र.
५ स्थूल, भारी, मोटा। उ०—नहीं तो नार पुरख सनेह नहीं तो दीरघ सुच्छम देह। नही तो वित्त नही तो वांण, नही तो खित्त नहीं तो खांण।—ह.र.
सं०पु०—१ चिरकाल, लम्बा समय। उ०—अधम ! न जा तीरथ अवर, तु जा सुरसरि तीर। दीरघ लहसी तीन द्रग, सुजळ पखाळ सरीर।—बां.दा.
२ वह वर्ण जिसका उच्चारण खींच कर हो, द्विमात्र या गुरु वर्ण, ह्रस्व का उलटा। उ०—किवळी पिच्छू कहै लहू लघुअंक लहावै। गिरण छंद वस गुरू कवी लघु चार कहावै। बीजा दीरघ वरण जये गुरु आदि संजोगी। विसरग अग सिर बिंदु भरण तारख सौं गोगी।
—र.रू.

रू०भे०—दीरघ्घ, दीह।

दीरघकरण-सं०पु० [सं० दीर्घ+कर्ण] गधा, खर।
(मि० लंबकरण)
वि०—जिसके कान बड़े-बड़े हों।

दीरघकाय-वि० [सं० दीर्घकाय] जिसका डीलडौल बड़ा हो, लम्बे-चौड़े शरीर का।

दीरघग्रीव-सं०पु० [सं० दीर्घग्रीव] ऊँट (डि.को.)

दीरघड़ौ—देखो 'दीरघ' (अल्पा., रू.भे.) उ०—टप टप टपकं नैण दीरघड़ा, हिवड़ौ भर भर आवै।—लो.गी.
(स्त्री० दीरघड़ी)

दीरघ-छ्ळ-सं०पु० [सं० दीर्घ+रा० छ्ळपंजा] केसरी सिंह, शेर (ना.डि.को.)

दीरघजग्य—देखो 'दीरघयग्य' (रू.भे.)

दीरघजीवी-वि० [सं० दीर्घजीविन्] बहुत काल तक जीवित रहने वाला।

दीरघतपौ-वि० [सं० दीर्घतपस्] जिसने बहुत दिनों तक तपस्या की हो।

दीरघतमा-सं०पु० [सं० दीर्घतमा] महाभारत के अनुसार एक ऋषि जो उतथ्य के पुत्र थे।

दीरघदरसी-वि० [सं० दीर्घदर्शी] १ दूरदर्शी. २ विचारवान्, बुद्धिमान।
सं०पु०—१ गिद्ध. २ भालू।

दीरघनिस्वास-सं०पु० [सं० दीर्घनिश्वास] दुःख या शोक के आवेग के कारण ली जाने वाली लम्बी सांस।

दीरघपत्र, दीरघपत्रक-सं०पु० [सं० दीर्घपत्रक] प्याज (डि.को.)

दीरघपत्रिका-सं०स्त्री० [सं० दीर्घपत्रिका] १ सफेद वच. २ शालपर्णी।

दीरघपिस्ट, दीरघपीठ-सं०स्त्री [सं० दीर्घपृष्ठ] १ सर्प, सांप, नाग (अ.मा., ह.नां.) २ हाथी, गज।

दीरघफळ-सं०पु० [सं० दीर्घफल] अमलतास।

दीरघबाहु-सं०पु० [सं० दीर्घबाहु] धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम (महाभारत)
वि०—जिसकी भुजाएं लम्बी हों, आजुनु बाहु।

दीरघमारुत-सं०पु० [सं० दीर्घमारुत] हाथी।

दीरघमुख-सं०पु० [स० दीर्घमुख] एक यक्ष का नाम।

दीरघमूळ-सं०पु० [सं० दीर्घमूल] १ एक प्रकार की पीली घास।
२ एक प्रकार की बेल।

दीरघयग्य-वि० [सं० दीर्घ यज्ञ] जिसने बहुत काल तक यज्ञ किया हो।
रू०भे०—दीरघजग्य।

दीरघरसन-सं०पु० [सं० दीर्घरसन] सर्प, सांप (डि.को.)

दीरघरोमौ-सं०पु० [सं० दीर्घरोमन] १ शिव का एक अनुचर।
२ भालू।

दीरघवाह-वि०—देखो 'दीरघबाहु' (रू.भे.) उ०—उदर सुमित्र लछण जोपण अरि, धरै सेस अवतार धुरंधर। वियौ सत्रघण सुजस सवायक, दीरघवाह वडौ वरदायक।—र.रू.

दीरघसूत्रता-सं०स्त्री० [सं० दीर्घसूत्रता] हर कार्य में विलंब करने की आदत, देर लगाने का स्वभाव।

दीरघसूत्री-वि० [सं० दीर्घसूत्रिन्] प्रत्येक कार्य में विलम्ब करने वाला।

दीरघस्थणी, दीरघस्थनी-वि० [सं० दीर्घस्तनी] बड़े स्तनों वाली।

दीरघस्वर-सं०पु० [सं० दीर्घस्वर] द्विमात्रिक स्वर।

दीरघा-वि०स्त्री० [सं० दीर्घा] बड़े आकार वाली। उ०—दीरघा लघु वपु द्रढ़ा, सवेही रूप विरूपा, वकळा सकळा व्रजा, उपावण आप आपुपा।—देवि.

दीरघायु-वि० [सं० दीर्घायु] लम्बी आयु वाला, चिरंजीवी।
रू०भे०—दीहाउ, दीहाऊ।

दीरघि-सं०स्त्री० [सं० दीर्घ] लम्बाई। उ०—गंगा तडा तडि अच्छइ ओयणु। वित्थरि दीरघि बारह जोयणु।—प.पं.च.

दीरघिका-सं०स्त्री० [सं० दीर्घिका] १ वापिका। उ०—दमयंती नि सदनि आव्या, दीरघिका दीठी भरी। विकज-वारिज-वन देखी ऊतरचा ते अणिसरी।—नळाख्यांन
२ झील।

दीरध्घ—देखो 'दीरघ' (रू.भे.)

दीव-सं०पु० [सं० दिवम्=आकाश] १ सूर्य। उ०—जे अंतरजांमी वार नमांमी स्वांमी जग साधार। जोड़ी चिरजीवं पतनी पीयं, सुज सस दीवं सार।—र.ज.प्र.
२ देखो 'दीप' (रू.भे.) ३ देखो 'द्वीप' (रू.भे.)

दीवउ—देखो 'दीप' (रू.भे.) उ०—घर नीगुल दीवउ सजळ, छाजइ पुणग न माइ। मारू सूती नींद्र भरि, साल्ह जगाई आइ।—ढो.मा.

दीवक—देखो 'दीपक' (रू.भे.) उ०—रांमदेव राठोड़ सुत, हुवा वीस जय हेतु। वय सव छोटौ गुण वडौ, कुळ दीवक सतकेतु।—वं.भा.

दीवड़की, दीवड़ली—देखो 'दीवड़ी' (अल्पा रू.भे.)

दीवड़लौ—देखो 'दीपक' (अल्पा रू.भे.)

दीवड़ी-सं०स्त्री० [सं० दृतिः] १ मोटे कपड़े (कैनवास) या बकरे की खाल से बनाई हुई पानी रखने की थैली। उ०—छोटी दीवड़ियां काखां तळ छालै। मोटी लोटड़ियां दाखां जळ मालै।—ऊ.का.
रू०भे०—दीवड़ी, दीवडी।
अल्पा०—दीवड़की, दीवड़ली।
मह०—दीवड़, दीवड़ौ, दीवड, दीवड्ड, दीवड्डू, दीवडौ।
२ एक प्रकार का कटाह ? उ०—राव मालदे रै वास। लवेरौ पटै। लवेरै राजथांन कियौ। लवेरै कढ़ाई दीवडी, भूंजाई वडौ पळौ।—नैणसी

दीवड़ौ—देखो 'दीवड़ी' (मह., रू.भे.)

दीवट-सं०स्त्री० [सं० दीपस्थ, प्रा० दीवट्ठ] लकड़ी, धातु आदि का बना डंडे के आकार का आधार जिस पर दीपक रखा जाता है।
रू०भे०—दीअट, दीयट।

दीवटिउ, दीवटिओ, दीवटियउ, दीवटियौ, दीवटीउ, दीवटीओ, दीवटीयउ, दीवटीयौ, दीवटौ-सं०पु० [सं० दीपवर्तिकः=प्रा०दीअवट्टिओ] १ दीपक थामने वाला, मशालची (उ.र.) उ०—१ सिव सांति

करइ वैस्वांनर कापडा पखाळइं, ब्रह्मा पुरोहित, नारायण दीवटिग्रो विस्वामित्र ग्राभरण घडावड ।—व.स.

उ०—२ महा भडारी रसोई तलार, राजवैद्य गजवैद्य ज सार । दीवटीग्रा सुहवोल जेह, उचित वोला बइठा छइ तेह ।

—नळ दवदंती रास

उ०—३ पहुरायत पूठि थया, त्रहीग्रा वळी तलार । दीवटीया दह दिसि रह्या, पालीयात नही पार ।—मा.कां.प्र.

रू०भे०—दीवलउ, दीवलियौ ।

२ देखो 'दीपक' (ग्रल्पा., रू.भे.)

दीवड—देखो 'दीवड़ी' (मह., रू.भे.)

दीवडलो—देखो 'दीपक' (ग्रल्पा., रू.भे.) उ०—म्हारी काळी माता जोगी दीवडलो घड ल्याय, बीनांणी लाव सारै कलकत्ते में बीरो चांगु जे ।—लो.गी.

दीवडी—देखो 'दीवड़ी' (रू.भे.)

दीवडु, दीवडू—१ देखो 'दीपक' (ग्रल्पा., रू.भे.)

उ०—तेल विहूणउ दीवडू, मूळ विहूणी वेलि । पाणी विहूणी दहू री, तिम होई ति महेलि ।—मा.कां.प्र.

२ देखो 'दीवडी' (मह., रू.भे.)

दीवडो—१ देखो 'दीपक' (ग्रल्पा., रू.भे.) उ०—दाखि न राखुं दीवडा ? कां दहइ मुझ सरीर ? पवनि करी परहो कहूं, ऊपरि नांमूं नीर ।—मा.कां.प्र.

२ देखो 'दीवडी' (मह., रू.भे.)

दीवळ—सं०स्त्री० [देश०] दीमक (शेखावाटी)

दीवलउ—१ देखो 'दीपक' (ग्रल्पा., रू.भे.) उ०—सा वाळा ग्रो चितवड, लिण खिण रयणि विहाइ । तिण हर परट्ठ्यउ, ज्यूं बीवलउ वुझाइ ।—ढो.मा.

२ देखो 'दीवटियौ' (रू.भे.)

दीवलियौ—१ देखो 'दीपक' (ग्रल्पा., रू.भे.) उ०—थे छो ग्रो बाईसा ! दीवलिया-री लोर, कोई, पाबूजी कहीजै ज्यांरो चांनणो ।—लो.गी.

२ देखो 'दीवटियौ' (रू.भे.)

दीवली—देखो 'दीवी' (ग्रल्पा., रू.भे.)

दीवलो—देखो 'दीपक' (ग्रल्पा., रू.भे.) १ उ०—सखी संजोवै दीवला, पूजै लक्ष्मी मात । रळमिळ पौढ़ै कांमणी, ले प्रीतम न साथ ।

—लो.गी.

उ०—२ म्हारो कंवर ज कुळ रो दीवलो, कँवरांणी दीवलै री लोय, ग्राज म्हारी ग्रमली फळ रही ।—लो.गी.

दीवांण—सं०पु० [फ़ा० दीवान] १ राजसभा, दरबार ।

उ०—जीवत ग्रित हुइ साहिजहां, दिल्लीवै सुरितांण । राति दीह ग्रंदर रहै, नह मंडै दीवांण ।—वचनिका

क्रि०प्र०—करणौ, जुड़णौ, होणौ ।

२ वह स्थान जहा बादशाह या राजा का दरबार जुड़ता हो ।

यौ०—दीवांण-ग्राम, दीवांण-खास ।

३ राज्य का प्रबन्ध करने वाला, मंत्री, वजीर, प्रधान ।

उ०—एक दिन दोय सिपाही ग्राय कर दहली में दीवांण मुजरो कियो ।—दूलची जोइयै री वारता

४ स्वामी, ग्रधिपति । उ०—१ पटसी जद कांम दोसी पाळी, दाटघाळी ग्रमुरां भुजडांण । वा ग्रावै ऊपर इकवाळी, देसणोक वाळी दीवांण ।—ग्रज्ञात

उ०—२ भाळियौ प्रभाते रथ चक्रवाक रो (क), पाप खंड प्रांण रो(क) पावियौ प्रचार । तंतसार पांण रा प्रयांण रो मेटियौ ताव, दूदां ग दीवांण रो (क) भेटियौ दीदार ।—साहिबो सुरतांणियो

५ शिव, महादेव । उ०—१ दीवांण तणउ चोज देखंतां, किसा मनुख वाखांण करइं । परगह इतउ इतउ दीपै परि, सीह ग्रजा वे साथ चरइं ।—महादेव पारवती री वेलि

उ०—२ वियउ प्रगट प्रभु रूप कहंतां, वदता जे पहिली वाखांण । ग्रायउ वोल तियांरउ ऊपर, दूल्हउ जिम ग्रायउ दीवांण ।

—महादेव पारवती री वेलि

६ उदयपुर के महाराणाग्रों की उपाधि जो ग्रपने ग्राप को श्री इकलिंग भगवान का दीवान (मंत्री) समझ कर राज्य करते थे ।

उ०—१ पटकूं मूछां पांण, कै पटकूं निज तन करां । दीजै लिख दीवांण, इण दो महली वात इक ।—प्रिथीराज राठौड़

उ०—२ ए ग्रागम कथन जेसाहूर ग्राखै, पोह धू जांणै मेर प्रमांण । मोनै ग्रस रीझै मोकळियौ, 'देसू ग्रस वदळो दीवांण ।—बां.दा.

७ जोधपुर राज्यान्तर्गत बिलाड़े में ग्राईमाता का सेवक (प्रधान)

८ मंदिर । उ०—देवी रै दीवांण, हुव सह नर भेळा हुग्रा । इंद्र तणै एहलांण, जाजम बैठो 'जींदरो' ।—पा.प्र.

९ ईस्वर, परमात्मा । उ०—वडा वडेरा वड वडा भी वडा दीवांण ।

—केसोदास गाडण

वि०—१ मस्त । उ०—बादसाह इण कजियै में हैरांन हुवौ । झांखो सूं बैठो देखै छै । सो नीचै एक मस्तांनो ग्रायो । तरै बादसाह फरमाई इण दीवांण नूं लावो तिण सूं सलाह करूं । दीवांणो ग्राइयो तरै बादसाह पूछी ।—नी.प्र.

२ वीर, बहादुर. ३ पागल. ४ देखो 'दइवांण' (रू.भे.)

रू०भे०—दइबांण, दईवांण, दइवांण, दईवांण, दीवांण, दीवांन ।

दीवांण-ग्राम—सं०पु०यौ० [फ़ा० दीवान+ग्र० ग्राम] १ वह स्थान जहां ग्राम दरबार लगता हो. २ ऐसा दरबार जिसमें राजा या बादशाह से सब लोग मिल सकते हों, ग्राम दरबार ।

रू०भे०—दीवांनग्रांम ।

दीवांणखांनो—सं०पु० [फ़ा० दीवान+खान:] बैठक का कमरा या स्थान जो घर के बाहरी भाग में होता है । वैभवशाली ग्रौर प्रतिष्ठित लोग ग्रपने घर के इसी स्थान पर ग्रन्य लोगों से मिलते हैं ।

उ०—गंजण रा केहरी नमो झुंझार गुर, मांण तज जगत सोह हुकम

मांनै। पाड़ियौ तिकौ पतसाह री पाखती, खास सुरतांण दीवांणखांनै।
—अमरसिंह राठौड़ री वात

रू०भे०—दवांनखांनौ।

दीवांणखालसौ–सं०पु० [फ़ा० दीवान+खालिस:] वह अधिकारी जिसके पास राजा या बादशाह की मुहर रहती है।

रू०भे०—दीवांन-खालसौ।

दीवांणखास–सं०पु० [फ़ा० दीवान+अ० खास] १ वह सभा जिसमें राजा या बादशाह अपने खास मंत्रियों और चुने हुए प्रधान लोगों के साथ बैठता है, खास दरबार. २ वह स्थान जहाँ खास दरबार होता हो।

रू०भे०—दीवांनखास।

दीवांणगिरी, दीवांणगी–सं०स्त्री० [फ़ा० दीवान+रा०प्र० गिरी या गी]
१ दीवान का कार्य।

क्रि०प्र०—करणी।

२ दीवान का पद। उ०—१ अरु सूरसिंघजी दीवांणगिरी रौ कांम महेसरी राठी मूंता किल्यांण केसोदासोत नूं हुवौ।—द.दा.

उ०—२ अरु कांम दीवांणगी रौ मुंहता वेंद ठाकुरसी नूं हुवौ। तथा गोठ आरोगण महाराज ठाकुरसी री हवेली पधारिया। सारी त्यारी दस्तूर मुजब हुई।—द.दा.

रू०भे०—दिवांणगी, दिवांणगिरी।

दीवांणियौ—देखो 'दीवांनौ' (अल्पा., रू.भे.)

दीवांणी–सं०स्त्री० [फ़ा० दीवानी] १ दीवान का कार्य।

क्रि०प्र०—करणी।

२ दीवान का पद. ३ वह न्यायालय जो सम्पत्ति सम्बन्धी स्वत्वों का निर्णय करे। व्यवहार सम्बन्धी न्यायालय।

रू०भे०—दिवांणी, दिवांनी।

४ देखो 'दीवांनी' (रू.भे.)

दीवांणौ—देखो 'दीवांनौ' (रू.भे.)
(स्त्री० दीवांणी)

दीवांन—देखो 'दीवांण' (रू भे.) उ०—दादू बंदीवांन है, तूं बंदी छोड़ दीवांन। अब जन राखौ बंदि में, मीरां महरवांन।—दादू बांणी

दीवांनआंम—देखो 'दीवांणआंम' (रू.भे.)

दीवांनखांनौ—देखो 'दीवांणखांनौ' (रू.भे.)

दीवांनखालसौ—देखो 'दीवांणखालसौ' (रू.भे.)

दीवांनखास—देखो 'दीवांणखास' (रू.भे.)

दीवांनी–वि०स्त्री० [फ़ा० दीवान:] १ पगली, बावली, विक्षिप्ता।

रू०भे०—दिवांणी, दिवांनी।

२ देखो 'दिवांणी' (रू.भे.)

दीवांनौ–वि० [फ़ा० दीवान:] (स्त्री० दीवानी)-१ पागल, विक्षिप्त. २ उन्मत्त. ३ मस्त। उ०—दीवांनौ कही जिण निमित दैणौ कियौ थौ उण ही नूं जे देवौ।—नी.प्र.

रू०भे०—दिवांणौ, दीवांणौ।

अल्पा०—दीवांणियौ।

दीवाड़—देखो 'दीवाड' (रू.भे.)

दीवाझारी–सं०स्त्री० [देश०] जल पात्र। उ०—सोवन चौकी सोवटा, पासावळि नवि रंग। दीवाझारी गाळ मसूरी, उभउ सीसा अति चंग।—ढो.मा.

दीवाटड़ी–सं०स्त्री०—मिट्टी का दीप।

दीवाड–वि० [सं० दा] देने वाला, दातार। उ०—अवरां नइ दीजइ उदियारण, तइ ईसर तणइ नहीं काइ तोट। बहुनांमी दीवाड बहूळी, चढिया वींद दमांमै चोट।—महादेव पारवती री वेलि

रू०भे०—दीवाड।

दीवाधरी–वि० [सं० दीपधारिन् या दीपकधारिणी] दीपक थामने वाली, दीपक रखने वाली, दीपकधारिणी। उ०—मुख जोवइ दीवाधरी, पाछउ करइ पलाह। मारू दीठी सास विण, मोटी मेल्हइ धाह।
—ढो.मा.

दीवार, दीवाल–सं०स्त्री० [फ़ा० दीवार] १ मकान आदि बनाने अथवा किसी स्थान को घेरने के निमित्त पत्थर, ईंट, मिट्टी आदि को चुन कर उठाया हुआ परदा, भींत. २ किसी वस्तु अथवा स्थान का घेरा (प्रायः किनारे का) जो ऊपर उठा हो।

रू०भे०—दवाल, दिवार, दिवाल।

दीवाळी–सं०स्त्री० [सं० दीप+अवलि] पूर्णिमान्त मास के अनुसार कार्तिक की अमावस्या तथा अमान्त मास के अनुसार आश्विन की अमावस्या को मनाया जाने वाला शारदीय पर्व जिसमें सायंकाल को दीपक जला कर घर में, बाहर तथा छत पर पंक्तिबद्ध रखे जाते हैं और भवनों में लक्ष्मी पूजन किया जाता है।

वि०वि०—यह पर्व प्रदोषकाल व्यापिनी अमावस्या को मनाया जाता है। यदि अमावस्या, चतुर्दशी और दूसरे दिन भी प्रदोष काल में व्याप्त हो तो दूसरे दिन दीपावली मनाई जाती है। परन्तु यदि चतुर्दशी के प्रदोष काल में अमावस्या व्याप्त है और अमावस्या के दिन तिथि साढे तीन पहर से अधिक है तथा प्रतिपदा वृद्धि गामिनी है तो अमावस्या के प्रदोष में प्रतिपदा के रहते हुए भी दीपावली मनाई जाती है और यदि चतुर्दशी के दिन में अमावस्या आ जाय तथा अमावस्या साढे तीन प्रहर से पूर्व ही समाप्त हो जाय तो फिर दीपावली चतुर्दशी का मनाई जायगी।

यदि चतुर्दशी के प्रदोष में अमावस्या हो और अमावस्या के दिन अमावस्या साढे तीन प्रहर की हो तो भी प्रदोष आसन्न होने से दीपावली अमावस्या को ही मनाई जायगी।

यह त्यौहार राजस्थान में तीन दिन मनाया जाता है। प्रथम दिवस दीपावली के एक दिन पूर्व आरंभ होता है। इस दिन को राजस्थान में 'कांणी दीवाळी' नाम से पुकारते हैं। इस दिन मकानों में द्वार के एक पार्श्व पर एक-एक दीपक रखा जाता है। दूसरा दिन 'रांणी दीवाळी' के नाम से प्रसिद्ध है। इस दिन भवनों में दीपकों की पंक्ति यथास्थान चारों ओर लगा दी जाती है जिससे भवन जगमगा

उठता है। तीसरे दिन लोग परस्पर एक-दूसरे के भवन पर मुबारिकबाद देने को जाते हैं। इस दिन को 'रामासांमा' भी कहते हैं। चतुर्थ दिन दवात पूजा करके लोग यथापूर्व अपने अपने कार्य पर लग जाते हैं।

उ०—१ काय अमावस रैण प्रसंसा कीज ही। दीवाळी सुखदाय प्रभा दरसीज ही।—बां.दा.

उ०—२ काठो कुरळातां काती निस काळी। होळी हीयें में दांतां दीवाळी। सांमू सीयाळो साकी सरसायो। बाकी वचियां नें ढाकी दरसायो।—ऊ.का.

मुहा०—दिन धोळै दीवाळी करणी (धोळै दिन दीवाळी करणी)—अनहोनी बात करनी।

रू०भे०—दियाळी, दिवाळी।

अल्पा०—दीवाळो।

दीवाळीएल(हेल)-सं०स्त्री० [देश०] लड़की के विवाहोपरान्त सीख देने के बाद वर पक्ष वालों को पुनः निमंत्रित कर के दिया जाने वाला भोज (श्रीमाली ब्राह्मण)

वि०वि०—यह भोज विवाह के साल दो साल बाद भी दिया जा सकता है।

रू०भे०—दिग्राळीएल(हेल), दियाळीएल(हेल), दिवाळीएल(हेल), दीग्राळीएल(हेल), दीयाळीएल(हेल)।

दीवाळो—१ देखो 'दीवोळी' (अल्पा, रू.भे.) उ०—माछंदर वाळो सिधां सिघाळो, वूढो वाळो जुग वाळो। जीतो जम जाळो जगत निराळो, हुवो उजाळो दीवाळो।—पा.प्र.

२ देखो 'देवाळो' (रू.भे.) उ०—भूपति टोटां में दीवाळा भिळिया, मोटां मोटां रा कुळ मगतां मिळिया। वांधे गांठड़ियां वड़ियां चग बाळै, राली गूदड़ ले कांधे पर राळै।—ऊ.का.

दीविय—देखो 'दीवी' (रू.भे.) उ०—चमरी जिम चळ लखमीय विलसीय विखय नी वात। नारीय नेह विण दीविय जीदिय वहु उपगांत।—नेमिनाथ फागु

दीवी-सं०स्त्री० [सं० दीपिका] लकड़ी या धातु का बना वह उपकरण जिसमें दीपक जलाया जाता है अथवा जिस पर दीपक रखा जाता है। उ०—जे राजा रांम म्हारै कन्है आय बैठे जिण वखतां हूं दीवी वोहड़ाय पीलसोत मंगाऊं तिण वखतां मांही थां जाहिर होय कन्है आय पकड़ लीज्यो।—जयसिंह आंमेर रा धणी री वारता

वि०वि०—यह उपकरण कई प्रकार का होता है। एक तो लम्बा डंडे के समान होता है जिसके ऊपर दीपक रखा जाता है अथवा ऊपर की कटोरी में दीपक जलाया जाता है। यह प्रायः मंदिरों या वैभवशाली घरों में होता है। दूसरा जो साधारण घरों में पाया जाता है वह लोहे की पत्तियों का चौड़ा उपकरण होता है जिसे दीवार पर लटकाया जा सकता है। इसमें नीचे की ओर एक बड़ा दीपक लगा रहता है जिसमें दीपक जलाया जाता है तथा दूसरी पंक्तियों पर भी दीपकों की पंक्तियां लगी रहती हैं। विशेष अवसरों पर इसके सारे दीपक जलाये जा सकते हैं।

२ पलीता, मशाल. ३ देखो 'दीपक' (अल्पा., रू.भे.)

रू०भे०—दीविय।

अल्पा०—दिवली, दीवली।

भू०का०कृ०—प्रदान की, दी। उ०—१ अबै वा जायगा म्हागी दीवी रहसी थांहरै कनै कोई न लेसी।—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

उ०—२ बडारण कन्है ही बैठी थी सो वडी दिलासा दीवी। पवंन करणे नूं लागो।—कुंवरसी सांखला री वारता

दीवीझाड़-सं०पु०—झाड़ के आकार का रोशनी करने का सामान जो छत में लटकाया जाता है। उ०—सगडी सूकडी बाळिइ, अमरतणा ऊंवाह। चंपेली चूग्रा बळइ, दीपति दीवीझाड।—मा.कां.प्र.

दीवेल—देखो 'दीवेल' (रू.भे.)

दीवो—देखो 'दीपक' (डि.को.) (अल्पा., रू.भे.)

उ०—दह दिसि दीवा दीपया, चिहुं दिसि मंगळ च्यारि। कांमिनि 'जीजी' जंपती, जगदंबा जयकार।—मा.कां.प्र.

मुहा०—१ दांतां रा दीवा करणा—दांत निकालना, व्यर्थ हँसना. २ दीवा तळै अंधारो, दीवा नीचै अंधारो, दीवा हेटै अंधारो—दीपक के नीचे अंधेरा रहता है। बहुत अच्छाइयों के साथ थोड़ी बुराई भी रहती है जिसका पता तक नहीं रहता. ३ दीवै बाट चढ़णी—संध्या समय, संध्या होना. ४ दीवै बाट चढ़ियां—संध्या समय होने पर. ५ दीवो जळणो—सन्ध्या समय होना. ६ दीवो जळाणो—दिवाला निकालना. ७ दीवो ठंडो होणो—किसी के मरने से उसके कुल में अंधकार छा जाना. ८ दीवो वडो करणो—दीपक बुझाना. ९ दीवो वडो होणो—दीपक बुझना। देखो 'दीवो ठंडो होणो'. १० दीवो हँसणो—दीपक की बत्ती से गुल या फूल झड़ना। दीपक की जलती हुई बत्ती में चमकते हुए गोल-गोल रवे दिखाई देना (इससे घर में प्रतिष्ठित मेहमान आने, विवाह होने अथवा लड़का जन्मने आदि के शुभ शकुन समझे जाते हैं।)

दीवो दीवो—देखो 'देणो, देवो' (रू.भे.) उ०—दादू दीवा है भला, दीवा करो सब कोय। घर में धरा न पाइये, जे कर दिया न होय।

—दादू वांणी

दीस-सं०पु० [सं० दिवस] १ दिन, वासर। उ०—१ सिध सकळ पैसारो कीन, गोरेविण सखरी देसना दीन। संवत पनरेसे पचवीस, वदी वैसाख पंचमि सुभ दीस।—ऐ.जै.का सं.

उ०—२ आखु दीस तुमनइ संभारइ, करइ तुम गुणग्रांम रे। सिउं कहूं घणउं फदंब! तुमनइ? न वीसारिउं नांम रे।

—नळ-दवदंती रास

२ सूर्य, रवि। उ०—१ जउ वैस्वांनर ताढउ थाइ, पस्चिम ऊगइ दीस। नारायण टळतउ कान्हडदे, कहि न नांमइ सीस।—कां.दे.प्र.

उ०—२ एतइ अतिरथि सारथि आवइ, करण तणूं कुळ राउ जणावइ। मइं गंगा ऊगमतइ दीस, लाधी रतनभरी मंजूस।—पं.पं.च.

दीसणौ, दीसबौ-क्रि०अ० [सं० दृश्] दिखाई देना, दृष्टिगोचर होना, दीखना। उ०—ऊंधा चूंधा कर फेरा उळझावै, वनड़ी वनड़ी वर मनड़ो मुरझावै। रस में वेरस बस रागांरळ रीसै, दुलहणि दुलहै नै दावानळ दीसै।—ऊ.का.

दीसणहार, हारौ (हारी), दीसणियौ—वि०।

दीसिग्रोड़ौ, दीसियोड़ौ, दीस्योड़ौ—भू०का०कृ०।

दीसीजणौ, दीसीजबौ—भाव वा०।

दीहणौ, दीहबौ—रू०भे०।

दीसा-क्रि०वि—१ लिए। उ०—इतरै में नायक सुजांण कह्यौ—बापजी, महाराज कुंवार हाथी दीसा फुरमावै छै। ताहरां हाथी मंगाय नजर कियो।—पलक दरियाव री वात

२ देखो 'दसा' (रू.भे.) ३ देखो 'दिसा' (रू भे.)

दीसियोड़ौ-भू०का०कृ०—दृष्टिगोचर हुवा हुग्रा, नजर ग्राया हुग्रा। (स्त्री० दीसियोड़ी)

दीसी—देखो 'दिसा' (रू.भे.) उ०—मन-में वडी सूग ग्राई। वो ग्राप-रै भायलै-रै घर दीसी टुरियौ।—वरसगांठ

दीसोटौ, दीसौटौ—देखो 'देसौटौ' (रू.भे.)

दीह-सं०पु० [सं० दिवस, प्रा० दिवह दिग्रस, दिग्रह=दीह] १ सूर्य। उ०—१ दीह गयउ डर डंबरे, नीले नीझरणेहि। काली जाया करहला, बोल्यउ किसे गुणेहि।—ढो.मा.

उ०—२ गुधळियौ तोइ गंगजळ, खांकळियौ तोइ दीह। खरौ विखाती 'खीमरौ', सांकळियौ तोइ सीह।—ग्रज्ञात

२ देखो 'दिवस' (रू.भे.) उ०—१ सयणां, पांखां प्रेम की, तइं ग्रब पहिरी तात। नयण कुरंगउ ज्युं बहइ, लागइ दीह नइं रात।

—ढो.मा.

उ०—२ कहियौ नृप कारिज सिध कीजै। दत वर सूझ पदमणी दीजै। वदै सिद्ध नृप विसवावीसां। पदमण ग्रांणू दीह पचीसां।

—सू.प्र.

उ०—३ जो नह ग्रावै करण जुध, सुण बोलावौ सीह। दाह हुवै नह दहण सूं, दिनकर हुवै न दीह।—बां.दा.

३ देखो 'दीरघ' (रू.भे.) उ०—१ लघु दीरघ दीरघ लघु, पढ़ियां सुघरै छंद। दीह लघु लघू दीह करि, पढ़ि कविराज ग्रनंत।

—र.ज.प्र.

उ०—२ ह्रस्व दीह संणोर चो, नेम नहीं निरनाह। मुर द्वळा सो मंछ कहि, तवं पंखाळो ताह।—र.रू.

उ०—३ दासरथी लिखमण सुत दसरथ, दोऊ सुणौ सिधारै दसरथ। दीह उचाटी कीधे दसरघ, दीधो प्रांण पछाड़ी दसरथ।—र.रू.

४ देखो 'द्रस्टि' (रू.भे.) उ०—दोख निज़ दीह न दीसै रे, रसा ग्रवरां पर रीसै रे। वात निज हाथ बिगाड़ी रे, ग्राई सोइ पांत ग्रगाड़ी रे।—ऊ.का.

दीहड़—देखो 'दिवस' (मह., रू.भे.) उ०—मा दीहड़ मद-मती छत्र चमर छत्ती। मा छत्र चमर छत्ती। जोवत जोति जगती भेळी भगवत्ती।—मे म.

दीहड़उ, दीहड़ो, दीहडउ, दीहडो—देखो 'दिवस' (ग्रल्पा., रू.भे.) उ०—१ ग्राजूणउ घन दीहड़उ, साहिव-कउ मुख दिट्ठ। माथा भार उळथ्यियउ, ग्रांख्यां ग्रमी पयट्ठ।—ढो.मा.

उ०—२ मरदां खाजो खरचजो, मती लगाजो वार। पांचां सातां दीहड़ां, है जिव जावणहार।—ग्रज्ञात

उ०—३ हिळ मिळ सब सूं हालणौ, ग्रहणौ ग्रातम ग्यांन। दुनियां में दस दीहड़ा, माढू तू मिजमांन।—बां.दा.

उ०—४ ए वाड़ी, ए बावड़ी, ए सर-केरी पाळ। वै साजण, वै दीहड़ा, रही संभाळ संभाळ।—ढो.मा.

दीहणौ, दीहबौ—देखो दीसणौ, दीसबौ' (रू.भे.)

दीहपत, दीहपति, दीहपती—देखो 'दिवसपति' (रू.भे.)

उ०—ग्रपछरा थां हूर तन रो ग्रांणियो, दीहपत ग्रेह कर न्याव दीधो। विहड़ खंड हुतौ जोड़ियौ तन, विधाता कमंध जग जीवतां संभ कीधो।—गोरधन गाडण

दीहर—देखो 'दीरघ' (रू.भे.) उ०—नीर निरक्षिय नीरज नीरज हावऊं केमु। टाळइं ए केलीहर दीहर खळ जिम खेमु।

—नेमिनाथ फागु

दीहाउ, दीहाऊ—देखो 'दीरघायु' (रू.भे.) (जैन)

दीहाड़ी-सं०पु० [सं० दिवस] दिन, वासर। उ०—ग्राहेड़ जमरांण डांण मंडै दीहाड़ी। सरकम वंध संधिया, चाप ग्रावरदा चाडी।—ज.खि.

क्रि०वि०—नित्य, प्रति दिन। उ०—होळी खंडाहळां रहै दोळी दीहाड़ी। ग्ररजण लगो ग्रांण जांण खंडी बन वाड़ी।—रा.रू.

रू०भे०—दिहाड़ि, दिहाड़ी, दिहाडि, दिहाडी, दीहाडी।

दीहाड़ौ, दीहाडौ—देखो 'दिवस' (ग्रल्पा., (रू.भे.)

उ०—१ धिन दीहाड़ौ, धिन घड़ी, धिन वेळा, धिन वास। नयणे सयण निहारिया, पूरी मन री ग्रास।—ग्रज्ञात

उ०—२ ग्रारंभियौ सोइ करै बाथ गिरमेर उपाड़ै। ग्रांणै माल ग्रवंब करै धमचक दीहाड़ै।—राव रिणमल री वात

दीहि, दीहु दीहूं, दीहू—देखो 'दिवस' (रू.भे.)

उ०—१ युद्ध सत्रि जिम राउ जि मंत्रइ। एक दीहि भड कोडि निमंत्रइ।—विराट पर्व

उ०—२ कालि चऊदसि दीहु तुम्हे रूडइं जोइजउ, एउ दुरयोधनु सीहु-ग्राइ उपाइं मारिसिए।—पं.पं.च.

उ०—३ दिहाडु दीहू घणा रहइ, राति न व्याही रांड। जिम जिम तेड़ूं नींद्र-नइं, तिम तिम जाई मांड।—मा.कां.प्र.

दीहौ—देखो 'दिवस' (ग्रल्पा., रू.भे.) उ०—१ भौळा प्रांणी रांम भज, तूं तज झौड़ तमांम। दीहा छेल्है देख रे, केसौ हूं ता कांम।—र.ज.प्र.

उ०—२ यरां जैता जंगां ग्रडर, यक-रंगां जग ग्रखै। सको गावौ जीहा ग्रवस, निस-दीहा ग्रज सखै।—र.ज.प्र.

दुंकारव-सं०पु०—दहाड़। उ०—दुंकारव करतो, वाघ महा विकराळ। नहरां अति तीक्षण, जिम करवत दंताळ पुछा, छोट करतो, फदक ल्यै तीजी फाळ, प्रभु नांम प्रसादै, सींह भगै ज्युं स्याळ।—ध.व ग्रं.

दुंग-सं०स्त्री० [देश०] चिनगारी। उ०—१ कै काकोदर चंप तै फण फैल वणाया। सोर किधौं मावात मैं दव दुंग मिळाया।—वं.भा.

उ०—२ सभै 'सवळे'स' 'अजो' रिण संग। उभै किर केहर पाखर अंग। लहै किर दुंग सिळगिय लाय। वडै वळ वेल गये लग वाय।

—रा.रू.

रू०भे०—दूंग।

दुंडदुंडी-सं०स्त्री० (अनु०) ढोल से मिलता जुलता एक प्रकार का वाद्य। उ०—पंचइ पंडव पय पणमंति, अतिथिदांनु ते मुनिवर दिंत। वाजी दुंदुहि अनु दुंडदुंडी, अंबर हूती वाचा पडी।—पं.पं.च.

रू०भे०—दुड़दुड़ी, दुडदडी, दुंडदुडी, दुडवडी।

दुंद-सं०पु० [सं० द्वन्द्व] १ युद्ध (अ.मा.) उ—१ करै रीभ इम कमंध, सूर ऊगतै दळ सव्वळ। अमरचंद उणवार, दुंद कीधौ दखिणी दळ।

—सू.प्र.

उ०—२ मेड़तिया महाराज दळ, किया मुर्दै करतार। दुंद अमंदी सालुळै, त्यां हुंदी तरवार।—रा.रू.

२ उपद्रव, उत्पात, विद्रोह। उ०—१ आगरै गढ़ उणवार, ऊठियो दुंद उदार। घर छत्र वहसै घांम, निज 'नेकसेरह' नांम।—सू.प्र.

उ०—२ दुंद मिटावण कारणै, यां लिखियो 'अवरंग'। जो मांगै सोई दियो, लागै हाथ दुरंग।—रा.रू.

३ कलह. ४ गुप्त वात, भेद की वात, रहस्य. ५ युग्म, जोड़ा.

६ दो आदमियों की लड़ाई. ७ 'और' आदि संयोजक पदों का लोप कर के बनाया जाने वाला एक प्रकार का समास जिसमें मिलने वाले सब पद प्रधान रहते है और वे एक ही क्रिया के लिये प्रयुक्त होते हैं। जैसे रात-दिन कांम करो, हाथ-पांव बांधो, रोटी-दाळ खाओ। इनमें 'और' का लोप हो रहा है—जैसे रात और दिन कांम करो, हाथ और पाँव बांधो, रोटी और दाळ खाओ।

रू०भे०—दंद, दूंद, द्वंद, द्वंद्व, द्वंद्वर, दंघ।

अल्पा०—दंदौ।

८ देखो 'दुंदुभी' (मह., रू.भे.)

दुंदभ, दुंदभि, दुंदभी—देखो 'दुंदुभि' (रू.भे.) उ०—१ डहंत केलि टाळयं, उपंति वंद्रवाळयं। वहंत दुंदभं वयं, जपंत देव जैजयं।

—सू.प्र.

उ०—२ वेदी द्वारि दुंदभ वजि, विमळ पौहप देवै वरखि।

—रांमरासौ

दुंदलौ—देखो 'धूंधाळौ' (रू.भे.) उ०—तिहां वैठा बत्रीसलक्षणा पुरुस दुंदला फुंदला, जाकजमाळा मुंछाळा केई जमाई केई साळा।—व.स.

दुंदव—देखो 'दुंदुभि' (रू.भे.)

दुंदाळ-सं०स्त्री०—१ दुनाळी वंदूक। उ०—नर लीध कर दुंदाळ, काळांन के अंतकाळ। गज कमर भैंगमींघ, धर रूप मुरधर धींग।

—पे.रू.

२ देखो 'धूंधाळौ' (मह., रू.भे.) उ०—गणपति गोरू गज वयण, अेक दंत दुंदाळ। आमनि तु उंदरि भला, युगति जनोई व्याळ।

—मा.कां.प्र.

दुंदाळौ—देखो 'धूंधाळौ' (रू.भे.) उ०—तिहां वइठा बत्रीस लक्षण पुरुस फांदाळा, फुंदाळा, दुंदाळा, भाकझमाळा, मुंहाळा।—वं.स.

दुंदुभ, दुंदुभि, दुंदुभी-सं०स्त्री० [सं० दुंदुभि] १ नगाड़ा, धौंसा। उ०—कुमार प्रिथीराज जीत रा दुंदुभि घुराय खेत सुधाय कन्ह-कन्ह गोइंदराज, प्रसंगराज, पहाड़राज, लंगरीराज प्रमुख घायलां नूं निजांन चढाय गिरिनार मुकांम दीधौ।—वं.भा.

२ एक राक्षस का नाम जिसे वालि ने मारा था।

वि०वि०—वालि ने इस राक्षस को मार कर ऋष्यमूक पर्वत पर फेंका था। इस पर मतंग ऋषि ने शाप दिया था जिसके कारण वालि उस पर्वत के पास नहीं जा सकता था। वालि से वैर हो जाने पर उसके अनुज सुग्रीव ने इसी पर्वत पर निवास किया था।

रू०भे०—दंदभ, दंदव, दंधभ, दुंदभ, दुंदभि, दुंदभी, दुंदव, दुंदुम, दूंदुभि, दुंदुहि, दुंधभी, दुंबुबी, दुधुभि, दुधुभी।

मह०—दुंद।

दुंदुमार-सं०पु० [सं० धुंधुमार] राजा त्रिशंकु का पुत्र।

रू०भे०—दुंधमार।

दुंदुह, दुदुहि-सं०पु० [सं० डुंडुभ] १ पानी का सांप, विना विष का सांप

(डि.को.)

२ देखो 'दुंदुभि' (रू.भे.) उ०—जनममहोछवु सुर करइं, नाचइं अपछरवाळ। दुंदुहि वाजइ गयणयले, घरणिहि ताल कंसाल।

—पं.पं.च.

रू०भे०—दुदुह।

दुंधभी—देखो 'दुंदुभि' (रू.भे.) उ०—स्रोण मंडी पयाळां नवालां ग्रीघ भर्क गांस, दुंधभी दुगालां चालां मुसालां जै दीठ। दुभाळां वलाळां भाळां अचाळां दखणी दळां, रूक भालां जंजाळां गैड़ाळां मातो रीठ।

—पहाड़खां आढ़ौ

दुंधमार—देखो 'दुंदुमार' (रू.भे.)

दुंधु-सं०पु०—मधु दैत्य का एक पुत्र।

दुंधुबी—देखो 'दुंदुभि' (रू.भे.) उ०—महीयल मोख तंगितारगंत्रिका गुरै नही। महांग अंध धुंध कंध दुंधुबी दुरै नही।—ऊ.का.

दुंब-सं०पु० [फा० दुंबः] एक प्रकार का मेंढ़ा या मेष जिसकी पूंछ पर चर्बी की बड़ी चकती सी होती है। मेद पुच्छ।

उ०—उभै दुंब आचरै एक करि कंव कवावे। चंपे चंगुल ग्रीव तजै दुरजीव सितावे।—रा.रू.

रू०भे०—दुंबी।

अल्पा०—दुंबलियौ।

दुंबलियौ—देखो 'दुंब' (अल्पा., रू.भे.)
दुंबायत-सं०पु०—वह भूमिपति जो सरकार में भूमि के उपभोग के उपक्रम में कुछ निश्चित रकम देता हो।
दुंबो—देखो 'दुंब' (रू.भे.)
यौ०—दुंबी-घेटी।
दुंबो-सं०पु० [देश०] १ सामन्तों द्वारा अपने बाहुबल से अधिकार में की हुई भूमि का राज्य सरकार को दिया जाने वाला निश्चित कर. २ लूट के माल में से निश्चित रकम जो लुटेरों द्वारा बादशाह को दी जाती थी। ३ टीवा, भीडा।
दुंहु-वि० [सं० द्वि] दोनों।
दु-सं०पु० [सं० द्यु] १ दिन, दिवस. २ पुत्र (अ.मा.) ३ हाथ. ४ हाथी. ५ सूंड. ६ दुख (एका.)
वि०—१ दरिद्र. २ प्रचंड. ३ प्रधान (एका.) ४ दो।
उ०—२ उपाड़ बंधाड़ समंदर ओड। कवी सम नील जकै दु करोड़।
—ह.र.
उ०—३ वडी मठोठ ते वहै, दु होठ दंत तैं दबै।—ऊ.का.
दुअंगम-वि०—कठिन।
दुअट्ठ—देखो 'दुस्ट' (रू.भे.) उ०—वळट्टं दुअट्टं हठाळं बंगाळं, चकत्था डसा चालिआ काळ चाळं।—वचनिका
दुअसपाह, दुअसपौ—देखो 'दोसापौ' (रू.भे.)
उ०—एक हजार दुअसपाह।—नैणसी
दुआ-सं०स्त्री० [अ०] प्रार्थना, विनती, याचना। उ०—दुआ सो विनती दरगाह प्रभू री मांही अपणै कांम अरथ री चाहना नूं जिण राजा वादसाह नूं कूंची विनती री हाथ आवै। विनती प्रभू सही मांनै।
—नी.प्र.
दुआइती—देखो 'दवायती' (रू.भे.) उ०—थांनै माहरी दुआइती है सो थांरा ससतर भलांई वाहयलौ अनै ओ हूँ एकलौ थांरै सांमनै आय नै खड़ौ हूं।—वी.स.टी.
दुआई—१ देखो 'दवा' (१, २) (रू.भे.) २ देखो 'दुहाई' (रू.भे.)
३ देखो 'दूवारो' (१, २) (रू.भे.)
दुआग—देखो 'दुहाग' (रू.भे.)
दुआगण—देखो 'दुहागण' (रू.भे.)
दुआगोई-सं०स्त्री० [अ०+फा०] प्रार्थना करने की क्रिया, कहने का ढंग।
उ०—भांति दुआगोई री दोय तीन वचन इणां रा उत्तम स्वभावां री वयांन कर लिखूं।—नी.प्र.
दुआती—देखो 'दवायती' (रू.भे.)
दुआदस—देखो 'द्वादस' (रू.भे.)
दुआदसी—देखो 'द्वादसी' (रू.भे.)
दुआदसौ—देखो 'द्वादसौ' (रू.भे.)
दुआपुर—देखो 'द्वापर' (रू.भे.) उ०—देसल सुत चिति रीति दुआपुर दाखणौं। राजस लाज मजाद खत्री ध्रम रक्खणौ।—ल.पि.
दुआर—देखो 'द्वार' (रू.भे.) उ०—वधाई बाजा राज दुआर।
—रांमरासौ
दुआरामती—देखो 'द्वारामती' (रू.भे.) उ०—सम्मति रा किना ए सुहिणौ, आयौ कि हूं अमरावती। जाइ पूछियौ तिण इमि जांणियौ, देव सु आ दुआरामती।—वेलि.
दुआरी—१ देखो 'द्वार' (रू.भे.) उ०—इम विमासी मनह मझारि पुहतां आहड नयर दुआरि। देखी नयर तणु मंडांण ते त्रिन्हिइं रंजिआं सुजांण।—विद्याविलास पवाडउ
२ देखो 'दूवारी' (रू.भे.)
दुआळी-सं०स्त्री० [फ़ा० द्वाल] चमड़े का वह तस्मा जिससे कसेरे सिकलीगर सान और बढ़ई खराद घुमाते हैं।
दुआळौ-सं०पु०—१ लकड़ी का एक बेलन जिसे सुनहरी छपी हुई छींटों के छापों को बैठाने के लिये फेरते हैं. २ देखो 'दोहिलौ' (रू.भे.)
३ देखो 'द्वालौ' (रू.भे.)
दुइंद्रिय—देखो 'द्विइंद्रिय' (रू.भे.) (जैन)
दुइ-वि० [सं० द्वि] दो। उ०—साल्हकुमार विलसइ सदा, कांमिण सुगुण सुगात। माळवणी नूं एक निस, मारवणी दुइ रात।—ढो.मा.
रू०भे०—दुई।
दुइज—देखो 'दूज' (रू.भे.)
दुइण—देखो 'दुरजण' (रू.भे.) उ०—सुरे सांतरस उदभुत रस किआ। दुइणां करुणा रस किआ।—वचनिका
दुई—१ देखो 'द्वैत' (रू.भे.) उ०—दादू दुई दरोग लोग कौ भावै, सांई साच पियारा। कौन पंथ हम चलैं कहौ धू, साधौ करौ विचारा।
—दादू वांणी
२ देखो 'दुइ' (रू.भे.) उ०—विराट विसाळ निपाविय अक्ख, दुई फळ जेण किया सुख दुक्ख।—ह.र.
दुऐ-वि० [सं० द्वि, द्वै] उभय, दोनों। उ०—केहरी तणा जमरांण मचतै कंदळि, दुऐ कर जोड़ियां खड़ी दोहां। पुकारै जवांनी, नेस दिस पधारौ, लाजि आखै, हमैं वाजि लोहां।—लिखमीदास व्यास
दुओ-सं०पु० [सं० द्वि] १ दो का अंक. २ दो की संख्या।
[सं० द्वितीय] ३ वह व्यक्ति जो अपने किसी पूर्वज की तुलना में समान गुणों वाला हो। उ०—१ घणा थटां वदाकर नागपुर घेर रे, सांम ध्रोहां मथै खेर रे सार। दुआ 'वगतेस' थांबी खंबौ देर रे, धरा समसेर रै जोर छत्रधार।—रतनजी बोगसौ
उ०—२ जग अवलंब खंब सतजुग रा, दिवपुर वसतां 'सिव' दुआ। पांच हजार वरस प्रीछत रा, हमैं सपूरण आज हुआ।
— रांमलाल बारहठ
४ देखो 'दूवौ' (रू.भे.) उ०—१ रांणी दुओ दीधौ।—वेलि टी.
उ०—२ वाजा चौसर वाजिया, जस प्रगटै जैकार। दीन्हौ कूरम्मां दुओ, 'अभौ' हुओ असवार।—रा.रू.
वि०—द्वितीय, दूसरा। उ०—सत द्वीप नवै खंड भूम सरै, कुण 'पाल' तणी नर मींड करै। हिक मीड गोगौ चहुंवांण हुवौ, दखजै कुण पावुअ मींड दुओ।—पा.प्र.

रू०भे०—दुवौ, दूग्रौ, दूवौ।

दुकड़्हा—वि०—तुच्छ, नीच, कमीना।

दुकड़ियौ—देखो 'विकड़ियौ' (रू.भे.) उ०—इतरा में खवास ग्रांण ग्ररज कीवी—भुंजाई तयार छै, पाटोता विछाया छै। तद सरदार सारा ऊठिया। ऊठतां कही—फकीर साहिब पधारो!'तो फकीर कही बाबा हमारे तौ इहां ही भेज देवौ। हम तौ ग्रंदर नहीं ग्रावें। तद कही भली बात, विराजिये। ग्राप भीतर गया, जाय पातिया बैठिया। तद सूरेजी कही—ग्रेक वार तौ दुकड़ियौ जाय फकीर साहिब नूं देय ग्रावो।—सूरे खींवे री वारता

दुकड़ौ—सं०पु० [सं० द्वि+कुण्ड+रा०प्र०इयौ] १ तवलों की जोड़ी में एक तवला। २ तवलों से मिलता जुलता एक प्रकार का बाजा जो प्राय: सहनाई के साथ बजाया जाता है। ३ दो दमड़ी, छदाम।
रू०भे०—दुकडौ।

दुकट, दुकट्ट—वि० [सं० दु = खराब,.बुरा+कट = शव] भयंकर, विकट।
उ०—देखे तद 'वीरम' कोप दुकट्ट। हमैं सुण नार न मांडिय हट्ट।
—गो.रू.

दुकडौ—देखो 'दुकड़ौ' (रू.भे.)

दुकणियौ—देखो 'दूखणौ' (ग्रल्पा., रू.भे.)

दुकणी—सं०पु० [सं० द्वि+कण+रा०प्र०ई] एक साथ दो दाने निकालने वाली ज्वार।

दुकर—वि० [सं० दुष्कर] १ कठिन, मुश्किल. २ दुष्ट।
उ०—निज पितु छोडे नीच तुरत छोडे महतारी। निज भ्रम छोडे निलज निळज छोडे निज नारी। भल छोडे निज भ्रात छैल कुळ घर छिटकावै। प्रभु नै छोडे परौ जिकण दिस फेर न जावै। दांम री भांम झेली दुकर भव सारै नै भांडियौ। छिता पर इता गुण छोड दै रांड न छोडे रांडियौ।—ऊ.का.
रू०भे०—दुक्कर।

दुकळ—वि० [सं० द्वि+कलि=युद्ध] १ ग्राततायी, दुष्ट.
२ देखो 'द्विकळ' (रू.भे.)

दुकांतरा—देखो 'दुखांतरा' (रू.भे.)

दुकांन—सं०स्त्री० [फ़ा० दुकान] वह स्थान जहां पर विक्रय के लिये रखी हुई वस्तुग्रों को ग्राहक खरीदने के लिये जाते हों, माल विकने का स्थान।
मुहा०—१ दुकांन उठाणी—कारोबार बन्द करना, दुकान बन्द करना. २ दुकांन खोलणी—देखो 'दुकांन मांडणी'. ३ दुकांन चलणी—दुकान में होने वाले व्यवसाय में वृद्धि होना. ४ दुकांन टोडी करणी—दुकान बन्द करना. ५ दुकांन बंद करणी—देखो 'दुकांन टोडी करणी', देखो 'दुकांन उठाणी'. ६ दुकांन मांडणी—दुकांन लगा कर बिक्री करना, दुकान जारी करना, दुकान खोलना।

दुकांनदार—सं०पु० [फ़ा० दुकानदार] १ दुकान का सौदा वेचने वाला। २ दुकान का मालिक।

दुकांनदारी—सं०पु० [फ़ा० दुकानदारी] दुकान पर माल वेचने का काम. बिक्री बट्टे या दुकान का काम।
क्रि०प्र०—करणी।

दुकाड़णौ, दुकाड़वौ—देखो 'दुखाणौ, दुखावौ' (रू.भे.)

दुकाड़ियोड़ौ—देखो 'दुखायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० दुकाड़ियोड़ी)

दुकाणौ, दुकावौ—क्रि०स० [सं० दुःख] १ जलाना, होमना।
२ देखो 'दुखाणौ, दुखावौ' (रू.भे.)
दुकाणहार, हारौ (हारी), दुकाणियौ—वि०।
दुकायोड़ौ—भू०का०कृ०।
दुकाईजणौ, दुकाईजवौ—कर्म वा०।

दुकायोड़ौ—भू०का०कृ०—१ जलाया हुग्रा, होमा हुग्रा.
२ देखो 'दुखायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० दुकायोड़ी)

दुकार—देखो दुत्कार' (रू.भे.) उ०—सूरज ऊगै साहवांण में, नित घाह घलावै। माल ज हुंदा जोइयां, घर बैठौ खावै। 'दला' ग्रर 'देपाळ' कूं दुकार सुणावै। वीरम न्याव न हल्लही, ग्रनियाव सुहावै।
—वी.मा.

दुकारणौ, दुकारवौ—देखो 'दुत्कारणौ, दुत्कारवौ' (रू.भे.)
दुकारणहार, हारौ (हारी), दुकारणियौ—वि०।
दुकारिग्रोड़ौ, दुकारियोड़ौ, दुकारचोड़ौ—भू०का०कृ०।
दुकारीजणौ, दुकारीजवौ—कर्म वा०।

दुकारियोड़ौ—देखो 'दुत्कारियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० दुकारियोड़ी)

दुकाळ—सं०पु० [सं० दुष्काल] १ दुर्भिक्ष, ग्रकाल।
उ०—धरती मांहे दुकाळ पड़ियौ तरै राठौड़ तेजसिहजी रै खरचौ री भीड़ घणी।—राव मालदे री वात
उ०—२ पूंगळ देस दुकाळ थियं, किणही काळ विसेसि। पिंगळ ऊचाळउ कियउ, नळ नरवर चइ देसि।—ढो.मा.

दुकाळी—वि० [सं० दुष्काली] कठिनता से जीवन व्यतीत करने वाला, दुखी।

दुकावणौ, दुकावबौ—देखो 'दुखाणौ, दुखावौ' (रू.भे.)

दुकावियोड़ौ—देखो 'दुखायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० दुकावियोड़ी)

दुकिस्त— । उ०—लागौ दाव दुकिस्त लगाई, हटचौ खाय हहरांनी। घवरायौ घोरन कौ घेरचौ, पद नटि कै मदपांणी।—ऊ.का.

दुकूळ—सं०पु० [सं० दुकूल] १ रेशमी वस्त्र।
उ०—महा उचूळ मूळ के दुकूळ देह में नहीं। कहां सुगंध कंध बीचि गंध गेह में नहीं।—ऊ.का.

२ वस्त्र। उ०—१ सीस कलंगी सेहरौ, केसर बोळ दुकूळ। कीजै मूंझ चलावणौ, मरियौ नावै मूळ।—वी.स.

उ०—२ दरजी फाड़ दुकूळ नूं, सींवै लिए सुधार। इण विध री रचना अठै, जांणै जांणणहार।—बां.दा.

रू०भे०—दकूळ।

दुकेलौ—देखो 'दुक्कौ' (रू.भे.)

दुक्कड़, दुक्कड—१ देखो 'दुक्रत' (रू.भे.) (जैन)
२ देखो 'दुकड़ौ' (मह. रू.भे.)

दुक्कर, दुक्करु—देखो 'दुकर' (रू.भे.) उ०—१ ते आग्या भंग लगी महापाप हुइ। तेह पाप लगी जिन धरम्म गाढ़उ दुक्कर हुइ।
—षष्टिशतक प्रकरण

उ०—२ माइ भणइ दुक्करु चरणु, तुहु पुणि अइ सुकुमालु। कुमर भणइ दुक्करह विणु, नहु छळियइ कळि काळु।—ऐ.जै.का.सं.

दुक्कार—देखो 'दुत्कार' (रू.भे.)

दुक्काळौ—देखो 'दक्काळौ' (रू.भे.)

दुक्की-सं०स्त्री० [सं० द्विक्] दो बूटियों वाला ताश का पत्ता।
रू०भे०—दुगी, दुग्गी।

दूधाळो—वि० [सं० दूध+आलुच्] १ दूध का सा गाढ़ा।
उ०—इतरा में खवास आंण अरज कीवी—जे कसूंभो तैयार छै। तद सरदार लोगां कही—ले आवौ। सो कळस च्यार भरिया जाजम रै पाखती धरिया। लोटा भला भर कचोळा हाथां में लीया। तद सूरेजी कह्यौ—पहलां फकीर साहिब नूं देवणौ। तौ खवास पाछो धिर आ कही—जे फकीर साहब लेवो। दूधाळो कसूंभो छै, आरोगो।
—सूरे खींवै री वात

२ दूध वाला।

दूधाहारी—देखो 'दूधाधारी' (रू.भे.) (मा.म.)

दूधि—देखो 'दूध' (रू.भे.) उ०—स्यांम गऊ चै दूधि समोवै। धोवै पछै गंगाजळि धोवै।—सू.प्र.

दूधियापत्थर—सं०पु० [सं० दुग्ध+प्रस्तर] एक प्रकार का मुलायम सफेद पत्थर जिसके प्याले आदि बनते है।

दूधियादांत—सं०पु० (बहु व०) [सं० दुग्ध+दन्त] बच्चों के जन्म के उपरांत आने वाले दांत। उ०—खाली साची सू कांम को चलैनी। आज मा-रै दूध री लाज राखणी है। वहै भारी राखसी नरमेध जिग में होमीजतै दूधियैदांतां वाळा टाबरां, युवकां अर अबळावां री रीस्या करणी है।—वरसगांठ

रू०भे०—दूदियादांत।

दूधियो—सं०पु० [सं० दुग्ध+रा०प्र०इयो] १ एक प्रकार का सफेद बढ़िया चिकना और चमकीला पत्थर जिसकी गिनती रत्नों में होती है. २ एक प्रकार का सफेद घटिया मुलायम पत्थर जिसकी प्यालियां आदि बनाई जाती हैं. ३ हल्की सफेदी करने का कार्य. ४ लकड़ी का कोयला. ५ लौकी. ६ एक जंगली फल.
७ देखो 'दूध' (अल्पा., रू.भे.)

वि०—१ जिसके बनाने में दूध की मिलावट हो, दूध का, दूध सम्बन्धी. २ दूध के रंग का, श्वेत।

रू०भे०—दूदियो।

दूधी—सं०स्त्री० [स० दुग्धिका] १ एक प्रकार का क्षुप जो छत्ते के समान भूमि पर छितरा हुआ रहता है और जिसके पत्तों या टहनियों को तोड़ने पर दूध निकलता है।

वि०वि०—यह तीन प्रकार का होता है—एक नोंकदार लाल पत्तों का, एक गोल पत्तों का और एक मूंगों के दानों के समान छोटे-छोटे पत्तों का।

२ एक प्रकार की लता विशेष। उ०—दांमिणि दोभी दूधिग्रां, देवदालि दूधेलि। दारूहळद्र दुरालभा, दह दिसि दीसइ वेलि।
—मा.कां.प्र.

रू०भे०—दुद्धी, दूदी।

अल्पा०—दुदेली, दूधेलि, दूधेली।

दूधीउ—सं०पु० [देश०] एक प्रकार का वृक्ष विशेष।
उ०—दांति दुरालभ दूधीउ, दाडिम द्राख दधूण। देवदार दीसइ भला, दिसि दिसि दीपइ दूण।—मा.कां.प्र.

दूधीगिडोळियो—सं०पु०—१ लौकी (अमरत)
२ छिपकली जैसा शरीर पर धारी वाला मुलायम चमकदार कीड़ा। (शेखावाटी)

दूधेलि, दूधेली—सं०स्त्री०—१ एक प्रकार की लता विशेप।
उ०—दांमिणि दोभी दूधिग्रां, देवदालि दूधेलि। दारूहळद्र दुरालभा, दह दिसि दीसइ वेलि।—मा.कां.प्र.

२ देखो 'दूधी' (अल्पा., रू.भे.)

दूधौ—देखो 'दूध' (मह., रू भे.)
उ०—बाळौ गोदी दूधौ चूंगै, दूध चुंगावत बोली यूं। धोळै पय पर कायरता रो, काळौ दाग म लायै तूं।—लो.गी.

दूनौ—सं०पु० [सं० द्रोण] पत्तों का बना कटोरेनुमा पात्र जिसमें भोज्य पदार्थ रख कर खाये जाते हैं।

रू०भे०—दोनौ, दोनौं, दोनौ।

दून्यां–वि० [सं० द्वि] १ दोनों। उ०—महा निसि कहतां अरध राति के विखै सब कोई सोयै छै। वांका मन परमेस्वर सौं लागा छै। यांका मन रति सौं लागा छै। ये दून्यां जागै छै।—वेलि.टी.

२ देखो 'दुनियां' (रू.भे.)

दूपराणौ, दूपरावौ–क्रि०अ० [देश०] रुदन करना, रोना।

दूपराणहार, हारौ (हारी), दूपराणियौ—वि०।

दूपरायोड़ौ—भू०का०कृ०।

दूपराईजणौ, दूपराईजबौ—भाव वा०।

दूपरायोड़ौ–भू०का०कृ०—रुदन किया हुआ, रोया हुआ।

(स्त्री० दूपरायोड़ी)

दूपरी–सं०स्त्री० [देश०] रुदन, रोना, विलाप। उ०—नै एकण गुढ़ा मांहे एकण रै टावर मुवौ थौ, तिणसूं दूपरी करती थी, नै एकण रै जायौ हुवौ छौ, सो गीत गावती थी।—जगदेव पँवार री वात

दूव—देखो 'दोव' (रू.भे., डि.को.)

उ०—हरियौ हरियौ कांई करौ अे, हरी ए वन में तौ दूव। हरियौ सूरज जी रौ घोड़लौ, हरी वहू रैणां दे री कूख।—लो.गी.

दूवक—देखो 'दवक' (रू.भे.)

दूवड़—देखो 'दोव' (मह., रू.भे.)

दूवड़ी—देखो 'दोव' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—मास दोय रा हुता और डूंगर में आग लागी। वनस्पती, कंदमूळ, घास व फळ फूल सह वळिया, नीली पाली न रही। सूरज कुंड रै आसपास दूवड़ी रही जे चीलहरां नूं चरावै। डाढाळो नैं भूंडण वडा दिन कसालो काढै।—डाढाळा सूर री वात

दूवळउ—देखो 'दुरवळ' (रू.भे.) (उ.र.)

दूवळती—देखो 'दोव' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—थारी तौ घाली गोरी रा साहिवा, धोरां दूवळती हो जासूं म्हारा राज।—लो.गी.

दूवळौ–वि० [सं० दुर्वल] १ भूखा, निर्धन, कंगाल। उ०—अमराव मुजरै नूं आवै, त्यांनै कस्तूरी कपूर री चोळी कर निपट मुंहगै मोल रौ बीड़ौ देय इतर में गरकाव रहै। हमेसां गोठां हुवै। दूबळा लोग जिका आवै धाप धाप जावै।—जलाल बूबना री वात

२ देखो 'दुरवळ' (रू.भे.) (डि.को.)

(स्त्री० दूवळी)

दूवारौ–सं०पु० [सं० द्वि+वार] १ दूसरी वार उलट कर निकाली जाने वाली शराव, तेज शराव. २ दूसरी वार।

रू०भे०—दोवारौ।

दूवी–सं०स्त्री०—दो मुंह का सांप।

दूभ—देखो 'दोव' (रू.भे.)

दूभड़ी—देखो 'दोव' (अल्पा., रू.भे.)

दूभर–वि० [सं० दुर्भर] १ दुख-पूर्ण, आपत्तिजनक।

उ०—'वाला' 'अलाई' वोलिया, परगह सहत प्रचंड। दूभर विरियां सांम छळ, भुज थंभां ग्रहमंड।—रा.रू.

२ जो सहन न किया जा सके, दुःसह्य। उ०—जळथळ थळजळ हुइ रह्यउ, वोलइ मोर किंगार। स्रावण दूभर हे सखी! किहां मुझ प्रांण अधार।—ढो.मा.

३ कष्ट से काटा जाय ऐसा समय, कठिन, मुश्किल।

उ०—पंखी झूलै रै पींजरै, वारै अग विहरै। अव तौ बंदियां घरै, दूभर दिवस भरै।—अज्ञात

४ जिसका पार करना कठिन हो, दुस्तर। उ०—पार नहीं पाइये रे, रांम विना को निरवाहणहार। तुम विन तारण को नहीं, दूभर यह संसार। पैरत थाके केसवा, सूझै वार न पार।—दादू वांणी

सं०स्त्री०—वह मादा ऊंट जिसके गर्भ न हो।

रू०भे०—दुभर, दुम्भर।

दूमणउ—देखो 'दुमनौ' (रू.भे.) उ०—१ ढोला आंमण दूमणउ, नख तो खूंदइ भींति। हम घी कुण छइ आगळी, वसी तुहारइ चीति।

—ढो.मा.

दूमणौ—देखो 'दुमनौ' (रू.भे.) उ०—१ माळवणी मनि दूमणौ, आवी वरग विमासि। रइवारी पूछी करी, आई करहा पासि।—ढो.मा.

उ०—२ थां सो सायव खीण, दूमणौ गिळवा खातौ। उमगै अंवक नीर, निसासां कांम घुळातौ।—मेघ.

उ०—३ रावइ कहइ सुणी! राजकुमारि। दुमनी काई हीयडइ वर नारि।—वी.दे.

दूमणौ, दूमबौ–क्रि०स०—वलिदान किये हुए वकरे के सिर व पैरों को आग में झुलसाना जिससे उसके वाल जल कर दूर हो जांय।

रू०भे०—दुवणौ, दुववौ, दूवणौ, दूववौ।

दूमला–सं०पु०—आठ सगण का छंद विशेष।

दूय—देखो 'दूत' (रू.भे.) उ०—विनय किसिउ, सरव जनांनुकूळ, धरम तणउ मूळ, कल्यांणवल्लीकंद, अम्रित नु निस्यंद, सुगति नउ दूय, उपसमनउ कूय।—व.स.

दूयभावि–सं०पु० [सं० दूत+भावेन] दूत भाव। उ०—दूयभावि दूयभावि गयउ गोवाळु।—पं.पं.च.

दूरंतर—देखो 'दुरंतर' (रू.भे.)

दूरंतरी–क्रि०वि० [सं० दूर+अंतर] दूर ही से। उ०—दूरंतरी आवतउ देखि ब्राह्मण का पगां वंदना कीधी।—वेलि. टी.

दूरंदाज–वि० [सं० दूर+फा० अंदाज] १ दूर से निशाना लगाने वाला. २ दूरदर्शी।

रू०भे०—दूरंदाजी।

दूरंदाजी–सं०स्त्री० [सं० दूर+फा० अंदाज+रा०प्र०ई] १ दूर से निशाना लगाने की क्रिया. २ देखो 'दूरंदाज' (रू.भे.)

दूरंदेस–वि०—देखो 'दूरअंदेस' (रू.भे.)

दूरंदेसी–वि० [सं० दूर+देश+रा०प्र०ई] १ दूर देश का, विदेशी।

२ देखो 'दूर-अंदेसी' (रू.भे.)

दूर–क्रि०वि० [सं०, फा०] देश, काल, परिस्थिति या सम्बन्ध आदि के विचार से बहुत अंतर, बहुत फासले पर, समीप या पास का उलटा।

उ०—१ सूंमपणौ पातक छटौ, अपजस तर आंकूर। कारण इण 'बीकम' 'करण' इण सूं रहिया दूर।—वां.दा.

उ०—२ कांम सूंप कीनौ नहीं, दोस बिनां कोइ दूर। कियौ गुनौ तोइ माफ किय, हा जसवंत हजूर।—ऊ.का.

मुहा०—१ अजै दिल्ली दूर है—अभीष्ट स्थान से दूर होना, किसी कार्य के सम्पन्न होने में समय लगना. २ दूर करणौ—पृथक करना, अलग करना, पास से हटाना; मिटा देना. ३ दूर भागणौ—घृणा या तिरस्कार के कारण पास न रहना, बहुत बचना. ४ दूर रा ढोल सुहावणा लागणा—दूर के ढोल सुहावने लगना, कोई वस्तु दूर से तो अच्छी लगती है पास जाने पर उसकी असलियत खुल जाती है. ५ दूर री कैंणी—बहुत बुद्धिमानी और दूरदर्शिता की बात कहना. ६ दूर री बात—दुर्गम बात, कठिन, दुसाध्य, भविष्य की बात. ७ दूर री सूझणी—बहुत बारीक बात सोचना। भविष्य की बात सोचना. ८ दूर रैंणौ—देखो 'दूर भागणौ'।
९ दूर सूं इज सिलांम करणी—भय के कारण दूर रहना। घृणा या तिरस्कार के कारण दूर रहना. १० दूर होणौ—अलग होना, पृथक होना, हट जाना। मोह एवं ममत्व को छोड देना।

वि०—जो दूर हो, जो फासले पर हो। ज्यूं—दूर गांवां में करसां री दसा ठीक नी है।

दूरअंदेस–वि० [फा० दूर-अन्देश] बहुत दूर तक की बात सोचने वाला, अग्रसोची, दूरदर्शी। उ०—मसलत करणी योग्य छै तो चाहीजै के सलाह हिम्मत धारणी अर परख रा धणी नै दूरअंदेस, बूढ़ा, कांमां रै अंत रा देखणं वाळां सूं पूछै।—नी.प्र.

दूरअंदेसी–सं०स्त्री० [फा० दूरअंदेशी] दूर की बात सोचने का गुण, दूरदर्शिता। उ०—सो इण रा उमरावां मुलाहिजौ अंत कांम रौ कर दूरअदेसी कर कागद आपरै वादसाह रै वैरी नूं लिखियौ।—नी.प्र.

दूर-तेरी–सं०पु० [सं० दूर+तारी] केवट (अ.मा.)

दूर-दरसक–वि० [सं० दूर दर्शक] दूर तक देखने वाला।

दूर-दरसिता, दूर-दरसिताई–सं०स्त्री० [सं० दूरदर्शिता] दूर की सोचने का गुण। दूर-अदेशी।

दूर-दरसी–वि० [सं० दूरदर्शी] जो पहिले ही भला बुरा परिणाम समझ ले, दूर की सोचने वाला। अग्र-सोची।

दूर-द्रस्टी–सं०स्त्री० [सं० दूर-दृष्टि] दूरदर्शिता, भविष्य का विचार।

दूर-पलो–सं०पु० [सं० दूर+रा०पलौ] दूरी का छोर, बहुत दूर तक की सीमा।

दूर-नैंण–सं०पु०यौ० [सं० दूर+नयन] गिद्ध (डि.को.)

दूरबा—देखो 'दोब' (रू.भे.) (डि.को.)।

दूर-बीण, दूर-वीण, दूर-वीणी–सं०स्त्री० [फा० दूरबीन] एक प्रकार का यंत्र विशेष जिससे दूर के पदार्थ समीप स्पष्ट और बड़े दिखाई देते हैं। दूरदर्शक यंत्र। उ०—१ चख रहै दूरवीणी चढी दिस दिस निजरां देण नै।—अरजुणजी वारहठ.

उ०—२ कवर रै साथ रतनां री निजर इण भांत जावै है, भागीरथ लार गंगा-धार होय इसी ओपमा पावै है, वळै कितरीक दूर तांई दूरवीणी लगाई सारां सूं वधती सनेह री सगाई।—र. हमीर

दूर-भावी–वि० [सं०] भविष्य में होने वाला। उ०—बारद्धक मैं विसेस जिवावणहार आपरा प्रारब्ध री गरहणा करि वंवावदा रै वारै ही जोगणि नांम देवी नूं मस्तक चढ़ाइ अभीस्ट लोक पूगौ सो उदंत अठै दूर-भावी जांणीजै।—वं.भा.

दूरस—देखो 'दुरस' (रू.भे.)

उ०—तद सांगैजी कयौ कै नरूके करमचंद दसावत नूं मारियां विना देस जमीं नहीं। तद यां आपरौ साच देय कयौ कै दूरस है, कीजै कूच।—द.दा

दूरा–वि० [सं० अर्द्ध+पूरा=अधूरा] १ कम, थोड़ा। उ०—पण सैं थोड़ै में हारियौ। वीसळदे तो म्हारा रुपिया लाख खर्चै तो दूरा।—नैणसी २ अपूर्ण।

दूरा-पाती–वि० [सं० दूर+रा०प्र०आ; सं० पात्+रा०प्र०ई] दूर से प्रहार करने वाला। दूर से मारने वाला। उ०—राज पुत्र तेहे घोड़े किस्या चडचा ? दूरापाती लघु संधांनी द्रढ़-प्रहारी सब्द-वेधी।—व.स.

दूरि—१ देखो 'दूर' (रू.भे.)

उ०—सांई एहा भीचड़ा, मोलि महुंगै वासि। ज्यां आछन्ना दूरि भौ, दूरी थकां भी पासि।—हा.झा.

२ देखो 'दूरी' (रू.भे.)

उ०—कोई दूरि तांई जाटवांनै भी भजायां।—शि.व.

दूरिट्ठ–वि० [सं० दूर+स्थः] दूर रहने वाला, दूरस्थ। उ०—पुगळि पिंगळ राऊ, नळ राजा नरवरे नयरे। अदिठा दूरिट्ठा ये, सगाई दईय संजोगे।—ढो.मा.

दूरितार-वीर–सं०पु० [सं०] बावन वीरों में से एक वीर का नाम।

दूरि-पार-वीर–सं०पु० [सं०] बावन वीरों में से एक वीर का नाम।

दूरी–सं०स्त्री० [सं० दूर+रा०प्र०ई] दो पदार्थों, स्थानों आदि के मध्य की लंबाई या स्थान, अंतर, फासला।

रू०भे०—दूरि।

दूरंतर–क्रि०वि० [सं० दूर+अंतर] दूर से, फासले पर।

उ०—उरस तणं मग आविया, दळ बाहर दौड़ा। दूरंतर से देखिया, चंचळ चरतोड़ा।—वी.मा.

दूरे-अमित्र–सं०पु० [सं०] उनचास मरुतों में एक मरुत का नाम।

दूरौ—देखो 'दूर' (रू.भे.) उ०—पुरसारथ पूरण प्रेम प्रतिग्या पूरौ। दुर व्यसन दुराग्रह दूसण सूद्रढ़ दूरौ।—ऊ.का.

दूलह, दूलौ—देखो 'दूल्हौ' (रू.भे.) उ०—यौं सिर मौड़ रतन मय ओपै, ऊपरि आतपत्र आरोपै। दूलह सिर सिर राज दुलारी, करै चमर कन्या कौमारी।—रा.रू.

दूलहण, दूलहणी दूल्ही—देखो 'दुलहण' (रू.भे.) उ०—दूल्ही हाडी वाळा ही हती पण सयांणी थी सो धीरज धरि विनय करि कुंवरजी नूं कही।—राजसिंह कूंपावत री वारता

दूल्हौ-सं०पु० [सं० दुर्लभ, प्रा० दुल्लह] (स्त्री० दूल्ही) १ वह युवक जिसका हाल ही में विवाह हुआ हो अथवा होने वाला हो।

उ०—कियउ प्रगट प्रभु रूप कहंतां। वदता जे पहिली वाखांण। आयउ बोल तियां रउ ऊपर। दूल्हउ जिम आयउ दीवांण।
—महादेव पारवती री वेलि

रू०भे०—दुलह, दुलहौ, दुल्हौ, दूलह, दूलौ।

दूवणौ, दूवबौ-क्रि०स० [सं० दोहनम्] १ गाय, भैंस, बकरी आदि का दूध निकालना। उ०—रोवता टाबरियां नै छोड, आई दूवण नै घर बार। घणै री हूंगी गोयर भीड़, सुणीजै मीठी दूधां धार।—सांझ

२ सार निकालना. ३ देखो 'दूमणौ, दूमबौ' (रू.भे.)

दूवणहार, हारौ (हारी), दूवणियौ—वि०।

दूवाड़णौ, दूवाड़बौ, दूवाणौ, दूवाबौ, दूवावणौ, दूवावबौ—प्रे०रू०।

दूविप्रोड़ौ, दूवियोड़ौ, दूच्योड़ौ—भू०का०कृ०।

दूवीजणौ, दूवीजबौ—कर्म वा०।

दुहणौ, दुहबौ, दू'णौ, दू'बौ, दूहणौ, दूहबौ, दो'णौ, दो'बौ, दोवणौ, दोवबौ, दोहणौ, दोहबौ—रू०भे०।

दूवाग्री, दूवायी—१ देखो 'दूवारी' (१, २) (रू.भे.)

२ देखो 'दुहाई' (रू.भे.) उ०—लीनो क्यूं ना रे ग्वाळा बोरां, करणी माता रो नाव। दूवाग्री तो तै कढ़ाधो क्यूं ना रे पाबूजी राठौड़ री।—लो.गी.

३ देखो 'दवा' (१, २) (रू.भे.)

दूवारी-सं०स्त्री० [सं० दुग्ध+रा० प्र० आरी] १ दूध निकालने का काम।

क्रि०प्र०—करणी।

२ दूध निकालने के बदले में दिया जाने वाला धन, दूध निकालने की मजदूरी. ३ दूध निकालने वाली स्त्री।

रू०भे०—दुग्राई, दुग्रारी, दुवाई, दुवायी, दुवारी, दुहाई, दुहारी, दूवाग्री, दूवायी, दोवाई, दोवारी, दोहाई, दोहारी।

दूवियोड़ी—भू०का०कृ०—दूध निकाली हुई।

दूवियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ दूध निकाला हुआ. २ सार निकाला हुआ। (स्त्री० दूवियोड़ी)

दूवौ-सं०पु० [अ० दुग्रा] १ आज्ञा, हुक्म।

उ०—१ हित पत धरम कंद वस हूवौ। दियौ साह पूछण कौ दूवौ। रिध निप ग्रह चो भरम रहायौ। पियौ जहर कर प्रांण परायौ।
—रा.रू.

उ०—२ देवाधिदेव चै लावै दूवै, वाचण लागो ब्राह्मण। विधि पूरवक कहै वीनवियौ, सरण तूझ असरण सरण।—वेलि.

२ प्रारब्ध, भाग्य।

३ देखो 'दुग्रौ' (रू.भे.) ४ देखो 'दूजौ' (रू.भे.)

५ देखो 'दूहौ' (रू.भे.)

रू०भे०—दुवौ, दूग्रौ।

दूव्य—१ देखो 'द्रौपदी' (रू.भे.) उ०—१ कंचण कुंडळ हार दोर, मणि मउड सिंगारी। पंच कुमर पूठहि गयंदि दूव्य बयसारी।
—प्राचीन फागु-संग्रह

उ०—२ धन्न सु कुंतिय मायडिय, जसु इसा कुमारा। धनु धनु दूव्य तउं जि पर, जसु इसा भतारा।—प्राचीन फागु-संग्रह

दूस-सं०पु० [सं० दूष्य] १ कपड़ा, वस्त्र. २ छत्तीस प्रकार के दण्डा-युद्धों में से एक (व.स.)

दूसण-सं०पु० [सं० दूषण] १ दोष, कलंक। उ०—१ दूसण दीधै दुर-जणै, आंपै कवित असल्ल। लूग्र भळक्कै लागतै, आंवै स्वाद अवल्ल।
—ध.व.ग्रं.

उ०—२ कुरांन में कहै है—मुसळमांन री त्रिया विधवा हुआं पछै मन में आवै तो च्यार महीना दसां दिनां पछै अन्य पुरस सूं निका करै, दूसण नहीं।—वां.दा.ख्यात

२ ऐब, अवगुण। उ०—आप में दूसण हुवै सो दूसण और में काढ़ियां वंदो निरदूसण हुवै नहीं।—वां.दा.ख्यात

३ बुराई। उ०—पहिलै वधावै जिणवर देव जुहारचा, सफळौ हो सफळौ जन्म हुवौ सही। वीजै वधावै समकित रतन सु लाधौ, दिल में हो संकादिक दूसण नहीं जो।—ध.व.ग्रं.

४ दोष लगाने की क्रिया या भाव. ५ एक राक्षस का नाम जो रावण का भाई था और पंचवटी में सूर्पणखां की नाक कटने पर राम से युद्ध करता हुआ मारा गया।

रू०भे०—दुखर, दूखर।

६ जैनियों के सामयिक व्रत में ३२ त्याज्य बातों या अवगुणों का नाम जिनमें से १२ कायिक, १० वाचिक और १० मानसिक हैं।

रू०भे०—दुखण, दुसण, दूखण, दोखण, दोसण।

दूसणारि-सं०पु० [सं० दूषणारि] 'दूषण' को मारने वाले श्री रामचंद्र।

दूसमि-सं०पु०—देखो 'दुखम' (रू.भे.)

उ०—पांचमइ दूसमि वरतो आंण, वरिस सहस ते एकवीस जांणि। सात हाथ देह सुकुमाल सय, वरिस माहि पहचइ काल।
—चिहुंगति चउपई

दूसय-सं०पु० [सं० दूष्यम्] डेरा, खेमा, शामियाना, तंबू (डि.को.)

दूसर, दूसरौ-वि० [सं० द्वितीय] (स्त्री० दूसरी) १ जो क्रम में दो के स्थान पर हो, एक के बाद का, द्वितीय।

उ०—दादू देखु दयाळु को, बाहर भीतर सोइ। सब दिसि देखूं पीय को, दूसर नांहीं कोइ।—दादू बांणी

२ पूर्वजों के समान गुणों वाला। उ०—दिखण वाकौ हुवै सुणै दिल्लीस रो, हुवो हरवळ तिकण दीह 'मुकना' हरो। जवन दळ ठेलिया घिनो दिन आज रो, दुरग पधराविया 'मालदे' दूसरो।

३ गैर, अन्य। —तेजसी खिड़ियौ

दूसार—१ देखो 'दुसार' (रू.भे.) २ ...।

उ०—मदनातुर मेरो मरण, दुसतर ग्रखा दूसार। कर ऊंचो कर कहत है, हर हर सरजणहार।—बगसीरांम प्रोहित री वात

दूसारो—देखो 'दुसार' (ग्रल्पा., रू.भे.)

दूसासण—देखो 'दुसासण' (रू.भे.)

दूसित–वि० [सं० दूषित] १ ग्रभिशप्त (डिं.को.)

२ दोषयुक्त, खराब, बुरा।

दूसीविस–सं०पु० [सं० दूषी-विष] विषैले पदार्थ के खाने या सर्पादि के काटने के कारण शरीर में प्रविष्ट होने वाला वह विष जो कई दिनों के बाद विकार पैदा करे (ग्रमरत)

दूहउ—देखो 'दूहो' (रू.भे.) उ०—भाऊ भाट तणी मनि वात, ढोला-तणी वसी मनि घात। मांगणहारउ दूहउ कहियउ, तिणि ढोलइ दूहइ चिति रह्यउ।—ढो.मा.

दूहड़ो—देखो 'दूहो' (ग्रल्पा., रू.भे.) उ०—१ लिख लिख वाचै लोक, कै सीखै चरचै किता। सुणो हरण मन सोक, दातारां जस दूहड़ा।
—बां.दा.

उ०—२ बीस कहिया दूहड़ा, मारू रूप विचार। ऊतर मुहर पसाउ करि, दीनी साल्ह कुमार।—ढो.मा.

दूहणो, दूहबो—१ देखो 'दूमणो दूमबो' (रू.भे.)

उ०—सीरी होसनाक सुधारै छै। दूयजै छै।—रा.सा.सं.

२ देखो 'दूवणो, दूवबो' (रू.भे.) उ०—पीसण खांडण प्रसिध वळै, गो दूहि दिलोवै। जीमण संधि जिमाव लाज सुं जिमै लुकोवै।
—घ.व.ग्रं.

३ देखो 'दुहवणो, दुहवबो' (रू.भे.)

दूहणहार, हारो (हारी) दूहणियो—वि०।

दूहिग्रोड़ो, दूहियोड़ो, दूह्योड़ो—भू०का०कृ०।

दूहीजणो, दूहीजबो—कर्म वा०।

दोवणो, दोवबो—रू०भे०।

दूहवणो, दूहवबो—देखो 'दुहवणो, दुहवबो' (रू.भे.)

उ०—१ नेसालिया ते देखी मूरख मूरख चट्ट कहंति। तिम तिम ते मनि दूहवीइ ग्रंतराय फल हूंति।—विद्याविलास पवाडउ

उ०—२ इंद्र पूछीया तरइ ब्रह्मादिक, मेछ कीयइ रइ हाथ मरइ। देव ग्रनइ महांत दूहवइ, तिण कहर सुरांपति खेद करइ।
—महादेव पारवती री वेलि

दूहवियोड़ो—देखो 'दुहवियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० दूहवियोड़ी)

दूहेलो—१ देखो 'दुहेलो' (रू.भे.)

२ देखो 'दोहिलो' (रू.भे.)

३ देखो 'दोहेलो' (रू.भे.)

दूहो–सं०पु० [सं० दोघक ?] १ राजस्थानी का एक विख्यात छंद जिसके चार चरण होते हैं किन्तु प्राय: दो पंक्तियों में लिखा जाता है। प्रथम ग्रौर तृतीय चरण में १३-१३ मात्राएं तथा द्वितीय व चतुर्थ चरण में ११-११ मात्राएं होती हैं। द्वितीय ग्रौर चतुर्थ चरण का तुकान्त मिलाया जाता है जो लघु होता है।

वि०वि०—यह ग्रपभ्रंश काल का प्रमुख छंद माना जाता है तथा इसको उलटने से सोरठा बन जाता है।

२ देखो 'द्वालो' (रू.भे.) उ०—छोटा वडा सांगोर री, नेम नहीं नहचैण। निमंधे त्रिण दूहा निपट, तवै पंखाळो तेण।—र.ज.प्र.

रू०भे०—दुहो, दूग्रो, दूवो, दूहउ, दोहो।

ग्रल्पा०—दुहड़ो, दुहड़उ, दूहड़ो, दोहलो।

दे–सं०पु० [सं० देव] १ हिंदुग्रों के ग्रन्थ विशेष का नाम, पुराण।

सं०स्त्री० [सं० देवी] २ शिवा, भवानी. ३ एक प्रकार की चिड़िया जिसके शकुन लिए जाते हैं ४ स्त्री (एका.)

ग्रव्य०—१ स्त्री वाची नामों के ग्रगाड़ी लगने वाला शब्द जो सम्मान-सूचक माना जाता है। ज्यूं०—मालण दे, रूपा दे, रांणा दे।

२ वाद पूरक ग्रव्यय शब्द। उ०—दवदंती नै कहणो मेल्हिउ जीवत दांन दीघउ दे।—नळ-दवदंती रास

३ से। उ०—इतरै में कुंवरसी ग्रापरै साथ में जाय भड़ोक दे घोड़ै रै ऊपर सवार हुवो।—कुंवरसी सांखला री वारता

[सं० देव] ४ देखो 'देव' (रू.भे.) उ०—तिणि नयरि जैसिंघ दे—राउ नवउ खणावइ तिहां तळाव।—विद्याविलास पवाडउ

देग्रणो–वि० [सं० दा] देने वाला। उ०—देग्रणो मांन पात्रां वडादांन मेर।—ल.पिं.

देग्रणो, देग्रबो—देखो 'दंणो, दंबो' (रू.भे.)

देग्ररांणी—देखो 'देरांणी' (रू.भे.) उ०—जेठ नीचउ देखइ, वर पुण लडइ देवर नडइ, जेठांणी कुसइ, देग्ररांणी हसइ।—व.स.

देई—१ देखो 'दई' (रू.भे.) उ०—सुरभी कासारां लारै सुख लेगी। देई बिलोई दोई दुख देगी।—ऊ.का.

२ देखो 'देवी' (रू.भे.)

देउ—१ देखो 'देव' (रू.भे.) उ०—नकुल ग्रनइ सहदेवु भडो, जुग्रळइं जाया वेउ। प्रभु चंद्रप्रभु थापीयउ, नासिकि कूंतो देउ।—पं.पं.च.

२ देखो 'देवी' (रू.भे.)

देउर—देखो 'देवर' (रू.भे.) उ०—रमिझिमि रणकइं नेउर, देउर सिउं करइं ग्रालि। नेमिकुमर नवि भीजइ ए, कीजइ ए ते सहू ग्रालि।—प्राचीन फागु संग्रह

देउरांणी, देउरानी—देखो 'देरांणी' (रू.भे.)

देउल, देउलि—१ देखो 'देवळ' (रू.भे.)

उ०—१ देउल देव जोया सवि फिरी, नगर लोक दीठां कुंयरी। गढ़ ऊपरि कुंयरि तिणि काळि, करइ सनांन कुंडि जावळि।—कां.दे.प्र.

उ०—२ सोवन वीटी रयणे जडी, मुझ नाचंतां देउलि पडी। प्रीति-वचन प्रांमी मनमांहि, महुतउ पाछउ वळिउ उछाहि।
—विद्याविलास पवाडउ

देख–सं०स्त्री०—देखने की क्रिया या भाव, ग्रवलोकन।

रू०भे०—देखणी ।
यौ०—देख-रेख, देख-भाळ ।

देखण-सं०स्त्री० [सं० दृश्] आंख, नयन (अ.मा, ह.नां.)

देखणी—देखो 'देख' (रू.भे.)
मुहा०—देखणी में—ध्यान में, नजर में ।

देखणौ-सं०पु० [सं० दृश्] दृष्टि डालने की क्रिया या भाव, अवलोकन ।
उ०—वखतसिंहजी नागौर सूं टीका रा हाथी घोड़ा कपड़े रा थांन लेय घाय नूं मेल्ही सो धाय जोधपुर आई, आय भीतर नूं देखणौ करायो ।—मारवाड़ रा अमरावां री वारता

देखणौ, देखबौ—क्रि०स० [सं० दृश्] १ नेत्रों द्वारा किसी वस्तु के अस्तित्व वा उसके रूप रंग आदि का ज्ञान प्राप्त करना, अवलोकन करना ।
उ०—वात सुणि पाछउ वळइ, जां नवि देखइ गंग । चउवीसं (वासं) रहइ जीमु रहहीणु (अणंगु) ।—पं.पं.च.
मुहा०—१ देखण में—ध्यान में, नजर में. २ देखणौ जैड़ो वरतणौ—देखना जैसा वर्ताव करना, देशकालानुसार काम करना चाहिए. ३ देखणौ सो भूलणौ नहीं—जो देखा जाय उसे भूलना नहीं चाहिए । संसार के दृश्यों को देखना चाहिए और उन्हें देख कर याद रखना चाहिए. ४ देखतां देखतां—आंखों के सामने, तुरंत, उसी समय. ५ देखतौ रै' जाणौ—आश्चर्यान्वित होना.
६ देखांणी – देखते हैं, प्रतीक्षा करते हैं ।
ज्यूं—देखांणी हमैं कांई हुवै ।
७ देखी जाणी—भविष्य में विचार किया जाना. ८ देखैं न भूसैं—जहां परस्पर देखते ही झगड़ा होता हो वहां से दूर रहना चाहिए ।
९ देखो—सावधान हो जाओ, सचेत हो जाओ ।
२ निरीक्षण करना, मुआयना करना. ३ परीक्षा करना, जांच करना. ४ तलाश करना, ढूंढ़ना. ५ किसी वस्तु पर ध्यान रखना, निगरानी रखना. ६ समझना, विचारना, सोचना. ७ पढ़ना, बांचना. ८ आजमाना, अनुभव करना. ९ प्रतीत करना, भोगना. १० शुद्ध करना, संशोधित करना, शोधना ।
ज्यूं—प्रूफ देखणा ।
देखणहार, हारो (हारी), देखणियो—वि० ।
दिखवाड़णौ, दिखवाड़बौ, दिखवाणौ, दिखवाबौ, दिखवावणौ, दिखवावबौ, देठाड़णौ, देठाड़बौ, देठाणौ, देठावौ, देठाळणौ, देठाळबौ ।
—प्रे०रू०.
देखिओड़ो, देखियोड़ो, देख्योड़ो—भू०का०कृ० ।
देखीजणौ, देखीजबौ—कर्म वा० ।
दीखणौ, दीखबौ—अक०रू० ।
द्रस्टणौ, द्रस्टबौ—रू०भे० ।

देखभाळ-सं०स्त्री०—१ निगरानी, जांच-पड़ताल ।
क्रि०प्र०—राखणी ।
२ साक्षात्कार, दर्शन ।
क्रि०प्र०—करणी ।
रू०भे०—देखाभाळी ।

देखरेख-सं०स्त्री०—निगरानी, निरीक्षण, देखभाल ।
क्रि०प्र०—करणी ।

देखाई-सं०स्त्री०—१ दिखाने की क्रिया या भाव. २ दिखलाने के बदले में दिया जाने वाला धन, दिखलाने की मजदूरी ।
रू०भे०—दिखलाई, दिखाई ।

देखाऊ-सं०पु०—१ घोड़ों की जाति या इस जाति का घोड़ा (शा.दे.प्र.)
देखो 'दिखाऊ' (रू.भे.)

देखाओ—देखो 'दिखावो' (रू.भे.)

देखाड़णौ, देखाड़बौ—देखो 'देखाणौ, देखाबौ' (रू.भे.)
उ०—राजकुमारी मांगा नहि, नहि तुमस्यूं दिल खोटो रे । नाक नमणि हम सुं करी, देखाड़ो चित्रकोटो रे ।—प.च.च.
देखाड़णहार, हारो (हारी), देखाडणियो—वि० ।
देखाड़िओड़ो, देखाड़ियोड़ो, देखाड़्योड़ो—भू०का०कृ० ।
देखाड़ीजणौ, देखाड़ीजबौ—कर्म वा० ।
दीखणौ, दीखबौ—अक०रू० ।

देखाड़ियोड़ो—देखो 'देखायोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० देखाड़ियोड़ी)

देखाणौ, देखाबौ—क्रि०स० [सं० दृश्] १ अवलोकन कराना, दिखाना.
२ निरीक्षण कराना, मुआयना कराना, ३ परीक्षा कराना, जांच कराना. ४ तलाश कराना, ढूंढ़ाना. ५ किसी वस्तु पर ध्यान रखाना, निगरानी कराना. ६ समझाना, सोचाना. ७ पढ़ाना. ८ आजमाइश कराना. ९ प्रतीत कराना, भोगाना. १० शुद्ध कराना, संशोधित कराना ।
देखाणहार, हारो (हारी), देखाणियो —वि० ।
देखायोड़ो—भू०का०कृ० ।
देखाईजणौ, देखाईजबौ—कर्म वा० ।
दीखणौ, दीखबौ—अक०रू० ।
दिखलाड़णौ, दिखलाड़बौ, दिखलाणौ, दिखलाबौ, दिखलावणौ, दिखलावबौ, दिखाड़णौ, दिखाड़बौ, दिखाणौ, दिखाबौ, दिखाळणौ, दिखाळबौ, दिखावणौ, दिखावबौ, देखाड़णौ, देखाड़बौ, देखाणौ, देखाबौ, देखावणौ, देखावबौ, द्रस्टाड़णौ, द्रस्टाड़बौ, द्रस्टाणौ, द्रस्टावौ, द्रस्टावणौ, द्रस्टावबौ ।—रू०भे०

देखादेख, देखादेखी-सं०स्त्री० [सं० दृश्] अनुकरण करने की क्रिया या भाव । उ०—देखादेखी सब चलै, पार न पहुंच्या जाइ । दादू आसन पहल के, फिर फिर बैठे आइ ।—दादू बांणी
क्रि०प्र०—करणी ।

देखाभाळी—देखो 'देखभाळ' (रू.भे.)

देखायोड़ो-भू०का०कृ०—१ अवलोकन कराया हुआ, दिखाया हुआ.
२ निरीक्षण कराया हुआ, मुआयना कराया हुआ. ३ परीक्षा कराया हुआ, जांच कराया हुआ. ४ तलाश कराया हुआ, ढूंढ़ाया हुआ.
५ किसी वस्तु पर ध्यान रखाया हुआ, निगरानी कराया हुआ.

६ समझाया हुआ, सोचाया हुआ. ७ पढ़ाया हुआ. ८ आजमाइश कराया हुआ. ९ प्रतीत कराया हुआ, भोगाया हुआ. १० शुद्ध कराया हुआ. संशोधित कराया हुआ।

(स्त्री० देखायोड़ी)

देखाळणौ, देखाळबौ—देखो 'देखाणौ, देखाबौ' (रू.भे.)

उ०—आकासि वैस्वानर प्रज्वाळइ, पाताळकन्या प्रत्यक्ष देखाळइ। —व स.

देखाळणहार, हारौ (हारी), देखाळणियौ—वि०।

देखाळिओड़ौ, देखाळियोड़ौ, देखाळचोड़ौ—भू०का०कृ०।

देखाळीजणौ, देखाळीजबौ—कर्म वा०।

दीखणौ, दीखबौ—अक०रू०।

देखाळियोड़ौ—देखो 'देखायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० देखाळियोडी)

देखाव—देखो 'दिखाव' (रू.भे.)

देखावट—देखो 'दिखावट' (रू.भे.)

देखावटी—देखो 'दिखावटी' (रू.भे.)

देखावणौ, देखावव—देखो 'देखाणौ, देखाबौ' (रू.भे.)

उ०—जंवाई प्यारा ! म्हांनै चितारता रहीजो। चितारता रहीजो नै भूल मत जाईजो। मनोहर थांरी मूरत देखावता रहीजो।—गी.रां.

देखावणहार, हारौ (हारी), देखावणियौ—वि०।

देखाविओड़ौ, देखावियोड़ौ, देखाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

देखावीजणौ, देखावीजबौ—कर्म वा०।

दीखणौ, दीखबौ—अक०रू०।

देखावियोड़ौ—देखो 'देखायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० देखावियोड़ी)

देखावौ, देखाहौ—देखो 'दिखावौ' (रू.भे.)

देखियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ अवलोकन किया हुआ, देखा हुआ. २ निरीक्षण किया हुआ, मुआयना किया हुआ. ३ परीक्षा किया हुआ, जांच किया हुआ. ४ तलाश किया हुआ, ढूंढ़ा हुआ. ५ किसी वस्तु पर ध्यान रखा हुआ, निगरानी रखा हुआ. ६ समझा हुआ, विचारा हुआ, सोचा हुआ. ७ पढ़ा हुआ, बांचा हुआ. ८ आजमाया हुआ. ९ प्रतीत किया हुआ, भोगा हुआ. १० शुद्ध किया हुआ, संशोधित किया हुआ, शोधा हुआ।

(स्त्री० देखियोड़ी)

देग—सं०स्त्री०—देखो 'देगचौ' (मह., रू.भे.) उ०—चढ़ी देग सुर राय नैं, त्यार हुई सिधताव। पेखण राव पधारियौ, कहै भाद्रवै कड़ाव। —पा.प्र.

मुहा०—देगतेग—दातार, शूरवीर।

देगड़—१ देखो 'देगचौ' (मह., रू.भे.)

२ देखो 'देगड़ौ' (मह., रू.भे.)

देगड़ियौ—देखो 'देगचौ' (अल्पा., रू.भे.)

२ देखो 'देगड़ौ' (अल्पा., रू.भे.)

देगड़ी—सं०स्त्री०—१ देखो 'देगड़ौ' (अल्पा., रू.भे.)

२ देखो 'देगचौ' (अल्पा., रू.भे.)

देगड़ौ—सं०पु० [फा० देग+रा०प्र०ड़ौ] १ पानी रखने का पात्र जो प्रायः पीतल का बना हुआ होता है।

२ देखो 'देगचौ' (रू.भे.)

रू०भे०—डेगड़ौ।

अल्पा०—डेगड़ियौ, डेगड़ी, देगड़ियौ, देगड़ी।

मह०—डेगड़, देगड़।

देगच—देखो 'देगचौ' (मह., रू.भे.)

देगचियौ—देखो 'देगचौ' (अल्पा., रू.भे.)

देगची—सं०स्त्री०—देखो 'देगचौ' (अल्पा., रू.भे.)

देगचौ—सं०पु० [फा० देगचः+रा०प्र०औ] चौड़े मुंह और चौड़े पेट का बड़ा बरतन जिसमें खाद्य सामग्री पकाई जाती है।

उ०—१ मांस रंधांणा देगचां बेसवार अपारा। सूळा त्यार किया सही जाजै घ्रित झारा।—पा.प्र.

उ०—२ गोळ में कहाई कै तो पळ रा देगचा उठाइ म्हांरा आदेस रै आधीन हुवौ, मीसण वडै वेग अठै आवै।—वं.भा.

रू०भे०—डेगचौ, देगड़ौ, देवचौ।

अल्पा०—डेगचियौ, डेगची, देगड़ी देगचियौ, देगची।

मह०—डेग, डेगड़, देग, देगड़, धूंग।

देगवट—सं०पु०—आतिथ्य सत्कार। उ०—जिसड़ौ हुतौ देगवट जाहर, तेग वगां भ्रत कियौ तिसौ। भांजे खळां लूण छळ भिड़ियौ, सोधै खेत उजेणी जिसौ।—उम्मेदसिंह सीसोदिया रौ गीत

देगहत—वि०—दातार।

देज—सं०पु०—१ देना क्रिया। २ देखो 'दहेज' (रू.भे.)

यौ०—देज-लेज।

देठाळउ, देठाळौ—सं०पु० [सं० दृश्] दृष्टिगोचर होने का भाव, दिखाई देना। उ०—१ चाहंतां जादम रिण चाळौ। दुयणां तणौ हुयौ देठाळौ। असुर सरोख डाखिया आया। आगैं जादम राड़ अधाया। —रा.रू.

उ०—२ अळगी ही नैड़ी की ऊखूवतै, देठाळौ हुऔ दळां दुंह। वागां ढेरवियां वाहरुए, मारकुए फेरिया मुंह।—वेलि.

रू०भे०—दिठाळौ, दिस्टाळ, दिस्टाळौ।

देतर—देखो 'दैत्य' (मह., रू.भे.)

देतांदुयण—सं०पु० [सं० दैत्य+दुर्जन=शत्रु] ईश्वर (नां.मा.)

देदीप्यमांन—वि० [सं०] अत्यंत प्रकाश युक्त, चमकता हुआ।

देधड़ा—सं०स्त्री०—ढोलियों की एक शाखा।

देधड़ौ—सं०पु०—ढोलियों की 'देधड़ा' शाखा का व्यक्ति।

देवी—देखो 'देवी' (रू.भे.)

उ०—होज्यो देवी जीमणी, वूड मल्हाळौ वा सीय-माल। चाल्यौ राजा जाई भोवाळ।—वी.दे.

देयणहार-वि०—देने वाला ।

देर-सं०स्त्री० [फा०] १ नियमित, उचित या आवश्यक से अधिक समय, विलंब, अतिकाल ।

क्रि०प्र०—करणी, लगाणी, होणी ।

२ समय, वक्त । ज्यूं—उठै थे किती देर लगावौ ?

ज्यूं—थे उठै घणी देर करदी ।

रू०भे०—देरी ।

देरांणी-सं०स्त्री० [सं० देवर:+राज्ञी] पति के छोटे भाई (देवर) की पत्नी । उ०—अजांचक सत्रु चढ़ आया तठै देरांणी जेठांणी री वीरता देरांणी कहै है—हे बाभीसा ! अचांनक सत्रु आज हलो कर आया, आदमी घरै नहीं ।—वी.स.टी.

रू०भे०—देअरांणी, देउरांणी, देउरांनी, देवरांणी, दोरांणी, द्योरांणी ।

देराड़णौ, देराड़बौ—देखो 'दिराणौ, दिराबौ' (रू.भे.)

देराड़णहार, हारौ (हारी), देराड़णियौ—वि० ।

देराड़िओड़ौ, देराड़ियोड़ौ, देराड़्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

देराड़ीजणौ, देराड़ीजबौ—कर्म वा० ।

देराड़ियोड़ौ—देखो 'दिरायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० देराड़ियोड़ी)

देराड़ी-सं०स्त्री०—मुंडन संस्कार कर यज्ञोपवीत पहना कर बच्चे को उसके ननिहाल ले जाकर देव-पूजन और नये वस्त्र पहिनाने की एक रस्म विशेष (पुष्करणा ब्राह्मण)

देराणौ, देराबौ—देखो 'दिराणौ, दिराबौ' (रू.भे.)

उ०—तद इयै रांणी राजा नूं भखाय नै कुंवर नुं देसोटौ देरायौ ।
—चौबोली

देराणहार, हारौ (हारी), देराणियौ—वि० ।

देरायोड़ौ—भू०का०कृ० ।

देराईजणौ, देराईजबौ, देरीजणौ, देरीजबौ—कर्म वा० ।

देरायोड़ौ—देखो 'दिरायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० देरायोड़ी)

देराळी-सं०स्त्री०—यह समापवर्तन संस्कार का विगड़ा स्वरूप है। पहले यज्ञोपवीत के बाद बालक गुरु-आश्रम पर विद्याध्ययन समाप्त करने पर जब घर लौट आता तथा विवाह से पूर्व यह संस्कार किया जाता था । आजकल बालक को ननिहाल ले जाकर उसे वहां ब्रह्मचारी का वेष त्याग करवा नये वस्त्र आदि पहना कर वापस लाते हैं । ननिहाल जाएं उस अवसर पर 'माहेरा' भी दिया करते हैं । आजकल यह प्रथा कम हो रही है ।

देरावणौ, देरावबौ—देखो 'दिराणौ, दिराबौ' (रू.भे.)

देराणहार, हारौ (हारी), देराणियौ—वि० ।

देराविओड़ौ, देरावियोड़ौ, देराव्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

देरावीजणौ, देरावीजबौ—कर्म वा० ।

देरावरिया-सं०स्त्री०—भाटी वंश की एक शाखा (बां.दा.ख्यात)

देरावरियौ-सं०पु०—भाटी वंश की 'देरावरिया' शाखा का व्यक्ति ।

देरावियोड़ौ—देखो 'दिरायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० देरावियोड़ी)

देरी—देखो 'देर' (रू.भे.) उ०—१ दीन लोक ठहरया कछु देरी, पर हित घणी आणंद री घेरी । फिरगी रतनागर चहुं फेरी, विखरी वासा मीठी बेरी ।—ऊ.का.

देरूतरी-सं०स्त्री० [सं० देवर:+पुत्री] पति के छोटे भाई (देवर) की पुत्री ।

रू०भे०—देरूती, देरूत्री ।

देरूतरौ-सं०पु० [सं० देवर:+पुत्र] (स्त्री० देरूतरी) पति के छोटे भाई (देवर) का पुत्र ।

रू०भे०—देरूतौ, देरुत्रौ ।

देरूती—देखो 'देरूतरी' (रू.भे.)

देरूतौ—देखो 'देरूतरौ' (रू.भे.)

देरूत्री—देखो 'देरूतरी' (रू.भे.)

देरुत्रौ—देखो 'देरूतरौ' (रू.भे.)

देळ-सं०पु०—राठौड़ों की तेरह शाखाओं में से एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति ।

देळी-सं०स्त्री० [सं० देहली] १ मकान के दरवाजे के दोनों ओर लगी हुई काठ या पत्थर की पट्टी जिनके सहारे किवाड़ खड़े रहते हैं (शेखावाटी) ।

२ देखो 'देहली' (रू.भे.)

देवंगण—देखो 'देवांगना' (रू.भे.)

देवंता—देखो 'देवता' (रू.भे.)

उ०—कमळा ऊपर कड़छिया, कुर पंडव केता । सेघ वधै जुग च्यार लौं, दांणव देवंता ।—द.दा.

देव-सं०पु० [सं०] १ वह अमर प्राणी जो स्वर्ग में रहता या क्रीडा करता है, दिव्य शरीर-धारी, देवता, सुर (अ.मा., नां.मा., डि.को.)

मुहा०—१ देव जिसा पुजारी—एक जैसे गुणों वाले व्यक्तियों का सम्मेलन. २ देवां पै'ली नकटां री पूजा—योग्य से पहले अयोग्य की पूछ ।

२ तेजोमय व्यक्ति. ३ पूज्य व्यक्ति. ४ राजा के लिए आदर सूचक शब्द या सम्बोधन. ५ बड़ों के लिए आदर सूचक शब्द या सम्बोधन. ६ ब्राह्मणों की एक उपाधि. ७ देवर. ८ पारा. ९ देवदार. १० ज्ञानेंद्रिय. ११ वह यज्ञ करने वाला जिसका यज्ञ में वरण किया जाय, ऋत्विज्. १२ सूर्य, भानु (क.कु.बो.)

१३ [सं० महादेव] महेश रुद्र । उ०—रज रज हुवौ 'जगौ' भरियां रज, भळता मुकत जांणियौ भेव । सहंसा दस वाळा घू सारू, दस सत करग वाधिया देव ।—महादांन महड़ू

१४ घोड़ा (डि.को.) १५ तेतीस की संख्या*. १६ कोचरी.

उ०—घरां हूं चालियो जांन मेले घणी, जीमणी देव नै सांमही जोगणी ।—रुखमणी हरण

१७ देखो 'दैव' (रू.भे.) ज्यूं—दुरबळ नै देव भी सतावै ।

१८ देखो 'देवी' (रू.भे.)

उ०—डाकण भूत कुवै पग दिगतां, कड़की बीज आकासां। करतां याद मेहा सुत करणी, देव उबेळो दासां ।—कविराजा बांकीदास

[फा०] १९ असुर, दैत्य, राक्षस. २० पारसियों द्वारा हिन्दुओं के लिए रखा गया नाम जिसका अर्थ उनकी भाषा में असुर होता है ।

रू०भे०—दे, देउ ।

अल्पा०—देवकियो, देवडो ।

देवग्रंसी–वि० [सं० देव+अंशिन्] १ जो किसी देवता का अवतार हो.
२ जो किसी देवता के अंश से उत्पन्न हो ।
३ देखो 'देवासी' (रू.भे.)

देवउकस–सं०पु० [सं० देवौकस] देवता, सुर (ह.नां.)

देवउठणी, देवऊठणी–सं०स्त्री० [सं० देवोत्थानी] कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी ।

वि०वि०—इस दिन विष्णु भगवान सो कर उठते हैं अतः इसका माहात्म्य बहुत माना जाता है ।

रू०भे०—देवठणी ।

देवक–सं०पु० [सं०] १ एक यदुवंशी राजा जो श्रीकृष्ण के नाना थे.
२ देवता, सुर ।

देवकरम–सं०पु० [सं० देवकर्म] देवताओं को प्रसन्न करने के लिये किया हुआ कर्म ।

देवकाळो–सं०पु० [सं० देव+काल:] एक देव, भैरव ।

देवकियो—देखो 'देव' (अल्पा., रू.भे.)

देवकिरी–सं०स्त्री० [सं०] एक रागिनी जो मेघराग की भार्या मानी जाती है ।

देवकी–सं०स्त्री० [सं०] वसुदेव की स्त्री और श्रीकृष्ण की माता ।

देवकी-नंदण, देवकी-नंदन–सं०पु०यौ० [सं० देवकी नंदन] १ श्रीकृष्ण.
२ ईश्वर (नां.मा.)

देवकी-पुत्र–सं०पु०यौ० [सं०] श्रीकृष्ण ।

देवकुंड–सं०पु० [सं०] १ वह जलाशय जो किसी देवता के निकट या नाम पर होने के कारण पवित्र माना जाता है.
२ प्राकृतिक जलाशय ।

देवकुरु–सं०पु० [सं०] जंबूद्वीप के ६ खंडों में से एक खंड (जैन)

देवकुल्या–सं०स्त्री० [सं०] १ मरीचि और पूर्णिमा की एक कन्या.
२ गंगानदी ।

देवकूट–सं०पु० [सं०] १ कुबेर के आठ पुत्रों में से एक.
२ एक पवित्र आश्रम (महाभारत)

देवकृच्छ्र–सं०पु० [सं० देवकृच्छ्र] एक विशेष प्रकार का व्रत जिसमे तीन तीन दिन तक क्रमशः लपसी, शाक, दूध, दही, घी खाते थे और उसके बाद तीन दिन तक वायु पर ही रहते थे ।

देवगंगा–सं०स्त्री० [सं०] १ एक छोटी नदी का नाम.
२ सुरसरी, गंगा (डि.को.)

देवगण–सं०पु० [सं०] १ नक्षत्रों का एक समूह जिसके अंतर्गत अश्विनी, रेवती, पुष्य, स्वाती, हस्त, पुनर्वसु, अनुराधा, मृगशिरा, और श्रवण हैं. २ किसी देवता का अनुचर. ३ देवताओं का वर्ग ।

देवगण-वंद–सं०पु०यौ० [सं० देवगणवंद्य] विष्णु (डि.नां मा.)

देवगत, देवगति–सं०स्त्री० [सं० देवगति] १ भाग्य की गति, प्रारब्ध.

उ०—विद्या भलपण समंद जळ, ऊंच तणो आकास। उत्तर पंथ'र देवगत, पार नहीं प्रथुदास ।—प्रथ्वीराज राठौड़

२ मरने पर देवयोनि की प्राप्ति, उत्तम गति या स्वर्गलाभ ।

उ०—१ यूं करतां रावजी सीहोजी देवगत हुवा ।—नैणसी

उ०—२ ताहरां पदमसी लोभाये थकै जाइनै त्रिभुवणसी नूं पाटां माहै सोमल नीव माहै भेळियो । पाटै मांहै विस हुवो । त्रिभुवणसी देवगत हुवो ।—नैणसी

रू०भे०—दइवंतगति, दईगत, दईवगत, दैवगत, दैवगति ।

देवगर—देखो 'देवगिरि' (रू.भे.) उ०—पतंग ऊगतो रहै थाकै विहंग राज पंथ, जाय गंग मुह खाय निहंग भोलो । सेस धर तजै पंथ भंजै वांगां समर, देवगर डगं तौ चगं 'दौलो' ।—नाथजी बारहठ

देवगरणो–सं०पु० [सं० देव करण:] राज्याधिकारी विशेष ?

उ०—सेनापति मंत्रि महामंत्रि रांणा स्रीगरणा वयगरणा रायगरणा धरमाधिगरणा देवगरणा नायक दंडनायक ।—व.स.

देवगरभ–सं०पु० [सं० देवगर्भ] वह मनुष्य जो देवता के गर्भ से उत्पन्न हो ।

देवगरौ–सं०पु०—जाति विशेष का घोडा (कां.दे.प्र.)

देवगांधार–सं०पु० [सं०] संपूर्ण जाति का एक राग जो भैरव राग का पुत्र माना जाता है ।

देवगांधारी–सं०स्त्री० [सं०] शिशिर ऋतु में तीसरे पहर से आधी रात गाई जाने वाली एक रागिनी जो श्रीराग की भार्य्या मानी जाती है ।

देवगायक–सं०पु० [सं०] गंधर्व ।

देवगायन–सं०पु० [सं०] गंधर्व ।

देवगिर–सं०पु०—१ एक स्थान विशेष ।
२ देखो 'देवगिरि' (रू.भे.)

उ०—लीधो दळ परमार दळ, आबू भोळै राव । गाजै जादव देवगिर, लीधो करन सुजाव ।—बां.दा.

देवगिरा–सं०स्त्री० [सं०] देववाणी ।

देवगिरि, देवगिरी–सं०पु० [सं०देवगिरि] १ सुमेरु पर्वत.
२ गुजरात का रैवत पर्वत, गिरनार. ३ देवगिरि नामक पर्वत से निकलने वाला एक विशेष प्रकार का पत्थर जिसके प्याले आदि बनते हैं. ४ दक्षिण का एक प्राचीन नगर जो बहुत समय तक यादव राजाओं की राजधानी रहा था । बादशाह मुहम्मद तुगलक को जब अपनी राजधानी दिल्ली से देवगिरि ले जाने की सनक जँची तब

उसने इसका नाम दौलताबाद रखा । आज भी यह नगर इसी नाम से पुकारा जाता है ।

सं०स्त्री०—५ सपूर्ण जाति की एक रागिनी विशेष जो हेमंत ऋतु में दिन के चौथे प्रहर से लेकर आधी रात तक गाई जाती है । इसमें सब शुद्ध स्वर लगते है । किसी के मत से यह रागिनी संकर है और शुद्ध पूर्वी और सारंग के मेल से और किसी के मत से सरस्वती, मालश्री और गांधारी के मेल से बनी है । विभिन्न मतान्तरों से यह वसंत, नागध्वनि, नटकल्याण और हनुमत की भार्य्या मानी जाती है.

६ घोड़े की एक जाति विशेष

रू०भे०—देवगर, देवगिर, देवागिर ।

देवगिरौ-सं०पु०—जाति विशेष का घोड़ा (कां.दे.प्र.)

देवगुरु-सं०पु० [सं०] १ देवताओं के गुरु बृहस्पति. २ देवताओं के पिता, कश्यप ।

देवगुही-सं०स्त्री० [सं०] सरस्वती ।

देवग्रह-सं०पु०[सं० देवगृह] देवताओं का घर, देवालय ।

देवड़ा-सं०स्त्री०—चौहान क्षत्रियों की एक शाखा (बां.दा.ख्यात)

देवड़ौ-सं०पु० (स्त्री० देवड़ी) १ चौहान क्षत्रियों की 'देवड़ा' शाखा का व्यक्ति ।

२ देखो 'देव' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—मारवाड़ मालांणी मगरै, खाखो चोखो मेवड़ौ । सूको सस्तौ देवै सदा, मुरधर खेजड देवड़ौ ।—दसदेव

देवचाली-सं०पु० [सं०] इन्द्रजाल के छः भेदों में से एक (संगीत)

देवचिकित्सक-सं०पु० [सं०] १ अश्विनीकुमार.

२ दो की संख्या* (डि.को.)

देवचौ-सं०पु०—१ प्रतिज्ञा । उ०—तरै रावळ कह्यौ—किसो वात दिसा थे देवचौ करावौ छौ ।—नैणसी

२ देखो 'देगचौ' (रू.भे.)

देवज-वि० [सं०] देवताओं से उत्पन्न ।

देवजस-सं०पु० [सं० देवयश] भक्ति रस के भजन, स्तुति ।

देवजसा—देखो 'देवयसा' (रू.भे.)

उ०—देवजसा जगि चिर जयउ तीर्थंकर, देव पुस्कर द्वीप मझार रे । भव्य जीव प्रतिबोधता, क्रमि क्रमि करइ विहार रे ।—स.कु.

देवजी-सं०पु० [देश०] देवजी बाघजी बगड़ावत के पौत्र और रावत भोज के पुत्र थे । रावत भोज भिनाय (अजमेर के समीप) के स्वामी राव बाघसिंह पड़ियार (प्रतिहार) द्वारा मारा गया था । रावत भोज के दो रानियां थीं—पहली के 'भूणा' नामक दो वर्ष का बालक था और दूसरी रानी का नाम 'सेढ़ां' था जो रावत भोज की मृत्यु के समय गर्भवती थी । इसी से देवजी का जन्म गांव आसींद (मेवाड़) में हुआ । मुंशी देवीप्रसाद कृत मारवाड़ मर्दुमशुमारी रिपोर्ट के अनुसार देवजी का जन्म संवत् १३०० के लगभग माना गया है । बड़े होकर देवजी ने बड़ी बहादुरी से पिता का बदला लिया और कई सिद्धियां दिखाई । गूजर जाति देवजी को अपना इष्टदेव मानती है और उनकी पूजा करती है । गूजर लोग देवजी की शपथ को बड़ी पक्की मानते हैं । देवजी के पुजारी (भोपे) भी गूजर ही होते हैं जो अविवाहित रहते हैं । देवजी की जन्म-तिथि माघ सुदि ६ मानी जाती है जो गूजरों का एक त्यौंहार है । देवजी के साथ उनकी माता 'सेढ़ां' और भाई 'भूणाजी' की भी पूजा होती है ।

मेवाड़ के महाराणा सांगा ने चित्तौड़गढ़ पर देवजी का देवरा (मंदिर) बनवा कर उनके प्रति आदर भाव दर्शाया । गूजरों का कहना है कि महाराणा सांगा देवजी के नाम का 'फूल' पहनते थे ।

देवजीभि-सं०पु०—एक प्रकार के चावल । उ०—तठा उपरायंत सीरो-पुड़ी वर्णा छै । सोहितं सारू देवजीभि जोयजै छै ।—रा.सा.सं.

देवजी-रोटौ-सं०पु०यौ० [देश०] कई प्रकार के मसाले मिला कर भूंज कर बनाया हुआ रोटा । उ०—१ सोनगरां की सु वातां पूछी । तितरै भूंजाई रौ पधारो हुवौ । रिणमलजी ई आया । चारण नूं साथै ले आया । भूंजाई घणा देवजी-रोटा सोहिता । ईयै भांत चारण भूंजाई जीमियौ ।—नैणसी

उ०—२ आगै भूंजाई तयार हुई छै । अर आया । आगै घणौ सीरो पूडी देवजी-रोटौ तयार हुवौ छै । सरब साथ आय भूंजाई बैठो । भूंजाई जीमनै अपूठा घरै आया ।—नैणसी

देवजूण-सं०स्त्री० [सं० देवयोनि] स्वर्ग, अंतरिक्ष आदि में रहने वाले उन जीवों की सृष्टि जो देवताओं के अंतर्गत माने जाते हैं ।

रू०भे०—देवजोण, देवजोणी ।

देवजोग-सं०पु० [सं० दैवयोग] भाग्य का आकस्मिक फल, भवितव्यता, होनहार, भावी, संयोग, इत्तिफाक । उ०—१ किणहीक सहर में पांच जणा स्रीमाळी स्रीमाळियां री पंचायती करता । उवै देवजोग सूं पांचूं ही सरीर पात हुआ ।—बां.दा. ख्यात

उ०—२ सो विधना रै लेख सूं भूडण प्रातकाल घड़ी दोय रै तड़कै ऊठ सूरज कुंड में स्नान करणै नूं गई । वींही समै देवजोग सूं डाढ़ाळो वींही सूरज कुंड मांही स्नांन करणै नूं आयो, सो देखै तो भूंडण स्नांन कर रही छै ।—डाढ़ाळा सूर री वात

रू०भे०—देवाजोग, दैवजोग ।

देवजोणी—देखो 'देवजूण' (रू.भे.)

देवझूलणी-सं०स्त्री० [सं० देव+दोल:] भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी जिस दिन देवताओं को किसी जलाशय में तैराते हैं अथवा नहलाते हैं । इसका बड़ा उत्सव होता है और जलूस के साथ देवताओं को पालकियों में बैठा कर जलाशय पर लाया जाता है तथा नहलाने के बाद पुन: मंदिरों को ले जाया जाता है ।

उ०—ऊनाळो वातां करतां बीतग्यो अर बरसाळो ई बीतण माथै इज हो । भादवै री देवझूलणी एकादसी रै दिन मुकलावा री मुहुरत हो, उण में फगत च्यार दिन आडा रैग्या हा ।—रातवासो

देवठणी—देखो 'देवऊठणी' (रू.भे.) उ०—इतरा जप तुळछां जपिया

जद, साळगरामजी वर पायौ हो रांम। कातिक मास, देवठणी इग्यारस, तुळछांजी रौ ब्याव रचायौ हो रांम।—लो.गी.

देवण—सं०पु० [सं० देवता] १ देवता।

सं०स्त्री० [सं० दा] २ देने की क्रिया या भाव।

वि०—देने वाला।

देवणौ—देखो 'दैणौ' (रू.भे.) उ०—श्रौ रुपयौ तौ काले उतर जासी। आछा सोच में पड़चा। म्हारै बावै आंख मीची जद म्हां पर आठ सौ रौ देवणौ हो।—रातवासो

देवणौ, देववौ—देखो 'दैणौ, दैवौ' (रू.भे.)

देवणहार, हारौ (हारी), देवणियौ—वि०।

दियोड़ौ—भू०का०कृ०।

देवीजणौ, देवीजवौ—कर्म वा०।

देवत—सं०पु० [सं० दैवत] स्वर्ग में रहने वाला अमर प्राणी, सुर।

उ०—१ हुवौ थिर समदर आभौ जांण, कसां में घुळै कसूंबल रंग। निचोयौ सांझ नार जिमि चीर, दई कै देवत नैण सुरंग।—सांझ

उ०—२ च्यारूं खांण चतुर लख जाती, भूख सबन के लागी। देवत दांनव मांनव मोनी, कोइयन छोड्या इण नागी।

—स्री सुखरांमजी महाराज

देवतड़ौ—देखो 'देवता' (अल्पा., रू.भे.) उ०—मीठा मीठा काचरा गवारफळी कचनार। मोठ फळी चूंळा फळी मांय मतीरौ मिळाय। यो पंचमेळा रौ साग देवतड़ां नै भी नाय मिळै जी राज।—लो.गी.

देवतपणौ—सं०पु०—देवबल, देवत्व। उ०—जो धारत जत सूंह, प्रगटचौ फिर देवतपणौ। सगत तणौ सत सूंह, हव कमधज बैठो हुवौ।

—पा.प्र.

देवतर—देखो 'देवतरु' (रू.भे.) उ०—भुजवळ की महिमा दांन कौ प्रवाह। देवतर साखा तै सौ गुणी सराह।—रा.रू.

देवतरपण—सं०पु० [सं० देवतर्पण] ब्रह्मा, विष्णु आदि देवताओं के नाम ले ले कर पानी देने की क्रिया।

उ०—प्रभात स्नांन, नित्यदांन, वेदपढ़इ, वेदांत जांणइ, सिद्धांत वखांणइ, देवतरपण, गुरुतरपण, रिखीतरपण, पित्रतरपण इसिउ नैस्ठिक ब्राह्मण।—व.स.

देवतरु—सं०पु० [सं०] देवताओं के वृक्ष (मंदार, पारिजात, संतान, कल्पवृक्ष और हरिचंदन आदि)।

रू०भे०—देवतर।

देवतरेसर—सं०पु० [सं० देव+तरु+ईश्वर] कल्प वृक्ष।

उ०—नायक है जगरांम नरेसर, ते कर लायक देवतरेसर। 'सीत' तणौ पत संत सधारण, चाव करै भज तूं धिन चारण।—र.ज.प्र.

देवता—सं०पु० [सं०] १ स्वर्ग में रहने वाला प्राणी, सुर (डि.को.)।

पर्याय०—अगनी-मुखा, अज, अदीतसुत, आदत्या, अनमिख, अनपरा असुरारि, अस्वपन, कांमरूप, ऋतभुख्ण, ऋतभुज, गिरवांण चिरायुस, जरारहित, त्रिदवेस, त्रिदस, दईतयारी, दांणववैरी, दिवओकस, दिवखद, देव, देवत, मलंप, नाकी, निरजर, पुरियंदसेवता, बरहीमुख, बाससुमेर, विमांणग, मरुत, रिभु, लेख, वरद, विबुध, व्रंदारक, सुधाभुज, सुपरवांण, सुमनस सुर, सुरगी, स्रग-विहारी, स्वाहाग्रसण।

मुखाद, अनिद्रा, अपसराविहारी, अमर, अम्रताभख, अम्रतेस, अस-

२ ब्राह्मण। उ०—तिकै चालिया चालिया एकै रोही मांहै आया। उठै एक ब्राह्मण रौ घर। उठै ब्राह्मण सघरौ ही रहै। तद कुंवर ब्राह्मण रै घरै गयौ। उठै जाय नै ब्राह्मण नुं पूछी। कही देवता तूं अठै क्युं रहै छै रोही मांहै। तद ब्राह्मण कही अठै हूं एक विद्या सीखूं छूं।—चौबोली

३ चारण।

वि०—१ गरीब. २ सीधा, सरल। ज्यूं०—वडौ देवता आदमी है कदै ही किणी नै दुख नीं देवै।

अल्पा०—देवतड़ौ, देवतियौ।

देवताधिप—सं०पु० [सं०] इंद्र (डि.को.)

देवता-रौ-कांसौ—सं०पु० [सं० देवता+कांस्य] पुष्करणा ब्राह्मणों के अंतर्गत विवाह की एक रस्म जिसमें विवाह के एक दिन पूर्व कन्या पक्ष वालों की ओर से वर के घर खाद्य सामग्री से परोसे हुए थाल भेजे जाते हैं।

देवतावसर— । उ०—महान्यायपालकु, घरम्ममय मूरत्ति, मकरध्वजावतारु, श्रीसरवग्यभावभावितु, दुस्टापहारु, विक्रमनिवासु, सप्तव्यसननिसेध तत्पर, सरवदा, सदसि उपविस्टु, पुरुसप्रमांणु, सिंहासनु, कटिप्रमाण पादपीठ, आजांनबाहु, उपविस्ट, देवतावसर, मंत्रअसुर, तिलककउ अवसर, आरतीयावसरु।—व.स.

देवतियौ—देखो 'देवता' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—ना मूं बांमण वांणये री, ना विणजारै री धीय। हूं तौ सकळ देवतियै पांगळियां पग देय।—लो.गी.

देवतीरथ—सं०पु० [सं० देवतीर्थ] १ अंगूठे और उंगलियों का वह अग्र भाग जहां से संकल्प या तर्पण के लिये जल गिराया जाता है.

२ देव पूजा के लिये उपयुक्त समय।

देवत्रयी—सं०पु० [सं०] ब्रह्मा, विष्णु और महेश इन तीनों देवताओं का समूह।

देवथांन—देखो 'देवस्थांन' (रू.भे.)

देवदत्त—सं०पु० [सं०] १ अर्जुन के शंख का नाम. २ अष्ट कुल नागों में से एक. ३ देवता के निमित्त दी हुई वस्तु या सम्पत्ति. ४ शरीरस्थ पांच वायुओं में से एक वायु जिससे जँभाई आती है।

वि०—१ देवता का दिया हुआ.

२ जो देवता के निमित्त दिया गया हो।

देवदसम, देवदसमि [सं० देव+दशमी] । उ०—देवदसमि एकादसी, हरिवासर जे होइ। पुण्य प्रथम ते पारणइ, द्वादस नी दिनी जोइ।—मा.कां.प्र.

देवदांनी—देखो 'देवयांनी' (रू.भे.)

देवदार-सं०पु० [सं० देवदारु] प्रायः पहाड़ी स्थानों पर लगभग ६००० से ८००० फुट की ऊँचाई तक पाया जाने वाला एक पेड़ विशेष जो बहुत ऊँचा होता है। इसकी लकड़ी में घुन, कीड़े आदि नहीं लगते है तथा बहुत मजबूत होती है (अ.मा.)। उ०—दांति दुरालभ दूधीउ, दाडिम द्राख दधूण। देवदार दीसइ भला, दिसि दिसि दीपइ दूण।
—मा.कां.प्र.

देवदारादि-सं०पु० [सं० देवदार्वादि] एक प्रकार का क्वाथ जो ज्वर, दाह आदि में प्रसूता स्त्री को पिलाया जाता है (वैद्यक)।

देवदाळि, देवदाळी-सं०पु० [सं० देवदाली] एक लता जो देखने में तुरइ की बेल से मिलती-जुलती होती है। उ०—दांमिणि दोभी दूधिम्रां, देवदाळि दूवेलि। दारू हळद्र दुरालभा, दह दिसि दीसइ वेलि।
—मा.कां.प्र.

देवदासी-सं०स्त्री० [सं०] १ मंदिरों की दासी या नर्तकी.
२ वेश्या।

देवदिवाळी, देवदीवाळी-सं०स्त्री० [सं० देवदीपमालिका] कार्तिक शुक्ला पूर्णिमा का दिन (मेवाड़)

देवदुस्य, देवदुस्यवस्त्र, देवदूसितवस्त्र, देवदूस्य, देवदूस्यवस्त्र-सं०पु० [सं० देव+दूष्यम्] वस्त्र विशेष। उ०—१ पछइ भला वस्त्र पहिराया ते कुण कुण, देवदुस्यवस्त्र, रत्नकंवल, पांमडी, खीरोदक।—व.स.
उ०—२ पछि वस्त्र पहिरावइ, देवदूसितवस्त्र, रतनकांवळ, चीर, सोनइरी।—व.स.
उ०—३ तनसुख मनसुख कमखा चलाखा मलाखा देवदूस्य बंधालग कोठालग।—व.स.
उ०—४ अथ वस्त्र; देवदूस्य चीनांसुक गोजी चउडसी नील नेत्र सचोपां।—व.स.

देवदेव-सं०पु० [सं०] ब्रह्मा, विष्णु, महेश, गणेश, इंद्र।

देवदेवाधि-सं०पु० [सं०] १ देवताओं का भी देव, इंद्र.
२ ईश्वर।

देवदेवाला-सं०पु० [सं० देवदेवालय] देव-मंदिर (?)।
उ०—हूं त अह्मारूं अणहीलपुर पाटण वणवूं; पणि कसू एक छि जे अणहलपुर पाटण ? सघट घाटे करी विचित्र चित्रांमे करी अभिरांम, महामहोछवे भलां आरांम, पंचासर प्रमुख देवदेवाला, जे नगरमांह दांनसाळा पोसधसाळा धरमसाळा, गढ़ मढ़ मंदिर प्रकार।—व.स.

देवद्रुम-सं०पु० [सं०] १ स्वर्ग के वृक्ष, कल्पवृक्ष, पारिजात आदि वृक्ष.
२ देवदार।

देवधन-सं०पु० [सं० देवधेनु अथवा देवधन] गाय (अ.मा.)

देवधांम-सं०पु० [सं० देवधाम] १ देवस्थान. २ तीर्थस्थान.
३ स्वर्ग।

देवधुनि, देवधुनी-सं०स्त्री० [सं० देवधुनिः, देवधुनी] गंगा नदी। उ०—हिंदू गुरंद सगां हूचकिया, वहिया वाहण मूफ विचाळ। दळ सुध देवधुनी इम दाखै, रतनाकर वहिया रतखाळ।
—वळवंतसिंह हाडा रो गीत

देवधूप-सं०पु० [सं०] गुग्गुल, गूगुल।

देवधेनु-सं०स्त्री० [सं०] कामधेनु।

देवनंदी-सं०पु० [सं० देवनन्दिन्] इंद्र का द्वारपाल।

देवनगां-सं०स्त्री०—एक देवी विशेष जो चारण भीमा आसिया की पुत्री थी।

देवनदी-सं०स्त्री० [सं०] १ गंगा, सुरसरि (अ.मा.)
उ०—प्रांणी तू डूबौ पुखत, मोहनदी रै मांहि। देवनदी में डूबियौ, नख पग हुंदौ नांहि।—बां दा.
२ सरस्वती नदी।

देवनांमा-सं०पु० [सं० देवनामन्] १ कुश द्वीप के एक वर्ष का नाम.
२ कुश द्वीप के राजा हिरण्यरेता के एक पुत्र का नाम।

देवनागरी-सं०स्त्री० [सं०] १ भारतवर्ष की प्रधान लिपि जिसमें संस्कृत, हिन्दी, मराठी, राजस्थानी आदि देशभाषाएं लिखी जाती हैं. २ उन अक्षरों का नाम जिन से उक्त भाषाएँ लिखी जाती हैं।

देवनाथ-सं०पु० [सं०] १ शिव, महादेव. २ सुरपति, इंद्र।
उ०—असनिकुमार अगनि वन आखौ देवनाथ महि वांमण दाखौ। समंद प्रजापति आदि सुरेसर कमधां धणी तणी रक्षा कर।—रा.रू.

देवनायक-सं०पु० [सं०] इन्द्र, सुरपति।

देवनिहंग-सं०पु०—सूर्य, रवि, भानु। उ०—हुवै रथ चक्रित देवनिहंग, खहाव्रत मेघ कि वेग खसंग, धड़द्धड़ वेघड़ वज्जहि धार, कड़क्कड़ आठकि काठ कुठार।—रा.रू.

देवनीक-वि० [सं० देव+नीक?] देवताओं के समान, देवतुल्य।

देवपत, देवपति-सं०पु० [सं० दिवपति] १ विष्णु।
उ०—दासतन भजन विन तौ सबी दासरथ, थिरू बस कौड़ बातं न थावै। देवपत रूप वैराट थारौ दुगम, अणु मन सेवगां सुगम आवै।
—र.ज.प्र.
२ इंद्र।
रू०भे०—देवांपत।

देवपदमणी, देवपदमनी-सं०स्त्री० [सं० देवपद्मिनी] आकाश में बहने वाली गंगा का एक नाम।

देवपर-सं०पु० [सं०] संकट पड़ने पर कोई उद्योग नहीं करने वाला मनुष्य।

देवपसु-सं०पु० [सं० देवपशु] १ वह पशु जो देवता के नाम पर उत्सर्ग किया जाय. २ देवता का उपासक।

देवपुत्र-सं०पु० [सं०] (स्त्री० देवपुत्री) देवता का पुत्र।

देवपुत्री-सं०स्त्री० [सं०] १ देवता की पुत्री. २ इलायची.
३ कपूरी साग।

देवपुर, देवपुरी-सं०स्त्री० [सं०] १ इंद्र की राजधानी अमरावती.
२ स्वर्ग, सुरलोक।

देवपुस्का-सं०स्त्री०—सोनजुही।

देवपूजा-सं०स्त्री० [सं०] देवताओं का पूजन।

देवपोढ़णी, देवपोढ़णी-एकादसी-सं०स्त्री०यौ० [सं० देव+प्रलोठनम्+एकादशी] आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी।

वि०वि०—कहा जाता है कि इस दिन से विष्णु भगवान का शयन प्रारम्भ होता है। देवोत्थानी एकादशी को जो कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में आती है विष्णु भगवान सो कर उठते हैं।

देवप्रयाग-सं०पु० [सं०] हिमालय में टिहरी जिले के अंतर्गत एक तीर्थ।

देवप्रस्न-सं०पु० [सं० देवप्रश्न] १ किसी देवता के प्रति समझा जाने वाला शुभाशुभ संबंधी वह प्रश्न जिसका उत्तर किसी युक्ति से निकाला जाता है. २ ग्रह, नक्षत्र, ग्रहण आदि के सम्बन्ध का प्रश्न।

देवप्रसाद-सं०पु० [सं०] देवता का प्रसाद।

उ०—पूजा देवप्रसाद, वंधै झालरि घंट वाजा। सुभ मारग मिळ सयण, सकळ सुख वधै सकाजा।—सू.प्र.

देववंद-सं०पु० [सं०] घोड़े के छाती पर की भँवरी (अशुभ)

देववांणी—देखो 'देववांणी' (रू.भे.)

देववाळ-सं०स्त्री० [सं० देव+वाला] १ सुरवाला. २ अप्सरा।

देवब्रह्म-सं०पु० [सं० देवब्रह्मन्] नारद।

देवब्राह्मण-सं०पु० [सं० देवब्राह्मण] किसी देवता की पूजा कर के जीविका निर्वाह करने वाला ब्राह्मण, पुजारी।

देवभाग-सं०पु० [सं०] देवताओं को दिया जाने वाला भाग।

देवभासा-सं०पु० [सं० देवभाषा] संस्कृत भाषा।

देवभिसक-सं०पु० [सं० देवभिषग्] अश्विनीकुमार।

देवभूमि-सं०स्त्री० [सं०] स्वर्ग, देवलोक।

देवभूरख-सं०पु० [देश०] स्वामी कार्तिकेय (नां.मा.)।

देवमंदिर-सं०पु० [सं०] वह घर जिसमें किसी देवता की मूर्ति स्थापित हो, देवालय।

देवमणि-सं०स्त्री० [सं०] १ कौस्तुभ मणि. २ महामेदा नामक औषधि. ३ घोड़े की भँवरी (शा.हो.) ४ सूर्य।

देवमांन-सं०पु० [सं० देवमान] काल की गणना में देवताओं का मान. जैसे मनुष्यों के सौ वर्षों का देवताओं का एक दिन माना जाता है।

देवमाया-सं०स्त्री० [सं०] १ परमेश्वर की माया जो जीवों को बंधन में डालती है. २ देवताओं की माया।

उ०—मिटै मोह छोळां थटै देवमाया। उठै थाट ले भूप सुग्रीव आया।—सू.प्र.

देवमास-सं०पु० [सं०] १ देवताओं का महीना. २ गर्भ का आठवां महीना।

देवमीढ़-सं०पु० [सं०] १ एक यदुवंशी राजा. २ मिथिला के एक प्राचीन राजा।

देवमुनि-सं०पु० [सं०] नारद ऋषि।

देवमूरत देवमूरति-सं०स्त्री० [सं० देवमूर्त्ति] देवता की प्रतिमा।

देवयग्य-सं०पु० [सं० देवयज्ञ] होमादि कर्म जो पंच यज्ञों में से एक है।

रू०भे०—देवजग।

देवयजन-सं०पु० [सं०] यज्ञ की वेदी।

देवयजनी-सं०पु० [सं०] पृथ्वी।

देवयसा-सं०पु० [सं० देव यशस्] एक जैन मुनि। उ०—सरव भूत नृप नंदनो रे हां, गंगा मात मल्हार। देवयसा ससि लंछने रे हां, 'विनयचंद्र' सुखकार।—वि कु.

रू०भे०—देवजसा।

देवयांण, देवयांन-सं०पु० [सं० देवयान] शरीर से अलग होने के उपरांत जीवात्मा के जाने के लिये दो मार्गों में से वह मार्ग जिससे होता हुआ वह ब्रह्मलोक को जाता है।

देवयांनी-सं०स्त्री० [सं० देवयानी] १ सांभर शहर का एक बड़ा तीर्थ-स्थान

वि०वि०—शुक्राचार्य की कन्या जो राजा ययाति को व्याही गई थी। इसका स्थान सांभर से २ मील दूरी पर है।

वृहस्पति का पुत्र कच मृत संजीवनी विद्या सीखने के लिये शुक्राचार्य का शिष्य हुआ। इनकी कन्या देवयानी कच पर मुग्ध हुई। असुरों ने कच को अनेक वार मारा पर शुक्राचार्य ने मृत संजीवनी के वल से उसे जिला दिया। एक वार उसे पीस कर सुरा में मिला दिया। शुक्राचार्य कच को सुरा के साथ पी गये। किन्तु देवयानी के विलाप करने पर कच को मृत संजीवनी विद्या ग्रहण करवा कर पेट से बाहर निकाला। देवयानी ने कच से विवाह करना चाहा पर कच राजी न हुआ। इस पर देवयानी ने शाप दिया कि तुम्हारी विद्या निष्फल होगी। कच ने कहा यह विद्या अमोघ है अतः जिसे मैं सिखाऊँगा उसके हाथ से फलवती होगी। तुमने व्यर्थ शाप दिया। पर तुम्हारा विवाह ब्राह्मण से न होगा।

दैत्यराज वृषपर्व्वा की कन्या शर्मिष्ठा और देवयानी में सखी भाव था। एक वार इन्द्र की चालाकी से जल-विहार के समय जल्दी में वस्त्रों की अदला बदली के कारण झगड़ा हो गया और शर्मिष्ठा ने देवयानी को कुए में ढकेल दिया। नहुष पुत्र ययाति ने इसको कूए से निकाला। शुक्राचार्य इससे क्रुद्ध होकर अन्यत्र जाने को तैयार हुए पर वृषपर्व्वा के विनती करने पर वहीं ठहर गये। देवयानी का विवाह राजा ययाति से हो गया और शर्मिष्ठा अपनी सहस्रों दासियों सहित देवयानी की दासी वन कर रहने लगी। देवयानी के गर्भ से यदु और तुर्वसु नाम के दो पुत्र और इसी के द्वारा शर्मिष्ठा के द्रह्यु, अणु और पुरु तीन पुत्र हुए।

रू०भे०—देवसुयांनी।

देवर-सं०पु० [सं० देवरः] पति का छोटा भाई। उ०—ए लारै देवर जी दौडिया ए रुणझुणियो लै, म्हारी भावज घरे पधार जाओ मरवो लै।—लो.गी.

रू०भे०—देउर।

अल्पा०—देवरियो।

देवरथ, देवरथ्थ–सं०पु० [सं० देवरथ] १ देवताओं का रथ, विमान।
उ०--नहम्मै नगारा सरांग मवारा, काली नाग नैं कांन भूभै करारा। नांग्री नाग री कोप री सांम हुथ्यां, रही देखवा ठाठ री देवरथ्थां।—ना.द.
२ सूर्य का रथ. ३ ५२ वीरों में से एक वीर का नाम।

देवरवट–सं०पु० [देवर:+रा० वट] एक प्रथा जिसमें पति की मृत्यु के पश्चात् स्त्री अपने देवर को पति मान लेती है (विश्नोई)

देवरव्याह–सं०पु० [देवर:+विवाह] पति की मृत्यु के पश्चात् देवर से किया जाने वाला पुर्नविवाह।

देवरांणी— देखो 'देरांणी' (रू.भे.) उ०—बाई ए पहला थारा देवर नैं सिणगार। पछै 'हर' री देवरांणियां।—लो.गी.

देवराज देवराजा–सं०पु० [सं० देवराज] देवताओं का राजा इंद्र.
२ राठौड़ों की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति।
रू०भे०— देराज।

देवराजोत–सं०पु०—राठौड़ राव दीरम के पुत्र देवराज के वंशजों की राठौड़ों की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

देवराट–सं०पु० [सं०] देवताओं का सम्राट, इंद्र।
उ०—देवराट श्रीत खाट, नाट बोल न दखं। रे नरेस राघवेस, गायजै भजै रिखं।—र.ज.प्र.

देवरारिवीर–सं०पु० [सं०] ५२ वीरों में एक वीर का नाम।

देवरावर–सं०पु०[देश०] यादवों के एक प्राचीन राज्य देरावर की राजधानी।

देवरिख, देवरिख— देखो 'देवरिसी' (रू.भे.)
उ०—सहलां ऊपर सार मैं, नीसाटां बागे। खेचर भूचर देवरिख, पळचर उछरंगे।—द.दा

देवरिद्धि–सं०पु० [सं० देवर्द्धि] जैनों के एक प्रसिद्ध स्थविर का नाम।

देवरियो---देखो 'देवर' (अल्पा., रू.भे.)
उ०—१ भाकर में धमोड़ो ऊठ्यो, गाडो किण रो आयो रे, ठालो भूलो देवरियो लेवण नैं आयो रे, लाखं जाऊं नी। हां रे लाखै जाऊं नी परणियो परदेस मा'लै रे, लाखै जाऊं नी।—लो.गी.
उ०—२ देरांणी जेठांणी भगड़ो लागै, देवरियो मनावण जावै रे म्हांरी गोरबंध लूंबाळो।—लो.गी.
उ०—३ बेटा ईंधण पांणी बहु गयी, बेटा छोटोड़ो देवरियो साथ। पपइयो बोलै हरियाळा बाग में।—लो गी.

देवरियो—देखो 'देवरो' (अल्पा., रू.भे.)

देवरिसि, देवरिसी–सं०पु० [सं० देवर्षि] देवर्षि नारद।

देवरूप–सं०पु० [सं० देवीरूप] ईश्वरीय रूप, दैवी रूप।
उ०—१ तरै नागड़ी वहू नूं सिणगार ल्याई, वहू रा पग धरती लागै नहीं वहू देवरूप हुई।—नैणसी
उ०—२ सेजड़ी सिहिरि सस्त्र नियुंज्या, देवरूप वलि मंत्र प्रयुंज्या। द्रूपदी रहई ते मति आली, त्या विराट निप मंदिरि चालो।
—विराटपर्व

देवरो–सं०पु० [सं० देवगृह] १ देवालय, मंदिर।
उ०—रात पो'र सवा आई। राजा माताजी रै देवरै पूजा रो साज ले नै बैठा छै।—जैतसी ऊदावत री वात
२ जैन मंदिर (जालोर) ३ श्मशान भूमि पर बनाये गये राजा-महाराजाओं के स्मृति भवन।
रू०भे०—दिहरो, देवहर, देव्हर, देहरइरउ, देहरउ, देहरु, देहरू, देहरो।
अल्पा०—देवरियो, देहरियो।

देवळ, देवल–सं०पु० [सं० देवालय] १ मंदिर, देवालय।
उ०—१ पड़्या पग देवळ थंभ प्रमांण, न केवल पिंड अद्रां अहनांण। गुड़्या गज आव गुड़ावत गोड, घणां सहि घाव पड़्या कइ घोड़।
—मे.म.
उ०—२ प्रीतम प्राणिया तूं देवळि बैठो आय, निज देवळ खोज्यो नहीं, तो जासी जन्म ठगाय।—ह.पु.वा.
पर्याय०—चैत, धांनअनाद, द्रुमग्रह, धजधर, धांमहर, प्रासाद, मंडप, विहार, सुरमंडप।
२ किसी मृतक की स्मृति में बनाया गया स्मृति-भवन.
३ परिहार (प्रतिहार) राजपूत वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति। उ०— देवल कावा मनि डरै, बोड़ा भड़ बालोत।
—गु.रू.बं.
४ देवल ऋषि की संतान।
सं०स्त्री०—५ सिढ़ायच गोत्र के चारण भल्ला की पुत्री देवलबाई जिसे देवी का अवतार माना जाता है. ६ हरि-भक्त चारण आणंद मीसण की पुत्री जो देवी का अवतार मानी जाती है।
वि०वि—इस देवी की गायों की रक्षा के निमित्त वीर पाबू राठौड़ जिंदराव खीची से युद्ध करता हुआ वीरगति को प्राप्त हुआ।
७ देखो 'देवळी' (मह., रू.भे.) उ०—नहिं देवळ सूं वैरता, नहिं देवळ सूं प्रीति। 'किरतम' तजि गोविंद भजै, यह साधां की रीति।
—ह.पु.वा.

देवळथंभो–सं०पु०—हाथी (ना.डिं.को.)

देवळी–सं०स्त्री०—१ प्रतिमा, मूर्त्ति।
९ आक्रमण, हमला। उ०—कुळ री वार में भड़ां भली अछेहरी कीधी, दीधी झाट जंगां ज्यों केहरी गजां दोट। गाढ़ै मतो त्याग दंडां भुदंडां जेहरी कीधी, चाळागारां खेलियो तेहरी को सी चोट।
—डूंगजी रो गीत
१० मानसिक व्यथा, शोक, संताप. ११ समूह, गुबार।
उ०—हिंदूतल्ला कांनी सूं एक भीड़ आंधी रो दोट व्हे ज्यूं ऊठी अर मुसळमांन संभळया संभळया जितरै तो भींडी बजार में जाय धमकी। आदमी, लुगाई, छोरी-छावरो जिको आगै चढयो उण नै काट'र फेंक दियो।—रातवासो
[सं० धाव] १२ दौड़ने की क्रिया या भाव।
उ०—तव राजा कठिण अति थयु, सूती नारी त्यजिनि गयु। तिहां थकी तां दीधी दोट, वळती (कांइ नवि वाळी) कोट।—नळाख्यांन
अल्पा०—दोटियो, दोटो।
१३ देखो 'दोटो' (मह., रू.भे.) उ०—दही दोट ज्यों मारिये, तिहूं लोक में फेरि। धुर पहुंचे संतोख है, दादू चढ़वा मेरि।—दादू बांणी

दोटणो, दोटबो-क्रि०स० [सं० धाव] १ पैरों के नीचे कुचलना, रौंदना।
उ०—दुरद पगां दोटीह, तैं टोटी इण वखत में। मुरधर री मोटीह, खत्रवट 'पता' खताय दी।—जुगतीदांन देथो
२ संहार करना, मारना. ३ ठोकर लगाना, ठुकराना. ४ गेंद के बल्ले की चोट मारना. ५ दबाना. ६ दौड़ना, भागना. ७ वेग

के साथ उछाल मारते हुए वहना, वेग से ऊपर उठना और गिरना।
उ०—घरा जांमूनां-कुंज दोटती रेवा दोड़ै। गज-मद गंधै नीर मेघ थूं पीनां छोडै।—मेघ.
दोटणहार, हारौ (हारी), दोटणियौ—वि०।
दोटवाड़णौ, दोटवाड़वौ, दोटवाणौ, दोटवावौ, दोटवावणौ, दोटवाववौ, दोटाड़णौ, दोटाड़वौ, दोटाणौ, दोटावौ, दोटावणौ, दोटाववौ—प्रे०रू०।
दोटिग्रोड़ौ, दोटियोड़ौ, दोटयोड़ौ—भू०का०कृ०।
दोटीजणौ, दोटीजवौ—कर्म वा०।
दोटियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ पैरों के नीचे कुचला हुग्रा, रौंदा हुग्रा. २ संहार किया हुग्रा, मारा हुग्रा. ३ ठोकर लगाया हुग्रा, ठुकराया हुग्रा. ४ गेंद के बल्ले की चोट मारा हुग्रा. ५ दवाया हुग्रा. ६ दौड़ा हुग्रा, भागा हुग्रा।
(स्त्री० दोटियोड़ी)
दोटियौ—१ देखो 'दोट' (ग्रल्पा., रू.भे.)
२ देखो 'दोटी' (ग्रल्पा., रू.भे.)
३ देखो 'दोटौ' (ग्रल्पा., रू.भे.)
दोटी—सं०स्त्री० [सं० द्विपटी] १ कपडे, रवड़ या चमड़े का गोला जिससे लड़के खेलते हैं. २ एक प्रकार का वस्त्र (व.स.)
ग्रल्पा०—दोटियौ।
मह०—दोट, दोटौ।
दोटौ—सं०पु० [देश०] १ दहलीज के ऊपर की लकड़ी जिसे लाँघ कर मकान के भीतर या वाहर जाया जाता है।
उ०—म्रिगया रमैं ग्रावता मारग, देखत ऊभी दोटै। ग्राज कुलंग ग्रमरा तिरा ऊपर, लाग जिनावर लोटै। रे रंग खोटे रे रंग खोटे, किरा विध कीजिये।—र.रू.
२ वायु का ववंडर, झोंका। उ०—पवन रौ एक दोट ग्रायौ ग्रर उण रौ मूंडौ भींजग्यौ। वो वैठौ व्हैग्यौ ग्रर राली काठी लपेट ली।
—रातवासौ
३ गेंद पर वल्ले का प्रहार।
मुहा०—दोटा देगा—इधर-उधर घूमना। किसी विषय में पूर्ण जानकारी न होने पर भी काल्पनिक उड़ान भरना, गप्प हाँकना।
ग्रल्पा०—दोटियौ।
मह०—दोट।
४ देखो 'दोट' (ग्रल्पा., रू.भे.)
५ देखो 'दोटी' (मह., रू.भे.)
वि०—नाश करने वाला, संहार करने वाला।
उ०—मुगां छकोटा तन सुजस, रिम दोटा सुर रंज। घन राघव मोटा घरगी, भव जन तोटा भंज।—र.ज.प्र.
दोठौ—सं०पु० [देश०] एक प्रकार का खाद्य पदार्थ, व्यञ्जन विशेष।
उ०—१ ग्रथ पक्वांन, सातपड़ां खाजां, छुवडां खाजां, एक वडां खाजां, फीगी खांड गळी खाजली, दोठां घारा, घेवर।—व.स.
उ०—२ निज निज वरगी रे वस्त्रादिक ठवै, नवपद तगौ समेळि। खाजा दोठां रे नुकती लाडुग्रा भाफी साकर भेळि।—स्रीपाळ रास
दोडंगौ—सं०पु०—एक प्रकार का फल विशेष (व.स.)
दोणकियौ, दोणकौ—सं०पु० [देश०] (स्त्री० दोगकी) १ वह मिट्टी का पात्र जो मृतक के द्वादशे पर काम ग्राता है।
वि०वि०—यह संख्या में वारह होते हैं। छः माह के संस्कार पर इनकी संख्या छः होती है।
२ देखो 'दोगियौ' (रू.भे.)
दोणातार—सं०पु० [देश०] ग्राभूपरगों की खुदाई के काम में तार पर नन्हे-नन्हे दाने खोदने का एक ग्रोजार।
दोणियौ—वि०—दुहने का कार्य करने वाला, दुहने वाला.
सं०पु०—दूध दुहने का पात्र।
रू०भे०—दोगकौ।
ग्रल्पा०—दोगकियौ।
दोणौ, दोवौ—देखो 'दूवगौ, दूववौ' (रू.भे.)
दोणहार, हारौ (हारी), दोणियौ—वि०।
दोयोड़ौ—भू०का०कृ०।
दोईजणौ, दोईजवौ—कर्म वा०।
दोत—१ देखो 'दवात' (रू.भे.) उ०—जन हरिदास ग्रवगति ग्रगम, जहां भ्रांति नहिं छोत। हम वात तहां की लिखत है, कर लेखणि विन दोत।—ह.पु वा.
२ देखो 'दूज' (रू.भे.) उ०—दोत घरि ग्राव्यौ वीसळराई। राई भतीजौ सांमहौ जाई।—वी.दे.
दोतड—सं०पु० [सं० द्वि+तट] दुहरा, दुविधा (?) उ०—पडियो राय विचारणा, ग्रजुगति वात सुगाई रे। किम ही दुरस पडे नहीं, दोतड पडियो भाई रे।—स्रीपाळ रास
दोतडि—सं०स्त्री० [सं० दुस्तटी] दुष्ट नदी (?) उ०—जिसा मरुदेसि कूप जळ, जिसी सिला उच्च सरळ तिसी ग्रांगुळी विरळ, जिसा तालव्रिक्ष तरळ तिसिउ जंघा युगळ, जिसी परवत तगी दोतडि, इसी मोटी कडी, इसिउ पिसाच।—व स.
दोति—देखो 'दवात' (रू.भे.) उ०—वळि लिखेवा लेखवउं, रोवउं हृदय न माय। कागळ लेखगि दोति पगि, ग्रहिंण्ये गयां तगाय।
—मा.कां.प्र.
दोदौ—देखो 'दूध' (२) (ग्रल्पा., रू.भे.)
दोधक—सं०पु० [सं०] १ एक वर्णवृत्त जिसमें तीन भगगा ग्रौर ग्रंत में दो गुरु वर्ण होते हैं (र.ज.प्र.)
२ चार भगरा युक्त १६ मात्रा तथा वारह वर्ण का छंद विशेप.
दोधार—देखो 'दुवार' (रू.भे.)
दोधारी—सं०स्त्री०—१ सोने चांदी के ग्राभूपरगों पर जौ की खुदाई का एक लौह का ग्रोजार। २ देखो 'दुधारी' (रू.भे.)

दोवारी—देखो 'दुवार' (अल्पा., रू.भे.)

दोधौ-सं०पु० [देश०] १ एक प्रकार का बरसाती पौधा जिसके पत्ते आदि से दूध निकलता है। इसके फल को 'खीरड़ी' कहते हैं।

२ देखो 'दूध' (अल्पा., रू.भे.)

दोन—देखो 'दोनौं' (रू.भे.)

दोनवू—देखो 'दानव' (रू.भे.)

उ०—सांम कांम में सधीर, सूरू के सहायक, दोनवूं के दावागीर, दिलपाकूं के दोसत।—र.रू.

दोनां—देखो 'दोनौं' (रू.भे.)

दोनाळी—देखो 'दुनाळी' (रू.भे.)

उ०—विढवा हांम गूजरां वाळी, निरखै भूप रूप दोनाळी।—रा.रू.

दोनुं, दोनूं, दोनू, दोनौं-वि० [सं० द्वि] उभय, दोनों।

उ०—१ दोनुं मिळ भेळा हूवा, 'आसौ' नै 'रिडमल्ल'।—रा.रू.

उ०—२ ढोलइ मनह विमासियउ, सांच कहइ छइ एह। करह फेकि दोनूं चढ्या, कूंट न संभाळेह।—ढो.मा

उ०—३ माथै लिया अजीमसा, दक्खण गयौ नवाब:। भळियौ दोनूं देस रौ, खांन इनायत जाव।—रा.रू.

रू०भे०—दोन, दोनां, दोनौ, दोन्यां, दोन्यु, दोन्यूं, दोनौं, दोनो।

दोनौ-सं०पु० [देश०] १ कलंक, दोष। उ०—सवारै फूल चढ़ण लागौ। तरै इण जमला अहीर री बेटी अरज कीधी—"माहरै पेट थांहरौ कारण रह्यौ छै। सोनूं हेक रावळै हाथ री सहनांणी द्यौ, सवारै लोग म्हारै माथै दोनौ देसी।" तरै फूल आपरै हाथ री मूंदड़ी दीनी नै लिखत कर दियौ।—नैणसी

२ देखो 'दूनौ' (रू.भे.). ३ देखो 'दोनौं' (रू.भे.)

उ०—पाय हुकम पागड़ै, पाव दीधौ छत्रपत्ती। भरव दोनौ भेजि; सकति तेडी त्रिसकत्ती।—मे.म.

दोन्यां—१ देखो 'दुनियां' (रू.भे.)

२ देखो 'दोनौं' (रू.भे.)

उ०—फेरघौ दोय वारी भूप दोन्यां की लड़ाई। तीनूं वार ही में राव मेरूौ जैत पाई।—शि.वं.

दोन्युं, दोन्यूं—देखो 'दोनौं' (रू.भे.)

उ०—मन मांहो संके सुभट, पदमणि दीधी राय। जो छूटै नहि तौ रखै, दोन्युं स्वारथ जाय।—प.च.चौ.

दोपइ-सं०स्त्री० [सं०] प्रत्येक चरण में १५ मात्रा का मात्रिक छंद विशेष।—पि.प्र.

दोपहर-सं०स्त्री० [सं० द्वि+प्रहर] सूर्योदय व सूर्यास्त के मध्य का समय, मध्यान्ह। उ०—म्हे दोपहरां पहले थां कन्है आवस्यां यूं कहि बहिर हुवौ।—कुंवरसी सांखला री वारता

रू०भे०—दुपहर, दुपहरी, दुपार, दुपेरी, दुपैरी, दोपहरी, दोपार, दोपारी, दोपाहर, दोपैर, दोफार, दोफारी, दौफार।

दोपहरियौ—देखो 'दोपारियौ' (रू.भे.)

दोपहरी—१ देखो दोपहर' (रू.भे)

२ देखो 'दोपारी' (रू.भे.)

दोपार—देखो 'दोपहर' (रू.भे.)

उ०—परभातै मेह डंबरां, दोपारांह तपंत। रात्यूं तारा निरमळा, चेला! करौ गछंत।—वर्षा विज्ञान

दोपारियौ-सं०पु० [सं० द्वि+प्रहर+रा०प्र०यौ] १ एक प्रकार का वृक्ष जिसके फूल दुपहर के समय खिलते हैं।

२ देखो 'दोपारी' (अल्पा., रू.भे.)

रू०भे०—दुपहरियौ, दोपहरियौ।

दोपारी-सं०स्त्री० [सं० द्वि+प्रहर+रा०प्र०ई] १ मध्यान्ह का जलपान, प्रातः भोजन के पश्चात् मध्यान्ह में किया जाने वाला भोजन।

रू०भे०—दुपहरी, दुपारी, दुपेरी, दुपैरी।

२ देखो 'दोपहर' (रू.भे.)

दोपारौ-सं०पु० [सं० द्वि+प्रहर+रा०प्र०औ] प्रातःकाल भोजन करने के पश्चात् मध्यान्ह में किया जाने वाला हल्का भोजन।

रू०भे०—दुपारौ, दुपेरौ, दुपैरौ, दोपैरौ, दोफारौ।

दोपाहर, दोपैर—देखो 'दोपहर' (रू.भे.)

उ०—१ सु दोपाहरै रौ हमीर पड़वै मांहै सूतौ छै, तठै रावळ आय नै पग चांपण लागौ।—नैणसी

उ०—२ अरावै आगै दाव लागै नहीं सो दोपैरां पाछा डेरां आया पाछै दिन पांच दस अरावै री राड़ जाय कीन्हीं।

—मारवाड़ रा अमरावां री वारता

दोपैरौ—देखो 'दोपारौ' (रू.भे.)

दोप्याजौ—देखो 'दुप्याजौ' (रू.भे.)

दोफसळी—देखो 'दुफसळी' (रू.भे.)

दोफारी—देखो 'दोपारी' (रू.भे.)

दोफारौ—देखो 'दोपारौ' (रू.भे.)

दोब-सं०स्त्री० [सं० दूर्वा] बहुत प्रसिद्ध एक प्रकार की घास जो पश्चिमी पंजाब के थोड़े से रेतीले भाग को छोड कर सम्पूर्ण भारत-वर्ष में होती है। हिंदू इसको मांगलिक द्रव्य मानते हैं तथा लक्ष्मी पूजन आदि में इसका उपयोग करते हैं। उ०—सोनौ देसां सोळमौ बाई देसां ए गज मोतियां रौ हार। बधजो कड़वा नीम ज्यूं वीरा बधज्यौ ओ हरियाळी री दोब।—लो.गी.

पर्या०—अनंता, दूरबा, रुह, सतपरबीका, हरिताळी।

रू०भे०—दुरवा, दूब, दोभ, द्रोब, धोब, ध्रोब।

अल्पा०—दूबड़ी, दूबळती, दूभड़ी, दोबड़ी, दोभड़ी, द्रोबड़ी।

मह०—दूबड़, दोबड़, दोभड़, द्रोबड़।

दोबड़—देखो 'दोब' (मह., रू.भे.)

दोबड़ी—देखो 'दोब' (अल्पा., रू.भे.)

दो री—देखो 'दूबारी' (रू.भे.)

दोबै-सं०पु०—शिकार करने या डाका मारने के हेतु छिप कर बैठने का कार्य।

दोबैंत—देखो 'दवावैंत' (रू.भे.)
उ०—देवैंतां दूहा सहित, चीठी एक उपाय ।—प.च.चौ.

दोभ—देखो 'दोव' (रू.भे.) (डि.को.)

दोभड़ी—देखो 'दोव' (अल्पा., रू.भे.)

दोभाग-सं०पु० [सं० दुर्भाग्य] मंद भाग्य, खोटी किस्मत ।
उ०—विद्वांस निरधन हुइ, कमळ कंटकी जोइ रे । दोभाग-पणउ रूपवंत नइ, कळपव्रक्ष काष्ट सोइ रे ।—नळ दवदंती रास

दोभों-वि०—ढीले शरीर वाला, सुस्त । उ०—ओछा कुळ में ऊपना, दोभा डावड़ियांह । हवळै बोलै होट में, मूरख मावड़ियांह ।—बां.दा.

दोमंजलो, दोमंजिलो-वि० [सं० द्वि०+फा० मंजिल] दो खंड का, दो मरातिब का ।
रू०भे०—दुमंजलो, दुमंजिलो ।

दोमज, दोमजि, दोमझि-सं०पु० [सं० द्वि+मध्य] युद्ध, संग्राम (डि.को.)
उ०—१ वीहारी धूहड़ वाजै धजवड तुंग त्रसींगड़ तुड़ तरसै । दोमजि रत दड़िअड़ जांण नदी नड़ जोरा जम जड़ जोध खसै ।—गु.रू.बं.
उ०—२ दरजी 'अमरेस' वणाई दोमझ, तरकी सुजड़ कूंत खग तीर । रोम रोम खीलांणो रावत, सिध कंथा ताहरो सरीर ।
—महारांणा अमरसिंह रौ गीत
उ०—३ दोमझ 'रासा' दूसरा, भंजण सुरतांणा । वीड़ा झल्लै ऊठियो, लग्गा असमांणा ।—द.दा.
उ०—४ दळप्पति दोमझि दूय दुरंग । कियो कमरो जिण भांजि कुरंग ।—रा.ज. रासो
रू०भे०—द्रोमझि ।

दोमल-सं०पु०—प्रत्येक चरण में आठ सगण सहित २४ वर्ण का वर्णिक वृत विशेष (पिंगळ प्रकास)

दोमिण-सं०पु० [सं० द्यो+मणि] सूर्य्य, भानु (अ.मा.)

दोमी—
उ०—वैगरणां सैगरणां मुदता, साद करइ सुआर । दोमी दळ को संख्या आंणइं, मांहइ चक्र तलार ।—रुकमणी मंगळ

दोय—देखो 'दो' ' (रू.भे.) (डि.को.)

दोयक—देखो 'दोयेक' (रू.भे.)

दोयककुत-सं०पु० [सं० द्वि+ककुद्] ऊँट ।

दोयजीह—देखो 'दुजीह' (रू.भे.) (डि.को.)

दोयण-सं०पु० [सं० दुर्जन] १ राक्षस, दानव.
२ देखो 'दुरजण' (रू.भे.) उ०—१ फौजां देख न कीधी फौजां, दोयण कियां न खळा डळा । खवां खांच चूड़ै खानंद रै, उण हिज चूड़ै गई यळा ।—बां.दा.
उ०—दोयण, रमणीय, कवेसुर, दासां, जज्ञ, समर, सुरतर, निज जोत । अवध भूप दरसै तो आळां, अवनी मोहै रूप उद्योत ।—र.रू.

दोयतरी—देखो 'दोहिती' (रू.भे.)

दोयतरो—देखो 'दोहितो' (रू.भे.)
(स्त्री० दोयतरी)

दोयती—देखो 'दोहिती' (रू.भे.)

दोयतो—देखो 'दोहितो' (रू.भे.)
(स्त्री० दोयती)

दोयथणी—देखो 'दुथणी' (रू.भे.) उ०—कुळ दीपक जायो य जोग कणी । थित और न थायो य दोयथणी । रांणियां वड सूरत वंधरती । जण-जो सुत मीढुम 'पालजती' ।—पा.प्र.

दोयम-वि० [फ़ा०] दूसरे नंबर का, दूसरा ।

दोयरण—देखो 'दुरजण' (रू.भे.)

दोयलो—देखो 'दोहिलो' (रू.भे.)
(स्त्री० दोयली)

दोयसपी-सं०पु० [फ़ा० दो अस्प] वह सैनिक जिसके पास दो निजी घोड़े हों, दो घोड़ों की डाक ।

दोयसे'क-वि०—दो सौ के लगभग ।

दोये'क-वि० [सं० द्वि+एक] दो के लगभग ।
उ०—आ मूठी जितरीक कमर इणीज तरै खीण होती जावसी तो दिन दोये'क मैं दीसण ही न पावसी ।—र. हमीर

दोयोड़ी—देखो 'दूवियोड़ी' (रू.भे.)

दोयोड़ो—देखो 'दूवियोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० दोयोडी)

दोरंगी—देखो 'दुरंगी' (रू.भे.)

दोरंगो—देखो 'दुरंगो' (रू.भे.)
(स्त्री० दोरंगी)

दोर-सं०पु० [देश०] १ एक प्रकार का आभूषण विशेष (व.स.)
[सं० दोस्] २ हाथ, कर (ह.नां.) ३ शक्ति, बल ।
उ०—कळिया गाडा काढ़तो, दे कांधो वड दोर । हव धवळो वूढ़ो हुवो, जगपत सूं की जोर ।—बां.दा.
४ देखो 'दौर' (रू.भे.) उ०—१ जोरा रा भड़ जस जोड़ा जेठी, दळ वधता जोरा रा दोर । जोरा रा तोरा जोरावर, जोरा रा रावत भी जोर ।—जोरावरसिंह ऊदावत रौ गीत
उ०—२ पदमसिंहजी रणखेत में बैठा छै । इतरै में जादूराय आय माथै रै मांही तरवार री दीवी, सो माथो फाड़ त्रिकुटी आंण बैठी । इतरै में महाराज बैठा ही लप झड़प मारी सो वागै रा दोर हाथ में आया, तींसूं मुंहडै आगै आंण पड़ियो । जद आप अेक-दोय कटार मारी सो कांम सारो सीझ गयो ।—पदमसिंह री वात
उ०—३ जेळै कई जब्बर वब्बर जोर । दिखावत वायु वरब्बर दोर । रथां पलटाय पछा प्रति राह । अछा झपटाय कहावत वाह ।
—मे.म.

दोरउ—१ देखो 'डोरो' (रू.भे.) उ०—पंख पसारी सुसतउ कीउ, पगि दीठउ दोरउ बांधिउ ।—विद्याविलास पवाडउ
२ देखो 'दो'रो' (रू.भे.)

दोरडी-सं०स्त्री०—डोरी (?) उ०—हाथ छड़ो पग दोरडी, वाघइ कोटि विसाळ। पयोवर पेडु जइ अडइ, भग थाइ भग-नाळ।
—मा.कां.प्र.

दोरडो—देखो 'डोरी' (अल्पा., रू.भे.) उ०—एक जि बंधिउ दोरडइ, कर आपंतां कांइ। कांमिनि ! ए कौतुक किसिउं, पहिलूं ते पूजाइ।
—मा.कां.प्र.

दोरदंडण, दोरदंडन-सं०पु० [सं० दोस्=हस्त+दण्ड] मजबूत भुजा, दृढ़ हाथ।

दोरप, दोरम-सं०स्त्री० [देश०] १ तकलीफ, कष्ट, पीड़ा. २ वियोग अभाव जन्य दुःख।
उ०—१ अपहड़ अथग अरेह, जिको विनड़ियो वधंतो। कुवचन मुख काढ़ता, जिको सुवचन जांणंतो। एक घड़ी आंतरै, दोरम सोहि दाखंतो। जिको जीव जीवतो, न को अंतर राखंतो।
—पहाड़खां आढ़ो
उ०—२ मैं न दीठी मात उदर जिण जनमण आयौ। हीयै सीस हुलराय पोसकर नह पय पायौ। काकै पित रौ नांम जप्यौ नांनी जद जांणू। हींण मात म्हारी अगे किण दोरम आंणू।—पा.प्र.

दोरांणी—देखो 'देरांणी' (रू.भे.) उ०—सुण देवर थांनै वात कहूं रे कहतां आवै लाज। म्हारी दोरांणी कुछ न जांणै रीत भांत की वात, जी देवरिया प्यारा ए जी वो देवर मतवारा, रीझ रह्या जी पर-नारियां।—लो.गी.

दोराई-सं०स्त्री० [देश०] तकलीफ, कष्ट, पीड़ा।

दो'राणौ, दो'रावौ-क्रि०स० [सं० द्वि+रा०प्र० राणौ या सं० द्वि+आवृत्ति] १ किसी वात को पुनः कहना या किसी काम को पुनः करना, दोहराना. २ किसी कागज या कपड़े को दो तहों में करना; दोहरा डालना।
दो'राणहार, हारौ (हारी), दो'राणियौ—वि०।
दो'रायोड़ो—भू०का०कृ०।
दो'राईजणौ, दो'राईजवौ—कर्म वा०।
दो'रावणौ, दो'राववौ—रू०भे०।

दोरायतौ-सं०पु० [देश०] एक प्रकार का घोड़ा जो अशुभ माना जाता है (शा.हो.)

दोरायोड़ो-भू०का०कृ०— १ किसी वात को पुनः कहा हुआ अथवा किसी कार्य को पुनः किया हुआ. २ दो तहों में किया हुआ, दोहरा किया हुआ (कागज, कपड़ा आदि)
(स्त्री० दो'रायोड़ी)

दोरावणौ, दोराववौ—देखो 'दोराणौ, दोरावौ' (रू.भे.)
दोरावणहार, हारौ (हारी), दोरावणियौ—वि०।
दोराविओड़ो, दोरावियोड़ो, दोराव्योड़ो—भू०का०कृ०।
दोरावीजणौ, दोरावीजवौ—कर्म वा०।

द रावियोड़ो—देखो 'दोरायोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० दो'रावियोड़ी'

दोरी—देखो 'डोरी' (रू.भे.) (उ.र.)
उ०—पाछै मुंढै पणि घणा, डगलुं न भरइ डोलि। मोहन-दोरी वांधिया, छांना खीलइ छयल्ल।—मा.कां.प्र.

दोरीओ-सं०पु० [देश०] एक प्रकार का वस्त्र विशेष।—व.स.

दोरुखौ-वि० [फा०] (स्त्री० दोरुखी) १ जिसका विचार या झुकाव दोनों पक्षों की ओर हो. २ दोनों ओर समान रंग और वेल-बूंटे वाला (कपड़ा, कागज आदि). ३ जिसके एक तरफ एक रंग हो तथा दूसरी ओर दूसरा रंग हो।
सं०पु०—स्वर्णकारों का औजार जो हँसुली वनाने के काम आता है।

दोरौ—देखो 'डोरौ' (रू.भे.) (व.स.)

दो'रौ-वि० [सं० दुःखधर=दुहहरः=दोहरौ–दो'रौ] (स्त्री० दो'री)
१ पीड़ित, दुखी। उ०—१ दाधी दुखड़ै री फिरतोड़ी दो'री। गोरै मुखड़ै री गिरतोड़ी गोरी। चांमीकर घांमै कांमी कर चोड़ै। जांमी जांमी कर सांमैं कर जोड़ै।—ऊ.का.
उ०—२ अळगां ही वैठां कांई चीतोड़ री भूंडी दीसै तरै जीव दो'रौ होइ। तिण सुं स्री दीवांण सीसोदियां किण ही रै माथै पाघ न रही छै।—राव रिड़मल री वात
२ व्याकुल, विकल, वेचैन। उ०—महा संख री मित्र सेज नहि सोवा जाऊं। पोरीसो मुख पेख घणी दो'री घवराऊं।—ऊ.का.
ज्यूं—निकाळै रै वुखार में वो आज घणो दो'रो है।
३ असह्य, कष्टप्रद, दुष्कर। उ०—ओ ऊपर ऊनाळो आयौ, दीन जनां दो'रौ दरसायौ। पांणी ग्यांन कोई नहि पायौ, कूकै लोक हूवौ अति कायौ।—ऊ.का.
४ कठिन, मुश्किल। उ०—खागां वाढ़ तूटै राग सिंधवौ लागतो खारौ, तोपां छूटै पड़ै वारूद सफीलां तोड़। लागो कोट दो'रौ सेना-पति ज्यूं जमी रौ गैणाग लायौ, राड़ रौ सांभळै कांनां नगारौ राठोड़।
—नींवाज ठाकुर स्री सांवंतसिंह रौ गीत
५ उदास, खिन्न, दुखी, अप्रसन्न। उ०—उर जीवण नहि आस, वास करम वाकी वसै। सो'रौ है नह सास, जिय दो'रौ थां विन 'जसा'।—ऊ.का.
६ मन में खटकने वाला, अप्रिय। उ०—१ दो'रौ लागै दोयणां, छक तोरौ उर छेक। सैणां मन सोरौ रहै, पदवी डोरौ पेख।
—जुगतीदांन देथौ
उ०—२ कर जोड़ै साजन कहूं, हाय कछू नहि हाथ। दो'रौ लागै देखतां, सोकड़ल्यां रौ साथ।—अज्ञात
७ नाराज। ज्यूं—आजकल वोलो कोयनी, म्हांसूं दो'रा हो कांई ?
८ वह (ऊंट आदि) जिस पर सवारी करना कष्टप्रद हो.
९ मुश्किल, कठिन. १० संकटपूर्ण, आपत्तिजनक।
रू०भे०—दुहरौ, दोरउ, दोहरौ।
विलो०—सो'रौ।

दोलक—देखो 'ढोलक' (रू.भे.)

दोलड़ो, द्रोलडो–वि० [सं० द्वि+रा०-लड़] (स्त्री० दोलड़ी, दोलडी) जिसमें दो लड़ें हों, दो-पंक्ति वाला। उ०—अंग अंग में दरपण री सी-दमक जिणसूं ग्रहणां री दोलडी तेलडी चोलडी चमक।
—र. हमीर

दोळलो–वि० [सं०] (स्त्री० दोळली) पास का, इर्द-गिर्द का।
उ०—इसै में भांगेसुर वणायजै छै। सू किण भांत छै? केसर री क्यारी-दोळली, वासग माथा री, थोहर रा विड़ा री, भाखर रा खुड़ा री, भूरै मोर री, काळै पांन री, आबू रा विहडां री, भमरमार, मिरघमाळ, लरियाळ चिडियाळ चोटड़ियाळ।—रा.सा.सं.

दोळां–क्रि०वि०—इर्द-गिर्द, चारों ओर। उ०—१ पालणै दोळां सरप लपटांणा छै।—देवजी बगड़ावत री वात
उ०—२ मुंह आगै निसंक सूं राड़ करां, नहीं तो दिखणी आय दोळां फिर जासी।—पदमसिह री वात
रू०भे०—दोळूं, दोळयां।

दोळाजंत्र–सं०पु० [सं० दोलायंत्र] अर्क निकालने का एक यंत्र विशेष जिसका प्रयोग प्रायः वैद्य करते हैं।
रू०भे०—डोलका जंत्र, डोला जंत्र।

दोलाजुध–सं०पु० [सं० दोलायुद्ध] वह युद्ध जिसमें बार-बार दोनों पक्षों की हार जीत होती रहे और जल्दी किसी एक पक्ष की जीत न हो।

दोळी–क्रि०वि०—इर्द-गिर्द, चारों ओर। उ०—तठै सांखली नूं ओलै राखी, उठै धारू जायो, तरै पीढ़ी एकी ऊपर राखियो, तठै साप रो बिल एक छै तिण मांहे सूं साप एक नीसर नै पीढी दोळी परदिखणा दे नै मोहर १ सोनो तोला पांच भर री मेल गयो।
—नैणसी

उ०—२ कैरां री भीटां गांव दोळी घणी थी तिकां री मोरचो लियो।
—सूरे खीवे री वात

वि०—समीप, निकट, पास।

दोळीकियो–सं०पु० [देश०] १ आभूषणों की खुदाई में दो तार शामिल खींचने का या कोरने का एक लोहे का औजार. २ पैर की उंगली पर धारण करने का आभूषण विशेष जो दो तारों से बनता है।

दोळूं—देखो 'दोळां' (रू.भे.)

दोळ–स०पु०—१ दांत, दंत (डिं.को.) २ देखो 'दोळै' (रू.भे.)

दोळै–क्रि०वि०—इर्द-गिर्द, चारों ओर। उ०—१ दोळै दूधाळू गळि-योड़ी गेरी। ढोळै ढळियोडी रतनां री ढेरी।—ऊ.का.
उ०—२ चोळै भड़ मेह वर्णै चत्रमास, दोळै पड़ि सास गर्णै जमदास। कटचा चक्र झाटक हेक रकाव, वर्णै चमचाटक वेग जवाब।—मे.म.

दोलोत्सव–सं०पु० [सं०] फाल्गुन की पूर्णिमा को होने वाला वैष्णवों का एक त्यौहार जिसमें ठाकुरजी को फूलों के हिंडोले में झुलाया जाता है।

दोळो–वि० (स्त्री० दोळी) समीप, पास, निकट।
उ०—इण खुडै ऊपर आय चढ़ियो देखै तो गाडर ब्याई ऊभी छै। नाहर दोय दोळा ऊभा छै सो नैड़ा नहीं आवण देवै छै।
—नापै सांखलै री वात

क्रि०वि०—इर्द-गिर्द चारों ओर। उ०—हे कंथ! घर रै दोळो घणी ई सांकड़ो दुसमणां रो घेरो है।—वी.स.टी.

दोवड़–सं०स्त्री० [सं० द्वि-पट] १ एक प्रकार की चादर जो कपड़े की दो परतों को एक दूसरी पर सी कर बनाई जाती है। इसके चारों ओर गोट लगी रहती है।
उ०—चढ़िये ही वड़ री साख सौं डोर बांधी नै घोड़ै सूं नीचै उतरिया। पासै दोवड़ थी तिका नीचै विछाई।—नैणसी
यौ०—दोवड़-चौवड़।
२ देखो 'दोवड़ो' (मह., रू.भे.) उ०—१ पग-पग बावल चूंरी खुदायी, दीनी दोवड़ दात। ओ ल्यो भावज घर आपणूं, मैं तो जावूं पियाजी रै देस।—लो.गी.
उ०—२ नव कोठां मझ एक तुक, लखजै चित्त लगाय। उरध अध-विचलो आखर दोवड़ वंच दिखाय।—र.ज.प्र.

दोवड़-चौवड़–वि०यौ० [सं० द्वि-पट] १ दो या चार तह वाला.
२ दुगुना-चौगुना। उ०—दूजा दोवड़-चौवड़ा, ऊंटकटाळउ-खांण। जिण मुखि नागर चेलियां, सो करहउ केकांण।—ढो.मा.

दोवड़ियो—देखो 'दोवड़ो' (अल्पा., रू.भे.)

दोवड़ी–वि०स्त्री०—२ दो तह की, दुहरी. ३ जिसमें दो लड़ें हों. ४ दो प्रकार की. ५ दुगुनी। उ०—थारा गुरूजी नै मुरक्यां दोवड़ी, थारी गुरांणी नै नोसर हार। वना सा थे यहां ई भणो जी।
—लो.गी.

सं०स्त्री०—दो तह किया हुआ वस्त्र।

दोवड़ी ताजीम–सं०स्त्री०यौ०—जोधपुर नरेश द्वारा सरदारों व सामन्तों को दिया जाने वाला सम्मान जिसमें महाराजा सामंत या सरदार के आने और लौटने पर दोनों बार खड़े होते थे।

दोवड़ो–वि० [सं० द्वि-पट] (स्त्री० दोवड़ी) १ दो तह का, दोहरा।
उ०—वण पड़दा दोवड़ा, वळै तह पंच विसाळा। सोभ कळंद्री ससी सिखर किर सांवण वाळा।—रा.रू.
२ जिसमें दो लड़ें हों. ३ दो प्रकार का. ४ द्वि, दो।
उ०—दीह इक साझिया प्रवाड़ा दोवड़ा, सिखर घर कीध सुरराय साता। ताय रच रूप औ ताप सवळी तणां, मारियो काळियो आय माता।—चौथ बीठू
५ दोनों ओर का। उ०—रत कहतां लोही वरससी। वेपुड़ी कहतां बादळ की परि वेपुडी वहै छै। सु दोवड़ा बादळा आम्हां-साम्हां हूया। तब कहै जु मेघ वरससी तैसै फौज परि वेपुडी वहै छै। सु जांणीजै जु रगति वरससी।—वेलि.टी.
६ दुगुना।
यौ०—दोवड़ो-कुरव।

सं०पु०—वह वस्त्र जो एक के ऊपर दूसरा सी कर तैयार किया गया हो, दो तह वाला वस्त्र। उ०—अंगिया है विसवास, चूड़ौ चित ऊजळौ। दुलड़ी दिल दरियाव, सांच कौ दोवड़ौ।—मीरां

अल्पा०—दोवड़ियौ।

मह०—दोवड़।

दोवड़ौ-कुरब, दोवड़ौ-कुरव—सं०पु०यौ० [सं० द्वि+अ० कुर्ब] राजा-महाराजाओं द्वारा अपने सरदारों और सामन्तों को दिया जाने वाला सम्मान विशेष जिसमें राजा सामन्त या सरदार के आने व जाने के समय दोनो वार खड़ा होता था। उ०—पीछे भाटी जैसलमेर रा साईदासजी नूं मा'राज रावताई री खिताब दियौ वा **दोवड़ौ-कुरब** दियौ अरु सिलै री पूजा दसरावै नूं ग्रै करावै। मा'राज री वडी मरजी।—द.दा.

दोवटी—सं०स्त्री० [सं० द्वि+पट+रा०प्र०ई] १ दो तह का ओढ़ने का एक वस्त्र जो मजबूत और गाढ़ा होता है. २ एक प्रकार का बिछाने का आसन विशेष (मेवाड़). ३ धोती।

उ०—जतन करै नहिं जीव का, तन मन पवना फेरि। दादू महंगे मोल का, द्वै **दोवटी** इक सेर।—दादू वांणी

४ एक प्रकार की मिठाई विशेष।

दोवणियौ—वि०—दूध दोहने वाला।

सं०पु०—१ दूध दुहने का पात्र. २ एक प्रकार का मिट्टी का पात्र।

दोवणौ, दोवबौ—१ देखो 'दूवणौ, दूवबौ' (रू.भे.)

उ०—लुगायां पौ'र रात लै'र ऊठती, आटौ पीसती, दोवण विलोवण री कांम करती अर दिनुंगां पै'लां-पै'लां तो वे चूला री कांम ई निवेड़ देती।—रातवासौ

२ देखो 'दुहवणौ, दुहवबौ' (रू.भे.)

३ देखो 'दूहणौ, दूहबौ' (रू.भे.)

दोवणहार, हारौ (हारी), दोवणियौ—वि०।

दोविश्रोड़ौ, दोवियोड़ौ, दोव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

दोवीजणौ, दोवीजबौ—कर्म वा०।

दोवळौ—क्रि०वि०—इर्द-गिर्द, चारों ओर।

दोवां, दोवांई—वि०—दोनों। उ०—१ पीछै दूजै दिन निवाब साथ सूं रावजी रै डेरां पर चलाय आयौ। अरु रावजी साथ सारै सूं सांमां गया। तठै वेढ़ हुवण लागी, **दोवां** फौजां रा मुहमेळा हुवा नै घोड़ां री वाग ऊठी।—द.दा.

उ०—२ नै ठाकुरजी री दरसण कियौ **दोवांई**।—द.दा.

दोवाई—देखो 'दूवारी' (रू.भे.)

दोवाड़णौ, दोवाड़बौ—देखो 'दुवाणौ, दुवाबौ' (रू.भे.)

दोवाड़णहार, हारौ (हारी), दोवाड़णियौ—वि०।

दोवाड़ियोड़ौ, दोवाड़ियोड़ौ, दोवाड़चोड़ौ—भू०का०कृ०।

दोवाड़ीजणौ, दोवाड़ीजबौ—कर्म वा०।

दोवाड़ियोड़ौ—देखो 'दुवायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० दोवाड़ियोड़ी)

दोवाणौ, दोवाबौ—देखो 'दुवाणौ, दुवाबौ' (रू.भे.)

दोवाणहार, हारौ (हारी), दोवाणियौ—वि०।

दोवायोड़ौ—भू०का०कृ०।

दोवाईजणौ, दोवाईजबौ—कर्म वा०।

दोवायोड़ौ—देखो 'दुवायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० दोवायोड़ी)

दोवारी—देखो 'दूवारी' (रू.भे.)

दोवावणौ, दोवावबौ—देखो 'दुवाणौ, दुवाबौ' (रू.भे.)

दोवावणहार, हारौ (हारी), दोवावणियौ—वि०।

दोवाविश्रोड़ौ, दोवावियोड़ौ, दोवाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

दोवावीजणौ, दोवावीजबौ—कर्म वा०।

दोवावियोड़ौ—देखो 'दुवायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० दोवावियोड़ी)

दोवियोड़ौ—देखो 'दूवियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० दोवियोड़ी)

दोवै—वि०—दोनों।

दोस—सं०पु० [सं० दोष] १ अवगुण, ऐब. २ बुराई, खराबी।

उ०—कर प्रगट **दोस** खंडण करूं, धीठ रोस मत धारज्यौ। आज री वखत भूंडौ अमल, वडपण राज विचारज्यौ।—ऊ.का.

३ कलंक, लांछन। उ०—समर तजण सूं सोगुणौ, दुरंग तजण री **दोस**।—बां.दा.

क्रि०प्र०—आणौ, देणौ, लगाणौ।

४ आरोप, अभियोग। उ०—१ आदि तूज थी ऊपना, जग जीवण सह जीव। ऊंच नीच घर अवतरण, दां कइं **दोस** दईव।—ह.र.

उ०—२ ओळंभा दीजइ कुणह रइ रे, कुणिहि दीजइं **दोस**। हीराणंद इम ऊचरइ रे, कीजइ मनि संतोस।—विद्याविलास पवाडउ

५ गलती, अपराध, कसूर। उ०—१ **दोस** नहीं थारा में दोसत, **दोस** तिहारी दाई नै। नाळा सार्थं नाड न काटी, धाई रांड वधाई नै।—ऊ.का.

उ०—२ सखी भणइ—सांमिणि हिव सुणउ। एह **दोस** नवि कुणह तणउ।—विद्याविलास पवाडउ

६ नुक्स, खराबी, कमी. ७ पाप, पातक।

उ०—एक दिन चरचा करतां सवाईरांम नै······कह्यौ—थे म्हांनै दोसीला कहौ, पिण थांरा गुरां नै पिण किंवारिया री **दोस** लागै छै।—भि.द्र.

८ तर्क के अवयवों का प्रयोग करने में होने वाली नव्य न्याय की त्रुटि. ९ साहित्य में वे बातें जिनसे काव्य के गुण में कमी हो जाती है। राजस्थानी में यह दस प्रकार का होता है।

(अ) अंध-दोस; (आ) छत्रकाळ-दोस; (इ) हीण-दोस; (ई) निनंग-दोस; (उ) पांगळी-दोस; (ऊ) जाति विरुद्ध दोस; (ए) अपस-

दोस; (ऐ) नाळछेद-दोस; (ओ) पखतूट-दोस; (औ) बहरी-दोस.
१० शरीर में रहने वाले वात, पित्त और कफ जिनके कुपित होने से शरीर में विकार अथवा व्याधि उत्पन्न होती है (वैद्यक)
११ भागवत के अनुसार आठ वसुओं में से एक का नाम.
१२ तीन की संख्या*। १३ दस की संख्या*। १४ देखो 'दो' (रू.भे.)

रू०भे०—दोख, दोखण, दोसण, दोसौ, दोह।

दोसग्राही-सं०पु० [सं० दोसग्राहिन्] दुष्ट, दुर्जन।

दोसजांण-सं०पु० [सं० दोषज्ञ] १ वैद्य, हकीम, चिकित्सक.
२ दोषों को जानने वाला।

दोसण-वि० [सं० दोषण] १ दोष उत्पन्न करने वाला, दोष-जनक.
२ देखो 'दूसण' (रू.भे.) ३ देखो 'दोस' (रू.भे.)
उ०—काढै दोसण कायवां, वातां दिए विगोय। पूछै अरथरु पहलियां, सूंव मजाकी सोय।—बां.दा.

दोसत-सं०पु० [फा० दोस्त] १ मित्र, स्नेही। उ०—जळ छांणें दिन जीम ही, नीली वस्त न खाय। दोसत हूं देतां दगौ, कसर न राखै काय।—बां.दा.
२ वह जिससे अनुचित सम्बन्ध हो, यार।
रू०भे०—दोस्त।

दोसतदार-सं०पु०यौ० [फा० दोस्त+दार] दोस्त, मित्र, स्नेही।
रू०भे०—दोस्तदार।

दोसतदारी-सं०स्त्री०यौ० [फा० दोस्त+दारी] दोस्ती, मित्रता।
रू०भे०—दोस्तदारी।

दोसतांनौ-वि० [फा० दोस्ताना] मित्रता का, दोस्ती का।
सं०पु०—१ मित्रता, दोस्ती. २ मित्रता का व्यवहार।
रू०भे०—दोस्तांनौ।

दोसती-सं०स्त्री० [फा० दोस्ती] १ मित्रता, दोस्ती।
उ०—दगौ दियौ कर दोसती, ठग जाहर सब ठाह। बांणण जाया 'बांकला', कहै महाजन काह।—बां.दा.
२ अनुचित सम्वन्ध।
रू०भे०—दोस्ती।

दोसपौ-सं०पु० [फा० दो अस्प] १ वह सैनिक जिसके पास दो निजी घोड़े हों। उ०—क्रोड़ इनांम दांम फिर कीधा। दोय अस सहंस दोसपा दीधा।—रा.रू.
२ दो घोड़ों की डाक।
रू०भे०—दुअसपह, दुअसपौ।

दोसहटी-सं०स्त्री० [सं० दौष्यिक+हट्ट] वह स्थान जहां कपड़े के व्यापारियों की दुकानें हों, कपड़ा बाजार। उ०—सितिरि खांन बुहुतिरि ऊबरा अनि मीर; जे नगर मांहइ, सोनहटी, दोसीहटी, वुद्धिहटी, अनेक फडीआ फोफलीआ सोनार।—व.स.

दोसा-सं०स्त्री० [सं० दोषा] १ रात्रि, रात (डिं.को.)
२ संध्या. ३ भुजा, बांह।

दोसाकर-सं०पु० [सं० दोषाकर] चंद्रमा, शशि (डिं.को.)

दोसिकापण—देखो 'दौष्यिकापण' (रू.भे.) उ०—अथ नगर प्रासाद प्रतोळी राजकुळ देवकुळ त्रिक चउक। चच्चर राजमारगि गंधिकापण दोसिकापण सूपकार हट्ट।—व.स.

दोसी-सं०पु० [सं० दौष्यिक] कपड़े का व्यापारी (व.स., उ.र.)
उ०—१ दोसी वुहरइ अति घणा वस्त्र, सुभट भला ते चहइ सस्त्र। एक वइठा कहइ कथकल्लोल, एक वइठा वीकइ मंजीठ चोळ।
—नळ-दवदंती रास
उ०—२ फडीया दोसी नइ जवहरी, नांमि नेस्ती कांमइ करी। विवध वस्तु हाटे पांमीइ, छत्रीसइ किरियांणां लीइ।—कां.दे प्र.
वि० [सं० दोषिन्] १ जिसमें ऐब या बुराई हो, जिसमें दोष हो.
२ कसूरवार, अपराधी. ३ पापी. ४ मुजरिम, अभियुक्त।

दोसूती-सं०स्त्री० [सं० द्वि+सूत्र] दुहरे ताने की बनी एक प्रकार की मोटी चादर।

दोसौ—देखो 'दोस' (रू.भे.) उ०—वचन तुम्हारौ मैं कियौ, अपने केहौ दोसौ रे। स्वाद करी जीमस्यां हियैं, करस्यां केहौ सोसौ रे।
—प.च.चौ.

दोस्त—देखो 'दोसत' (रू.भे.)

दोस्तदार—देखो 'दोसतदार' (रू.भे.)

दोस्तदारी—देखो 'दोसतदारी' (रू.भे.)

दोस्तांनौ—देखो 'दोसतांनौ' (रू.भे.)

दोस्ती—देखा 'दोसती' (रू.भे.)

दोह—१ देखो 'दो' (रू.भे.) २ देखो 'दो'' (रू.भे.)
३ देखो 'दोस' (रू.भे.)
देखो 'दोख' (रू.भे.)

दोहखी—देखो 'दोखी' (रू.भे.)

दोहग-सं०पु० [सं० दौर्भाग्य] १ वियोगजनित दुःख।
उ०—मन मिळिया तन गड्डिया, दोहग दूरि गयाह। सज्जण पांणी खीर ज्यूं, खिल्लोखिल्ल थयाह।—ढो.मा.
२ दुर्भाग्य। उ०—१ प्रणम्यां सहु पीड़ा दुरि पुळै, छळ छिद्र उपद्रव को न छळै। दुख दोहग दाळिद दूर दळै, मन वंछित लीला आइ मिळै।—घ.व.ग्रं.
उ०—२ जोयण जोयण आंतरइ रे, पावड़साळां आठ रे। आठ जोयण ऊँचौ देखतां रे, दुख दोहग जायइं नाठि रे।—स.कु.
३ वैधव्य. ४ संकट, आपत्ति। उ०—वुद्धिवंत वादळ राइ ने, पूछे स्त्री पतिसाहि रे भाई। सलांम करि बैठौ निसैं, आलिम हुओ उच्छाहि रे भाई। 'लालचंद' कहै वुधि थकी, दोहग दूर पुलाई रे भाई।
—प.च.चौ.

रू०भे०—दोहग्ग, दोहग्गु।

दोहग्ग दोहग्गु—देखो 'दोहग' (रू.भे.)
उ०—तह न रोगु दोहग्गु नह, तह मंगळ कल्लांण। जे जिणवल्ह

गुरु नमइ, तिन्नि संभ सुविहांण ।—षष्टिशतक प्रकरण

दोहडउ–वि० [सं० द्रोहाटः] द्रोह रखने वाला, द्रोही, शत्रु (उ.र.)

दोहण–सं०पु० [सं० दोहनम्] १ गाय, भैंस आदि पशुओं को दुहने की क्रिया या भाव. २ । उ०—खत्या खेसलिया भाखलिया खांधै । वेभड़ दांमोदर चांमोदर बांधै । मुखिया मन मोहण दोहण घर मेढ़ी । गोढै ढेरो ह्वै खूंणी में गेढ़ी ।—ऊ.का.

दोहणी–सं०स्त्री० [सं० दोहनी] १ वह बर्तन जिसमें दूध दुहा जाता है, दूध दुहने की हँडिया । उ०—नंद री वेन नै लेहती नूंजणी । दोहती वेसतो वीछले दोहणी ।—रुखमणी हरण

२ हँडिया । उ०—तन टूटो कुटका हुई, रती न मांनी संक । खेत खरै मन थिरि रहै, रै दोहणी निसंक ।—ह.पु.वा.

३ दूध दुहने का कार्य ।

दोहणौ, दोहबौ—देखो 'दूवणौ, दूवबौ' (रू.भे.)

दोहणहार, हारौ (हारी), दोहणियौ—वि० ।

दुहवाड़णौ, दुहवाड़बौ, दुहवाणौ, दुहवाबौ, दुहवावणौ, दुहवावबौ, दुहाड़णौ, दुहाड़बौ, दुहाणौ, दुहाबौ, दुहावणौ, दुहावबौ—प्रे०रू० ।

दोहिम्रोड़ौ, दोहियोड़ौ, दोह्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

दोहीजणौ, दोहीजबौ—कर्म वा० ।

दोहतौ—देखो 'दोहथौ' (रू.भे.)

(स्त्री० दोहती)

दोहथी करोती–सं०स्त्री० [सं० द्वि+हस्त+कर पत्र] वह आरी जिसमें दोनों ओर से पकड़ कर दो मनुष्य चलाते हैं ।

दोहथौ–वि० [सं० द्वि+हस्त] (स्त्री० दोहथी) १ जिसके दो हाथ हों । २ जिसको पकड़ने के लिए दो हत्थे हों ।

दोहर-कूटौ–सं०पु०यौ० [देश०] व्यभिचार के जुर्म में सांसी जाति में पंचों द्वारा दिया जाने वाला दंड । इसमें पुरुष अगर जाति में रहना चाहता है तो उसे भोज देना पड़ता है और उपस्थित जाति के व्यक्ति की जूतियां सिर पर उठा कर दौड़ना पड़ता है । पीछे से लोग चूरमे के लिए सेके गये आटे के गोल खंड फेंक कर मारते हैं ।

दोहरीपट–सं०स्त्री०—कुश्ती का एक पेंच ।

दोहरीसखी–सं०स्त्री०—कुश्ती का एक पेंच ।

दोहरौ–वि० [सं० द्वि+रा० हरौ] (स्त्री० दोहरी) १ दो परत या तह का. २ दुगुना. ३ दोनों पक्ष का, दोनों ओर का, दोनों ओर झुकने वाला । उ०—होठ वुद्धि जेह ने हुवइ रे लाल, दोहरी केही वात रे सरागी । लालचंद कहि वुद्धि थकी रे लाल, बादळ खेलइ घात रे ।—प.च.चौ.

रू०भे०—दोहरौ ।

४ देखो 'दो'रौ' (रू.भे.)

उ०—१ जीव तळवळाटा लैणा मांडिया । वीरमदे-वाहिरी घणी दोहरी छै ।—वीरमदे सोनिगरा री वात

उ०—२ तावडी तप से वरसायत रा दिन छै । घोड़ा दोहरा होय छै ।—कुंवरसी सांखला री वारता

उ०—३ उठी जाया घोड़ली पिलांण, दोहरौ है बाई रौ सासरौ ।—लो.गी.

दोहलउ–सं०पु० [सं० दोहल:] इच्छा, अभिलाषा, चाहना ।

उ०—द्राक्षा तणी आकांक्षा किम मह फीटइ, सरकरा तणी सद्धा किम गुळि त्रूटइं, अम्रित काजि किम कांजी पीजइ, दुग्धत्रिस्णा किम तक्रि विलीजइ, आंबा तणउ दोहलउ किम आंविलीइं पूजइ ।—व.स.

दोहलौ—देखो 'दूहौ' (अल्पा., रू.भे.)

दोहां–वि० [सं० द्वि] दोनों, उभय । उ०—केहरी तणा जमरांण मचतै कदळि, दुम्रै कर जोड़ियां खड़ी दोहां । पुकारै जवांनी नेस दिस पधारौ, लाजि आखै हमैं वाजि लोहां ।—लिखमीदास व्यास

दोहाई— १ देखो 'दुहाई' (रू.भे.) २ देखो 'दूवारी' (१, २) (रू.भे.)

दोहाग—देखो 'दुहाग' (रू.भे.) उ०—राज वचण न दीधौ । बीजो, तैं कूंभै री मा नै दोहाग दीधौ । जे तैं कूंभै री मा नै रात दीनी हुवंत तौ इसड़ो रतन २-४ पैदा हुवंत, तौ घर भलौ दीसंत ।—नैणसी

विलो०—सोहाग ।

दोहागण, दोहागिण, दोहागिणि—देखो 'दुहागण' (रू.भे.)

उ०—१ उच्चर आज स उत्तरउ, सीय पड़ेसी थट्ट । सोहागिण घर आंगणइ, दोहागिण रइ घट्ट ।—ढो.मा.

उ०—२ ता किम जाइ तनु-थिकी, माधव ! माहरु मोह ? दोहागिणि देखी दुखी, स्वांमि ! चढाविन सोह ।—मा.कां.प्र.

विलो०—सोहागण, सोहागिण, सोहागिणी ।

दोहागियौ—देखो 'दुहागी' (अल्पा., रू.भे.) उ०—द्राढ़मंडळ कोढै गळया, दीसंता विकराळ । सेवक तास दोहागिया, राध रुधिर परनाळ ।—स्रीपाळ रास

(स्त्री० दोहागिण)

विलो०—सोहागियौ ।

दोहागी—देखो 'दुहागी' (रू.भे.)

(स्त्री० दोहागिण)

विलो०—सोहागी ।

दोहाड़णौ, दोहाड़बौ—देखो 'दुवाणौ, दुवाबौ' (रू.भे.)

दोहाड़णहार, हारौ (हारी), दोहाड़णियौ—वि० ।

दोहाड़िम्रोड़ौ, दोहाड़ियोड़ौ, दोहाड़्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

दोहाड़ीजणौ, दोहाड़ीजबौ—कर्म वा० ।

दोहाड़ियोड़ौ—देखो 'दुवायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० दोहाड़ियोड़ी)

दोहाणौ, दोहाबौ—देखो 'दुवाणौ, दुवाबौ' (रू.भे.)

दोहाणहार, हारौ (हारी), दोहाणियौ—वि० ।

दोहायोड़ौ—भू०का०कृ० ।

दोहाईजणौ, दोहाईजबौ—कर्म वा० ।

दोहायोड़ौ—देखो 'दुवायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० दोहायोड़ी)

दोहारी—देखो 'दूवारी' (रू.भे.)

दोहाळ कुंडळियौ-सं०पु०यौ०—डिंगल के 'कुंडळिया' छंद का एक भेद विशेष।

वि०वि०—'दोहाळ कुंडळिया' में प्रथम एक दोहा तत्पश्चात चौबीस चौबीस मात्राओं के छ चरण रखे जाते हैं तथा दोहे के चौथे चरण का पांचवें चरण में सिंहावलोकन होता है। प्रायः प्रथम चरण और अंतिम चरण एक ही होता है।

दोहाळौ—१ देखो 'दुम्राळौ' (रू.भे.)

२ देखो 'दुहेलौ' (१, २) (रू.भे.)

३ देखो 'दोहिलौ' (रू.भे.) ४ देखो 'द्वाळौ' (रू.भे.)

दोहावणौ, दोहावबौ—देखो 'दुवाणौ, दुवावौ' (रू.भे.)

दोहावणहार, हारौ (हारी), दोहावणियौ—वि०।

दोहाविम्रोड़ो, दोहावियोड़ो, दोहाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

दोहावीजणौ, दोहावीजबौ—कर्म वा०।

दोहावियोड़ौ—देखो 'दुवायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० दोहावियोड़ी)

दोहि-वि०—दोनों।

दोहिता—देखो 'दुहिता' (रू.भे.)

दोहिती-सं०स्त्री० [सं० दौहित्री] १ पुत्री की पुत्री, बेटी की बेटी, नातिन।

रू०भे०—दुहीतरी, दुहोतरी, दोइतरी, दोइती, दोईतरी, दोईती, दोईत्री, दोयतरी, दोयती, दोयत्री, दोह्रीतरी, दोहीती, दोहीत्री।

दोहितौ-सं०पु० [सं० दौहित्रः] (स्त्री० दोहिती) १ पुत्री का बेटा, बेटी का लड़का। उ०—रावजी थाळ बैठा तद हरभू रौ बेटौ और दोहितौ दोनूं खड़ा था।—नापे सांखले री वारता

रू०भे०—दुहीतरौ, दुहोतरौ, दोइतरौ, दोइतौ, दोईतरौ, दोईतौ, दोईत्रौ, दोयतरौ, दोयतौ, दोयत्रौ, दोहीत, दोहीतरौ, दोहीतौ, दोहीत्रौ।

दोहियोड़ौ—देखो 'दूवियोड़ौ' (रू.भे.)

दोहियोड़ौ—देखो 'दूवियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० दोहियोड़ी)

दोहिलउ, दोहिलउ, दोहिलुं, दोहिलु, दोहिलू, दोहिलौ-वि० [सं० दुःख, प्रा० दुक्ख, अप० दुह+रा०प्र०इलौ अथवा सं० दुर्लभ, अप० दुल्लह+रा०प्र०इलौ वर्णव्यत्य] (स्त्री० दोहिली) १ दुखी, पीड़ित।

उ०—१ बेटा रहिं इकु मांनइ जाग, माथइ फाड देई इकि मागइ भाग। बेटा पाखइ इक दोहिलउं धरइं, बेटे छते इकि वढ़ि दढ़ी मरइं।
—चिहुंगति चउपई

उ०—२ आवू परवत रूयड़उ आदीसर, उंचउ गाउ सारत रे आदीसर देव। पाजइ चढ़तां दोहिलउ आदीसर, पणि पुण्य नी घणी वात रे आदीसर देव।—स.कु.

उ०—३ कीरति कहो किम हारिये, दोहिली जे जग मांहे रे। कन्या देतां जस रहै, तो जस गमीयै काहे रे।—स्रीपाळ रास

उ०—४ सीत सहंतां दोहिलु, तन सहू धूजइ तेणि। आलिंगन थी ऊतरइ, सूतां पति-संगेण।—मा.कां.प्र.

२ कठिन, मुश्किल। उ०—मोहन नेमि मिळाय दे रे लाल, नेह नवो न खमाय हे सहेली! दिन पिण जातां दोहिलौ रे लाल, जमवारो किम जाय हे सहेली।—ध.व.ग्रं.

३ खिन्न, उदास। उ०—सुविधि जिणंद तुम्हारी, मोनइ सूरति लागै प्यारी हो, जिनवर अरज सुणो। अरज सुणो इण वेळा, दोहिला छइ फिर फिर मेळा हो।—वि.कु.

४ दुष्कर। उ०—तुं सुकमाळ सोहामणउ, दोहिलउ संजम भार। बोल विचारी वोलियइ, संजम दुक्कर कार।—कविवर स्रीसार

५ विकट। उ०—जन्मेजय ना जाग-मंहि, आंणिउ सिं न अस्तिक? विरह-भुअंगम दोहिलु, विस वधारइ हीक।—मा.कां.प्र.

रू०भे०—दुहिलउ, दुहिलौ, दुहुलूं, दुहेलउ, दुहेलु; दुहेलू, दुहेलौ, दूहेलौ।

दोही-वि० [सं० द्वि] दोनों।

दोहीत—देखो 'दोहितौ' (रू.भे.)

उ०—१ वरदायक सतियां वचन, मांनै नांनी माय। गई सदन दोहीत नै, पालणियै पौढ़ाय।—पा.प्र.

उ०—२ अचळदासजी नूं निवळौ सो घाव हुतौ अर ऊभौ हुतौ, वीदावतां रौ दोहीत हुतौ सु उवां ऊगरै ऊगरै, अचळदास ऊगरै, इम कहि अर अचळदास मोनगिरौ इम उगारियौ।—द.वि.

दोहीतरी—देखो 'दोहिती' (रू.भे.)

दोहीतरौ—देखो 'दोहितौ' (रू.भे.) उ०—तिण वकरी सूं मैं अर निवापा म्हारै दोय दोहीतरा गुजरांन करै था सो मार खाधी।
—नी.प्र.

(स्त्री० दोहीतरी)

दोहीती—देखो 'दोहिती' (रू.भे.)

दोहीतौ—देखो 'दोहितौ' (रू.भे.)

उ०—रांणो मोकळ लाखावत, राव चूंडा री बेटी हंसबाई रौ, राव चूंडा रौ दोहीतौ, तिण नूं चाचै मेरै रांणा खेतै रै बेटां खातण रै पेट रां मारियौ। पछै चाचौ मेरौ पई रै डूंगरै चढ़िया। तिकै घेर नै राव रिणमल मारिया।—नैणसी

(स्त्री० दोहीती)

दोहीत्रउ—देखो 'दोहितौ' (रू.भे.) (उ.र.)

दोहीत्री—देखो 'दोहिती' (रू.भे.)

दोहीत्रौ—देखो 'दोहितौ' (रू.भे.)

उ०—राव सुदरसण जगदेव रौ। मांन खींवावत रौ दोहीत्रौ।
—नैणसी

(स्त्री० दोहीत्री)

दोहुवै-वि०—दोनों।

दोहूँ—वि०—दोनों ।

दोहो—देखो 'दूहो' (रू.भे.)

दौं-सं०स्त्री० [सं० दावाग्नि] दावाग्नि । उ०—तीज त्रिगुण रस घेरिके, ब्रह्म अगनि में जारि । दौं लागी दरिया जले, तुरिया भेद विचारि ।—ह.पु.वा.

दौंनो-सं०पु०—कूआ खोदने का कार्य आरम्भ करने की क्रिया ।

मि० 'चोव' (३,५)

दौ-सं०पु०—१ योद्धा, सुभट. २ युद्ध. ३ प्राण. ४ काम, कार्य, (एका.)

वि०—दरिद्र (एका.)

दौड़-सं०स्त्री० [सं० धोरण, धोर्] १ दौड़ने की क्रिया या भाव । वह गति जिसमें साधारण से अधिक वेग हो ।

यौ०—दौड़-धूप, दौड़ा-दौड़ी ।

२ द्रुतगति, वेग । ३ गति की सीमा, पहुँच । उ०—१ मियां री दौड़ मसजिद तांई ।

उ०—२ पड़दै घालो पातरां, ठावी ठावी ठौड़ । परणीं नूं नह पेटियो, देखो बुध री दौड़ ।—बां.दा.

मुहा०—अकल री दौड़, बुध री दौड़, मन री दौड़—बुद्धि की पहुँच ।

४ प्रयत्न, कोशिश ।

मुहा०—दौड़ करणी, दौड़ दौड़णी—प्रयत्न करना, कोशिश करना ।

५ परिश्रम, मेहनत. ६ आक्रमण, धावा । उ०—१ सिर मांडव गुजरात सिर, दळ सभ कीधी दौड़ । उण 'सांगा' रौ बैसणो, चंगो गढ़ चीतौड़ ।—बां.दा.

क्रि०प्र०—करणी ।

७ देखो 'दौर' (रू.भे.)

दौड़को-वि० [सं० धोर्+रा०प्र०को] (स्त्री० दौड़की) तेज दौड़ने वाला ।

दौड़णो, दौड़बो-क्रि०अ० [सं० धोरणम्] १ चलने की साधारण चाल से द्रुत गमन करना, अधिक वेग से चलना, द्रुत गति से चलना ।

उ०—सज्जण चाल्या हे सखी, दिस पूगळ दौड़ेह । सायधण लाल कवांण ज्यउं, ऊभी कड़ मोड़ेह ।—ढो.मा.

२ कोशिश करना, प्रयत्न करना, परिश्रम करना ।

मुहा०—दौड़ता घोड़ा दाळ पावै, दौड़ता घोड़ा रातब पावै—दौड़ने वाले घोड़ों को ही दाल मिलती है । परिश्रम या प्रयत्न करने पर फल अवश्य मिलता है । प्रयत्नशील ही पुरस्कृत होता है ।

३ व्याप्त होना, छा जाना, फैलना । उ०—१ लालच री दौड़ै लहर, भवन वियां घन भाळ । बैठी थावर बारमों, कांधै आंण कराळ ।—बां.दा.

४ चढ़ाई करना, आक्रमण करना । उ०—१ संमत १६९२ प्रथीराज, अखैराज दळपतोत राव उदैसिंघ वाघोत रै दावै हमीरां-भाटियां ऊपर दौड़िया हुता ।—नैणसी

उ०—२ रांणै री फौजां पण मारवाड़ ऊपर दौड़ै, फजिया हुवै, थांणा मारजै ।—नापै सांखलै री वारता

५ लूट खसोट करना, बरबाद करना । उ०—१ उण दिनां में कछवाहा अर लाडखांनी नागोर नूं उजाड़ करै । तद केसरीसिंह कागद लाडखांनियां नूं रावजी कन्हे मेलिया—जे थे मोटा सगा छौ, ठाकर छौ, उजाड़ माफ करौ । जे कोई भूखो छै तो अठै आवो । अठै पांच सेर जुवार छै सो बांट खास्यां, पण उजाड़ मत करो । तिण पर मास एक तो कोई दौड़िया नहीं ।

—अमरसिंह राठौड़ री वात

उ०—२ जिणां दिनां में खंडेलै निरवांण रिड़मल मालक है । सू करणावाटी वा बीकानेर री धरती रो घणो बिगाड़ कियो । अरु सदा दौड़ै । तद मालम रावजी स्रीबीकैजी सूं हुई कै रिड़मल निरवांण देस रो बिगाड़ करै है ।—द.दा.

६ सहसा प्रवृत्त होना, झुक पड़ना ।

ज्यूं—थे आगली-पाछली विचारो कोयनी, थोड़ी'क बात हूं तांई लारै दौड़ पड़ो ।

दौड़णहार, हारो (हारी), दौड़णियो—वि० ।

दौड़ाड़णो, दौड़ाड़बो, दौड़ाणो, दौड़ाबो, दौड़ावणो, दौड़ावबो

—प्रे०रू०

दौड़िओड़ो, दौड़ियोड़ो, दौड़्योड़ो—भू०का०कृ० ।

दौड़ीजणो, दौड़ीजबो—भाव वा० ।

द्रउड़णो, द्रउडबो, द्रवड़णो, द्रवड़बो—रू०भे० ।

दौड़-धपाड़, दौड़-धूप, दौड़-भाग-सं०स्त्री०यौ०—१ किसी कार्य के लिए इधर-उधर फिरने की क्रिया या भाव. २ प्रयत्न, कोशिश उद्योग ।

क्रि०प्र०—करणी, होणी ।

दौड़ादौड़, दौड़ादौड़ी-सं०स्त्री०यौ०—१ बहुत से लोगों की एक साथ इधर-उधर दौड़ने की क्रिया ।

क्रि०प्र०—होणी ।

२ दौड़-धूप. ३ हड़बड़ी, आतुरता ।

क्रि०प्र०—लागणी, होणी ।

दौड़ाड़णो, दौड़ाड़बो—देखो 'दौड़ाणो, दौड़ाबो' (रू.भे.)

दौड़ाड़णहार, हारो (हारी), दौड़ाड़णियो—वि० ।

दौड़ाड़िओड़ो, दौड़ाड़ियोड़ो, दौड़ाड़्योड़ो—भू०का०कृ० ।

दौड़ाड़ीजणो, दौड़ाड़ीजबो—कर्म वा० ।

दौड़णो, दौड़बो—अक०रू० ।

दौड़ाड़ियोड़ो—देखो 'दौड़ायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० दौड़ाड़ियोड़ी)

दौड़ाणो, दौड़ाबो-क्रि०स० [सं० धोरणम्] १ मामूली चाल से तेज चलाना, अधिक वेग से गमन कराना, द्रुतगति से चलाना.

२ कोशिश कराना, प्रयत्न कराना, परिश्रम कराना. ३ व्याप्त कराना, फैलाना. ४ चढ़ाई कराना, आक्रमण कराना. ५ लूट-खसोट

करःना, बरवाद कराना. ६ सहसा प्रवृत्त कराना, भुकाना।
दौड़ाणहार, हारौ (हारी), दौड़ाणियौ—वि०।
दौड़ायोड़ौ—भू०का०कृ०।
दौड़ाईजणौ, दौड़ाईजवौ—कर्म वा०।
दौड़णौ, दौड़वौ—अक०रू०।
दौड़ाड़णौ, दौड़ाड़वौ, दौड़ावणौ, दौड़ाववौ, द्रवड़ाड़णौ, द्रवड़ाड़वौ, द्रबड़ाणौ, द्रवड़ावौ, द्रवड़ावणौ, द्रवड़ाववौ—रू०भे०।

दौड़ायोड़ौ–भू०का०कृ०—१ अधिक वेग से गमन कराया हुआ, द्रुतगति से चलाया हुआ, साधारण चाल से तेज चलाया हुआ. २ प्रयत्न कराया हुआ, कोशिश कराया हुआ. ३ प्राप्त किया हुआ, फैलाया हुआ. ४ चढ़ाई कराया हुआ, आक्रमण कराया हुआ. ५ लूट-खसोट कराया हुआ, बरबाद कराया हुआ. ६ सहसा प्रवृत्त किया हुआ, भुकाया हुआ।
(स्त्री० दौड़ायोड़ी)

दौड़ावणौ, दौड़ाववौ—देखो 'दौड़ाणौ, दौड़ाबौ' (रू.भे.)
दौड़ावणहार, हारौ (हारी), दौड़ावणियौ—वि०।
दौड़ाविग्रोड़ौ; दौड़ावियोड़ौ, दौड़ाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।
दौड़ावीजणौ, दौड़ावीजवौ—कर्म वा०।
दौड़णौ, दौड़वौ—अक०रू०।

दौड़ाविग्रोड़ौ—देखो 'दौड़ायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० दौड़ावियोडी)

दौड़ियोड़ौ–भू०का०कृ०—१ चलने का साधारण चाल से द्रुतगमन किया हुआ. २ कोशिश किया हुआ, प्रयत्न किया हुआ, परिश्रम किया हुआ. ३ व्याप्त हुवा हुआ, छाया हुआ, फैला हुआ. ४ चढ़ाई किया हुआ, आक्रमण किया हुआ. ५ लूट-खसोट किया हुआ, बरबाद किया हुआ. ६ सहसा प्रवृत्त हुवा हुआ, भुका हुआ।
(स्त्री० दौड़ियोड़ी)

दौड़ौ–सं०स्त्री०—घोड़े के पैरों की आवाज, टाप।

दौड़ौ–सं०पु० [अ० दौर अथवा सं० धोरणम्] १ आक्रमण, धावा।
उ०—१ ऊपर वरस छयाळौ आयौ, वाधै असुरां जोर सवायौ। जवनां काजम वेग सजोड़ा, देस मुरद्धर मांडै दौड़ा।—रा.रू.
उ०—२ कर दौड़ां दिस कमधजां, गौ मेड़तै सिताव। मोहकम रौ मन मेळवा, मिळ पूछियौ जवाव।—रा.रू.
उ०—३ अै पण पहियड़ रै डूंगरां चढ़िया। दौड़ा करै, पण जोर कोई लागै नहीं।—नैणसी
क्रि०प्र०—करणौ।
२ समय-समय पर होने वाला आगमन, सामयिक आना जाना।
ज्यूं०—अठै वारोटियां रा दौड़ा पाछा पड़ण लागा है।
मुहा०—दौड़ौ पड़णौ—आक्रमण होना, धावा होना।
३ अफसर का अपने क्षेत्र में जांच-पड़ताल के हेतु किया जाने वाला भ्रमण, निरीक्षण के लिए घूमना।
क्रि०प्र०—करणौ।
मुहा०—दौड़ौ आणौ—निरीक्षण के हेतु भ्रमण का समय या तकाजा आना. २ दौड़ौ पड़णौ—निरीक्षण के लिए भ्रमण का समय आना. ३ दौड़ा मातै रैणौ, दौड़ा में रैणौ—जांच-पड़ताल या देख-भाल के लिए अपने मुख्य स्थान से बाहर रहना या होना. ४ चारों ओर घूमने की क्रिया, चक्कर, भ्रमण।
क्रि०प्र०—करणौ।
५ चौकसी के उद्देश्य से इधर-उधर जाने या घूमने की क्रिया, गश्त, फेरा।
क्रि०प्र०—करणौ।
६ किसी ऐसे रोग का लक्षण प्रकट होना जो समय-समय पर होता हो, आवर्त्तन।
ज्यूं०—दिल रौ दौड़ौ पड़णौ, मिरगी रौ दौड़ौ पड़णौ।
मुहा०—दौड़ौ पड़णौ—रोग के लक्षण प्रकट होना।
रू०भे०—दौर, दौरौ।

दौढ़—देखो 'डौढ' (रू.भे.)

दौढ़ी—देखो 'डौढी' (रू.भे.) उ०—ताहरां दस दौढ़ी छै। नव दौढ़ियै तौ मरद वैसै छै। दसमी दौढ़ां स्त्रियां वैसै।—सयणी री वात

दौढ़ीदार—देखो 'डौढीदार' (रू.भे.) उ०—जोगावत जीवण जुध जांमळ। बदरीदास पिराग महावळ। सोभावत कुळ गुणां सवायां। दौढ़ीदार सार दरसायां।—रा.रू.

दौढौ–सं०पु० [सं० द्वि अर्द्ध (क), अप० डि-अड्ढ] १ 'रघुवरजसप्रकास' के अनुसार राजस्थानी का एक गीत (छंद) जिसके प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण में प्रत्येक में चौदह-चौदह मात्राएं होती हैं, अंत में रगण होता है व तुकान्त मिलता है। चतुर्थ व अष्टम चरण में प्रत्येक में बारह मात्राएं होती हैं जिनके अंत में गुरु लघु होता है और तुकान्त मिलता है। पंचम, षष्ठम् तथा सप्तम चरण मे भी चौदह-चौदह मात्राएँ होती हैं जिनके अन्त में रगण होता है और तुकान्त मिलता है।

मतान्तर में 'रघुनाथरूपक' के अनुसार इसी गीत (छंद) के प्रथम और द्वितीय चरण में चौदह-चौदह मात्राएँ होती हैं तथा अंत में रगण युक्त तुकान्त मिलता है। इसी प्रकार पंचम और षष्ठम चरण भी होते हैं। तृतीय व सप्तम चरण में प्रत्येक में सोलह सोलह मात्राएँ होती है। चतुर्थ एवं अष्टम चरण में अंत में गुरु लघु युक्त दस-दस मात्राएं होती हैं तथा तुकान्त मिलता है।
२ 'पिंगळसिरोमणि' के अनुसार राजस्थानी का वह गीत (छंद) जिसमें छः द्वाले हों. ३
४ देखो 'डौढौ' (रू.भे.)

दौढौ-कुंडळियौ–सं०पु०—राजस्थानी का एक छंद विशेष जिस में प्रथम छ चरण, १३,११. १३,११. १३,११. १३,११. १३,११. १३,११. मात्राओं के क्रमशः होते हैं। अन्तिम दो चरण उल्लाला के होते हैं

जिनमें क्रमशः १५,१३. १५,१३ मात्राएं होती है।

दौनौं, दौनो—१ देखो 'दूनौ' (रू.भे.)

२ देखो 'दोनौं' (रू.भे.)

दौफार—देखो 'दोपहर' (रू.भे.)

दौफारी—देखो 'दोपारी' (रू.भे.)

दौयरद—देखो 'द्विरद' (रू.भे.) (ह.नां.)

दौर–स०पु० [अ०] १ फेरा, चक्कर, भ्रमण. २ दिनों का फेर, कालचक्र। उ०—आगै खत्री अपत नर्सा कस हुयगा नांमी। कहां अगूंणौ दौर जाय आथूणी जांमी। समझावां सौ वार जिके समझण नह जांणै। दिन ऊंवै रै दौर तिकै नित ऊंधी तांणै।—ऊ.का.

३ प्रताप, प्रभाव, हकूमत। उ०—विहसंतौ निज वदन वीरारस वेस रौ। दीपायौ हद दौर मुरधर देस रौ।—किसोरदांन बारहठ

४ शान-शौकत।

५ बढ़ती का समय, अभ्युदय काल।

यौ०—दौर-दौरौ।

६ आकार, ढंग। उ०—दीसै बायर दौर, जळियोड़ा छांणा ज्यूंही। तन रौ सारौ तौर, जो लेग्यौ थारौ 'जसा'।—ऊ.का.

७ पहुँच। उ०—तुरक कहै मक्का भला, जहां साहिब की ठौर। हिंदू जाय मथुरा वस्या, यही हिंदु की दौर।—ह.पु.वा.

८ पुरुषों के पहनने का एक वस्त्र विशेष (वागा) का छोर।

उ०—१ अर आप मगरां सूं ढाल खोल माथा ऊपर लीवी। वागे रा दौर ऊपर टांक लिया छै।—कुंवरसी सांखला री वारता

उ०—२ हुय हैरांन पलांणं हयवर, ताता खड़ै ओर ही तौर। अपणा चित राखै आगारौ, दुम ऊपर वागा री दौर।—अज्ञात

९ वारी, पारी।

मुहा०—दौर चलणा, दौर पड़णा—शराब के प्याले का वारी वारी से सब के सामने लाया जाना. १० वार, दफा।

ज्यूं—तीजै दौर में सारौ कांम पूरौ ह्वै जासी।

११ देखो 'दौर' (रू.भे.) (अ.मा.)

उ०—उरध लिलाड़ नीर भव आंखैं, नाक कीर छिब न्यारी। दंत भुजा वक्ष दौर धीर धर, उर तसवीर उतारी।—ऊ.का.

१२ देखो 'दौड़' (रू.भे.) १३ देखो 'दौड़ौ' (रू.भे.)

दौर-दौरौ–सं०पु०यौ० [अ० दौर] अत्यधिक प्रभाव।

दौरांण—देखो 'दौरांन' (रू.भे.)

दौरांणी—देखो 'देरांणी' (रू.भे.)

उ०—भाभी को देवर लाडलो दौरांणी ये आयो ढळती सी रात। भाभी के आगगो जाणो छोड द्यो मारुजी मर जाऊं जहर विख खाय। मरस्यो तो जास्यो जीवसूं मारुणी ये भाभी म्हारै जिवड़ा को हार। नखराळी ये भाभी म्हारी सेजां को सिणगार।—लो.गी.

दौरांन–सं०पु० [फ़ा० दौरान] १ सिलसिला, झोंक. २ फेरा, वारी, पारी. ३ कालचक्र, दिनों का फेर. ४ दौरा, चक्र।

रू०भे०—दौरांण।

दौरौ—देखो 'दौड़ौ' (रू.भे.)

दौळ–क्रि०वि—चारों ओर, चहुँ ओर। उ०—कंत घणी ही सांकड़ो, घेरौ घर रै दौळ। वाभी देखण हुळसै, सेलां री घमरोळ।—वी.स.

दौलत–सं०स्त्री० [अ०] १ धन, संपत्ति। उ०—१ दौलत आंणै दूर सूं, अंग बणै अदनाह। वड़ा प्रपंची वांणिया, वाघ गऊ बदनाह।
—बां.दा.

उ०—२ पह 'अजमाल' परताप, प्रसिद्ध दौलत इण पाई। वार वार कीरत करै, जांणै सब लोक बडाई।—सू.प्र.

२ राज्य, सत्ता, हकूमत। उ०—थे मोटा आदमी कारणीक म्हारी दौलत में छौ तिण सूं हिमै सवाया छौ।—नी.प्र.

३ परिभ्रमण। उ०—दिल ऊजळ नर ऊजळ, लखिन ऊजळ सिर लेखीय। दौलत दौलत मिळि न, लगी दो लत द्रिढ लेखीय।—र.ज.प्र.

४ भाग्य, नसीब।

रू०भे०—दउलत, दउलती, दौलति, दौलती।

यौ०—दौलतखांनौ, दौलतवंत।

दौलतखांनौ–सं०पु०यौ० [अ० दौलत+फ़ा० खानः] निवास-स्थान, घर।

वि०वि०—इस शब्द का प्रयोग दूसरे के घर के लिए सम्मानार्थ होता है। अपने घर के लिए गरीबखांनौ शब्द का प्रयोग होता है।

दौलतमंद–वि०यौ० [अ० दौलत+फ़ा० मंद] धनवान, सम्पन्न।

उ०—सैणां नूं मसलत नूं पेसकार दौलतमंदां रौ कहियौ छै।
—नी.प्र.

दौलतमंदी–सं०स्त्री०यौ० [अ०+फ़ा] धनाढ्यता, सम्पन्नता।

दौलतवंत, दौलतवंती, दौलतवांन–वि०यौ० [अ० दौलत+सं० वंत] १ धनी, सम्पन्न. २ भाग्यशाली। उ०—निरमळ कमळ सकोमळ नारी। सुत देसळ गाअैं स विचारी। वारंगनाह सती विकसंती। दौलतवंती दाड़िमदंती।—ल.पिं.

रू०भे०—दौलतिवंत।

दौलति—देखो 'दौलत' (रू.भे.)

उ०—सरिख रित पति दिपती सूरति। द्वारि संपति वधति दौलति।
—ल.पिं.

दौलतिवंत—देखो 'दौलतवंत' (रू.भे.)

उ०—अनेक सत्रूकार, सत धरम रा राखणहार, खैराइतां रा करणहार, धजबंधी कोड़ीधज लाखेसरी दौलतिवंत चौरंग लिखमी रा लाडिला, लोक वडा वापारी, वहवारिया. सोदागर, वहरांम संद, साहूकार घणा सुख चैन सूं वसै छै।—रा.सा.सं.

दौलती–वि० [अ० दौलत+रा०प्र०ई] १ धनी, सम्पन्न।

२ भाग्यशाली। उ०—दळ सकल पासि निरमळ कमळ दौलती। पह सगह विरिद वह खाटणौ लखपत्ती।—ल.पिं.

३ देखो 'दौलत' (रू.भे.) उ०—१ सोळ सिणगार सज्या, बीजा सघळा कांम तज्या, हाथ नी रूड़ी, विहु वाहि खळकि चूड़ी, लघुलाघवी

कळा, मन कीधा मोकळा, चित्त नी उदार, अति घणुं दातार, दौलती हाथ, परमेसर देजे तेह नो साथ।—व.स.

उ०—२ किया रवांना दौलती, वीसळनंद विगोय। क्रपण हिया मँह कांगसी, नहि फेरे नर-लोय।—वां.दा.

दौलेय—सं०पु० [सं०] १ दस दिग्गजों में से कुमुद नामक दिग्गज (वं.भा.) २ कछुआ, कच्छप।

दौवारिक—सं०पु० [सं०] द्वारपाल। उ०—अनेक गणनायक दंडनायक राजेस्वर तलवर माडंवीक कोटंविक मंत्रि महामंत्रि गणक दौवारिक अमात्य चेटक।—व.स.

दौस्यिकापण—सं०पु० [सं० दौष्यिकापण] कपड़े के व्यापारी की दुकान, कपडा बाजार। उ०—भाडागारिक कोस्टाकार सत्राकार मठ विहार प्रपामंडप देसमंडप त्रिक चतुस्क चत्वर चतुस्पथ राजमारग गांधिकापण दौस्यिकापण सोवरण्णकार।—व.स.

रू०भे०—दोसिकापण।

दौहित्र—देखो 'दोहितौ' (रू.भे.)

दौहित्रो—देखो 'दोहितौ' (रू.भे.)

दौहित्रौ—देखो 'दोहितौ' (रू.भे.)

(स्त्री० दौहित्री)

द्यउ—वि० [सं० द्वि] एक और एक दो।

द्यणो, द्यवौ—देखो 'देणो, देवौ' (रू.भे.) उ०—कुंभां, द्यउ नइ पंखड़ी, थांकउ विनउ वहेसि। सायर लंघी प्री मिळउं, प्री मिळि पाछी देसि।—ढो.मा.

द्यांणूं, द्यांणौ—देखो 'दाहिणौ' (रू.भे.) उ०—१ सासूड़ी, मनै वांवीं तीतर वोल्यौ, अेक द्यांणी बोली कोचरी।—लो.गी.

उ०—२ जंवाईड़ा, तनै द्यांणूं तीतर बोल्यौ रे क, मेरी लाडो ना चलै।—लो.गी.

उ०—३ पहलो तौ पग जोरै पागड़ै में दीनौ रे काळै मूं की कोय-लड़ी कसूणी बोली रे। मोड़ौ वतळायौ, हंसता-खेलता वैरी जोरे ने ले चाल्या रे। बांई बोली कोचरी, खर द्यांणौ बोल्यौ रे, मोड़ौ वतळायौ।—लो.गी.

(स्त्री० द्यांणी)

द्यानतदार—देखो 'दयांनतदार' (रू.भे.)

द्यामणौ—देखो 'दयावणौ' (रू.भे.) उ०—१ एहवां वचन द्यामणां वोलइ, विहुं करि पीटइ आप। केहां जनम तणां इणि वेळां, आवी लागां पाप।—कां.दे.प्र.

उ०—२ जाग्यु खग ते झाल्यु जांणी, मांडूं अति आक्रंद। सर सघळी पंखी बहु वोली, दीन द्यांमणी मंद।—नळाख्यांन

(स्त्री० द्यामणी)

द्याड़ो, द्याढ़ि—देखो 'दिवस' (रू.भे.)

उ०—वाडवि वात कही विस्तरी, दमयंती वर वरसि खरी। मांनी वारता साची सही, एकि द्याडि आव्या वही।—नळाख्यांन

द्याळ, द्याळु—देखो 'दयाळु' (रू.भे.)

द्यावड़—सं०स्त्री०—चर्खे में माल के टिकाव के लिए घेरे (रहँट) की पंखड़ियों के मध्य बांधी जाने वाली डोरी, जतनी।

द्यु—सं०पु० [सं०] १ दिन. २ आकाश. ३ स्वर्गलोक. ४ सूर्यलोक. ५ अग्नि।

द्युग—सं०पु० [सं०] आकाश में गमन करने वाला पक्षी।

द्युगण—सं०पु० [सं०] ग्रहों की मध्यगति के साधक अंग, दिन।

द्युचर—सं०पु० [सं०] १ ग्रह. २ पक्षी।

द्युज्या—सं०स्त्री० [सं०] अहोरात्र वृत्त की व्यास रूप ज्या।

द्युत—सं०पु० [सं द्युत्] किरण (नां.मा.)

द्युति—देखो 'दुति' (रू.भे.)

द्युतिकर—वि० [सं०] प्रकाश उत्पन्न करने वाला, चमकने वाला।

द्युतिधर—वि० [सं०] प्रकाश या कांति को धारण करने वाला।

द्युतिमंत, द्युतिमांन—वि० [सं० द्युतिमत्] प्रकाशवान्, चमकीला।

द्युतिमा—सं०स्त्री० [सं० द्युति+रा०प्र०मा] प्रकाश, तेज, प्रभा।

द्युन—सं०पु० [सं०] लग्न से सातवां/स्थान।

द्युनिस—सं०पु० [सं० द्युनिश] अहर्निश, रातदिन।

द्युपति—सं०पु० [सं०] १ सूर्य, भानु. २ इंद्र।

द्युपथ—सं०पु० [सं०] आकाशमार्ग।

द्युमण—सं०पु० [सं० द्युम्न] धन, द्रव्य (ह.नां.)

द्युमणि—सं०पु० [सं०] १ सूर्य, भानु. २ मंदार. ३ शोधा हुआ तांबा।

द्युलोक—सं०पु० [सं०] स्वर्गलोक।

द्यूत—सं०पु० [सं०] जुआ।

द्यूतभेद—सं०पु० [सं०] ७२ कलाओं में से एक (व.स.)

द्यूतविसेस—सं०पु० [सं० द्यूतविशेष] ६४ कलाओं में से एक।

द्यून—सं०पु० [सं०] लग्न स्थान से सातवीं राशि।

द्यो—सं०पु० [सं०] १ स्वर्ग. २ आकाश, व्योम. ३ शतपथ ब्राह्मण।

द्योत—देखो 'दुति' (रू.भे.) (अ.मा.)

द्योरांणी—देखो 'देरांणी' (रू.भे.)

द्योस—देखो 'दिवस' (रू.भे.)

द्यौ—वि० [सं० द्वि] एक और एक, दो।

द्यौस—देखो 'दिवस' (रू.भे.) उ०—द्यौस न राति जाति नहि कोई, अब या जाति छोत ले ओई।—ह.पु.वा.

द्रंग—सं०पु० [सं०] १ नगर, शहर। उ०—१ माह महारस मयण सव, अति ऊलहइ अनंग। मो मन लागौ मारवण, देखण पूगळ द्रंग।—ढो.मा.

उ०—२ सूरातन जांही घणइ सूरातन, ईसर तणा वाधिया अंग। प्रळय काळ हुसी ताइ प्रिथमी, द्रोही तणा थरकिया द्रंग।—महादेव पारवती री वेलि

२ देखो 'दुरग' (रू.भे.) ३ देखो 'द्रग' (रू.भे.)

उ०—सोधी राजकुंवारी री द्रंग आंखियां प्रफुलित होय जचा रै तापणै (सिघड़ी) माथै पड़ै।—वी.स.टी.

रू०भे०—ध्रंग।

अल्पा०—द्रंगड़ौ, धींगड़ौ, धोगड़ौ, ध्रंगड़ौ।

मह०—धींगड़।

द्रंगड़ौ—देखो 'द्रंग' (अल्पा., रू.भे.) उ०—मतिवाळा घूमै नहीं, नहं घायल कणणाय। वाळूं सखी ऊ द्रंगड़ौ, भड़ बापड़ा कहाय। —हा.झा.

द्रंगी—सं०पु०—एक प्रकार का अशुभ घोड़ा जिसके मुख का रंग श्वेत तथा उस पर धब्बे होते हैं। ऐसा घोड़ा अशुभ माना जाता है (शा.हो.)

द्रउडणौ, द्रउडबौ—देखो 'दौड़णौ, दौड़बौ' (रू.भे.)

उ०—भीमु भोडंतउ जमराणतडे, कूटइ कुरववीर। पाडइ द्रउडउ भेटवइ, बांधीय बोलइ नीरि।—प.पं.च.

द्रकक्षेप, द्रकखेप—सं०पु० [सं० दृक्क्षेप] १ दृष्टिपात, अवलोकन.

२ दशम लग्न के नतांश की भुज ज्या जिसका कार्य सूर्य ग्रहण के स्पष्टीकरण में होता है।

द्रकनति—सं०स्त्री० [सं० दृङ्नति] ग्रहण स्पष्ट करने में पर्वान्तकालीन सूर्य, चंद्र स्पष्ट करते हैं तथा वे भूगर्भाभिप्राय से एक सूत्र में आ जाते हैं पर भू-पृष्ठाभिप्राय (दृश्य) से नहीं आते तब भूपृष्ठाभिप्राय से उन्हें एक सूत्र में लाने के लिये किया जाने वाला याम्योत्तर संस्कार।

द्रकपथ—सं०पु० [सं० दृकपथ] दृष्टि का मार्ग दृष्टि की पहुँच।

द्रकपात—सं०पु० [सं० दृकपात] दृष्टिपात, अवलोकन।

द्रकस्रुति—सं०पु० [सं० दृक्श्रुति] सांप।

द्रखद—सं०पु० [सं० दृषद] पत्थर, पाषाण (ह.नां.)

रू०भे०—द्रसद।

द्रग—सं०पु० [सं० दृग] १ आंख, नयन, लोचन।

उ०—१ देखै अमीर अणधीर द्रग, नरपत रूप अनंग रै। सब कहै न को 'अजमाल' सम, अवर साल 'अवरंग' रै।—रा.रू.

उ०—२ वेरा वैरागर सागर सम सोभा। रीती गागर लै नागर तिय रोभा। धावै द्रग धारा दारा मुख धोवै। जीवन संजीवन जीवन धन जोवै।—ऊ.का.

२ देखने की शक्ति।

३ दो की संख्या*।

रू०भे०—द्रंग, द्रिग, द्रगन।

द्रगपाळ—देखो 'दिग्पाळ' (रू.भे.)

उ०—१ दामोदर तूझ दसै द्रगपाळ, किता इक पार न जांणै काळ। उमा तो पार अगम्म अलेख, लखम्मी तूझ न जांणे लेख।—ह.र.

उ०—२ द्रगपाळ कंद करसी दुफलि, इसौ तेज दरसावियौ। रवि सिंह'र प्रगट हुय जेण, 'अभमल' बाहर आवियौ।—सू.प्र.

द्रगगोचर—वि० [सं० दृग्गोचर] जो आंख से दिखाई दे।

द्रगगोळ—सं०पु० [सं० दृग्गोल] वह वृत्त जिसे ऊर्ध्व और अध स्वस्तिक में होता हुआ कल्पित कर के जिस ओर ग्रहों का उदय होता है उस ओर घुमा कर उनकी स्थिति का पता लगाया जाये।

द्रग्ज्या—सं०स्त्री० [सं० दृग्ज्या] दृक् मंडल या दृग्गोल के ख-स्वस्तिक से जो ग्रह जितना लटका रहता है उसे नतांश कहते हैं और इसी नतांश की ज्या (दृग्ज्या कहलाती है)।

द्रग्लंवण, द्रग्लंवन—सं०पु० [सं० दृग्लंवन] ग्रहण स्पष्ट करने में जब सूर्य, चंद्र गर्भाभिप्राय से एक सूत्र में आ जाते हैं परन्तु पृष्ठाभिप्राय से एक सूत्र में नहीं आते, तब उन्हें पृष्ठाभिप्राय से एक सूत्र में लाने के लिए किया जाने वाला पूर्वापर संस्कार।

द्रजीत—देखो 'इंद्रजीत' (रू.भे.)

उ०—उगार बभीखण कीध अभीत, दिधी तैं लंक अलोध दईत। दसानन कुंभ अजीत द्रजीत, संघारिय लंक बहोड़िय सीत।—ह.र.

द्रजोण—देखो 'दुरयोधन' (रू.भे.)

उ०—अफारा पारंभ वाळा डिगै सीस सेस वाळा! महावीर डिगै जो द्रजोण वाळो मांण।—प्रभूदान मोतीसर

द्रठा—सं०स्त्री० [सं० दृश्य] आंख, नयन (अ.मा.)

द्रठि—देखो 'द्रस्टि' (रू.भे.)

उ०—नाहो नयण समारिया, उरि आरी सु लेइ। द्रठि लगेसी मारुई, क्युं क्युं जितन करेइ।—ढो.मा.

द्रडवडणौ, द्रडवडबौ—

उ०—मठ देवकुळ खडहडत पाडतउ, चतुस्पद दडवड द्रडवडतउ, घलहल घ्रित तैल भोजन ढोळतउ।—व.स.

द्रडवडियोड़ौ—भू०का०कृ०—

(स्त्री० द्रडवडियोड़ी)

द्रढ़—वि० [सं० दृढ़] १ जो ढीला या शिथिल न हो, जो कस कर बंधा हो, प्रगाढ़. २ जो जल्दी न टूटे-फूटे, ठोस, कड़ा, कठोर।

उ०—द्रढ़ दंत दब्बि देखत दुसार। आवत न पार दुख सिंधु पार। आपकी इजाजति चहत अग्ग। मुरधरा जाण को देहु मग्ग।—ऊ.का.

३ बलवान, बलिष्ठ, पुष्ट. ४ जो जल्दी दूर, नष्ट या विचलित न हो सके, स्थायी। उ०—गावै नित सूर सकत्त गणेस। सदा द्रढ़ ध्यांन धरै सिध सेस। वदै मुनि चारण देव विसेस। आदेस आदेस आदेस आदेस।—ह.र.

५ निश्चित, ध्रुव, पक्का।

ज्यूं—वात द्रढ़ करणी।

६ कड़े दिल का, निडर. ७ ढीठ।

सं०पु०—१ लोहा. २ विष्णु. ३ धृतराष्ट्र का एक पुत्र.

४ तेरहवां मनु।

रू०भे०—डिड, दढ़, दिढ़, द्रिढ़।

द्रढ़करमी—वि० [सं० दृढ़कर्म्मन्] (स्त्री० द्रढ़करमी) स्थिरता और धैर्य के साथ काम करने वाला।

द्रढ़मूठी—वि० [सं० दृढ़+मुष्टिका] कंजूस, कृपण (डि.को.)

द्रढ़क्षत्र, द्रढ़खत्र—सं०पु० [सं० दृढ़क्षत्र] धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम।

द्रढ़णौ, द्रढ़बौ—क्रि०स० [सं० दृढ़] १ प्रगाढ़ करना, मजबूत करना.

२ पक्का करना।

क्रि०अ०—३ पुष्ट या मजबूत होना, कड़ा होना।
द्रढ़णहार, हारौ, (हारी), द्रढ़णियौ—वि०।
द्रढ़िग्रोड़ौ, द्रढ़ियोड़ौ, द्रढ़्योड़ौ—भू०का०कृ०।
द्रढ़ीजणौ, द्रढ़ीजबौ—कर्म वा०, भाव वा०।

द्रढ़तरु-सं०पु० [सं० दृढ़तरु] धव का पेड़।

द्रढ़ता-सं०स्त्री० [सं दृढ़ता] १ दृढ़ होने का भाव, दृढ़त्व. २ पक्कापन. ३ मजबूती. ४ डांवाडोल न होने का भाव, विचलित न होने का भाव, स्थिरता।
उ०—पर-दुख मेटण काज, द्रढ़ता मेरी नित रहै। तींसू आयौ आज, क्षुधा दुख तूं ना लहै।—सिंघासण बत्तीसी
रू०भे०—द्रिढ़ता।

द्रढ़न्वौ-सं०पु० [सं० दृढ़धन्वन्] धनुष चलाने में दृढ़।

द्रढ़नाम-सं०पु० [सं० दृढ़नाम] वाल्मीकि के अनुसार अस्त्रों की एक रोक।

द्रढ़नेत्र-सं०पु० [सं० दृढ़नेत्र] विश्वामित्र के चार पुत्रों में से एक।

द्रढ़नेमि-वि० [सं० दृढ़नेमि] जिसकी धुरी मजबूत हो।

द्रढ़व्रत्ती-सं०पु० [सं० दृढ़व्रती] भीष्मपितामह।

द्रढ़भूमि-सं०स्त्री० [सं० दृढ़भूमि] एक अभ्यास जिससे मन एकाग्र और स्थिर हो जाता है (योगशास्त्र)

द्रढ़मन्न-वि०यौ० [सं० दृढ़+मन] स्थिर चित का, दृढ़।

द्रढ़लोम-वि० [सं० दृढ़लोमन्] (स्त्री० द्रढ़लोमी) जिसके रोंयें या बाल कड़े हों।
सं०पु०—सूअर।

द्रढ़वंत-वि० [सं० दृढ़वंत] १ दृढ़, स्थिर। उ०—विजपाळ रांम केहर विकट्ट, भीमेण रांम फतमल सुभट्ट। हरिभांण नाथ भाराथ हांम, द्रढ़वंत सांम पेखे दुगांम।—रा.रू.
२ वीर, सुभट।

द्रढ़वरमा-सं०पु० [सं० दृढ़वर्म्मन्] धृतराष्ट्र के एक पुत्र का नाम (महाभारत)

द्रढ़व्य-सं०पु० [सं० दृढ़व्य] एक ऋषि।

द्रढ़व्रत-सं०पु० [सं० दृढ़व्रत] स्थिर संकल्प।

द्रढ़स्यु-सं०पु० [सं० दृढस्यु] अगस्त्य ऋषि का लोपामुद्रा के गर्भ से उत्पन्न पुत्र।

द्रढ़ांग-वि० [सं० दृढ़ांग] (स्त्री० दृढ़ांगी) दृढ़ अंग वाला, हृष्ट-पुष्ट।

द्रढ़ा-वि०स्त्री० [सं० दृढ़ा] १ शक्तिशालिनी, बलवान।
उ०—दीरघा लघु वपु द्रढ़ा, सवेही रूप, विरूपा। वकळा सकळा व्रजा, उपावण आप आपुपा।—देवि.
२ दृढ़, मजबूत. ३ कठोर।

द्रढ़ाड़णौ, द्रढ़ाड़बौ—देखो 'द्रढ़ाणौ, द्रढ़ाबौ' (रू.भे.)
द्रढ़ाड़णहार, हारौ (हारी), द्रढ़ाड़णियौ—वि०।
द्रढ़ाड़िग्रोड़ौ, द्रढ़ाड़ियोड़ौ, द्रढ़ाड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।
द्रढ़ाड़ीजणौ, द्रढ़ाड़ीजबौ—कर्म वा०।
द्रढ़णौ, द्रढ़बौ—अक० रू०।

द्रढ़ाड़ियोड़ौ—देखो 'द्रढ़ायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० द्रढ़ाड़ियोड़ी)

द्रढ़ाणौ, द्रढ़ाबौ-क्रि०स० [सं० दृढ़] १ दृढ़ करना, मजबूत करना. २ पक्का करना, निश्चित करना।
द्रढ़ाणहार, हारौ (हारी), द्रढ़ाणियौ—वि०।
द्रढ़ायोड़ौ—भू०का०कृ०।
द्रढ़ाईजणौ, द्रढ़ाईजबौ—कर्म वा०।
द्रढ़णौ, द्रढ़बौ—अक० रू०।
द्रढ़ाड़णौ, द्रढ़ाड़बौ, द्रढ़ावणौ, द्रढ़ावबौ—रू०भे०।

द्रढ़ायु-सं०पु० [सं० दृढ़ायु] १ तृतीय मनु सावर्णि का एक पुत्र. २ उर्वशी के गर्भ से उत्पन्न ऐल राजा का पुत्र (महाभारत)

द्रढ़ायोड़ौ-भू०का०कृ०—१ दृढ़ किया हुआ, मजबूत किया हुआ. २ पक्का किया हुआ, निश्चित किया हुआ।
(स्त्री० द्रढ़ायोड़ी)

द्रढ़ाव-सं०पु० [सं० दृढ़] १ दृढ़ता, स्थिरता, मजबूती। उ०—जोर दिखायौ साह री, फोर घरै प्रसताव। घर घर हूंदा मांझियां, कर कर वात द्रढ़ाव।—रा.रू.

द्रढ़ावणौ, द्रढ़ावबौ—देखो 'द्रढ़ाणौ, द्रढ़ावौ' (रू.भे.)
द्रढ़ावणहार, हारौ (हारी), द्रढ़ावणियौ—वि०।
द्रढ़ाविग्रोड़ौ, द्रढ़ावियोड़ौ, द्रढ़ाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।
द्रढ़ावीजणौ, द्रढ़ावीजबौ—कर्म वा०।
द्रढ़णौ, द्रढ़बौ—अक० रू०।

द्रढ़ावियोड़ौ—देखो 'द्रढ़ायोड़ौ' (रू.भे.)

द्रढ़ासण, द्रढ़ासन-सं०पु० [सं० दृढ़ासन] योग के चौरासी आसनों के अंतर्गत एक आसन जिसमें बांयें हाथ की ठेउनी से मोड़ कर सिर के नीचे रखना और अंडकोस न दबे इस ढंग से दोनों पांवों को लंबा कर के बांयी करवट सोना होता है। इससे स्वप्न बहुत कम आते है। हाथ और पार्श्व के हेर-फेर से इसका दूसरा प्रकार दक्षिणासन भी कहलाता है।

द्रढ़ासु-सं०पु० [सं०] एक सूर्य वंशी राजा का नाम (सू.प्र.)
उ०—धुंधमार तणै उपजै द्रढ़ासु।—सू.प्र.

द्रढ़ियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ प्रगाढ़ किया हुआ, मजबूत किया हुआ. २ पक्का किया हुआ. ३ पुष्ट या मजबूत हुवा हुआ, कड़ा हुवा हुआ।
(स्त्री० द्रढ़ियोड़ी)

द्रढ़ै-क्रि०वि० [सं० दृढ़] दृढ़ता से। उ०—वदै तव नांम लखम्मण-वीर। नरां त्यां घात लगै नहिं नीर। द्रढ़ै तव नांम सु अक्खर दोय। नैड़ो रह प्रांण नियारौ न होय।—ह.र.

द्रढ़वाळी-सं०स्त्री० [सं० दृढ+आलुच् प्रत्य] दृढ़ता, स्थिरता।
उ०—जेता बोल बोलै तेता दे संभाळी। वच्चने वच्चने दिए द्रढ़वाळी।—ना.द.

द्रतहर-सं०पु० [सं० दृतिहरि] १ बैल (ह.नां.). २ वह पशु जिस पर पानी का पखाल लाद कर लाया जाता हो ।

द्रप-वि० [सं० दर्प] घमंडी । उ०—सियाळू ऊनाळू विमळ वरसाळू सब सुखी । दयाळू हो देवा भजन बिन भेवा द्रप दुखी ।—ऊ.का.

द्रपक-सं०पु० [सं० दर्पक] कामदेव (अ.मा.)

द्रपण—देखो दप्पण' (रू.भे.)

द्रपतयो-सं०पु०—काव्य छंद का भेद विशेष ।

द्रब-सं०पु० [सं० द्रव्य] १ चांदी, रजत (अ.मा.)

२ देखो 'द्रव्य' (रू.भे.) (नां.मा., डि.को)

उ०—१ पग पगां संपड़ै आंख संपड़ै क अर्थ, भूखे अख संपड़ै जेम लोभी द्रब लद्धै ।—ज.खि.

उ०—२ जो 'दुरगे' द्रब मांगियौ, प्रथम न दीनौ साह । च्यार किसत कीधी चलू, दिखण हुंदै राह ।—रा.रू.

द्रबउभेळ-वि० [सं० द्रव्य+रा० उभेळ] दातार (अ.मा.)

द्रबक्कणौ, द्रबक्कबौ-क्रि०अ०—कंपना ।

उ०—टरं माट मेवाड़, वळे पाहाड़ द्रबक्कं । आंकरै अरवद्द, सीस देवड़ां चमक्कं ।—गु.रू.ब.

द्रबड़णौ, द्रबड़बौ—देखो 'दौड़णौ, दौड़बौ' (रू.भे.)

द्रबड़णहार, हारौ (हारी), द्रबड़णियौ—वि० ।

द्रबड़िग्रोड़ौ, द्रबड़ियोड़ौ, द्रबड़्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

द्रबड़ीजणौ, द्रबड़ीजबौ—भाव वा० ।

द्रबड़ाड़णौ, द्रबड़ाड़बौ—देखो 'दौड़ाणौ, दौड़ावौ' (रू.भे.)

द्रबड़ाड़णहार, हारौ (हारी), द्रबड़ाड़णियौ—वि० ।

द्रबड़ाड़िग्रोड़ौ, द्रबड़ाड़ियोड़ौ, द्रबड़ाड़्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

द्रबड़ाड़ीजणौ, द्रबड़ाड़ीजबौ—कर्म वा० ।

द्रबड़ाड़ियोड़ौ—देखो 'दौड़ायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० द्रबड़ाड़ियोड़ी)

द्रबड़ाणौ, द्रबड़ाबौ—देखो 'दौड़ाणौ, दौड़ावौ' (रू.भे.)

द्रबड़ाणहार, हारौ (हारी), द्रबड़ाणियौ—वि० ।

द्रबड़ायोड़ौ—भू०का०कृ० ।

द्रबड़ाईजणौ, द्रबड़ाईजबौ—कर्म वा० ।

द्रबड़ायोड़ौ—देखो 'दौड़ायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० द्रबड़ायोड़ी)

द्रबड़ावणौ, द्रबड़ावबौ—देखो 'दौड़ाणौ, दौड़ावौ' (रू.भे.)

द्रबड़ावणहार, हारौ (हारी), द्रबड़ावणियौ—वि० ।

द्रबड़ाविग्रोड़ौ, द्रबड़ावियोड़ौ, द्रबड़ाव्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

द्रबड़ावीजणौ, द्रबड़ावीजबौ—कर्म वा० ।

द्रबड़ावियोड़ौ—देखो 'दौड़ायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० द्रबड़ावियोड़ी)

द्रबत्रिया-सं०स्त्री० [सं० द्रव्य+स्त्री] गनिका, वेश्या (अ.मा.)

द्रब्ब—देखो 'द्रव्य' (रू.भे.) उ०—दळ बळ तुरंग गज ससत्र द्रब्ब । समपिया साह तोरा सरब्ब ।—सू.प्र.

द्रब्बघर-सं०पु०यौ० [सं० द्रव्य+गृह] खजाना, भण्डार ।

द्रमंकणौ, द्रमंकबौ-क्रि०अ० [देश०] गर्जन होना, ध्वनि होना, आवाज होना । उ०—१ नाचे हर-सुत मोर द्रमंके खोह गुंजातां । कोयां जिण रा जांण चांनणी धोळ सुहातां ।—मेघ.

उ०—२ आभ झरंती बूंद बिचाळै चातक झंपै । डार बुगलियां वांम निदेसण साजन जंपै । मांनै तौ एहसांण द्रमंके भांमण डरती । हळफळती धव अंग मिळै गळवत्थां भरती ।—मेघ.

द्रमकणौ, द्रमकबौ—रू०भे० ।

द्रमंकौ-सं०पु० [देश०] धमका, गर्जन । उ०—नाग द्रमंकां की पड़ै, नागण धर मचकाय । इण रा भोगणहार जे, आज भिड़ांणा आय ।
—वी.स.

द्रम-सं०पु० [देश०] १ प्रचण्ड वायु. २ वेग या आंधियों के कारण निरन्तर बदलते रहने वाले टीबों का मरु-प्रदेश. २ मरुस्थल की वह भूमि जिसमें मनुष्य, जानवर आदि धँस जाता है ।

उ०—तिकै जैसळमेर था कोस २५ आथवण नूं मंगळीका-थळ छै, तठै रहै छै । वा ठौड़ मंगळीका थळ कहावै छै । तठै द्रम छै । सु भोमियो होय सु डांडी आवै । असैंधो डांडी टळै सु घोड़ो असवार गरक हु जाय ।—नैणसी

[सं० द्रम्म] ३ तोल का नाप विशेष ।

४ देखो 'द्रुम' (रू भे.)

द्रमकणौ, द्रमकबौ-क्रि०अ० [देश०] १ भयभीत होना, थर्राना, कांपना । उ०—दडदडी द्रमकी द्रमक्या अरी । हुटुहुडाट हुउ हुडकी करी ।
—विराट पर्व

२ देखो 'द्रमद्रमणौ, द्रमद्रमबौ' (रू.भे.) उ०—दडदडी द्रमकी द्रमक्या अरी । हुटहुडाट हुउ हुडकी करी ।—विराट पर्व

३ देखो 'द्रमंकणौ, द्रमंकबौ' (रू.भे.)

द्रमणारजुन-सं०पु० [सं० द्रुम+अर्जुन] अर्जुन नामक वृक्ष ।

द्रमद्रमणौ, द्रमद्रमबौ-क्रि०अ० [अनु०] (दुंदुभि, नगारे आदि की) ध्वनि होना (उ.र.) उ०—धूळि मिळीय झळमळीय सयळ दिसि दिणयरु छाईउ । गयणे दुंदुहि द्रमद्रमीय सुरवरि जसु गाईउ ।—पं.पं.च.

द्रमकणौ, द्रमकबौ—रू०भे० ।

द्रमद्रमाटि-सं०स्त्री० [अनु०] दुंदुभि, नगारे आदि वाद्यों की ध्वनि, आवाज । उ०—वीरम्रिदंग वाजिया, जयढक्क वाजी, समहर सांमह्या, ग्रहग्रहते त्रंबक तणी ग्रहग्रहाटि त्रिभुवन टळटळिउं, भेरि भुंगळ तणे भुभुवाटि भूकिइं भिळकी फाटी, काहल तणे कोलाहलि कांन कमकम्या, डूंडि डमांमा दुडदडी द्रमद्रमाटि भयंकर होइवा लागउ ।—व.स.

द्ररोळ—देखो 'दरोळ' (रू.भे.)

द्रव-सं०पु० [सं० द्रवः] १ पानी की तरह पतला, तरल ।

उ०—हंस मीन कूरम हुवौ, स्रीभरतार समत्थ । सरित हुवौ द्रब होय सो, किसू अछेरा कत्थ ।—बां.दा.

२ भागना, पलायन (डि.को.) ३ आंच पाकर पानी की तरह फैला हुआ, पिघला हुआ।

सं०पु०—१ द्रवत्व. २ देखो 'द्रव्य' (रू.भे.)

रू०भे०—द्रिव।

द्रवड़—देखो 'द्रविड़' (रू.भे.)

द्रवण-वि० [सं० दा] देने वाला। उ०—सरव लघु नगण आयुस द्रवण सुर सुरक, तात विध सावित्री कनक रंग तैण। भ्रिगुमुनि चढ़ण गज नऊं रस में अभंग, न्रिप मगध देस कुळ विप्र मुर नैण।—र.रू.

सं०पु० [सं० द्रुम] १ कल्पवृक्ष (नां.मा.)

२ देखो 'द्रविण' (रू.भे.) (अ.मा.)

द्रविड़-सं०पु० [सं० द्रविड] दक्षिण भारत का देश या इस देश का निवासी (व.स.)

रू०भे०—द्रवड़।

द्रविण-सं०पु० [सं० द्रविणः] १ धन, संपत्ति. २ सोना, हेम. ३ पराक्रम, बल. ४ कामदेव के पांच बाणों में से एक।

उ०—आकरसण वसीकरण उनमादक परठि द्रविण सोखण सर पंच। चितवणि हसणि लसणि गति संकुचणि सुंदरि द्रारि देहरा संच।—वेलि.

रू०भे०—द्रवण, द्रवेण।

द्रविणौ, द्रविवौ-क्रि०अ०—द्रवीभूत होना, विनम्र होना।

उ०—१ सु राठौड़ देईदास वगड़ी भांज नै भाकर पैठा नै दिन ५ तथा ७ साथ करनै आय द्रविया था।—राव चंद्रसेण री वात

उ०—२ गांम वडुवज आवियौ, स्री नवकोट नरंद। हीण थयौ द्रवि देवडौ, ज्यों रवि ऊगां चंद।—रा.रू.

द्रवेण—देखो 'द्रविण' (रू.भे.)

द्रव्य-सं०पु० [सं०] १ वह पदार्थ जिसमें केवल गुण और क्रिया अथवा केवल गुण हो. २ पदार्थ, चीज, वस्तु. ३ धन, दौलत।

उ०—राकस त्रिपत हुओ। ताहरां राकस कही—'जु, सेतरांम! तूं कहै तौ तोनै द्रव्य वताऊं?' ताहरां सेतरांम कही—'द्रव्य तो म्हारै घणौ ही छै, पण कोई इसौ वर दै तैसूं नांम रहै।'—नैणसी

४ वह जिससे कोई वस्तु बनाई जाय, सामग्री, सामान. ५ औषधि, दवा. ६ पीतल. ७ गुणों का समूह (जैन). ८ मदिरा, शराब. ९ गोंद. १० नौ की संख्या*।

रू०भे०—दरव, दरव्व, दरब, द्रव, द्रव्व, द्रब, द्रिव।

द्रव्यउनोदरी-सं०स्त्री० [सं०] भंड उपकरण (बर्तन, बासन पात्रादि) और आहार पानी का शास्त्र में जो परिमाण बतलाया है उसमें कम करने की क्रिया (जैन)

द्रव्यनिक्षेप-सं०पु०यौ० [सं०] पदार्थ विशेष की भूत और भविष्यत् कालीन पर्याय के नाम का वर्तमान काल में व्यवहार करने की क्रिया या भाव। उ०—साधपणौ न पाळै अनै साधू रो नांम धरावै तौ ते द्रव्यनिक्षेप रै लेखै साध बाजै।—भि.द्र.

द्रव्यपति-सं०पु० [सं०] फलित ज्योतिष के अनुसार भिन्न-भिन्न द्रव्यों या पदार्थों के अधिपति, भिन्न-भिन्न राशियां।

द्रव्यवंत, द्रव्यवांन-वि० [सं० द्रव्यवत्] धनाढ्य, धनी। उ०—ताहरां कह्यौ—थे मोनूं द्रव्यवंत वावड़ो।—सयणी री वात

द्रव्याधीस-सं०पु० [सं० द्रव्याधीश] कुबेर (डि.को.)

द्रव्व—देखो 'द्रव्य' (रू.भे.)

उ०—दिआ वधारा देस दे, ईंवर द्रव्व हसत्ति। पतिसाही थां ऊपरां, यूं कहिओ असपत्ति।—वचनिका

द्रसट-सं०पु० [सं० दृष्ट] नेत्र, नयन, आंख। उ०—चंद्र हूंत चंद्रका द्रस्ट वीछड़ी न देखी। घण निवास बीजळी पासि तजि टळी न पेखी।—रा.रू.

वि०—१ देखा हुआ. २ जाना हुआ, प्रकट, ज्ञात।

रू०भे०—दिट्ठ।

द्रसद—देखो 'द्रखद' (रू.भे.) (अ.मा.)

द्रस्टकूट-सं०पु० [सं० दृष्टकूट] पहेली।

द्रस्टांत, द्रस्टाति-सं०पु० [सं० दृष्टांत] १ समान धर्म वाली किसी प्रचलित वस्तु या व्यापार का कथन जो अज्ञात वस्तुओं या व्यापारों का धर्म्म आदि बतलाते हुए समझाने के लिए हो।

उ०—१ रुखमणीजी कंचुकी पहिरी छै सु मानु इभ कहतां हस्ती तै के कुंभस्थळ ऊपरि अंधारी राखी छै। दूसरौ द्रस्टांत जांणै महादेवजी कवच पहिरचौ छै, कांम सों जुद्ध करिवा के तांई। तीसरौ द्रस्टांत स्रीक्रिस्णजी का मन के तांई मंडप छायौ छै, जु मन आय वइसिसी। चौथौ भाव यौ जु मन वांध्यौ चाहिजै, त्यै के कारणै या वारिगह दीधी छै।—वेलि टी.

उ०—२ समस्त मनुष्य छै त्यां सिघळा हरी आंखि स्रीक्रिस्णजी रा मुख सों द्रस्टि लागि रही छै। ताकौ द्रस्टांत जैसे समुद्र कै विसै चंद्रमा का प्रतिबिंब नै मछळी सब लागि रहे छै, आंखि पासि घेरि रहै छै, इह भांति सब ही का नेत्र क्रिस्णजी का मुखारविंद नै आरोपित किया छै।—वेलि टी.

२ उदाहरण, मिसाल। उ०—रीता हुवै हजार हां, कळस भरीज भरीज। रीता हुवै निवांण नह, इण द्रस्टांत पतीज।—वां.दा.

३ स्वप्न, सपना। उ०—मैं द्रस्टांत दीठौ छै।—पंचदंडी री वात

४ ऋतुस्नाता स्त्री का पुरुष दर्शन जिसका प्रभाव गर्भ पर होता है.

५ शास्त्र. ६ मरण. ७ एक अर्थालंकार जिसमें एक ओर तो उपमेय और उसके साधारण धर्म्म का वर्णन और दूसरी ओर बिंब-प्रतिबिंब भाव से उपमान और उसके साधारण धर्म का वर्णन होता है।

वि०वि०—उपर्युक्त अर्थ संख्या दो का उदाहरण है—

उ०—रीता हुवै हजार हां, कळस भरीज भरीज। रीता हुवै निवांण नह, इण द्रस्टांत पतीज।—वां.दा.

इसके अनुसार एक ओर तो उपमेय के धर्म का वर्णन है कि हम हजारों कलश भरते हैं फिर भी खाली हो जाते हैं (रीता हुवै हजार

हां=क्योंकि वे हमारे स्वार्थ के कारण खाली हो जाते हैं) दूसरी ओर बिंब-प्रतिबिंब भाव से उपमान का वर्णन है कि कूप खाली नही होता है (रीतौ हुवै निवांण नह=अर्थात् परोपकारी या दातार होने के कारण वह खाली नही होता है।) इसी प्रकार उपर्युक्त अर्थ संख्या एक के दोनो उदाहरणों में भी यही अलंकार है।

रू०भे०—दसटांत, दिट्ठंति, दस्टांत, दिस्टांत।

द्रस्टा-वि० [सं० द्रष्टा] १ देखने वाला. २ साक्षात्कार करने वाला।

उ०—१ ग्यांनी आतम स्वरूप सदाई, महा विमळ ज्यूं सर रे। यौ सुखरांम सनातन अनुभव, निज तिथि द्रस्टा चेतन रे।

—स्री सुखरांमजी महाराज

उ०—२ जीयारांम गुरु सद चिद आणंद, केवळ ब्रह्म सुधो री। स्वयं प्रकासी निरमळ द्रस्टा, सोई सुखरांम कह्यो री।

—स्री सुखरांमजी महाराज

३ दर्शक. ४ प्रकाश।

रू०भे०—द्रिस्टा।

द्रस्टि-सं०स्त्री० [सं० दृष्टि] १ आंख की ज्योति, देखने की शक्ति या वृत्ति. २ देखने के लिये आंख की पुतली का किसी वस्तु की सीध में होने की स्थिति, टक, अवलोकन, निगाह, नजर. ३ देखने के लिये प्रवृत्त नेत्र, देखने के लिए खुली हुई आंखें. ४ आंख की ज्योति का प्रसार, दृक्पथ. ५ पहचान, परख, अंदाज. ६ मिहरबानी की नजर, कृपा-दृष्टि, हित का ध्यान. ७ आसरे की लगी हुई टकटकी, आशा की दृष्टि, उम्मीद, आशा. ८ ध्यान, विचार. ९ नीयत, उद्देश्य, अभिप्राय. १० दृष्टि-दोष, नजर।

रू०भे०—दठि, दस्ट, दस्टी, दिट्ठ, दिट्ठि, दिठ, दिसट, दिसिटी, दिस्ट, दिस्टि, दिस्टी, दीठ, दीठि, दीठी, दीस्ट, दीस्टी, दीह, द्रिठ, द्रिठि, द्रस्टी, द्रीठ, द्रेट, द्रेठि।

द्रस्टिगोचर-वि० [सं० दृष्टिगोचर] जो देखने में आ सके।

द्रस्टिफळ-सं०पु० [सं० दृष्टिफल] एक राशि में स्थित ग्रह की दृष्टि, दूसरी राशि में स्थित ग्रह पर पड़ने से होने वाला फल या प्रभाव (फलित ज्योतिष)

द्रस्टिमांन-वि०पु० [सं० दृष्टिमान्] आंख वाला, दीठ वाला, जिसके दृष्टि हो।

द्रस्टिवंत-वि० [सं० दृष्टिवंत] १ ज्ञानी, जानकार, सूझ वाला. २ दृष्टि वाला, नजर वाला।

द्रस्टिवाद-सं०पु० [सं० दृष्टिवाद] १ वह सिद्धान्त जिसमें दृष्टि या प्रत्यक्ष प्रमाण ही की प्रधानता हो. २ जैनियों के बारह अंगों में से एक।

द्रस्टिस्थांन-सं०पु० [सं० दृष्टिस्थान] कुंडली में वह स्थान जिस पर किसी दूसरे स्थान में स्थित ग्रह की दृष्टि पड़ती हो।

द्रह-सं०पु० [सं० ह्रद] १ वह स्थान जहां गहरा जल हो, दह (डिं.को.)

उ०—इसा-अेक तई पातसाह रा कटकबंध अचळेसर ऊपरि छूटा। वाटका खड़ ईंधण खूटा, द्रह का पांणी तूटा। परवतां सिरि पंथ लागा, दुघट घट भागा, सूर सूझइ नहीं खेह आगा।—अ. वचनिका

उ०—२ तठा उपरांति करि नै राजांन सिलांमति गढ़ कोट चौफेर कांगुरा लागा थका विराजै छै। जांणै आकास लोक गिळण नूं दांत दिया छै। ऊंची निजरि करि जोइजै तौ माथा रो मुगट खड़हड़ै। तिण कोट री खाही ऊंडी द्रह नागद्रही सारीखी। जळ छैल पाताळ री जड़ां सूं लागि नै रही छै।—रा.सा.सं.

२ नदी के मध्य स्थित गहरा गड्ढा। उ०—सु ओ बडौ अवसांण आयौ। ऊंडै द्रह भिलकिला ज्यूं फूलधारां विचि उडि पड़ां। पातिसाह री फौजां सूं लड़ां। महाभारत करि मरां। वगड़ी जोधांण ऊजळा करां—र. वचनिका

४ ताल, भील, ह्रद। उ०—कूंभड़ियां कळरव कियउ, घरि पाछिले वणेहि। सूती साजण संभरया, द्रह भरिया नयणेहि।—ढो.मा.

रू०भे०—दह, द्रहा, देहड़, धें, धंड़, ह्रद।

द्रहद्रहवार-सं०स्त्री० [सं० जयद्रथ वेला] संध्या का समय (उ.र.)

रू०भे०—धरधरवेळा।

द्रहा-सं०स्त्री०—देखो 'द्रह' (रू.भे.)

उ०—दड़ी पड़तां द्रहा में चढै भांकियौ कदंब डाळ, नीर थाघै अथाघ चहतां वाद नार। खेल्ह बाळ ब्रंद रै करतां लगाड़ियौ खेटौ, काळी नाग जगाड़ियौ नंद रै कंवार।—र.ज.प्र.

द्रहद्रहणौ, द्रहद्रहवौ-क्रि०अ० [अनु०] दुंदुभि, नगारे आदि वाद्यों की ध्वनि होना। उ०—मिळिया सुरवए कोडि तेत्रीस गयणे दुंदुहि द्रहद्रहीय।—प.पं.च.

द्रहद्रहाटि-सं०स्त्री० [अनु०] नगारे आदि वाद्यों की ध्वनि होना।

उ०—रथचक्र चित्कार करी जांणीइं, चिंध पताका किंकणीक्वांण करी जांणीइं, तूरय सब्द करी जांणीइं, नीसांण द्रहद्रहाटि करी जांणीइं।—व.स.

द्रहवट्ट, द्रहवट्टां-वि०—पराजित, तितर-बितर। उ०—१ जिकां माथै हाडै नरेस मऊ थी राजकुमार भाऊ भेजियौ जिकण जातां ही राठौड़ द्रहवट्टां करि काढ़िया।—वं.भा.

२ देखो 'दहवाट' (रू.भे.)

रू०भे०—द्रहवाट।

द्रहवाट, द्रहवट, द्रहबाट-सं०पु० [सं० दश+वाट ?]

१ देखो 'दहवाट' (रू.भे.)

उ०—१ बांणां थट कैरव रांण विराट। ब्रहन्नट जांण करै द्रहवाट।

—मे म.

उ०—२ मांभी मोह मराट, 'पातल' रांण प्रवाड मल। दुजड़ां किय द्रहबाट, दळ मैंगळ दांणव तणा।—दुरसौ आढ़ौ

उ०—३ पड़ मार तरवर पाथ रां, रिण विकट कपी रघुनाथ रां। दससीस दळ भुजवळां, द्रहवट कीध अडर सकोप।—र.ज.प्र.

उ०—४ करण धकचाळ मेवास द्रहवट करण, आउवा धणी दसदेस उजवाळ। धणी नव कोट री सरै छत्रधारियां, 'पाळ' हर जोड़ रा सरै दगपाळ।—दयाळदास आढ़ौ

उ०—५ वजै रव डैरव वीस वतीस, उचै रव फेरव देत असीस। चंडी द्रहवाट करै चतुरंग। उडै खग भ्राट चुखच्चुख अंग —मे.म.

२ देखो 'द्रहवट्ट' (रू.भे.) उ०—सीरोई कीधी डंड सारै, खेड़ सुपह मोटा ग्रद खाट। मेडतो ले दीधो 'माल' नै, 'वीरम' नै कीधो द्रहवाट।—मेहो वीठू

द्राक–अव्य० [सं० द्राक] १ शीघ्र, जल्दी (ह.नां.)
२ देखो 'दाख' (रू.भे.)

द्राक्ष, द्राक्षा, द्राख—देखो 'दाख' (रू.भे.) उ०—१ जीणइं कीधउं अम्रि पांन, तसु किम हुइ आछणि समाधांन, जिणि द्राक्ष फळ भरिउ हुइ कवल, तसु किसिउ रुचइ मधूकफळ।—व.स.
उ०—२ द्राक्षा तणी आकांक्षा किम महू फीटइ, सरकरा तणी स्रद्धा किम गुळि त्रूटइ, अम्रित काजि किम कांजी पीजइ।—व.स.
उ०—३ कग्हा नीरूं सोइ चर, वाट चलंतउ पूर। द्राख विजउरा नीरती सो घण रही स दूर।—ढो.मा.

द्राखणी, द्राखवो—देखो 'दाखणी, दाखवो' (रू.भे.)

द्रागड़ो–सं०पु० [देश०] मीणा जाति के व्यक्तियों की वह टोली जो चोरी या डाके के इरादे से कहीं जाती हो। रू.भे. 'धागड़ो'।

द्राव–सं०पु० [सं० द्रावः] १ पलायन, भागना (डि.को.)
२ देखो 'ध्राव' (रू.भे.)

द्रावक–वि० [सं०] द्रवरूप करने वाला।

द्रावकि–वि०स्त्री०—द्रवीभूत करने वाली। उ०—समऊरयुग्म कूरमोन्नत-चरण अल्पमांम निरलोम दाक्षिण्यपर दयापर मयापर क्षमापर साचावोली हितवोली मितवोली ऊपजावकि लावकि द्रावकि समयती मांनयती सतीमिती।—व.स.

द्रावड़, द्रावड—देखो 'द्राविड़' (रू.भे.)

द्रावण–सं०पु० [सं०] १ भगाने का कार्य. २ द्रवीभूत करने का काम. ३ कांमदेव के पांच वाणों में से एक। उ०—जरै स्रोतानुराग रै ही प्रभाव आकरसण १ मोहण २ द्रावण ३ उन्मादण ४ वसीकरण पांचूं ही मनोज रा मायकां रो वेभ्रो होय।—वं.भा.

द्राविड़–वि० [सं०] द्रविड़ देश वासी।
सं०पु० [सं० द्रविड] द्रविड़ देश।
रू०भे०—द्रावड, द्रावड।

द्राविड़गोड़–सं०पु० [सं० द्राविड गोड] रात के समय गाया जाने वाला एक राग (संगीत)

द्राविड़ी–सं०स्त्री० [सं० द्राविडी] १ छोटी इलायची. २ द्रविड़ जाति की स्त्री।
वि०—द्रविड़ संवंधी।

द्रासक—देखो 'दहसत' (रू.भे.) उ०—देवगुरु नमइं, ठाकुर तणइ हीअइ गमइं, संग्रांमदुरद्धर, परनारीसहोदर, वाढि वडइं, जेहे दीठे दुरजन नै हीए द्रासक पडइं, छांडइ घाट, घोडा तणा कांन सोरा माहि साट।—व.स.

द्रिग–सं०स्त्री०—१ पुरुष की ७२ कलाओं में से एक।—व.स.
२ देखो 'द्रग' (रू.भे.) (ह.नां.)
उ०—उभई द्रिग जुडिया उचक, काट भीण पटकोर। हलवो कटक हरोळ ह्वां, ज्यूं घूमर पर जोर।—र. हमीर

द्रिगन—देखो 'द्रग' (रू.भे.)

द्रिगपाळ—देखो 'दिग्पाळ' (रू.भे.)
उ०—आंक पंचमी एण उपाइ, पंगति छठी कहो परचाइ। अनस्वार ससि भुज सर आपि, थिर द्रिगपाळ त्रिसुआ थापि।—ल.पिं.

द्रिठ, द्रिठी—देखो 'द्रस्टि' (रू.भे.)

द्रिढ़—देखो 'द्रढ़' (रू.भे)
उ०—सावधांन गुर ग्यांन, पाव द्रिढ़ सत्त परट्ठं। जुग कौतग जोड़वा पंच तत पंच पइट्ठं।—ज.खि.

द्रिढता—देखो 'द्रढ़ता' (रू.भे.)

द्रियाव—देखो 'दरियाव' (रू.भे.)
उ०—सुण एम 'पेम' आरंभ कीन, द्रढ़ भड़ां वांकड़ां हुकम दीन। धुर पड़े नगारां अढ़य घाव, दिढ़ चढ़े वेळ गाजै द्रियाव।—पे.रु.

द्रिव—१ देखो 'द्रव्य' (रू.भे.)
२ देखो 'द्रव' (रू.भे.)

द्रिस्टद्यु मन, द्रिस्टद्यु मनि—देखो 'धस्टद्युम्न' (रू.भे.)
उ०—कूडउं वोलइ घरमपूतु हथीयार छंडावइ। छेदिउं मस्तकु द्रिस्टद्यु मनि क्रमु सिउं न करावइ।—पं.पं.च.

द्रिस्टांत—देखो 'द्रस्टांत' (रू.भे.) उ०—कोई वीर स्त्री आपरा पती री वडाई कर कह रही छै सिघ रो द्रिस्टांत दे नै।—वी.स.टी.

द्रिस्टा—देखो 'द्रस्टा' (रू.भे.) उ०—अचळ अखंड अनंत अजनमा, एकातीत अनूप। प्रेरक, साक्षी, द्रिस्टा वोई, सोई सुखरांम स्वरूप।
—सुखरांमजी महाराज

द्रिस्टि—देखो 'द्रस्टि' (रू.भे.) उ०—१ जरा धाग्रइं हस्ति घूंमइं, अस्व नइं असवार। न्यांन रूपइं क्रस्ण जोयूं, द्रिस्टि दीठी नारि।
—रुकमणी मंगळ
उ०—२ सूयारडउ हूग्र दाध देवा, गिउ वेगि वेडिइं पुण कास्ट लेवा। द्रिस्टिइं न दीसइं दिसि घलि रोळी, तु ग्रांविली भीममिइं भडिग्र मूळी।—विराट पर्व

द्रिस्टिवंधविद्या–सं०स्त्री० [सं० दृष्टिवंध-विद्या] नजरवंदी की विद्या।
उ०—हवडां मुझ नै स्परस ज थयु, भ्रालूं एटलि अलगु गयु। द्रस्टि-वंध-विद्या तुं जांण, आव्यु छि को पुरुस प्रमाण।—नळाख्यान

द्रिस्टियुद्ध–सं०पु० [सं० दृष्टियुद्ध] ७२ कलाओं में से एक (व.स)

द्रिस्टिसूळ–सं०पु० [सं० दृष्टिशूल] नेत्र का रोग विशेष।
उ०—कंडूकमल कास स्वास ज्वर भगंदर जळोदर गुदकीलक कुक्षि-सूळ द्रिस्टिसूळ सिरहसूळ करणसूळ दंतवेदना अजीरण्ण अरोचक कुस्टरोग प्रमुख रोगा।—व.स

द्रिस्य–वि० [सं० दृश्य] १ जो देखने में आ सके, जो देख सके, दृग्गोचर।
उ०—हरख सोक दुख सुख तहां नांहि, सुसुप्ती समवंता। द्रिस्य

अद्रिस्य लीन हिरदा में, प्राग्य जीव सायंता।
—स्री सुखरांमजी महाराज

२ जो देखने योग्य हो, दर्शनीय. ३ जानने योग्य, ज्ञेय. ४ सुंदर, मनोरम।

सं०पु०—१ वह पदार्थ जो आँखों के सामने हो, देखने की वस्तु, नेत्रों का विषय। उ०—द्रस्टा मिटचा द्रिस्य नहिं पावै, द्रिस्य मिटचा द्रस्टाजी। जो कोई मनकूं खंडचा चावौ, पांच विसै कूं ढाजी।
—स्री सुखरांमजी महाराज

२ आंखों के सामने होने वाला मनोरंजक व्यापार, तमाशा.

३ अभिनय द्वारा दर्शकों को दिखाया जाने वाला काव्य, नाटक.

४ ज्ञात या दी हुई संख्या—गणित।

द्रिहंग, द्रिहंगसि—सं०स्त्री०—ढोल की आवाज।
उ०—निमंत्रीहार अयार निसासहिं, द्रिहंगसी ढोल रवद दुवाड़। विसकन्या देखे वजवाया, मुणियउ मांड अनड़ मेवाड़।—दूदौ

द्रीठ—देखो 'द्रस्टि' (रू.भे.) उ०—तरै रावळ दूदै घणौ वखांणियौ, तरै तिलोकसी कह्यौ—"भली हुई, आज ही वखांणियौ।" तरै रावळ कह्यौ—"म्हारी द्रीठ लागै छै।" सु तिलोकसी रौ तिण ही वेळा जीव नीसर गयौ।—नैणसी

द्रीयौ—सं०पु० [देश०] ऊँट को पुकारने या पुचकारने का शब्द।

द्रीवखड़—सं०स्त्री० [अनु०] नक्कारे, ढ़ोल या दुंदुभि आदि की ध्वनि विशेष।

द्रीह—सं०स्त्री० [अनु०] वाद्यों की भयंकर आवाज।
उ०—तदि वर्णै साज गयंदां तुरां, वीर वंबाळां द्रीह वजि। सुरतांण साह मुदफर दिसी, 'सूर' चढ़ै दळ पूरि सजि।—सू.प्र.

द्रुंग—देखो 'दुरग' (रू.भे.) उ०—सुणै वात ऐ मात नै भ्रात साथै। हसै तेम लंकेस दे ताळ हाथै। भुजा वीस सीसं दसं मूझ भाई। खितां द्रुंग लंका जळाधार खाई।—सू.प्र.

द्रु—सं०पु० [सं०] १ वृक्ष, पेड़. २ शाखा।

द्रुग, द्रुगग—देखो 'दुरग' (रू.भे.) (डिं.को)
उ०—१ अडर पातिसाह हुवा आला आगिले रा अर भला भले रा। त्यां चउ चउरासी द्रुग लिया था विहाड़इ पाडइ।—अ. वचनिका
उ०—२ मंडी आस मळेछ, खट्टण खंड द्रुग्ग चित्तंगौ। कित्ती खंड विहुंड, जित्ती हार धार सुरतांणौ।—रा.रू.
उ०—३ चलैं चंदोळ चैन में हरोळ दगती चलैं। दरारहेत द्रुग्ग को चिरार चुगती चलैं।—ऊ.का.

द्रुघण—सं०पु० [सं०] १ लोहे का मुगदर.
२ परशु या फरशे के आकार का एक अस्त्र. ३ कुठार, कुल्हाड़ी.
४ देखो 'दुहिण' (रू.भे.) (डिं.को.)

द्रुजोण—देखो 'दुरयोधन' (रू.भे.)
उ०—अकबर हर जुजिठळ 'अजन', कमंध द्रुजोण करन्न। औरंगसाहि मुराद वे, राजा 'जसौ' 'रतन्न'।—र. वचनिका

द्रुण—सं०पु० [सं० द्रुणं] १ धनुष, कमान.
२ खड्ग. ३ विच्छू (डिं.को.)

द्रुणा—सं०स्त्री० [सं० द्रुणा] धनुष की डोरी, प्रत्यञ्चा (डिं.को.)

द्रुत—वि० [सं०] १ शीघ्रगामी, तेज.
२ भागा हुआ. ३ द्रवीभूत।
क्रि०वि०—जल्दी, शीघ्र, तुरन्त (ह.नां.)
उ०—पन प्रबळ पिसन पिक्खें न पिट्ठ। रजवट वट दै रट्ठोर रिट्ठ। द्रुत मरुधन्वा लीजैं दवाय। जब राजबीज निरबीज जाय।—ऊ.का.
सं०पु०—१ मध्यम से कुछ तेज लय, दून.
२ ताल की एक मात्रा का आधा. ३ हलका शराब. ४ बिच्छू.
५ वृक्ष, पेड़. ६ बिल्ली।

द्रुतगति—सं०स्त्री० [सं०] तेज चाल।
वि०—शीघ्रगामी।

द्रुतगामी—वि० [सं० द्रुतगामिन्] शीघ्रगामी।

द्रुतरासी—सं०स्त्री० [देश०] शराब की सब से हलकी किस्म।

द्रुतविलंबित—सं०पु० [सं०] एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक नगण, दो भगण और एक रगण होता है।

द्रुति—सं०स्त्री० [सं०] १ द्रव, तरल. २ गति।
क्रि०वि० [सं० द्रुत] शीघ्र, जल्दी (ह.नां.)

द्रुपद—सं०पु० [सं०] १ महाभारत के अनुसार उत्तर पांचाल का एक राजा। उ०—लगतां फागण लूरां लागी, अड़ै द्रोण अरु द्रुपद अभागी। वीरां खाग परस्पर वागी, जिण सूं ज्वाळ लड़ण री लागी।—ऊ.का.
२ एक राग (संगीत)
रू०भे०—द्रुपद, द्रोपत, द्रोपद, द्रौपत, द्रौपद।

द्रुपदी—सं०स्त्री०—२८ मात्राओं का एक मात्रिक छंद विशेष (र.ज.प्र.)

द्रुमंग—देखो 'द्रुम' (रू.भे.) (डिं.को.)

द्रुम—सं०पु० [सं०] वृक्ष, पेड़ (अ.मा., नां.मा.) (डिं.को.)
उ०—द्रुम सात विभेदण क्रमगत छेदण, तै जस कह भव सिंधु तर। सुत स्री कौसल्या तार अहल्या, करुणानिध सो याद कर।—र.ज.प्र.
रू०भे०—द्रुम, द्रुमंग, द्रुम्म।

द्रुमग्रह—सं०पु०—देवल (अ.मा.)

द्रुमपत, द्रुमपति—सं०पु० [सं० द्रुमपति] कल्पवृक्ष (अ.मा., नां.मा.)

द्रुमपाळ—सं०पु० [सं० द्रुम+पाल] पर्वत, पहाड़ (अ.मा.)

द्रुमभूप—सं०पु० [सं०] वसंत (अ.मा.)

द्रुमसार—सं०पु० [सं०] फूल (अ.मा.)

द्रुमसेन—सं०पु० [सं०] कौरवों के पक्ष का एक योद्धा (महाभारत)

द्रुमामय—सं०स्त्री०—लाख, लाक्षा (डिं.को.)

द्रुमारि—सं०पु० [सं०] हाथी, गज (डिं.को.)

द्रुमालय—सं०पु० [सं०] जंगल, वन।

द्रुमिल—सं०पु० [सं०(?)] १ नौ योगेश्वरों में से एक योगेश्वर.

२ एक छंद।

द्रुम्म—देखो 'द्रुम' (रू.भे.)

उ०—द्रुम्म चरम मधु भरे, पत्र अंकुरे विपुल वन। फाग राग माधुरे, सुर नर नारि हरे मन।—रा.रू.

द्रुमिला-सं०पु० [सं०] १० और १८ की यति से प्रत्येक चरण में ३२ मात्राओं का एक मात्रिक छंद विशेष जिसके चरणांत में गुरु होता है।

द्रुपद-सं०स्त्री० [सं० ध्रुवपद] १ गीत की प्रत्येक कड़ी के पश्चात् दोहराई जाने वाली पंक्ति, टेक (नळ-दवदंती रास)

२ देखो 'द्रुपद' (रू.भे.)

द्रूमंडळ, द्रूमंडळि-सं०पु० [सं० ध्रुवमंडल] ध्रुवमण्डल।

उ०—१ असवार तणी आंहसी आवेगि असरणि ऊडी, दळयुगळ धूळिपटळि द्रूमंडळ छाइउं, पाखरयां तणे, पायक तणे पगपदताळे पाताळ पांणी प्रगट हूआं।—व.स.

उ० २ धाता दळ तणउ धूळीरव द्रूमंडळि लागउ, रज रमी रूप हारतउं गगन आछादिउं।—व.स.

द्रूमची—देखो 'दुमची' (रू.भे.)

उ०—विड़ंगां वणे द्रूमची केसवाळी, भड़ां भूप राजी हुग्रे रूप भाळी। जगम्मं पसम्मं मुखमल्ल जेही, दिपे जांणि आरीस सारीस देही।
—वचनिका

द्रूयमणि-सं०स्त्री० [सं० रुक्मिणी ?] रुक्मिणी। उ०—गढ़ त लंक विसहर त सेमु गह गुरुय त दिवायरु, अवल त द्रूयमणि नइ त गंगाजळ बहुल त सायरु।—अभयतिक यती

द्रूहिण-सं०पु०—देखो 'दुहिण' (रू.भे.) (डिं.को.)

द्रेठ, द्रेठि—देखो 'द्रस्टि' (रू.भे.)

उ०—१ मुखमली पसम रा, कळीसी कांन रा, भूठमी द्रेठ रा, कूकड़ा कंध रा, लोहमें बंध रा, तोछड़ी पूठ रा, चोवड़ी धूव रा।—रा.सा.सं.

उ०—२ कांनें कुंडळ मोतिय जोतिय खूंपइ द्रेठि। हार निगोदर सुंदर दीसइ न सुरिज हेठि।—नेमिनाथ फागु

द्रेहड़—देखो 'द्रह' (रू.भे.) उ०—देवड़ै 'विजै' 'सूजा' नै मार नै सूजा री वसी ऊपर साथ मेलियो, उठै मालो सूजा रो मरायो, वसी सारी लूटी, प्रथीराज नै स्यांमदास री मा इणां नुं द्रेहड़ मांहै ऊपर पला नांख नै रही, वे परा गया तरै द्रेहड़ मांह थी रात रा नीसर नै आवू री गोढै वार गया।—नैणसी

द्रोंगी-वि०स्त्री० [देश०] हतभागिनी, अभागिन।

उ०—जनम तणा जोगीह, वर्ग्रो मो दुख द्रोंगी करे। सब दिन मन सोगीह, रोगी जेम पड़ी रहूं।—पा.प्र.

(मि० दोगी)

द्रोंण—

उ०—वीरारस घण घोख वाजई, अभिनवा सिरि द्रोंण। सेल सावळ कुंत मुंदगर, उछळई अति स्रोण।—रुकमणी मंगळ

द्रोजोवण—देखो 'दुरयोधण' (रू.भे.) उ०—जिसो वाच जुजठिल्ल, जिसो मांण हि द्रोजोवण।—गु.रू.वं.

द्रोण-सं०पु० [सं०] १ पत्तों का दोना. २ लकड़ी का एक पात्र जिसमें सोम रखा जाता था. ३ डोम कौआ, काला कौआ.

४ मेघों के एक नायक का नाम जो अच्छी वर्षा का सूचक होता है.

५ एक प्रकार का रथ. ६ द्रोणाचल नामक पर्वत।

उ०—सुरां भंत्र रूपी तरां अंब सोभै, लखै पारिजाती तजै मार लोभै। प्रभा संप चंपै कळी जाळ पेखे, लजै भोण संजीवनी द्रोण लेखै।—रा रू.

७ देखो 'द्रोणाचारज' (रू.भे.)

उ०—लगतां फागण लूरां लागी, अड़ै द्रोण अरु द्रुपद अभागी। वीरां खाग परस्पर वागी, जिण सूं ज्वाळ लड़ण री जागी।—ऊ.का.

वि०—भयंकर, भयावह। उ०—वाजि घमस ऊडंड, वाजि भ्रंबाळ चहूंवळ। द्रोण वाजि है खुरां, वाजि दळ सौक वळोवळ।—सू.प्र.

द्रोणकळ-सं०पु० [सं० द्रोण-कल] वैकंक की लकड़ी का बना एक पात्र जिसमें यज्ञों में सोम छाना जाता था।

द्रोणकाक-सं०पु० [सं०] डोम कौआ, बड़ा कौआ।

द्रोणगिर, द्रोणगिरि-सं०पु० [सं० द्रोणगिरि] एक पर्वत का नाम (पौराणिक)

रू०भे०—दूणागिर, द्रोणागरंद, द्रोणागिर, द्रोणागिरि।

द्रोणगुरु—देखो 'द्रोणाचारज'।

द्रोणधार-सं०पु० [सं० द्रोण=द्रोणाचल+रा० धार] हनुमान।

द्रोणपुर-सं०पु० [सं०] द्रोणाचार्य द्वारा छापुर के निकट बसाया हुआ शहर। उ०—पांडवां कैरवां री वार मांहै, तद छापर रै परगने द्रोणाचारज आयो। आपरै नांमै सहर छापर ता कोसे २ वसायो। काळो डूंगर कहीजै छै तिण री जड़ां सहर वसाय नै द्रोणपुर नांम दिरायो।
—नैणसी

द्रोणमी-सं०स्त्री० [सं० द्रुण+रा०मी] धनुष की प्रत्यंचा, धनुष की डोरी। उ०—तू ही करतो पठाण पुत्री ज्यूं तिकै द्रोणमी कसीस यूं ही गरजै वांनंक। अकाळ की भाळ अगया पळकै अंग पाराजात माळ न पीजै स्रोवण पनंक।—क.कु.बो.

द्रोण-मुख-सं०पु०यो० [सं०] ४०० ग्रामों की राजधानी। उ०—केवडउ राज्य चक्रवरति तणउं चउद रत्न नव महानिधांन सोळ सहस्र यक्ष वत्रीस सहस्र मुकुट वरद्धन राय चवरासी लक्ष जात्य तुरगम चवरासी लक्ष रथ छन्नू कोडि पायक बहुत्तरि सहस्र पुरिवर वत्तीस सहस्र जनपद छन्नू कोडि ग्रांम नवांणु सहस्र द्रोण-मुख।—व.स.

द्रोणागरंद, द्रोणागिर, द्रोणागिरि, द्रोणागिरी—देखो 'द्रोणगिरि' (रू.भे.)

उ०—१ गजव्र अघोकै गयण लहणु द्रोणागरंद, समंद्र जळ अघोकै मुनंद सोखै। नागयंद सरोखै खगंद्र माधव नरंद्र, जवाहर व्रजंद जुध तुहीज जोखै।—कविराजा करणीदांन

उ०—२ विय सांमंद वंधसी, काय लेसी लंक जुध कर। काय हणमंत जिम कमंध, ग्रहै लेसी द्रोणागिर।—सू.प्र.

उ०—३ द्रोणागिर लायौ दुझल, वळ बुध कर वळवंत। मालांणी लायौ मरद, है पातन' हणवंत।—चिमनदांन रतनू

द्रोणरिख–सं०पु० [सं० द्रोण ऋषि] देखो 'द्रोणाचारज'

उ०—दुस्सासण जिकै जिमा दुरजोधन रिख असवांम द्रोणरिख।
—गु.रू.वं.

द्रोणाचारज, द्रोणाचारय–सं०पु० [सं० द्रोणाचार्य] भरद्वाज ऋषि के पुत्र एक प्रसिद्ध ब्राह्मण जिन्होंने कौरवों और पांडवों को शिक्षा दी थी।

उ०—१ मुजि लहूं प्रीति भारी सर्भ, मो इकतारी चित मही। किलमांण विहंड खग व्रत करूं, जुध द्रोणाचारज ज्यूंही।—सू.प्र.

उ०—२ पांडवां कैरवां री वार मांहे, तद द्वापर रै परगने द्रोणाचारज आयौ। आपरै नांवै सहर द्वापर ता कोसै २ वसायौ।—नैणसी

द्रोणि–सं०पु० [सं० द्रौणि:] द्रोणाचार्य का पुत्र, अश्वत्थामा।

उ०—छत्री नूं पोरस चढ़े, वेध तणी मुण वात। तद गोरख द्रोणी तणी, सरव सुणाई वात। रुद्र रिझावै रात री, निज कर सूं खग धार। अस्वत्थांमां एकलौ, हण्या अठार हजार।—पा.प्र.

द्रोणी–सं०स्त्री० [सं०] १ द्रोणाचार्य की स्त्री, कृपी।

२ नाव, नौका (डिं.को.)

द्रोणु—देखो 'द्रोणाचारय'।

उ०—दटा लगइ गुरु भेटीउ द्रोणु सु वंभणवेसि। तेह पासि विद्या पढइ कृपगुर नइं उपदेसि।—पं.पं.च.

द्रोपत—१ देखो 'द्रुपद' (रू.भे.) उ०—दोख्यां लाग्यौ दाव, द्रोपत सुत विनवै खड़ी। अब तौ वेगौ आव, साय करण नैं सांवरा।
—रांमनाथ कवियौ

२ देखो 'द्रौपद' (रू.भे.)

३ देखो 'द्रौपदी' (रू.भे.) उ०—द्रोपत दुखियारीह, पूकारी अबळापणै। मदती हर म्हारीह, करणाकर करस्यौ करां।
—रांमनाथ कवियौ

द्रोपता—देखो 'द्रौपदी' (रू.भे.)

उ०—हरी थे हरौ जन की पीड़, द्रोपता की लाज राखी, थे वढ़ायौ चीर।—मीरां

द्रोपद—१ देखो 'द्रुपद' (रू.भे.) २ देखो 'द्रौपद' (रू.भे.)

३ देखो 'द्रौपदी' (रू.भे.)

द्रोपदजा, द्रोपदा—देखो 'द्रौपदी' (रू.भे.) (अ.मा.)

उ०—निज मरोड़ मोडणां, धरणि पुड़ पोड़ धुजावै। दौड़ भमण द्रोपदा, श्रोट जिगरी नैं घावै।—मे.म.

द्रोपदि, द्रोपदी–वि० [सं० द्रौपदी] १ काला, श्याम, कृष्ण॰।

२ देखो 'द्रौपदी' (रू.भे.) (अ.मा.)

द्रोपां—देखो 'द्रौपदी' (रू.भे.)

उ०—दुरजोधन वीर करै ग्रह द्रोपां, त्यांन सभा विच चीर तटी। धणियो पण भीर हुवौ परमेसर, चीर न त्रूटोय सोभ चढ़ी।
—भगतमाळ

द्रोब—देखो 'दोब' (रू.भे.) उ०—कनक कळस जुति कुसम पढ़ै दुज पांणि पविन्निय। हरी द्रोब दधि अखत श्रोप दीपक आरत्तिय।
—रा.रू.

द्रोबड़—देखो 'दोब' (मह.; रू.भे.)

द्रोबड़ी—देखो 'दोब' (अल्पा., रू.भे.)

द्रोमज, द्रोमझि—देखो 'दोमज' (रू.भे.)

द्रोह–सं०पु० [सं०] १ प्रतिहिंसा का भाव, वैर।

उ०—१ घणौ द्रोह कीधौ प्रहळाद घाती। रयौ त्रास देतौ जिकौ दीह-राती।—भगतमाळ

उ०—२ गोत्र द्रोह थी जस नहीं, नृप द्रोह नीति विणास। बाळ द्रोह थी गति नहीं, त्रिण्हे करचां अभ्यास।—स्रीपाळ रास

२ ईर्ष्या, जलन, द्वेष। उ०—ढोला सांभळि माहरी वात, ऊमर खेलेस्यइ घणी घात। मारवणी सूं लागौ मोह, तुझ सूं घणी मांडिस्यइ द्रोह।—ढो.मा.

३ अहितचिंतन। उ०—वांदर कही—मित्र-द्रोह विस्वासघात की सूं होय, अर हूं कितरै काळ जीऊं।—सिंघासण बत्तीसी

रू०भे०—द्रौह, धोह, ध्रोह।

द्रोही–वि० [सं० द्रोहिन्] ईर्ष्या करने वाला, बुरा चाहने वाला, द्रोह करने वाला। उ०—समझावै सोही वैरी वोही, द्रोही हुय दाझंदा है। पिंड में नहिं पांणी निज निरमांणी, सठहांणी साझंदा है।—ऊ.का.

सं०पु०—वैरी, दुश्मन, शत्रु।

उ०—१ सूरातन जांही घणइ सूरातन, ईसर तणा वाधिया अंग। प्रळयकाळ हुसी ताइ प्रिथमी, द्रोही तणा थरकिया ढ्रंग।
—महादेव पारवती री वेलि

उ०—२ उठै वांण दैतेस लंकेस आया। मिळै देव द्रोही उभै धूत-माया।—सू.प्र.

रू०भे०—धोही, ध्रोही।

द्रौणि—देखो 'द्रोणि' (रू.भे.)

द्रौपत, द्रौपद–सं०पु० [सं० द्रौपद] १ राजा द्रुपद का पुत्र।

रू०भे०—द्रोपत, द्रोपद।

२ देखो 'दुपद' (रू.भे.)

३ देखो 'द्रौपदी' (रू.भे.)

उ०—१ दुराटां रचियौ दाव, द्रौपद नागी देखवा। अब तौ वेगौ आव, साय करण नैं सांवरा।—रांमनाथ कवियौ

उ०—२ द्रौपद दक्काळाह, दुसट-सभा बिच दाखवै। लायौ नंदलालाह, चीर दुमाला चौगणा।—रांमनाथ कवियौ

द्रौपदी–सं०स्त्री० [सं०] राजा द्रुपद की कन्या जो पांचों पांडवों को व्याही गई थी, कृष्णा।

पर्याय०—क्रसणा, जग्यासेनी, पांचाळी, पंडवप्रिया, वेदजा, वेदवती, सती, सरअंगना, सिखवांन।

रू०भे०—दुरपदी, द्रूव्रय, द्रोपत, द्रोपता, द्रोपद, द्रोपदजा, द्रोपदा,

द्रोपदि, द्रोपदी, द्रोपां, द्रोपत, द्रोपद ।

द्रौपदेय-सं०पु० [सं०] द्रौपदी का पुत्र।

द्रौह—देखो 'द्रोह' (रू.भे.)

उ०—तिस वखत राव नै छळ द्रौह किया । जोधांण अपणै मुनसफ में लिया ।—सू.प्र.

द्वंद द्वंद्व—देखो 'दुंद' (रू.भे.) (ह.नां.)

द्वंदचारी-सं०पु० [सं० द्वंद्वचारिन्] चकवा पक्षी ।

द्वंद्वज-वि० [सं०] १ सुख, दुख, राग, द्वेष आदि द्वंद्वों से उत्पन्न होने वाली मनोवृत्ति. २ वात, पित्त और कफ नामक त्रिदोष में से दो दोषों से उत्पन्न रोग ।

द्वंद्वर, द्वंध—देखो 'दुंद' (रू.भे.)

उ०—१ भीतर द्वंद्वर भर रहै, तिनकौ मारै नांहि । साहिब की अरवाह हैं, ता को मारन जांहि ।—दादू वांणी

उ०—२ साधू संगति पाइये, तब द्वंद्वर दूर नसाइ । दादू बोहिथ बैस कर, डूंडे निकट न जाइ ।—दादू वांणी

उ०—३ दूजा ग्यांनी और सवेई, तारा चंद ज्यूं मांन । आतम ग्यांनी अधिक सब सूं, रवी बराबर जांण । तिरगुण माया रे, मिट गइ द्वंध निमा ।—स्री सुखरांमजी महाराज

द्वद्वजुध-सं०पु० [सं० द्वंद्वयुद्ध] दो पुरुषों के बीच की लड़ाई, कुश्ती ।

द्वजराज—देखो 'दुजराज' (रू.भे.)

उ०—सुणै वयण इम सकाजा, रीझ बगसै महाराजा । आरती द्वजराज आंणे, प्रीत उच्छव कीध पांणे ।—सू.प्र.

द्वाई—देखो 'दुहाई' (रू.भे.)

द्वाज-सं०पु० [सं०] वह पुत्र जो पति के अतिरिक्त अन्य पुरुष से उत्पन्न हुआ हो, जारज पुत्र ।

द्वात—देखो 'दवात' (रू.भे.)

उ०—पातसाह जी तिसां मरतां री ज्यांन कवज होणै लगी । तद साजिहांनजी कयौ 'लावौ भाई रजूनांमा लिख दें ।' जब द्वात-कलम हाजर किया ।—द.दा.

द्वादस-वि० [सं० द्वादश] १ बारह । उ०—१ ईखवा अचळ साहस उवरि, सुर दळ विमळ तरस्सिया । विसतार नूर सतियां वदन, द्वादस सूर दरस्सिया ।—रा.रू.

उ०—२ ग्रहणी रोग बताये पंच, तिण विध सूं दैणा तिण संच । पंच उदर हिरदै प्रकार, इहि विधि द्वादस डंभ विचार ।—ध.व.ग्रं.

२ जो ग्यारह के बाद पड़ता हो, बारहवां ।

रू०भे०—दवादस, दवादस्स, दुआदस, दुवादस ।

द्वादसआतम, द्वादसआतमा-सं०पु० [सं० द्वादशात्मा) सूर्य, आदित्य (नां.मा., अ.मा.)

द्वादसक-वि० [सं० द्वादशक] बारह का ।

द्वादसकर-सं०पु० [सं० द्वादशकर] १ स्वामी कार्तिकेय.

२ वृहस्पति, सुर-गुरु ।

द्वादसचख-सं०पु० [सं० द्वादशचक्षुस्] स्वामी कार्तिकेय (नां.मा.)

द्वादसतूरचनिनाद-सं०पु० [सं० द्वादशतूर्यनिनाद] बारह वाद्यों की ध्वनि ।

उ०—तिम दधि दुरवा अक्षत चंदन कुसम कुंकम । पूज्य त्रिद्धासीरवाद, द्वादसतूरचनिनाद, विवाहादि हरखणाकळ ।—व.स.

द्वादसभाव-सं०पु० [सं० द्वादशभाव] जन्मकुंडली के वे बारह घर जिनके क्रम से तनु आदि नाम फलानुसार रखे गये हैं (फलित ज्योतिष)

द्वादसलोचण, द्वादसलोचन-सं०पु० [सं० द्वादसलोचन] स्वामी कार्तिकेय ।

द्वादसवरगी-सं०स्त्री० [सं० द्वादशवर्गी] फलित ज्योतिष में नीलकंठ ताजक के अनुसार वर्ष काल में ग्रहों के फलाफल निकालने के लिये बारह वर्गों की समष्टि ।

द्वादसवारसिक-सं०पु० [सं० द्वादशवार्षिक] ब्रह्म हत्या का पाप लगने पर बारह वर्ष तक किया जाने वाला एक व्रत ।

द्वादससुद्धि-सं०स्त्री० [सं० द्वादशशुद्धि] वैष्णव सम्प्रदाय में तंत्रोक्त बारह प्रकार की शुद्धियां ।

द्वादसांग-सं०पु० [सं० द्वादशांग] १ जैनों का वह ग्रंथ-समूह जिसे वे गणधरों का बनाया हुआ मानते हैं । इसके बारह भेद होते हैं ।

रू०भे०—द्वादसांगी ।

२ पूजा में जलाने की वह धूप जो बारह गंधद्रव्यों के योग से बनी हुई होती है ।

वि०—जिसके बारह अंग या अवयव हों ।

द्वादसांगी—देखो 'द्वादसांग' (१) (रू.भे.)

द्वादसि, द्वादसी-सं०स्त्री० [सं० द्वादशी] मास के प्रत्येक पक्ष की बारहवीं तिथि । उ०—१ चढियौ पाछै चक्रवति, मारू कातिक मास । महि पख द्वादसि मेड़तै, नरपति कियौ निवास ।—रा.रू.

उ०—२ मास मिगस्सर द्वादसी, इळ पुड़ पख अंधियार । जुड़ियौ गुणाचाळै 'जगौ', 'अजमल' छळै उदार ।—रा.रू.

उ०—३ मधुमास क्रसन पख द्वादसी, जुध प्रकास जग जांणियौ । अत जीप गया हरियांन मझ, व्रत जिहांन वखांणियौ । —रा.रू.

रू०भे०—दवादसी, दुआदसी, दुवादसी ।

द्वादसौ-सं०पु० [सं० द्वादश+रा०प्र०औ] १ मृत्यु के पश्चात् बारहवां दिन. २ मृत्यु के पश्चात् बारहवें दिन पर किया जाने वाला क्रिया-कर्म का संस्कार ।

उ०—अरु रावजी स्री लूणकरणजी रौ द्वादसौ कर धरम-पुन कियौ। पीछै गादी रावजी स्री जैतसीजी विराजिया ।—द.दा.

३ मृत्यु के पश्चात् बारहवें दिन किया जाने वाला भोज ।

रू०भे०—दवादसौ, दुआदसौ, दुवादसौ ।

द्वापर, द्वापुर, द्वापुरि-सं०पु० [सं० द्वापरम् अथवा द्वापरः] चार मुख्य युगों में से तीसरा युग । यह ८,६४,००० वर्ष का माना गया है (पौराणिक)

उ०—द्वापर में पांडवां रै द्वारै, दुरवासा घर आई । कोप करै कर बहु दुख दीना, तो ई रे सती सत नहीं गमाई ।
—स्री हरिरांमजी महाराज

उ०—२ अगत्न मान क्रितू ज्यो यागी, पां' त्रेताजुग बीतो पाछो। द्वापर माय मांनो दानी, रमा मिथायो मां चित राखो।—ऊ.का.

उ०—३ तेवड़ां रीत द्वापुर तणां, इळ राग्वां कीरत अमर। कहि नगर दान तिलगां करां, सराजांम हूंता समर।—सू.प्र.

उ०—४ पाति जोग परागम उगहो। जुग द्वापुरि जोगां मभि जितो।—सू.प्र.

रू०भे०—दवापर, दवापुर, दुआपुर, दुवापुर।

द्वार-सं०पु० [सं०] १ दरवाजा।

उ०—१ करी तुरी चित्रांम केळि द्वार द्वार डंवर। गुनाल के लगत गात अंतरंग अंबर।—सू.प्र.

उ०—२ कूकर रखवाळी करै, दूजां लोकां द्वार। देमोतां री डोढ़ियां, गीता करै गवार।—वां.दा.

उ०—३ प्रति द्वार रगे निज आसन में, मद बींद लसे रवि भासन में। पग मंत धरै प्रिह पावन कां, नित आवत नार बधावन कां।
—ऊ.का.

२ मुख, मुहाना, छिद्र. ३ इंद्रियों के मार्ग या छेद।
४ उपाय, साधन, जरिया।

मुहा०—द्वार सूझणो—उपाय निकलना।

रू०भे०—दवार, दुवारी, दुवार, दुवारी, दूआर।

अल्पा०—दवारो, दुवारो, द्वारो।

द्वारका-सं०स्त्री० [सं०] पुराणानुसार काठियावाड़ गुजरात की एक प्राचीन नगरी जो सात पुरियों में से एक मानी जाती है। यह हिंदुओं के चार धामों में से एक है (प्र.मा.)

उ०—मांडिलो स्याम समरण परै मांडहो, निगत बर सुवर ईसवर लिखायो। बगत सुण द्वारका हूंत आयो किसन, उदैपुर हूंत इम राग आयो।—रामो नाई

रू०भे०—दवारका, दुवारका दुवारिका।

द्वारकाधीस-सं०पु० [सं० द्वारकाधीश] श्रीकृष्णचन्द्र।

द्वारेस-सं०पु० [सं० द्वारकेश] द्वारकानाथ, श्रीकृष्णचन्द्र
(प्र.मा., नां.मा.)

द्वारपाळ-सं०पु० [सं० द्वारपाल] १ दरवाजे पर रक्षा के निमित्त नियुक्त पुरुष, ड्योढ़ीदार, दरवान.

२ वह देवता जो किसी बड़े देवता के द्वार का रक्षक हो (तंत्र)

३ समुद्रों के किनारे स्थित एक तीर्थ (महाभारत)

द्वारपाळक-सं०पु० [सं० द्वारपालक] द्वारपाल।

द्वारमति, द्वारमती—देखो 'द्वारावती' (रू.भे.)

उ०—१ जब इम सागर कहै, तुरत मतिकै पुरव दत। आज दीव [illegible], मदिर मारतंड द्वारमति।—सू.प्र.

उ०—२ [illegible] द्वारमती [illegible] सूर। [illegible] 'रेणु' वहै [illegible] दूर।—सू.प्र.

द्वाररोकाई-सं०स्त्री० [सं० द्वार+रा० रोकाई] १ विवाह की एक रीति। इसके अनुसार जब वर-वधू विवाहोपरांत घर आते हैं तब घर की बहनें उसकी राह रोकती हैं, इस पर वर द्वारा कुछ नेग दिया जाता है तब राह छोड़ दी जाती है. २ 'द्वाररोकाई' पर दिया जाने वाला नेग।

द्वारवती, द्वारामत, द्वारामती, द्वारामत्त, द्वारामत्ति, द्वारावति, द्वारावती-सं०स्त्री० [सं० द्वारवती, द्वारावती] द्वारका (डि.को.)

उ०—१ अमल हुवो सारी इळा, सत्र निरकळा सकत्त। कियो मतो दरसण करण, परसण द्वारामत्त।—रा.रू.

उ०—२ केवी घर सैंलोट कर, कर नवकोट पवित्ति। आयो जोधाणैं 'अजो', परसै द्वारामत्ति।—रा.रू.

उ०—३ इळ पूरब हूंता पछिम आय। जात्रा द्वारावति कीध जाय।
—सू.प्र.

उ०—४ प्रभु लेउ विदुर गयउ वन माहि, कन्ह वळी द्वारावती जाइ।
—पं.पं.च.

रू०भे०—दुआरामती, द्वारमति, द्वारमती।

द्वारि—देखो 'द्वार' (रू.भे.)

द्वारिक-सं०पु० [सं०] द्वारपाल।

द्वारिका—देखो 'द्वारका' (रू.भे.)

उ०—१ दादू केई दौड़ द्वारिका, केई कासी जांहि। केई मथुरा को चले, साहिब घट ही मांहि।—दादू वांणी

उ०—२ इण कीधा अनरत्थ, द्वारिका नगरी दहवै। सुणै नहिं धरम सीख, नजर में सुद्धि बुद्धि न हवै।—ध.व.ग्रं.

द्वारी-सं०स्त्री० [सं० द्वार+रा०प्र०ई] छोटा दरवाजा।

द्वारो-सं०पु० [सं० द्वार+रा०प्र०ओ] १ साधु-सन्यासियों के रहने का स्थान, रामद्वारा।

रू०भे०—दवारो, दुवारो।

२ देखो 'द्वार' (अल्पा., रू.भे.)

द्वाळो-सं०पु० [देश०] गीत छंद में निश्चित चरणों का समूह।

उ०—पत्र अखर दळ द्वाळा जस परिमळ, नव रस तंतु त्रिविधि अहो-निसि। मधुकर रसिक सु भगति मंजरी, मुगति फूल फळ भुगति मिसि।—वेलि.

वि०वि०—प्राय: राजस्थानी गीत (छंद) में द्वाळा चार चरण का होता है किन्तु कई ऐसे गीत छंद भी हैं जिनमें तीन, पांच, छः, सात या आठ चरणों का द्वाळा भी होता है, जैसे—त्रिपंखो, सवैयो, झमाळ, हिरणझंप, दोढ़ो, मकुटबंध, अाटको आदि।

रू०भे०—दवांळो, दवाळ, दवाळो, दुआळो, दुवाळो, दुहाळो।

द्वि-वि० [सं० द्वौ] दो।

सं०पु०—२ दो की संख्या।

द्विइंद्रिय-सं०पु० [सं० द्वीन्द्रिय] वह जंतु जिसके शरीर और जीभ दो इन्द्रिय ही हों (जैन)

रू०भे०—दुइंद्रिय, बेंद्रिय, बेइंद्रिय।

द्विक-सं०पु० [सं० द्विकः] कौआ (डि.को.)

द्विकरमक-वि० [सं० द्विकर्मक] जिसके दो कर्म हों।

द्विकळ-सं०स्त्री० [सं० द्वि+कला] छंदशास्त्र या पिंगळ में दो मात्राओं का समूह।
रू०भे०—दुकळ।

द्विगु-सं०पु० [सं०] कर्मधारय समास का एक भेद जिसका पूर्वपद संज्ञा-वाचक हो।

द्विगुण-वि० [सं०] दुगुना, दूना।

द्विज-सं०पु० [सं०] १ दो की संख्या॰। २ नारद. ३ वशिष्ठ. ४ डगण के पांचवें भेद का नाम।
रू०भे०—दिज, दुजि, दुज्ज, दुज्जय।
५ देखो 'दुज' (रू.भे.)
उ०—१ जदि द्विज पंति निरंत्र करि जोजन। भूप समापं मनसा भोजन।—सू.प्र.
उ०—२ परब्रह्म न पाया सद सरमाया, माया मद माणंदा है। द्विज वरण दवाया कळपित काया, छाया जळ छांणंदा है।—ऊ.का.

द्विजन्म-सं०पु० [सं०] १ दूसरा जन्म, पुनर्जन्म. २ ब्राह्मण.
उ०—द्विजन्म पाय हव्य कव्य हव्य वाट में दहे—ऊ.का.
३ यज्ञोपवीत धारण करने वाला।
वि०वि०—यज्ञोपवीत को दूसरा जन्म माना है।
वि०—जिसका जन्म दो वार हुवा हो।

द्विजपति—देखो 'दुजपति' (रू.भे.)

द्विजराज, द्विजराय—देखो 'दुजराज' (रू.भे.)

द्विजवादन-सं०पु० [सं०] विष्णु।

द्विजा-सं०स्त्री० [सं०] द्विज की स्त्री, ब्राह्मणी।

द्विजाग्रज-सं०पु० [सं०] ब्राह्मण।

द्विजाति—देखो 'दुजाति' (रू.भे.)

द्विजेंद्र—देखो 'दुजिंद' (रू.भे.)

द्विजेस—देखो 'दुजेस' (रू.भे.)

द्विज्ज—देखो 'दुज' (रू.भे.) उ०—जस जोतख द्विज्ज लिखंत जंत्र। मुख पढ़त महाद्विज वेद मंत्र।—सू.प्र.

द्वितीय—देखो 'दुतीय' (रू.भे.)

द्वितीयौ—देखो 'दुतीय' (अल्पा., रू.भे.)
उ०—तद मनसा देवी माया तै ऊपनी। माया थकी थोक दुइ ऊपना। आत्मा एक। द्वितीयौ परमात्मा।—द.वि.

द्विदळ-वि० [सं० द्विदल] १ जो दो खण्डों से जुड़ा हो किन्तु दाव पड़ने अथवा कूटने से दोनों खण्ड अलग हो जाते हों, जिसमें दो दल या पिंड हों. २ दो पत्ते वाला।
सं०पु०—वह अन्न जिसमें दो दल हों, दाल।
रू०भे०—दुदळ।

द्विदेह-सं०पु० [सं०] गणेश।

द्विद्वादस-सं०पु० [सं० द्विद्वादश] फलित ज्योतिष के अनुसार विवाह संबंध, मैत्री, साझा, नौकरी आदि निश्चित करने में देखा जाने वाला राशियों का मेल।

द्विधा-क्रि०वि० [सं०] दो प्रकार से, दो तरह से।
रू०भे०—दिधा।

द्विधातु-वि० [सं०] जो दो धातुओं के संयोग से बना हो।
सं०पु०—गणेश।

द्विप-सं०पु० [सं०] हाथी (अ.मा.)
रू०भे०—दुप, दुपी, द्दिप।

द्विपदी-सं०स्त्री० [सं०] १ दो पद वाला छंद या वृत्ति. २ वह गीत जिसमें दो पद हों. ३ एक प्रकार का चित्र-काव्य जिसमें किसी दोहे आदि को कोष्ठों की तीन पंक्तियों में लिखा जाता है।
उ०—पंचावयवि दसावयवि वादीसिउं वाद लिइ, छए भासा वोलइ, पठित काव्य अठोतरउ अरथ दीसइ, एक पदी, द्विपदी त्रिपदी चिंतित समस्या पूरइ, तुरगपद, क्रोस्टपद पूरइ।—व.स.

द्विपादपारस्वासन-सं०पु० [सं० द्विपादपार्श्वासन] योग के चौरासी आसनों के अन्तर्गत एक आसन जिसमें दोनों पाँवों को घुटने से मोड़ कर दोनों पंजों को पीछे से लौटा कर कटि के ऊपर के भाग में अटकाना पड़ता है।

द्विपायी-सं०पु० [सं० द्विपायिन्] हाथी।

द्विपास्य-सं०पु० [सं०] गणेश।

द्विपुस्कर-सं०पु० [सं० द्विपुष्कर] फलित ज्योतिष में एक योग जो रवि, मंगल और शनिवारों, द्वितिया, सप्तमी और द्वादशी तिथियों तथा मृगशीर्ष, चित्रा और धनिष्ठा (द्विपादर्क्ष) नक्षत्रों में से किसी एक वार, एक तिथि तथा एक नक्षत्र के एक साथ होने पर होता है। इसमें शुभाशुभ का द्विगुणित फल होता है।

द्विप्प—देखो 'द्विप' (रू.भे.) (डि.नां.मा.)

द्विभासी-वि० [सं० द्विभाषी] जो दो भाषाएँ जानता हो, दुभाषिया।

द्विभुज-वि० [सं०] जिसके दो भुजाएँ या हाथ हों।

द्विभूमिक-सं०पु० [सं०] दो तल्ला, दो मंजिला (भवन)
उ०—सुवरणहट्टी, रूपहट्टी, कांसहट्टी, लोहहट्टी, दंतहट्टी, चित्रकार, मणिकार, गांधी, दोसी. फोफळ, सस्त्र, सूत्र, घ्रित, तैल कण इत्यादि विचित्र हट्टिकासोभाविसाळ रमणीय चतुसाळ, द्विभूमिक, त्रिभूमिक, चतुरभूमिकादि नंदावरत्त।—व.स.

द्विमात्र-सं०पु० [सं०] दो मात्राओं का वर्ण, दीर्घ वर्ण।

द्विमात्रज, द्विमात्रिज-सं०पु० [सं० द्विमातृज=जिसकी दो माताएँ हों] १ गणेश. २ जरासंध।
रू०भे०—द्वैमातर।

द्विमीढ़-सं०पु० [सं०] हस्तिनापुर बसाने वाले महाराज हस्ति का एक पुत्र।

द्विरद-सं०पु० [सं०] १ हाथी (डि.नां.मा.)

२ दुर्योधन का एक भाई.
३ पुरुष की ७२ कलाओं में से एक (व.स.)
वि०—जिसके दो दांत हों, दो दाँतों वाला।
रू०भे०—दुरद, दुरद्द, दोयरद, द्वैरद।

द्विरदासन-सं०पु० [सं० द्विरदाशन] सिंह।

द्विरसन-सं०पु० [सं०] सांप।

द्विरागमन-सं०पु० [सं०] १ पुनः आना, दूसरी बार आना, पुनरागमन.
२ वधू का अपने पति के घर दूसरी बार आना।

द्विरेफ-सं०पु० [सं०] १ भौरा, भ्रमर।
२ बर्र।
रू०भे०—दुरेफ।

द्विविद-सं०पु० [सं०] रामचंद्र की सेना का एक सेनापति वन्दर। (रामायण)

द्विसरीर-सं०पु० [सं० द्विशरीर] ज्योतिष के अनुसार कन्या, मिथुन, धनु, और मीन राशि।

द्वीप-सं०पु० [सं०] १ स्थल का वह भाग जो चारों ओर जल से घिरा हो. २ पृथ्वी के सात बड़े विभाग (पौराणिक)
उ०—वस्त्रमाहि चीर, चीरमाहि सूत्रका चीर, गढ़माहि कालिजर, खांणिमाहि वइरागर, द्वीपमाहि जंबू द्वीप, प्रदीपमाहि रत्नप्रदीप। —व.स.
३ सात की संख्या॰।
४ देखो 'दीप' (रू.भे.)
रू०भे०—दीव।

द्वेख-सं०पु० [सं० द्वेष] १ क्रोध, गुस्सा।
उ०—यों असपत्ती आखियौ, रत्ती तत्ती रार। दीठी सच्चै द्वेख मैं, दिल्ली चै दरबार।—रा.रू.
२ देखो 'द्वेस, धेख' (रू.भे.)

द्वेखक-सं०पु० [सं० द्वेषक] शत्रु (ह.नां.)

द्वेखी—देखो 'द्वेसी' (रू.भे.)

द्वेमातर—देखो 'द्विमात्रिज' (रू.भे.) (अ.मा., क.कु.बो.)

द्वेस-सं०पु० [सं० द्वेष] १ चित्त को अप्रिय लगने की वृत्ति, चिढ़, शत्रुता, वैर. २ ईर्ष्या, डाह।
रू०भे०—द्वेख, द्वेस।

द्वेसी-वि० [सं० द्वेषिन्] १ विरोधी. २ शत्रु, दुश्मन।
३ ईर्ष्यालु। उ०—सुकवि कुकवि द्वेसी सुणै, हरखै कहिया जाव। करसी नह म्हारा कवित, खाल उतार खराव।—वां.दा.
रू०भे०—द्वेखी, धेखी।

द्वै-वि० [सं० द्वे] दो, दोनों। उ०—१ अथ ओमकार, अक्षर उचार। निस दिवस नांम, रट रांम रांम। द्वै सुलभदीप, स्रद्धा समीप। रुचि ह्वै सु राख, दुहुं दिव्य दाख।—ऊ.का.
उ०—२ आपा मेटै म्रितिका, आपा धरै अकास। दादू जहँ जहँ द्वै नहीं, मध्य निरंतर वास।—दादू वांणी

द्वैअखरी, द्वैअखरी—देखो 'वेअखरी' (रू.भे.)

द्वैत-सं०पु० [सं०] १ अपने और पराये का भाव, भेद, अंतर.
२ दो का भाव, जोड़ा, युग्म. ३ दुविधा, भ्रम.
उ०—तिरगुण अनातम माया त्यागी, चेतन संत मुराळ। तुरीये आतम सत सदाई, निज स्वरूप अकाळ। द्वैत नहीं लेसा रे, आपोई आप अजरे।—स्री सुखरांमजी महाराज
४ अज्ञान, जड़ता. ५ द्वैतवाद।
उ०—१ द्वैत अद्वैत कहो कहां पाता, गूंगे गुड़ का गूंगा ग्याता। —स्री सुखरांमजी महाराज
उ०—२ गुणातीत विगत परै आतम, सरव विगत का भूप। अद्वै अचळ अजनमा आतम, द्वैत भरम नहिं रूप। —स्री सुखरांमजी महाराज

द्वैतभाव-सं०पु० [सं०] जीव और परमात्मा को दो समझने का भाव।
उ०—दादू पूरण ब्रह्म विचार लै, द्वैतभाव कर दूर। सब घट साहिब देखिये, रांम रह्या भरपूर।—दादू वांणी

द्वैतवण, द्वैतवणि, द्वैतवन-सं०पु० [सं० द्वैतवन] एक तपोवन जिसमें वनवास के समय पांडवों ने निवास किया था।
उ०—१ तउ जाइं द्वैतवणि वसइ वासि उडवा करी नइ। पुरुस प्रियवंदु पाठविउ विदुरि वात वक नी सुणी नइ।—पं.पं.च.
उ०—२ वरसि छडइ वरसि छडइ द्वैतवणि जाइं।—पं.पं.च.

द्वैतवाद-सं०पु० [सं०] १ आत्मा और परमात्मा अर्थात् जीव और ईश्वर को दो भिन्न पदार्थ मान कर विचार किया जाने वाला दार्शनिक सिद्धांत.
२ भूत और चित् शक्ति अथवा शरीर और आत्मा दोनों को भिन्न माना जाने वाला दार्शनिक सिद्धान्त।

द्वैतवादी, द्वैती-वि० [सं० द्वैतवादिन्, द्वैतिन्] द्वैतवाद को मानने वाला, द्वैतवादी।

द्वैपायण, द्वैपायन-सं०पु० [सं० द्वैपायन] व्यास का एक नाम, वेदव्यास।
रू०भे०—दीपायण, दीपायन।

द्वैमातुर-सं०पु० [सं०] १ गणेश।
२ जरासंध।
वि०—जिसकी दो माताएँ हों।

द्वैरद—देखो 'द्विरद' (रू.भे.) उ०—कमंध रांम कलियांण रै, जब तेग चलाया। पोगर द्वैरद काटिया, गज गरद मिळाया।—द.दा.

ध

घ—संस्कृत, राजस्थानी व देवनागरी वर्णमाला का उन्नीसवां व्यञ्जन और तवर्ग का चौथा वर्ण जिसका उच्चारण स्थान दंतमूल है। यह महाप्राण है और इसमें संवार, नाद और घोष नामक वाह्य प्रयत्न होते हैं। इसके उच्चारण में आभ्यंतर प्रयत्न भी आवश्यक होता है।

घं-सं०पु०—१ दान. २ मान. ३ द्रव्य. ४ सुखासन।
सं०स्त्री०—धाय (एका.)

धंक, धंका-सं०स्त्री० [सं० धाक्+अङ्क=निश्चय धंक (धाक) अथवा ध्वाङ्क्ष=ध्वांक्ष=ध्वाङ्क्षा] १ इच्छा, अभिलाषा, लालसा।
उ०—१ अनंक न संक न धंक न धीस, अवास न वास न आस न ईस। निराळ न काळ त्रिकाळ नरेस, आदेस आदेस आदेस आदेस। —ह.र.
उ०—२ वडा वडा पद व्रिटिस रा, धरै लियण नृप धंक। पाया वे सारा 'पतै', असपत हूंत असंक।—किसोरदांन वारहठ
२ दृढ़ संकल्प, पक्का विचार, निश्चय।
उ०—असभड़ फूल असंक, सूरा भड़ मेलै सकज। धारी 'गोगादे' धंक, 'वीरमदे' रा वैर री।—गो.रू.
३ धक्का, आघात, टक्कर।
उ०—नाप अंग-मग तुर निठुर, दोयण गळै न दाळ। अंत विरथ अपणा न अज, वज्र धंक वींवाळ।—रेवतसिंह भाटी
४ भय, डर, शंका।
उ०—१ सुण रांणी सीत असंका नै, वन मेलै लिखमण वंका नै। धारै खळ पाछै धंका नै, लैगो गह सीता लंका नै।—रा.रू.
उ०—२ सुचित धंका जनां निवारण सांकड़ा। वाह रघुनाथ लंका लियण वांकड़ा।—र.ज.प्र.
रू०भे०—धंख, धंखा, धक, धख, धांक, धांख, ध्रंक, ध्रंका, ध्रंख, ध्रंखा।

धंकी-वि० [राज० धंक+रा०प्र०ई] प्रवल इच्छा रखने वाला, इच्छुक।
उ०—हैजमां हिलोळ हयां तेगां उछांटीलौ हलै, साथ वीरां चलै चंडी चांटीलौ सवंध। वेध धंकी जंगां मेलै वारंगां वांटीलौ वींद, केकांण कोमंखी वागौ आंटीलौ कमंध।—हुकमीचंद खिड़ियौ
रू०भे०—धखी।

धंख-सं०पु० [देश०] १ क्रोध, रोष।
उ०—धर जहर देखिया गुरड़ धंख। पेखिया पटाभर अनड़ पंख। तांमस अधियांमण भूप तांम। रांमण जुध दीठा जांण रांम। —वि.सं.
२ जोश. ३ देखो 'धंक' (रू.भे.)
उ०—धंख भुरजाळ अधरात तोपां धमत, कंक ग्रीधण भमत लाल रंग कीच। रास नागेंद्र कुरंग रोक रिझवार हुय, वार मुर मयंक थंभियौ निहंग वीच।—हुकमीचंद खिड़ियौ

धंखा—देखो 'धंका' (रू.भे.)

धंखी-वि० [सं० द्वेषिन्, द्वेषी] १ वैरी, शत्रु, दुश्मन (अ.मा.)
२ देखो 'धंकी' (रू.भे.)

धंगौ—देखो 'दंगौ' (रू.भे.)
उ०—तौ पण भाटियां वडौ धंगौ राखियौ।—द.दा.

धंण—१ देखो 'धण' (रू.भे.)
उ०—पंथी एक संदेसड़इ, लग ढोलइ पैहचाइ। धंण कमलांणी कमदणी, सिसहर ऊगइ आइ।—ढो.मा.
२ देखो 'धन' (रू.भे.)
३ देखो 'धनु' (रू.भे.)

धंणी—१ देखो 'धणी' (रू.भे.)
२ देखो 'धनी' (रू.भे.)
सं०स्त्री०—३ देखो 'धनु' (अल्पा., रू.भे.)
उ०—बांह चढाय धंणी चठठाय रावत साम्हौ तीर चलायौ। —प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

धंतर-सं०पु०—१ धनेर पक्षी (मेवाड़)
वि०वि०—देखो 'धनेर'
२ देखो 'धंतरजी' (रू.भे.)

धंतरजी-वि० [सं० धन्वंतरि] १ जबरदस्त, वलवान, शक्तिशाली।
रू०भे०—धनंतरजी।
२ देखो 'धनंतर (रू.भे.)

धंतूर, धंतूरौ—देखो 'धतूरौ' (रू.भे.)
उ०—१ इतर सिउं आवी रहिउ, भांड भवाईया संगि। धूरि धंतूर सेवतु, खातु भूकि भ्रिंगि।—मा.कां.प्र.
उ०—२ धंतूरा नइं धाऊडा, धांमणि धूंगरि धूनि। धींग धमासा धूळिया, धडहड धाता धूंनि।—मा.कां.प्र.

धंत्रणी—देखो 'धनंतर' (रू.भे.)
उ०—तुही जंत्रणी मंत्रणी अंत्र जांमा। तुही धंत्रणी तंत्रणी बुद्धि धांमा।—मे.म.

धंद—१ देखो 'धंध' (रू.भे.)

२ देखो 'धंधौ' (मह., रू.भे.)

धंदउ, धंदव, धंदौ—देखो 'धंधौ' (रू.भे.)

उ०—नहीं ज्यां लघु दीरघ कोई, सदा सुद्ध स्वरूप निरभोई। सोई सुखरांम रहित धंदा, नहीं ज्यां बंध मुक्त फंदा।

—स्री सुखरांमजी महाराज

धंध-सं०पु० [सं० द्वन्द्व] १ उपद्रव, उत्पात।

उ०—१ पाधारै न्रिप जोधपुर, गढ़ चाढ़िया कमंध। आप विरस हुए चीतियौ, धरा चहूं दिस धंध।—रा.रू.

उ०—२ ठौड़-ठौड़ कागद लिखिया ज्यां में लिखियौ—जमी में भोमियां, ग्रासियां धंध मचायौ, रावजी देस री निगै राखै नहीं, जिणसूं पांचां ठाकुरां मोनूं चांटी भोळायी है सो हूं करूं छूं।

—बां.दा.ख्यात

२ कष्ट, दुख. ३ अंधकार. ४ धुंधलापन. ५ पँवार वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति (बां.दा.ख्यात)

६ देखो 'धंधौ' (मह., रू.भे.)

उ०—१ क्रोधी कांमी क्रिपण नर, मांनी अनै मदंध। चोर जुआरी नै चुगल, आठौं देखत अंध। आठै देखत अंध, धंध रस लागा धावै। तन, धन धन री हांणि, नेटि तोइ नजरै न आवै।—ध.व.ग्रं.

उ०—२ परहर अवर धंध अपार, भज नित जांनुकी भरतार। कर-मत कलपना मन कोय, हरि विण विये मुकत न होय।—र.ज.प्र.

उ०—३ छ मत 'बांम' समरि स्यांम। भूठ धंध, मन म बंध।

—र.ज.प्र.

उ०—४ उज्वळ करणी रांम है, दादू दूजा धंध। का कहियै समभै नहीं, चारौं लोचन अंध।—दादू बांणी

७ देखो 'धंध' (रू.भे.)

वि०—१ व्यर्थ, फालतू।

उ०—सुमित्र विना एक पुत्र समंध। धरा पर धंन विभौ विभौ सोह धंध।—रांमरासौ

२ आकाशगामी, नभचर।

धंधउ—देखो 'धंधौ' (रू.भे.)

धंधक-सं०पु० [अनु०] १ एक प्रकार का ढोल।

२ काम-धंधे का आडम्बर, बखेड़ा.

धंधव—देखो 'धंधौ' (रू.भे.)

उ०—वेखी मात पिता त्रिय बंधव, कुळ धन धंधव काचौ। चौरंग मभ जमहूंत बचायव, साहिब राघव साचौ।—र.ज.प्र.

धंधागर, धंधागिर-वि० [सं० द्वन्द+फा० प्रत्य० गर] काम धंधा करने वाला, कार्यशील, परिश्रमी, उद्योगी।

रू०भे०—धंधागीर, धंधीयर।

धंधारथौ, धंधारथू-वि० [रा० धंधौ, सं० द्वंद+अर्थिन्] कार्य में रत, कार्य में संलग्न, कार्य करने वाला, कार्यशील, परिश्रमी।

धंधाळी, धंधाळू-वि० [सं० द्वंद्व+आलुच्] जिसके बहुत कार्य हो, कार्य-शील, परिश्रमी, उद्योगी। उ०—१ सोना थाळी मांहै कै आरोगै सांळी दाळी; सुखी बीया के हथाळी, जिमैं पीयै बूक। एकां लील लाली लाली, पाली धंधाळी जंजाळी एकां, सढ़ाळी अढाळीवार कमाई सलूक।—ध.व.ग्रं.

उ०—२ बहु धंधाळू आव घरि, कासूं करइ वदेस। संपत सगळी संपजै, आ दिन कदी लहेस।—ढो.मा.

धंधीगर—१ देखो 'धंधींगर' (रू.भे.)

गीत 'रणधमळ' में छः तुकें होती हैं । प्रथम व द्वितीय तुकों में प्रत्येक में चौदह मात्राएं । तृतीय तुक में श्रठाईस मात्राएं, चतुर्थ एवं पंचम चरण मे प्रत्येक में चौदह मात्राएँ तथा षष्टम तुक में चौबीस मात्राएं तथा श्रंत में लघु हो ।
'रघुवरजसप्रकास' के श्रनुसार 'घमळ' गीत के श्रौर सुगम लक्षण—
'त्रकुटबंध' गीत की प्रथम पांच तुकें तथा दो तुकें इसी गीत के 'द्वाले' के श्रंत की, जिनमें एक श्रनुप्रासयुक्त तथा एक श्रन्य । इन दोनों की एक तुक बनानी चाहिए । इस प्रकार इन छः तुकों को इकट्ठी कर के पढ़ने से 'घमळ' गीत बनता है ।
'कविकुळबोध' के श्रनुसार विषम चरण चौदह मात्राश्रों के, तथा सम चरण नौ मात्राश्रों के होते हैं ।
२ देखो 'धवल' (रू.भे.) (श्र.मा.) उ०—श्रटकै खार घर वेध डगिया श्रसत, सार फाटै गयण मेळ सांधौ । धणी दाखै घमळ टांड कज द्ळा धुर, 'केहरी' तणा हव मांड कांधौ ।
—रावत श्ररजुनसिंघ चूंडावत रौ गीत
उ०—२ श्रडग राखियौ नेम गंगेव चौ ईसवर, जठै पण दाखियौ श्राप जावा । घमळ खग धार पिड काज धू-धारणा, विरद रा वारणा लेऊं वावा ।—भगतमाळ
उ०—३ धुनि कर श्रमर मंगळ-घमळ, गै तुंबरु गावंत गुण । कर जोड़ एम ईसर कहै, कर पूजा जांणे कवण ।—ह.र.
उ०—४ लेतां भारी लाल चोळरंग लागा चोखा । कोडी फेर किया श्रजब द्रग घमळ श्रनोखा ।—ऊ.का.

घमळश्रारोहण—देखो 'धवळ-श्रारोहण' (रू.भे.) (ह.नां.)

घमळगर, घमळगिर—देखो 'धवळगिरी' (रू.भे.)

घमळगिर-वाहणी—देखो 'धवळा-गिर-वासणी' (रू.भे.) (ह.नां.)

घमळधुज—देखो 'घवळ-धुज' (रू.भे.)

घमळ-मंगळ—देखो 'घवळ-मंगळ' (रू.भे.)

घमळहर—देखो 'घवळहर' (रू.भे.) उ०—कोट भुरजां रा कोसीस नैं घमळहर घवळा-गिर ज्यों बादळां रा किरण सारिखा उजळा सी-कोट सौं निजरि आवै छै।—रा.सा.सं.

घमळागर, घमळागिर, घमळागिरी—देखो 'घवळगिरि' (रू.भे.)

उ०—१ गरदां घर अंबर गूंघळियौ, घमळागर डूंगर घूंघळियौ।
—गु रू.बं.

उ०—२ घड़हड़ियो सुणे वाजतै ढोलै, हुब वागी कळपंत हुवा। धूहड़ उलटतां घमळागिरि, खूंद पखै कुण घरै खवा।—नाथौ सांदू

घवळागिरआरोहणी—सं०स्त्री० [सं० घवलगिरि+आरोहिणी] सरस्वती, शारदा (ह.नां.)

घवळागिरीदेवी—सं०स्त्री० [सं० धवलगिरिदेवी] शारदा, सरस्वती (अ.मा.)

घमस—सं०स्त्री० [अनु०] ध्वनि विशेष।

उ०—१ पमगां घमस नफेरी पांना, वाग तणी पर वेरक वांना। ऊडी गरद गैंण अव छायौ, ऊगमतौ रवि निजर न आयौ।—रा.रू.

उ०—२ घमस नाळ रज घोम, झळळ तप झंख कमळ झळ। घर घरसळ घरघरण, उतन दिस हलै 'अभैगल'।—सू.प्र.

उ०—३ रतन जडित की टोपी सिर पर, हार कंठ को भारी। चरण घूघरा घमस पड़त है, करी स्यांम सूं यारी।—मीरां

रू०भे०—घमस्स, घम्मस।

विशेष—यह शब्द प्रायः पदाघात से उत्पन्न वेगपूर्ण ध्वनि के लिए ही प्रयुक्त होता है।

घमसणौ, घमसवौ—क्रि०अ० [अनु०] ध्वनि विशेष का होना।

उ०—विखम तबल वाजतां, गयंद गाजतां गरूरां। असि घमसतां अनेक, सगह वहसंतां सूरां।—सू.प्र.

घमसियोड़ौ—भू०का०कृ०—ध्वनि किया हुआ, ध्वनित।
(स्त्री० घमसियोड़ी)

घमसी—सं०स्त्री० [अनु०] आटा पीसने की चक्की को तीव्रता से घुमाने से उत्पन्न शब्द। उ०—ओ तौ घटुलियौ चोखो म्हारो, घमसी दे मैं पीस सूं। आ तौ घमसी चोखी म्हारी, गंऊड़ा पीसासूं। ऐ तौ गंऊडा चोखा म्हारा, लाडूड़ा सांधाऊं।—लो.गी.

घमस्स—देखो 'घमस' (रू.भे.) उ०—हैघाट हींस हींजार हमस्स। धारां पहार माती घमस्स।—गु रू.बं.

घमहमणौ, घमहमवौ—क्रि०अ० [अनु०] ध्वनित होना, बजना, आवाज करना। उ०—हाक डाक त्रंवक घमहमिया। भाखर विकट असटकुळ भमिया। कमघज दळ हालतां कराळां। दहसत पड़ै दसै द्रगपाळां।
—सू.प्र.

घमहमियोड़ौ—भू०का०कृ०—बजा हुआ, ध्वनित।
(स्त्री० घमहमियोड़ी)

घमाक—सं०स्त्री० [अनु०] १ बंदूक आदि के छूटने या किसी वस्तु के गिरने से उत्पन्न ध्वनि. २ ऊपर से कूदने की क्रिया, छलांग.
३ देखो 'घमाकौ' (मह., रू.भे.) उ०—आघा पाव तीर रौ घमाक छाती चाड आयौ।—महकरण महियारियौ

रू०भे०—धवाक, धुवाक, धुवाख।

घमाकौ—सं०पु० [अनु०] १ बंदूक, तोप आदि के छूटने अथवा किसी भारी वस्तु के गिरने से उत्पन्न शब्द। उ०—आगै दरियाव आयौ सो जलाल वीं में कूद पड़चौ सो घमाकौ सुण बूबना नेत्रां खवास नूं कही।—जलाल बूबना री वात

२ आघात, टक्कर।

रू०भे०—घमको, घमक्को, घम्मको।

३ एक प्रकार की वजनी बंदूक। उ०—१ दोऊ तरफ दगी तोपूं अताळ। झालूं का झळहळ गोळूं का वरसाळ। घोमूं का अंधार, घमाकूं का धीठ। ओळूं की असण ज्यूं गोळूं की रीठ।—सू.प्र.

उ०—२ सोवोजी खोळो उथांमण नैं फौज ले आया। जंग में मूघाजी रै हाथ रो घमाको छूटो।—बां.दा.ख्यात

उ०—३ बहादुरसिंघजी रै नागोरी घमाको खवां में रहतो।
—बां.दा. ख्यात

रू०भे०—घमूकौ।

मह०—घमाक।

घमाचौकड़ी—सं०स्त्री० [देश०] उछल-कूद, कूद-फांद, उपद्रव, ऊधम।

घमाड़णौ, घमाड़वौ—देखो 'घमाणौ, घमावौ' (रू.भे.)

घमाड़ियोड़ौ—देखो 'घमायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० घमाड़ियोड़ी)

घमाणौ, घमावौ—क्रि०स० [देश०] १ पीटना, मारना.
२ द्रुत गति से चलना. ३ धोंकनी से हवा भरना या फेंकना.

घमाड़णौ, घमाड़बौ, घमावणौ, घमावबौ—रू०भे०।

विशेष—यह शब्द 'घमणौ' क्रिया का प्रेरणार्थक रूप भी है।

घमायोड़ौ—भू०का०कृ०—१ पीटा हुआ, मारा हुआ. २ द्रुत गति से चलाया हुआ. ३ धोंकनी से हवा भरा हुआ या झोंका हुआ.
(स्त्री० घमायोड़ी)

घमाधम—क्रि०वि० [अनु० घम] १ लगातार कई बार 'घम-घम' शब्द के साथ। उ०—हूकौ लेतां हाथ में, चेतौ गयौ छुड़ाय। पड़ै घमाधम पदमणी, अधमाधम अकुळाय।—ऊ.का.

२ कई आघातों के शब्द के साथ, लगातार कई प्रहार शब्दों के साथ।
उ०—समासम पेल घमाधम सेल। अनातम आतम ठेल उठेल।
—रा.रू.

सं०स्त्री०—१ आघात, प्रतिघात, प्रहार, मार-पीट।
उ०—अर वरछियां री घमाधम लैणी होवै सो म्हारै सांम्हौ आवौ।
—कुंवरसी सांखला री वारता

२ उपद्रव, उत्पात।

घमार-सं०स्त्री० [देश०] १ होली के समय गाया जाने वाला एक प्रकार का गीत (मीरां)
२ चौदह मात्राओं का एक ताल।
घमारळ—देखो 'घमारोळ' (रू.भे.)
घमारी-वि०—उपद्रवी, उत्पाती।
घमाळ-सं०पु० [देश०] १ डिंगल का एक गीत (छंद) विशेष जिसके प्रत्येक चरण में २३ मात्राएं हों तथा अंत में लघु गुरु हो.
२ होली के गीत गाने का एक ताल. ३ होली के दिनों में गाने का एक प्रकार का गीत। उ०—म्हारी वीरोजी बजावै चंग वाजणू, वांरा साथीड़ा गावै घमाळ, ए रंगीलो चंग वाजणू।—लो.गी.
४ एक राग विशेष (मीरां)
५ वर्षा ऋतु का एक पौधा जिसके गुलाबी फूल और छोटे-छोटे पत्ते होते हैं। इसके कांटे नहीं होते हैं।
घमावणौ, घमावबौ—देखो 'घमाणौ, घमाबौ' (रू.भे.)
घमावियोड़ौ—देखो 'घमायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० घमावियोड़ी)
घमासौ-सं०पु० [सं० धन्वयास] रेतीली भूमि में छत्ता के आकार का भूमि पर छितराने वाला महीन कांटेदार एक पौधा, दुलाह।
उ०—धूड़ घमासा पत्थर खावै, कहूं कहां लग आगी। जो तन धारी सबही अहारी, ग्यांनी रहत अलागी।—स्री सुखरांमजी महाराज.
घमियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ धौंकनी से हवा फेंका हुआ, धौंका हुआ.
२ पीटा हुआ, मारा हुआ. ३ भट्टी में गरम किया हुआ (लोहा आदि) ४ शीघ्रता से प्रस्थान किया हुआ।
(स्त्री० घमियोड़ी)
घमीड़—देखो 'घमीड़ौ' (मह., रू.भे.) उ०—भड़ां मुंह थाट विखै रहै भीड़। गुड़ा वीह एकल सांग घमीड़।—पा.प्र.
घमीड़ौ-सं०पु० [अनु०] किसी भारी वस्तु के गिरने अथवा जोर से टकराने के कारण उत्पन्न शब्द, घमाका।
रू०भे०—ढमीड़ौ, धमोड़ौ, धम्मीड़ौ।
मह०—ढभीड़, धमीड़, धमोड़, धम्मीड़।
घमूकौ-सं०पु० [अनु०] १ प्रहार, घूंसा, मुक्का।
२ देखो 'घमाकौ' (रू.भे.)
घमोड़—देखो 'घमीड़ौ' (मह., रू.भे.)
घमोड़णौ, घमोड़बौ-क्रि०स० [अनु०] १ प्रहार करना, लगाना, मारना, चलाना। उ०—१ उर सेल घमोड़ै वेळ एम, जरदैत ढहै तर सरत जेम। ऊछळै खळै तज तुरंग एम, वांसूळै पूळां सूं विसेख।
—रा.रू.
उ०—२ घमोड़त सावळ मुगळ घींग। सुता हरिनाथ धकै हरसींघ।
—सू.प्र.
२ कूटना, पीसना। उ०—तठा उपरांति करि नै राजांन सिलांमति तजारै री वाड़ी री नीपनी नीली घणी-पाकी, पुरांणी, आगै बखांणी तिण भांति री भांगि घणी एळची, मिरचां, पांन, जावंत्री रै मेळ सूं पाखांण री कूंडिआं सरवंग रा घोटा सूं ऊजळा प्राचां री घमोड़ी घणै ऊजळै मिसरी रै भेळ सूं।—रा.सा.सं.
घमोड़णहार, हारौ (हारी), घमोड़णियौ—वि०।
घमोड़िओड़ौ, घमोड़ियोड़ौ, घमोड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।
घमोड़ीजणौ, घमोड़ीजबौ—कर्म वा०।
घमोड़ियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ प्रहार किया हुआ, लगाया हुआ, मारा हुआ. चलाया हुआ. २ पीटा हुआ. ३ पीसा हुआ।
(स्त्री० घमोड़ियोड़ी)
घमोड़ौ—देखो 'घमीड़ौ' (रू.भे.) उ०—१ ओपमा तेण आवै न ओर। गणपति रमावै जांण गौर। वज सेल घमोड़ा उरस वाट। धोड़ा भड़ फूटै तुरस घाट।—वि.सं.
उ०—२ रिण हुवियो विकराळ, दोहुं धाड़वियां दौड़ां। वहै गजर वांणांस, घजर उर कूंत घमोड़ां।—पनां वीरमदे री वात
घमोळी, घमौळी-सं०स्त्री० [देश०] १ भाद्रपद कृष्णा तृतीया के पहले दिन की रात्रि के पिछले प्रहर में तृतीया का व्रत करने वाली स्त्रियों द्वारा किया गया आहार. २ ससुराल द्वारा कन्या के लिये तृतीया के अवसर पर आने वाला खाद्य पदार्थ।
रू०भे०—धम्मोळी।
घम्म—१ देखो 'धम' (रू.भे.) २ देखो 'धरम' (रू.भे.)
घम्मकौ—देखो 'घमाकौ' (१, २) (रू.भे.)
उ०—पैर घम्मकौ सोहियै, माथै गर बोफाळ। धीरी धीरी मालणी, तो सिर साह जलाल।—जलाल बूबना री वात
घम्मड़—देखो 'धपड़' (रू.भे.)
घम्मचक्क—देखो 'धमचक' (रू.भे.) २ देखो 'धरमचक्र' (रू.भे.)
घम्मज्झांण—देखो 'धरमध्यांन' (रू.भे.)(जैन)
घम्मत्थिकाय—देखो 'धरमास्तिकाय' (रू.भे.)
घम्मपुत्र—देखो 'धरमपुत्र' (रू.भे.) उ०—दुज्जोहण घर घरणि सांमि सिक्ख रडतोय मग्गइ। धम्मपुत्र वयणेण पुण इंदपुत्तु तिणि मग्गि लग्गइ।—पं.पं.च.
घम्मरोळ—देखो 'धमरोळ' (रू.भे.) उ०—१ मेलियां उतोळ रोळ ढीली लूण तास मीर, जंगां धम्मरोळ तेगां चहुं हरे जास। गोम रूपी 'रतन्नेस' अनम्मी समांणी गोम, जमी तेह वांमी जूप राखै जसव्वास।
—सीसोदिया रावत रत्नसिंघ चूंडावत रो गीत
उ०—२ अवाजै ओगाढं तेगां जम्मदाढं। हैथाटै हिलोळै धारा धम्मरोळ।—गु.रू.वं.
घम्मळ—देखो 'धवळ' (रू.भे.)
उ०—किरणां कळ कळ कमळ, सकळ फाळाहळ निम्मळ। तेज पूंज राजांन, धीर कांधोधर धम्मळ।—गु रू.वं.
घम्मळा—देखो 'धवळा' (रू.भे.)
घम्मळागिर—देखो 'धवळगिर' (रू.भे.)

उ०—देवी सिंधु गोदावरी मही संगा देवी गोमती धम्मळा वांग गंगा।
—देवि.

देखो 'धवळगिर' (रू.भे.)

उ०—उतंग चंग भीत चीत, मंड चंड मंदरं। कळी सपेत जांणि सेत, धार धम्मळागिरं।—ग्रु.रू.वं.

धम्मळी—देखो 'धवळी' (रू.भे.)

धम्मलेसा—देखो 'धरमलेस्या' (रू.भे.)

धम्मस—देखो 'धमस' (रू.भे.)

उ०—रांमापीर ऊबी रुणेचा रै मांहि, मांगू गायां-भैंसियां री जोड़। कुळ में जाजो धम्मस विलोवणो।—लो.गी.

धम्मिल्ल-सं०पु० [सं०] लपेट कर बांधे हुए बाल, बंधी चोटी, जूड़ा।

उ०—स्रवणि तारस्फार झळकतां कुंडळ, ढीलउ धम्मिल्ल, मस्तकि समारित केसकळाप, कंठकंदळि हारि करी सोभायमांन।—व.स.

धम्मीड़—देखो 'धमीड़ो' (रू.भे.)

उ०—इतरा में तो न मालम कीकर ई सांकळ निकळगी अर हड़ड़ड़ धम्मीड़ करती पट्टी आंगणा पर।—रातवासो

धम्मीड़ो—देखो 'धमीड़ो' (रू.भे.)

उ०—गहणा में लड़ा-झूंब हुयोड़ी लुगायां री लैं'ण लूहर री ललकार में जिण टेम सांमनैं वाळी लैं'ण नैं जवाब देवण नैं आगै वढ़ती तो उणां रै पगां रै धम्मीड़ां सूं धरती धूजण लागती।—रातवासो

धम्मु—देखो 'धरम' (रू.भे.)

उ०—समय धम्मु जो लंघिसिइ. तीण पुरखि वनवासि। बार वरिस वसिवुं अवसि. अहनिसि तीरथवासि।—पं.पं.च.

धम्मोळी—देखो 'धमोळी' (रू.भे.)

धम्मो—देखो 'धरम' (रू.भे.)

उ०—धम्मो मंगळ महिमो नीलो, धरमे नवनिध होय। धरमे दुख दोहग टळै, रोग सोग नहिं कोय।—जयवांणी

धय-सं०स्त्री० [सं० ध्वज] ध्वजा, पताका। उ०—आदि जिणेसर वर भुवणि, ठविय नंदी सुविसाळ। धय पडाग तोरण कळिय, चउ-दिसि वंदुरवाळ।—धरमकुसळ मुनि

धयर—देखो 'धीरज' (रू.भे.)

उ०—कस आयुध पावू कमंर, धयर घणो मन धार। करण समर 'धांधल' हुओ, भिडज भमर असवार।—पा.प्र.

धयरठू, धयराठ—देखो 'धतराठ' (रू.भे.)

उ०—१ थापीउ पंडव राजि कन्हइु ए, उत्सवु अति कर ए। कुण विहि देवि गंधारि धयरठू ए, राउ मनावीउ ए।—पं.पं.च.

उ०—२ सउ बेटां धयराठ घरे पंडु तणइ घरि पंच।—पं.पं.च.

धयवड-सं०पु०यौ० [सं० ध्वज+पट] ध्वज पट। उ०—भव सुख धयवड चंचल चंचळ यौवन जाय।—नेमिनाथ फागु

धयाग—देखो 'धियाग' (रू.भे.)

धयो-सं०पु० [देश०] १ कलह, टंटा। २ कष्टदायक कार्य। ३ अनिच्छा का कार्य।

धरंमी—देखो 'धरमी' (रू.भे.)

धर-वि० [सं०] १ ग्रहण करने वाला, थामने वाला।

ज्यूं—गदाधर, धनुखधर, मुरळीधर।

२ ऊपर लेने वाला, धारण करने वाला, संभाले रखने वाला।

ज्यूं—गिरधर, धरणीधर।

सं०पु० [सं०] १ पर्वत, पहाड़ (अ.मा., डि.नां.मा.)

२ विष्णु. ३ श्रीकृष्ण. ४ देखो 'धड़' (१) (रू.भे.)

उ०—कुंडळी धारे कंचवो, आखिर उठाय भार। धर रो धर पर धर कवच, भार हरे भरतार।—रेवतसिंह भाटी

५ देखो 'धुर' (२) (रू.भे.)

६ देखो 'धरा' (रू.भे.)

उ०—१ कंध वसण रण हाथ खग, घोड़ा ऊपर गेह। धर रुखआळी विण धरण, गिणै न त्रण सम. देह।—जैतदांन बारहठ

उ०—२ दळ मिळिया कळ गळीय सुहड गयवर गळगळीया। धर धमकीय सळवळीय सेस गिरिवर टळटळिया।—पं.प.च.

उ०—३ केवी तू गढ कूंचियां, सूंपै छोड सरम्म। मुख ज्यांरा दीठां मिटै, धर रजपूत धरम्म।—बां.दा.

धर-कोट-सं०पु० [सं० धरा+कोटः] लकड़ियों की बनी चहारदीवारी, लकड़ियों का बना अहाता। उ०—सूका केळा काट टाप धर गांयां भैंसां, खेत झूंपड़ी लेत स्त्रमित आणंद संदेसां। फळसा टाटा ठाट लाठ धर-कोट वणावै, ढूंढा पड़वा छांन कोड़वा ठांढ़ चढ़ावै।—दसदेव

धर-छाया-सं०स्त्री० [सं० धरा-छाया] अंधेरा, अंधकार (डि.को.)

धरज-सं०पु०—ताम्र, तामा (अ.मा.)

धरड़-सं०स्त्री०—वस्त्र के फटने की ध्वनि।

धरड़णो, धरड़बो-क्रि०अ० [अनु०] १ विदीर्ण होना, फटना।

उ०—छाती वजर कपाट भूप दुख दीठा भारी। धरड़ियो आकास धर धूजण सारी।—सगरांमदास

क्रि०स०—२ विदीर्ण करना, फाड़ना।

धरड़णहार, हारो (हारी), धरड़णियो—वि०।

धरड़िओड़ो, धरड़ियोड़ो, धरड़चोड़ो—भू०का०कृ०।

धरड़ीजणो, धरड़ीजबो—भाव वा०, कर्म वा०।

धरड़ियोड़ो-भू०का०कृ०—१ विदीर्ण हुवा हुआ, फटा हुआ. २ विदीर्ण किया हुआ, फाटा हुआ।

(स्त्री० धरड़ियोड़ी)

धरजहर-सं०पु०यौ० [सं० धर+फा० जह्र] सर्प, सांप।

उ०—धरजहर देखिया गुरड़ धंख। पेखिया पटाझर अनड़ पंख।
—वि.सं.

धरण-वि० [सं०] ग्रहण करने, रखने, थामने या संभालने की क्रिया, धारण।

सं०पु०—१ एक नाग का नाम।

सं०स्त्री० [सं० धरणी] २ नाभि के ठीक नीचे की वह नस जो अंगुली के दबाने से रह रह कर उछलती हुई सी मालूम पड़ती है।

३ एक तोल विशेष. ४ देखो 'धारण' (रू.भे.)

५ देखो 'धारणा' (रू.भे.) उ०—गोपाळो सिवरांम रो, साथै जोध सकज्ज। श्रै खीची ऊंची धरण, करण जतन कमधज्ज।—रा.रू.

६ देखो 'धरणी' (रू.भे.)

उ०—तणो वधावण नेत वंध धरण सोढां तणी, तरण चंद-वदण कज वरण तावू। श्रमर कथ करण प्रथमाद सिर ऊमदा, परणवा पधारै राव पावू।—गिरवरदांन सांदू

धरणधर—देखो 'धरणीधर' (रू.भे.) उ०—सरण असरण अभैकरण सेवागरां, धरणधर सरीखा चरण धावै। जोन संगट हरण वरण वेहुवै 'जसा', गिरा तारण तरण किऊं न गावै।—जसजी आढ़ो

धरणनाग-सं०पु० [सं०] नाग को धारण करने वाले शिव, महादेव।

धरणपीतंबर-सं०पु० [सं० धरण+पीतांबर] ईश्वर (नां.मा.)

धरणिंद-सं०पु० [सं० धरण+इंद्र] नागराज, शेष नाग।

उ०—पास कुमार जिणंद के आगइ, भगति करति धरणिंदा। माई आज हमारइ आणंदा।—स.कु.

धरणि—देखो 'धरणी' (रू.भे.) (डिं.नां.मा.)

उ०—धुरवा धरणि लग लोढ़ा ले धावै। जीमण जीमण नै मोटा जिम आवै।—ऊ.का.

धरणिधर—देखो 'धरणीधर' (रू.भे.) उ०—पीठ धरणीधर पट्टही, हरि तिय चित्रण हार। तोड़ तोरा चरितां तणो, परम न लाभै पार।—ह.र.

धरणी-सं०स्त्री० [सं०] १ पृथ्वी, धरती (अ.मा.)

उ०—नभ सूं पवन पवन सूं अग्नि, अग्नी जळ प्रगटासी। जळ सूं धरणी धरणी पर स्रिस्टी, नाना रूप होय भासी।

—स्री सुखरांमजी महाराज

२ नाभि (अमरत)

रू०भे०—धरण, धरणि, धरन।

धरणीतळ-सं०पु० [सं० धरणीतल] धरातल, पृथ्वी।

उ०—धरणीतळ व्याकुळ छैलो सिर धुणियो। सरणागत वच्छळ हेलो नह सुणियो।—ऊ.का.

धरणीधर, धरणीधरि-सं०पु० [सं० धरणी-धरः] १ ईश्वर, परमात्मा (नां.मा.)

उ०—आ काठां चढ़सी अवस, धरणीधर दे धोक। सठ मन मांनै सुधरसी, पातर सूं परलोक।—बां.दा.

२ विष्णु (ह.नां.) उ०—धरणीधर संकर देव धियावउ, जोति-प्रकास अलोप जग। मस्तक मुगट प्रकास मांडियउ, अनंत कोट ब्रह्मंड लग।—महादेव पारवती री वेलि

३ शिव, महादेव, शंकर. ४ कच्छप. ५ शेषनाग।

उ०—आभ विमूहां मांणसां, है धर झेलणहार। धरणीधर धर छंडियां, अच्छै तूं आधार।—ह.र.

६ पर्वत, पहाड़। उ०—सावज सीह मरण संमाही, मूकै आग फत्रज्जां मांही। लग्गा वहण असंख्या लसकर, तै धूजिया तिणै धरणीधर।

—गु.रू.बं.

७ राजस्थान, गुजरात का प्राचीन एक प्रसिद्ध तीर्थ।

वि०वि०—अति प्राचीन काल से यह वाराहपुरी के नाम से प्रसिद्ध था। उत्तर गुजरात के वाव और थराद नगरों के पास ढेमा नामक ग्राम में भगवान् चतुर्भुज विष्णु का एक मनोहर और विशाल मंदिर बना हुआ है। इस मंदिर के पास एक तालाब है जिसका नाम 'मान सरोवर' है। यहां पर भगवान, महादेव, लक्ष्मीजी, गणेशजी और हनुमानजी के मंदिर भी हैं। प्राचीनकाल में पंजाब, सिंध, व्रज, उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि देशों के बहुत से यात्री द्वारकानाथ की यात्रा करने जाते थे, उनको प्रथम धरणीधर के दर्शन करने पड़ते थे और यहां की तप्त मुद्राओं को अपनी भुजाओं पर लगवाना आवश्यक समझा जाता था। कहते हैं आजकल तप्त मुद्राओं के स्थान पर केसर चंदन की मुद्राएँ लगाई जाती हैं। ऐसा माना जाता है कि भगवान श्री कृष्ण द्वारका जाते समय यहां ठहरे थे, अतः लोग इसे तीर्थों में गिनने लगे।

वि०—पृथ्वी का धारण करने वाला।

रू०भे०—धरणधर, धरणिधर।

धरणीसुत-सं०पु० [सं०] १ मंगल. २ नरकासुर।

धरणीसुता-सं०स्त्री० [सं०] सीता, जानकी।

धरणूं-सं०पु० [सं० धरणम्] १ गिरवी, धरोहर, रेहन (डिं.को.)

२ देखो 'धरणौ' (रू.भे.) (डिं.को.)

धरणौ-सं०पु० [सं० धरण] १ किसी शक्तिशाली व्यक्ति द्वारा सताने पर अथवा ऋण दाता का ऋण निश्चित समय तक अदा न करने के कारण व्यक्ति विशेष अथवा समाज के समूह विशेष का इस निश्चय से अनशन करना कि उसकी प्रार्थना पूर्ण न होने पर आत्म-हत्या द्वारा प्राणों का त्यागना। उ०—पीछे उण हीज वरस प्रोहित मांन महेस री पटौ जवत हुवौ। वा बारठ चौथजी खूंडियै रो पटौ पण जवत हुवौ। पीछै श्रै धरणा कर बीकानेर आया। आखर अवार डिगळी रहै छै तठै जुहर कर सारा मुवा।—द.दा.

२ देव विशेष के स्थान पर अभीष्ट फल प्राप्ति हेतु अनशन कर बैठना। उ०—सोलंखी आपरै थांनक आय नै कुळ देवी रै धरणै बैठौ।—रा.वं.वि.

क्रि०प्र०—करणौ, दैणौ, धरणौ।

धरणौ, धरबौ-क्रि०स० [सं० धरणम्] १ रूप ग्रहण करना, धारण करना, आरोपित करना। उ०—जिण दाहे वण हर धरइ, नदी खळक्कइ नीर। तिण दिन ठाकुर किम चलइ, धण किम बांधइ धीर।—ढो.मा.

२ व्यवहार के लिये हाथ में लेना, ग्रहण करना।

उ०—१ पहिलउं सरसति अरचिसु रचिसु वसंत विलासु। वीणि धरइ करि दाहिणि वाहणि हंसलउ जासु।—व.वि.

उ०—२ अवरु संखु धरइ रळियांमणउ। ध्वनि करी सिवपंथी सुहांमणउ!—जयसेखर सूरि

३ निश्चय करना, विचार ग्रहण करना। उ०—करइ दाहु विदाहु हियइ धरइ। कहु कीचक हुइ मरत मरइ।—विराट पर्व

४ प्रतीत करना, महसूस करना। उ०—१ इंद्र आउखउ आसनउं थाइ' कंठ तणी माळा कर माइ। धरइ कंप तें हिया मज्झारि 'पडिसिउं दुक्ख तणइ भंडारि'।—चिहुंगति चउपई

उ०—२ चितइ चतुर स चिततउ, धरतउ अरति अपार।
—नेमिनाथ फागु

५ वैठाना, ग्रहण करना। उ०—आखई तो पिता नहीं ईसर, पुणइ अनेरी तूझ परि। रमाडिउ न रंग भरि रांमा, धवराडियउ न गोद धरि।—महादेव पारवती री वेलि

६ स्मरण करना। उ०—१ करुणानिध जन हितकारी रे, वांमे अंग सीत विहारी। सारी ज्यां वात सुधारी रे, धरियौ उर धानंखधारी।
—र.ज.प्र.

उ०—२ नारदू पहुतउ सिख्या देवि पंडव वइठा घ्यांनु धरेवि। एकं पाइं दिणवर द्रेठि, हीयडइ मंत्रु पंच परमेठि।—पं.पं.च.

७ पास में रखना, रक्षा में रखना। उ०—सिर नासा कांन दसन आंखें, नख गाल वपुस ना मल नाखें। मिळणो लेखो करइ मंतरणो, विहचण अपणो करि धन धरणो।—ध.व ग्रं.

८ स्वीकार करना। उ०—१ सखी भणइ 'सांमिणि हिव सुणउ एह दोस नवि कुणह तणउ, देविहिं कीधां छइ जे, कांम तेह मांजिवा धरइ कुण हांम।—विद्याविलास पवाडउ

उ०—२ चउसट्ठि गाह तणो चोसणो, धरमी जन नें मन में धरणो। बीजो आउर पच्चक्खांण, चउरासी गाथा परिमांण।—ध.व.ग्रं.

९ चौकन्ना होना, ध्यान धरना। उ०—न दें साद काय नारियण, साद दियें जो संत। आपण नांम उलावतां, धेनु (ही) कांन धरंत।
—ह.र.

१० संकल्प करना, दृढ़ निश्चय करना। उ०—१ ऊपनुं केवळ नांण सांमीय ए, नेमि जिणेसरहं ए। सांभळी सांमि वखांणु विरता ए सावयव्रतु धरइं ए।—पं.पं.च.

उ०—२ चारित्र भणीइ खडगह धारु, पुण्यवंत पालइं सविचारु। महाव्रत नउ न धरइं भार, बारव्रत नउ करउ अंगीकार।
—चिहुंगति चउपई

११ शोभार्थ अथवा रक्षार्थ धारण करना, देह पर रखना, पहनना।
ज्यूं—माथा माथे पोतियो धरणो।

उ०—गुरु ऊठाडई अरजुनु कुमरी करणिहिं सरिसउं माडइ वयरो। वे भाथा त्रिहुं खवें वहेई करियळि विसमु धणुहु धरेई।—पं.पं.च.

१२ स्थापित करना, स्थित करना, ठहराना। उ०—धेधींगर कदम आवळा धरतो, झड़ वरसात जेम मद झरतो।—र.ज.प्र.

१३ प्रकट करना, रखना। उ०—वेटा रहिं इकु मांनइ जाग, माथइ फाड देई इकि मागइं भाग। वेटा पाखइ इक दोहिलउं धरइं, बेटे छते इकि वढ़ी दढ़ी मरइं।—चिहुगति चउपई

१४ संलग्न होना, तत्पर होना, क्रियाशील होना। उ०—अनेकि परि जे पूजा करइं, मुगति जावा नी सजाई धरइं। रास भास सांमि गुण गायंति, पंचमगति निस्चइं पांमंति।—चिहुंगति चउपई

१५ रखेली रखना. १६ वहन करना, उत्तरदायित्व लेना।

उ०—एक दिवस ते च्यारि नंदन, रमलि करंता रंगि। वापि वोलाव्या 'कहउ किम, मझ घरि भार धरेसिउ अंगि।'
—विद्याविलास पवाडउ

१७ धारण करना, ग्रहण करना (गर्भ, हर्ष, शोक, उत्साह आदि)

उ०—१ वीजी मद्रकि मद्र धूय पंडु तणइ घर नारि। गभु धरीऊ गभु धरीऊ देवि गंधारि।—पं.पं.च.

उ०—२ कांमालय अट्ठमी तणी सांझइं संहट भणेवि। राजकुंअरि नीय घरि गई ऊलट अंगि धरेवि।—विद्याविलास पवाडउ

उ०—३ इसिउ जि मूरख जांणी तेउ। नयणि न जोइ नेह धरेउ।
—विद्याविलास पवाडउ

उ०—४ राय आएसइं साहण समहर, सयल सुहड मेल्हेवि। भणी उजेणी दीधउं पीयांणउं, महितउ मांनि धरेवि।
—विद्याविलास पवाडउ

उ०—५ उजेणी नयरी तणी वर नारी, ए रंग धरेवि ऊलट आवइं आपणि भणि मोति ए थाळ भरेवि।—विद्याविलास पवाडउ

१८ गिरवी रखना, बंधक रखना. १९ किसी वस्तु को मजबूती से पकड़ना या जोर से स्पर्श करना जिससे वह इधर-उधर नहीं जा सके या हिल सके, थामना, पकड़ना।

उ०—१ केसि धरी नइ तांणीउं, दुसासणि दुरचारि। वाळप्पणि हुं नवि मूई, कांइं हुई तुम्ह नारि।—पं.पं.च.

उ०—२ हारीय ए द्रुपदह धीयं ऊदाळिय सवि आभरण ए। तांणीय ए केसि धरेवि देवि दुसासणि दूजणिहिं ए।—पं.पं.च.

मुहा०—धर दवाणो या धर दबोचणो—किसी पर इस प्रकार आ पड़ना कि वह विरोध या बचाव न कर सके, वलपूर्वक अधिकार में करना। वाद-विवाद में परास्त करना।

२० कहना, डींग मारना।
ज्यूं—ओ तो गप्पां धरे है।

२१ प्रहार करना, मारना।
ज्यूं—एक इज मुक्के री धरी, के नीचो पड़ियो।

उ०—भ्रूंटि धरी धूंवड धाइ ताडइ। आक्रंदती द्रूपदि वूंब पाडइ;
—विराट पर्व

२२ वश में करना, अधिकार में करना, कावू करना, रोकना।
उ०—मन देवता कुणहइं धरी न सकीइं, क्षणि जाइ सागरि, क्षणि जाइ आगरि।—व.स.

धरणहार, हारो (हारी), धरणियो—वि० ।
धरवाड़णो, धरवाड़वो, धरवाणो, धरवावो, धरवावणो, धरवाववो, धराड़णो, धराड़वो, धराणो, धरावो, धरावणो, धराववो—प्रे०रू० ।
धरिओड़ो, धरियोड़ो, धरयोड़ो—भू०का०कृ० ।
धरीजणो, धरीजवो—कर्म वा० ।
धुरणो, धुरवो—रू०भे० ।

धरती-सं०स्त्री० [सं० धरित्री] १ पृथ्वी, भूमि, जमीन (डिं.को., ह.नां.)
उ०—१ धरती म्हांरी म्हे धणी, ढाहण नेजां ढल्ल । किम कर पड़सी ठाकरां, ऊभा सीहां खल्ल ।—अज्ञात
उ०—२ आयो इंगरेज मुलक रै ऊपर, आहंस लीधा खैंचि उरा । धणियां मरे न दीधी धरती, धणियां ऊभां गई धरा ।—बां.दा.
रू०भे०—धरत्ती ।
मह०—धरतो, धरत्तो ।
मुहा०—१ धरतियां लेणो—मरणासन्न व्यक्ति को पलंग से उठा कर भूमि पर शयन कराना. २ धरती कुचरणी—तुच्छ या हल्का कार्य करने के कारण लज्जित होना, शर्मिन्दा होना. ३ धरती लेणी—देखो 'धरतियां लेणो'. ४ धरती हाथ टिकणा—पराजित होना, हार मानना, किसी महान कार्य में अत्यधिक वय होने के कारण निर्धन होना ।
२ राज्य । उ०—१ राव मंडळीक गैहलो हुवो । तरै 'जैसो' मंडळीक रो लोहड़ो भाई तिण सारो धरतो रो भार संभायो । धरती रा सारा राजपूत लेनै भाखरै पैठो । धरतो रो विगाड़ घणो करै छै । गढ़ गिरनार मांहे पातसाह रो बडो थांणो छै । धरती मांहे थांणा ठोड़-ठोड़ राखिया छै पण धरती भोग पड़ सकै नहीं ।—नैणसी
उ०—२ तिण ऊपरि कहाव मांडियो रांमसिंघजी गाडा ऊंट कँवरजी कन्हां मंगाड़ी अर धरती मांह डोरो १ छोडियो नहीं ।—द.दा.
रू०भे०—धरत्री, धरिती, धरित्री, धरेती, धरैती,ध्रति, ध्रती, ध्रिति, ध्रिती ।

धरती-रो-फरोत-सं०पु०यौ०—ऊंठ ।

धरतो-सं०पु०—देखो 'धरती' (मह., रू.भे.)
रू०भे०—धरत्तो ।

धरत्ती—देखो 'धरती' (रू.भे.) उ०—अजे सूर झळहळै, अजे प्राजळै हुतासण । अजे गंग खळहळै, अजे सावत इंद्रासण । अजे धरणि ब्रह-मंड, अजे फळफूल धरत्ती ।—महारांणा राजसिंह रो छप्पय

धरत्तो—देखो 'धरती' (मह., रू.भे.)

धरत्री—देखो 'धरती' (रू.भे.) (डिं.नां.मा.)

धर-थंभ, धर-थंभण, धरती-थंभ-सं०पु०यौ० [सं० धरा, धरित्री+स्तम्भ] १ वीर, योद्धा. २ राजा, नृप । उ०—१ धर-थंभ रखे खग पांण धरा ।—सू.प्र.
उ०—२ सुत रायपाल 'कांनड़' सधीर, धर-थंभण 'जालण' सूर धीर ।—सू.प्र.

धरधर—१ देखो 'धराधर' (रू.भे.) (अ.मा.)
२ देखो 'द्रहद्रहवार' (रू.भे.)

धर-धरण-सं०पु०यौ० [सं० धरा+धारण] शेषनाग ।
उ०—धमस नाळ रज धोम, झळळ तप झंख कमळ झळ । धर धरसळ धर-धरण उतन दिस हले 'अभैमल' ।—सू.प्र.

धर-धर-वेळा-सं०पु०यौ० [सं० जयद्रथ वेला] गोधूलिक समय के बाद का समय जब एक दूसरे को स्पष्ट देख सकते हैं, संध्या का समय ।
रू०भे०—धरे-धरे-वेळा ।

धर-धारक सं०पु०यौ० [सं० धरा+धारक] शेष नाग ।
उ०—१ धर-धारक सीस धमधमिया, अतळी बळ बाजिद उप्रमिया ।
—सू.प्र.
उ०—२ धर-धारक अंबर धड़क, चारज बैंड सूवज्ज, पंचम जारज पारखै, जिह चारज कमधज्ज ।—किसोरदांन बारहठ

धरधीस-सं०पु० [सं० धराधीस] राजा, नृप । उ०—तखत भूप मुरधर तखत, धरा नखत धरधीस, पायो सुतन 'प्रतापसी', स्यांम समप्पण सीस ।—किसोरदांन बारहठ

धरधुख-सं०पु० [सं० धराधुक्ष] पृथ्वी की गर्मी, पृथ्वी की उष्णता ।
उ०—हलै पखराळन पंच हजार, मिळियो नभ मंडळ वेग समीर, निठयो धरधुख सुतालन नीर ।—वं.भा.

धरधूंस-वि०—जमीदोज ?
उ०—नहीं माळा नीकी रे जाळा, नहीं काटै जी की रे । धाड़ा पाड़ कर रटके धूरत, धन पटके धरधूंस । नट के साधू वणै निराळा, सटके माळा सूंस ।—ऊ.का.

धरन—१ देखो 'धरणी' (रू.भे.) २ देखो 'धरण' (रू.भे.)

धर-पत, धर-पति, धर-पतो, धर-पत्त, धर-पत्ती-सं०पु०यौ०—
देखो 'धरा-पति' (रू.भे.) (अ.मा., डिं.को.)
उ०—१ कीजै कुण मींड न पूगै कोई, धरपत भूटी टसक धरै । तो जिम भीम दीयै तांबापत्र, कवी अजाची भलां करै ।—किसनो आढ़ो
उ०—२ धरपति रूप इसो प्रभु धरियो, अनंग जांण दूजो अवतरियो ।—सू.प्र.
उ०—३ महाजांण उतमि मती, धजाबंध लाखो धरपती । कविंदां तणो रोर कापै, सिरै सार मोजां समापै ।—ल.पि.
उ०—४ देखे हसम दिये दरवाजा, धरपत्त अवर न धीर धरै । 'चूंडा' हरा तणा जे चारण, करै सूंम सुभ राज करै ।
—किसनो आढ़ो दुरसावत
उ०—५ धारै अस्त्र सस्त्र धरपत्ती, चढ़ियो तुरंग 'अभो' चक्रवत्ती ।
—रा.रू.

धर-पाड़ो-सं०पु०यौ० [सं० धरा+रा० पाड़णो] भूमि छीनने वाला, आततायी । उ०—वट पाड़ां धर-पाड़ो वाळी, आभ जड़ां नांखै ऊवाड़ । कोय न गांज सकै किनियांणी, झींझणियाळ तुहारा झाड़ ।
—बां.दा.

घर-पुड़–सं०पु०यौ० [सं० घरा+रा० पुड़] धरणी-तल ।
उ०—घर घर में धीणा घणा, घर घर घूमे माट । राग रंग रळिया-वणी, घरपुड़ मांझल घाट ।—बां.दा.

घर-बार—देखो 'दरवार' (रू.भे.) उ०—घड़क घर-वार सिरदार सोह घूजिया, रूक हरथ वाह करता थका राड़ । नयड़ गड गाजती छूटी निहंग, घड़हड़ै हुतासण कना अर घाड़ ।
—धनजी भीमजी रौ गीत

घर-भार-उतारण–सं०पु०यौ० [सं० घरा-भार-उतारण] ईश्वर, परमेश्वर (नां.मा.)

घर-मंडण–सं०पु०यौ० [सं० घरा+मंडन] इन्द्र ।
उ०—गह घूमी लूंबी घटा, वादळ कियौ वणाव । घर-मंडण घर आवियौ, घर-मंडण घर आव ।—अज्ञात

घरमंडळ, घरमंडळि–सं०पु० [सं० घरा+मंडल] भूमण्डल, पृथ्वीमंडल ।
उ०—पाडइ चिंघ कवंध वंघ घरमंडळि रोळइ । वांणि विनांणि किवांणि केवि अरीयण धंधोळइ ।—पं.पं.च.

घरम–सं०पु० [सं० धर्म, धम्मं] १ आराधना और विश्वास की विशिष्ट प्रणाली जो किसी महात्मा या आचार्य द्वारा चलाई जाती है, उपासनाभेद, पंथ, मत, सम्प्रदाय, मजहब ।
उ०—१ भिड़ तुरकांण अरिदळ भंजै, हिंदू घरम काज रै हेत । अमर नांम रावै अखवीहर, खत्री विढ़ पड़ियौ रणखेत ।
—उदयसिंह कूंपावत रौ गीत

उ०—२ 'सांगो' घरम सहाय, वावर सूं भिड़ियौ विहस । अकवर कदमां आय, पड़ै न रांण 'प्रतापसी' ।—दुरसौ आढ़ौ
उ०—३ लछी रूप हरि भगति, घरम हिंदू घांनंतर । वेद चंद्र मिण किया, भूम रंभा वळ कुंजर धेन पूज सुर धेन वि मधु चरणाम्रत वंदां, धनुख मांण नृप कळप संख जस मद्द विरद्दां । विख वेध तुरी उघम तुमुल, महण मेछ उर मंडिया । 'दुरगेस' मथै चित साह रौ, रतन चवद्दै कड्ढ़िया ।—रा.रू.
क्रि०प्र०—छोडणौ, वदळणौ ।
मुहा०—धरम में आणौ—किसी विशिष्ट मजहब को स्वीकार करना, किसी विशेष मत को मानना, सम्प्रदाय में प्रवेश करना ।
२ समाज या लोक की स्थिति के लिये आवश्यक ऐसी वृत्ति, आचरण या आचार जिससे समाज की रक्षा एवं सुख शान्ति की वृद्धि हो तथा परलोक में भी उत्तम गति मिले, कल्याणकारी कर्म, सत्कर्म, श्रेय, सदाचार, सुकृत, पुण्य । उ०—वीरत कीरत वंस वित, मत मौजां गुण मांण । संप सुलच्छण घरम सुख, व्है यां अघ सूं हांण ।
—बां.दा

मुहा०—१ धरम ओडणौ—देखो 'धरम खाणौ'. २ धरम कमाणौ—धर्म अर्थात् सत्कर्म कर के उसका फल संचित करना. ३ धरम खाणौ—धर्म की दुहाई देना, धर्म की शपथ खाना. ४ धरम बिगाड़णौ, धरम भिस्ट करणौ—धर्म भ्रष्ट करना, धर्म के विरुद्ध आचरण करना । स्त्री का सतीत्व नष्ट करना. ५ धरम राखणौ—धर्म सुरक्षित रखना, धर्म के विरुद्ध आचरण करने से वचना या वचाना. ६ धरम लैणौ—देखो 'धरम खाणौ'. ७ धरम सुहाती कै'णी—उचित वात कहना, ठीक-ठीक कहना, धरम का ध्यान रख कर कहना, सत्य का कहना. ८ धरम सूं (से)—धर्म के अनुसार.
९ धरम सूं (से) कै'णी—देखो 'धरम सुहाती कै'णी' ।
३ आपसी व्यवहार से सम्बन्ध रखने वाले वे सिद्धान्त या नियम जो किसी राजा, आचार्य अथवा किसी मध्यस्थ अधिकारी द्वारा पालन कराये जांय, कानून-कायदा, नीति, न्याय व्यवस्था ।
४ पारलौकिक सुख की प्राप्ति के अर्थ से किया गया वह कर्म या कृत्य जो किसी मान्य ग्रंथ, आचार्य या ऋषि द्वारा बताया गया हो । शुभ फल की कामना (मोक्ष प्राप्ति आदि) के कारण किया गया कृत्य या विधान जैसे अग्निहोत्र, यज्ञ, व्रत, होम आदि ।
क्रि०प्र०—करणौ, होणौ ।
यौ०—धरम-करम ।
५ वह चित्तवृत्ति जो उचित-अनुचित का विचार करती है, न्याय-बुद्धि, विवेक, ईमान ।
यौ०—रांमधरम ।
६ कभी अलग नहीं होने वाली किसी व्यक्ति या वस्तु की वह प्रकृति या वृत्ति जो उसमें सदा रहती है, स्वभाव । जैसे—गुड़ का धर्म है मीठा, शराव का धर्म मादकता, क्षत्री का धर्म है रक्षा, आंख का धर्म है देखना, दुष्ट का धर्म है कष्ट देना । उ०—करण वाखांण दुनियांण धिन धिन कहै, धरम छत्रियांण भुज अमर धारू । अटक सूं लियां हिंदवांण आगौ उरड़, मुरड़ पतिसाह वीकांण मारू ।—देदौ
७ वह व्यवहार या कर्म जो दुर्गति में गिरते हुए प्राणी को सुगति की ओर प्रेरित करे (जैन)
८ समाज के कार्य्य-विभाग के निर्वाह के लिए उचित और आवश्यक समझा जाने वाला कर्म या व्यापार । मनुष्य का किसी विशेष कोटि या अवस्था में होने के कारण अपने निर्वाह तथा दूसरों की सुगमता के लिए किया जाने वाला कर्म । किसी सम्बन्ध स्थिति या गुण विशेष के विचार से किया जाने वाला वह कर्म जिसका करना आवश्यक हो । वह व्यवसाय या व्यवहार जो किसी जाति, कुल, वर्ग, पद इत्यादि के लिए उचित ठहराया गया हो, फर्ज, कर्त्तव्य । जैसे—पुत्र का धर्म, माता-पिता का धर्म, क्षत्रिय का धर्म, ब्राह्मण का धर्म ।
मुहा०—१ धरम डाड दैणौ—मृतक के पीछे कर्त्तव्य समझ कर रोना. २ धरम हार वात करणी—धर्म या कर्त्तव्य के विरुद्ध विचार या वात करना ।
यौ०—साम्-धरम, सांमी-धरम, स्वांमी-धरम ।
९ दान, पुण्य । उ०—असी मौ'र दी नांनगसाही, साखो दियौ जुड़ाय । धरम-पुन्न यूं वांट डूंगजी, झड़वासै नै जाय । झड़वासै में सासरौ, साळां सूं मिळवा जाय ।—डूंगजी जवारजी री पड़

मुहा०—१ धरम री गाय रा दांत कांई देखणा—दान में अथवा मुफ्त मिली हुई वस्तु के गुण अवगुण नही देखना चाहिए।
मि०—रावळी तेल पल्ला में लीजै।
२ धरम री जड़ हरी होणी—दान-पुण्य से शुभ फल मिलता है।
यौ०—धरम-पुन्न।
१० उपमेय और उपमान में समान रूप से होने वाली वृत्ति या गुण। वह समान गुण जिसके कारण एक वस्तु की उपमा दूसरी से दी जाती है (अलंकार शास्त्र)
जैसे—इंद्र सो उदार है नरिंद्र मारवार को।
११ युधिष्ठिर, कंक. १२ यमराज. १३ वर्तमान अवसर्पिणी के १५ वें अर्हंत का नाम (जैन)
उ०—पनरम धरम तयाळिस गणि चौसठ हजार। साहु साहुणी बासठ सहस अनै सयचार।—ध.व.ग्रं.
१५ छंद शास्त्र के अनुसार टगण को छ, मात्राओं के बारहवें भेद का नाम (ऽ।।।) (डि.को.)
१५ जन्म लग्न से नवें स्थान का नाम जिसके द्वारा यह विचार किया जाता है कि बालक कहां तक भाग्यवान् और धर्मपरायण होगा।
१६ अटल, निश्चल, दृढ़॰।
रू०भे०—धम्म, धम्मु, धम्मो, धरम्म, ध्रम, ध्रम्म।

धरमग्रातमज—सं०पु० [सं० धर्मात्मज] युधिष्ठिर (ह.नां.)

धरमकरम—सं०पु० [सं० धर्मकर्म] १ किसी धर्म ग्रंथ के अनुसार आवश्यक ठहराया हुआ कर्म या विधान. २ ७२ कलाओं में से एक।

धरमक्षेत्र, धरमखेत, धरमखेत्र—सं०पु० [सं० धर्मक्षेत्र] १ कुरुक्षेत्र. २ भारतवर्ष।

धरमग्य—वि० [सं० धर्मज्ञ] धर्म को जानने वाला।

धरमग्रंथ—सं०पु० [सं० धर्मग्रंथ] किसी जन-समाज के आचार व्यवहार और उपासना आदि से सम्बन्धित शिक्षा का ग्रंथ या पुस्तक।

धरमघट—सं०पु० [सं० धर्मघट] काशी खंड, हेमाद्रि दान खंड आदि के अनुसार सुगंधित जल से भरा घड़ा जिसका वैशाख में दान दिया जाता है।

धरमचक्र—सं०पु० [सं० धर्मचक्र] १ धर्म का प्रकाश करने वाला जिनदेव का चक्र (जैन)

धरम-जिहांन—सं०पु०यौ० [सं० धर्म+जहान] सूर्य, भानु (अ.मा.)

धरम-जीवन—सं०पु०यौ० [सं० धर्म जीवन] धार्मिक कार्यों को संपन्न करा कर जीवन यापन करने वाला ब्राह्मण।

धरम-जुद्ध—सं०पु०यौ० [सं० धर्म-युद्ध] कपट रहित वीरतापूर्वक युद्ध।

धरमचरचा—सं०स्त्री० [सं० धर्मचर्या] धर्म का आचरण।

धरमणदेवी—सं०स्त्री०—चारण कुलोत्पन्न एक देवी।

धरमचारी—वि० [सं० धर्मचारिन्] धर्म का आचरण करने वाला।

धरमचिंतन—सं०पु०यौ० [सं० धर्मचिंतन] धर्म संबंधी बातों का विचार, धर्म की भावना।

धरमज—सं०पु० [सं० धर्मज] १ धर्म-पुत्र युधिष्ठिर. २ नरनारायण।

धरमदान—सं०पु०यौ० [सं० धर्मदान] ग्रहों आदि की शान्ति तथा कोई विशेष फल प्राप्ति हेतु दिया जाने वाला दान।

धरमधक्को, धरमधक्को—सं०पु०यौ० [सं० धर्म+रा० धक्को] १ धर्म की आड लेकर दिया जाने वाला धक्का, धर्म की आड में दिया जाने वाला धोका।

धरम-धरा—सं०स्त्री०यौ० [सं० धर्मधरा] १ पुण्य भूमि, भारतवर्ष। (डि.को.)

धरम-ध्यांन—सं०पु०यौ० [सं० धर्म+ध्यान] १ धर्म-चिंतन, धर्म-विचार में तल्लीनता. २ चार प्रकार के ध्यान में एक प्रकार का ध्यान। (जैन)
रू०भे०—धम्मज्झांण।

धरम-धारी—वि० [सं० धर्मधारिन्] धर्म का आचरण करने वाला, धर्म को निभाने वाला। उ०—पहि प्रमांणै जुगति जांणै, अति बखांणै जगत्र आखो। धर्मधारी प्रसिद्धि प्यारी, लखण भारी कुंअर लाखो।
—ल.पि.

धरम-धुज—१ राजा, नृप. २ देखो 'धरमध्वज' (रू.भे.)

धरम-धूरीण—वि० [सं० धर्मधूरीण] धर्म में अगुआ।
उ०—१ त्यां माही एक साह महा चतुर, सकळ कळा-प्रवीण, धरम-धूरीण, अनेक जात्रा, अनेक तीरथ को करणहार माल लेय वांणिज नूं देसांतर गयो।—सिंघासण बत्तीसी
उ०—२ धोरी धरमधूरीण, निगम आगम अवतारी। दरसण अर उपनिसद, जिणां री टोळी न्यारी।—दसदेव

धरम-ध्वज—सं०पु० [सं० धर्मध्वज] धर्म का आडंबर करने वाला व्यक्ति, ढोंगी, पाखंडी।

धरम-नाथ—सं०पु० [सं० धर्मनाथ] जैनों के १५ वें तीर्थंकर का नाम।

धरम-नांभ—सं०पु०यौ० [सं० धर्मनाभ] विष्णु।

धरमनिस्ठ—वि० [सं० धर्मनिष्ठ] धर्म के प्रति जिसका विश्वास हो, धार्मिक।

धरमनिस्ठा—सं०स्त्री० [सं० धर्मनिष्ठा] धर्म के प्रति विश्वास।

धरमनीति—सं०स्त्री० [सं० धर्मनीति] १ ७२ कलाओं में से एक (व.स.) २ स्त्रियों की ६४ कलाओं में से एक (व.स.)

धरमपण—सं०पु० [सं० धर्मत्व] धर्माचरण करने वाला, धर्मपरायण।
उ०—दइवांण रुद्र एकादसां, प्रांणपूर पति धरमपण। कपिराय धीर कवि मंछ कहै, जय जय स्री रघुवीरजण।—र.रू.

धरमपतनी—सं०स्त्री० [सं० धर्मपत्नी] धर्मशास्त्र की रीति से विवाहित स्त्री।

धरम-पथ—सं०पु०यौ० [सं० धर्म-पथ] धर्मशास्त्र के अनुसार आचरण करने का ढंग। उ०—तहां सकळ धरम-पथ हालै।
—सिंघासण बत्तीसी

धरमपाळ—सं०पु०यौ० [सं० धर्मपाल] १ धर्म का पालन या रक्षा करने

वाला. २ सजा या दंड जिसके भय से लोग धर्म का पालन करते हैं. ३ राजा दसरथ के एक मंत्री का नाम।

धरमपुत्त-सं०पु० [सं० धर्मपुत्र] १ वह जो औरस पुत्र न हो परन्तु जिसे पुत्र मान लिया जाय. २ युधिष्ठिर, कंक. ३ नर नारायण।

रू०भे०—धम्मपुत्त, धरमपूत, धरमपूतु।

धरमपुरी-सं०स्त्री० [सं० धर्मपुरी] १ वह स्थान जहां मृत्यु के उपरांत मनुष्य के कर्मो के सम्बन्ध में विचार होता है, यमपुर.

२ न्यायालय, कचहरी।

धरमपुरो-सं०पु० [सं० धर्म+पुर] १ एक राजकीय विभाग विशेष।

वि०वि०—इस विभाग के अन्तर्गत अपाहिजों की सहायतार्थ खर्च की व्यवस्था होती है तथा देव-मन्दिरों का प्रवन्ध और उनके विभिन्न खर्चो की व्यवस्था भी इसी के द्वारा होती है।

२ दान, पुण्य।

धरमपूत, धरमपूतु—देखो 'धरमपुत्र' (रू.भे.) उ०—गयणंगणि वांणी पडीय, 'खमि दमि संजमि एकु। धरमपूतु जगि ऊपनउ, सत्यसीलि सुविवेकु।—पं.पं.च.

धरमफूल-सं०पु० [सं० धर्म+फुल्ल] स्वर्ग (अ.मा.)

धरमबुद्धि-सं०स्त्री० [सं० धर्मबुद्धि] भले और बुरे का ज्ञान।

धरमभाई-सं०पु० [सं० धर्म+भ्रातृ] १ वह व्यक्ति जिसे भाई मान लिया गया हो।

(स्त्री० धरम वैं'न)

वि०वि०—स्त्री जब पुरुष को भाई मानती है तो उसके राखी बांधती है। इस प्रकार वह पुरुष उस स्त्री के लिए 'धरम भाई' बन जाता है तथा वह स्त्री 'धरम वैं'न' बन जाती है। पुरुष जब किसी अन्य पुरुष को भाई मान लेता है तब वह उसके राखी बांधता है अथवा परस्पर पगड़ी वदल ली जाती है जिसे 'पोतिया बदळ भाई' भी कहते हैं। इसी प्रकार स्त्री जब किसी अन्य स्त्री को बहन मान लेती है तो वह उसके राखी बांधती है अथवा परस्पर ओढ़ने के वस्त्र बदल लिए जाते हैं। इस प्रकार वे 'ओडणा बदळ वैं'नां' कहलाती हैं।

धरमभिक्षुक-सं०पु० [सं० धर्मभिक्षुक] वह जिसने धर्मार्थ भिक्षावृत्ति ग्रहण की हो।

धरमभीरु-वि० [सं० धर्मभीरु] जो धर्म के भय के कारण अधर्म करने से डरता हो।

धरममंढ-सं०पु० [सं० धर्म+मण्डप] विवाह मण्डप (चौंरी) में अग्नि की परिक्रमा (भांवरी) के पश्चात् पिता की ओर से पुत्री को पहनाया जाने वाला पहनावा।

वि०वि०—'धरममंढ' पहनावा उसी दशा में दिया जाता है जब पिता ने पुत्री का विवाह विना रुपयं या धन लिये किया हो।

रू०भे०—धरममढ़।

धरममढ़—देखो 'धरममंढ़' (रू.भे.)

धरमराज-सं०पु० [सं० धर्मराज] १ धर्म का पालन करने वाला. २ राजा, नरेश. ३ यमराज (डि.को.). ४ युधिष्ठिर, कंक।

उ०—रांमत चौपड़ राज री, है धिक बार हजार। धण सूंपी लूंठां धकै, धरमराज धिक्कार।—रांमनाथ कवियो

रू०भे०—ध्रमराज।

धरमलाभ-सं०पु० [सं० धर्मलाभ] जैन साधुओं द्वारा दिया जाने वाला आशीर्वाद।

रू०भे०—ध्रमलाभ।

धरमलेस्या-सं०स्त्री० [सं० धर्मलेश्या] तेजो, पद्म और शुक्ल लेश्या के समूह का नाम।

वि०वि०—देखो 'लेस्या'।

रू०भे०—धम्मलेसा।

धरमवंत-सं०पु० [सं० धर्मवंत] धर्मात्मा। उ०—सोहवत पंडितां, धरमवतां री नैं भला सांचा महापुरुसां रै दरसणां री साथ जिका आपनूं आच्छा स्वभावां संसार नूं दिखावै।—नी.प्र.

धरमवप-सं०पु० [सं० धर्मवपु] एक सूर्यवंशी राजा का नाम।

उ०—वज्रनाभ सुत सुगण धरमवप। ते सुत विध्रित नरेस उग्र तप।

—सू.प्र.

धरमवाहन-सं०पु०यौ० [सं० धर्मवाहन] यमराज का वाहन महिष, भैंसा (डि.को.)

धरमविचार-सं०पु० [सं० धर्मविचार] स्त्री की चौंसठ कलाओं में से एक।

धरमविवाह-सं०पु० [सं० धर्म=पुण्य, दान+विवाह] वह विवाह जिसमें वर या उसके सम्बन्धियों से कन्या के बदले में धन नहीं लिया जाता है।

वि०वि०—प्राय: ऐसा विवाह स्त्रियों का पुनर्विवाह होने वाली जातियों में किसी वृद्ध की मृत्यु के बारहवें दिन के भोज के अवसर पर किया जाता है अथवा गंगा-स्नान कर के लौटने के पश्चात् गंगाजल वरताने के उपरान्त किया जाता है।

वि०वि०—देखो 'गंगाजळ'।

रू०भे०—धरमव्याह।

धरमवीर-सं०पु० [सं० धर्मवीर] १ वह व्यक्ति जो धर्म करने में साहसी हो।

धरमव्याध-सं०पु० [सं० धर्मव्याध] कौशिक नामक एक तपस्वी वेदाध्यायी ब्राह्मण को धर्म का तत्व समझाने वाला मिथिलापुर-निवासी एक व्याध।

धरमव्याह—देखो 'धरमविवाह' (रू.भे.)

धरमव्रता-सं०स्त्री० [सं० धर्मव्रता] धर्म नामक राजा की कन्या जो विश्वरूपा के गर्भ से उत्पन्न हुई थी। उसने पातिव्रत्य की प्राप्ति के लिए घोर तप किया था। मरीचि ऋषि ने उसे सबसे बड़ी पतिव्रता जान कर उसके साथ विवाह किया था।

धरमसभा-सं०स्त्री० [सं० धर्म सभा] १ न्यायालय, अदालत.

२ जहाँ धार्मिक विषयों की चर्चा या उपदेश हो ।

रू०भे०—धरम्म सभा, ध्रम-सभा ।

धरमसाळा–सं०स्त्री० [सं० धर्मशाला] १ वह स्थान जहां यात्रियों के टिकने की व्यवस्था हो. २ पुण्य के लिए नियमपूर्वक दान आदि दिया जाने वाला स्थान, सत्र । उ०—१ तठा उपरांति करि नै राजांन सिलांमति देवळां री पाखती धरमसाळा, दांनसाळा मंडीजै छै। मांहे जोगेसर पवन रा साझणहार त्रिकुटी रा चडावणहार, धूम्रपांन रा करणहार उरधबाहु ठाढ़ेसरी दिगंबर सेतंबर निरंजनी आकास-मुनी ।—रा.सा.सं.

उ०—२ जे नगर मांहइ दांनसाळा, पोखधसाळा, धरमसाळा, गढ़ मढ़ मंदिर प्रकार, चुरासो चुहुटांनी हटसेणि, मांहइ वस्त संपूरण वरतइ ।—व.स.

धरमसावरणी–सं०पु० [सं० धर्मसावर्णि] ग्यारहवां मनु (पौराणिक)

धरमसासतर, धरमसास्त्र–सं०पु० [सं० धर्मशास्त्र] समाज के शासन के निमित्त नीति और सदाचार सम्बन्धी नियमों का ग्रंथ । उचित आचार व्यवहार की वह व्यवस्था जो किसी जन-समूह के लिए किसी महात्मा या आचार्य की ओर से होने के कारण मान्य समझी जाती हो ।

रू०भे०—धम्मसासतर, ध्रमसास्त्र ।

धरमसास्त्री–सं०पु० [सं० धर्मशास्त्री] धर्मशास्त्र को जानने वाला, विद्वान्, पण्डित ।

धरमसीळ–वि० [सं० धर्मशील] धर्मानुसार आचरण करने वाला, धर्मात्मा ।

धरमसुभाव–स०पु० [सं० धर्म स्वभाव] तालाव, सरोवर (अ.मा.)

धरमांग–स०पु० [सं० धर्माङ्ग] बगुला ।

धरमातमा, धरमात्मा–वि० [सं० धर्मात्मन्] जो धर्मानुसार आचरण करता हो, धार्मिक । उ०—जणीं मांहे एक रजपूत रहै, सो वडो उमराव अर वडो ग्यांनी धरमात्मा । उणी आगै एक बांमण कथा बांचै ।—गांम रा धणी री वात

रू०भे०—ध्रमआतमा ।

धरमादे, धरमादै–क्रि०वि० [सं० धर्मार्थ] धर्म या परोपकार के लिये ।

धरमादौ–सं०पु० [सं० धर्म] दान, पुण्य, धर्म ।

उ०—१ सेठां ! भगवांन रा दरबार में मूंडो कीकर बतावोला ? सेठ हंस्या नै बोल्या—'धरमादौ कोय वंटै हे नी, पै'ली घर में सूं मूळा री कापी व्है जिसा काड नै दिया हा, न्यात में नाक ऊंचो राखण नै ।—रातवासो

उ०—२ थारै आंखियां-रो भाव कुण समझतो हुसी ? ओझाजी-रै घरै धरमादै-रा डांगर मोकळा ऊभा हुसी ।—वरसगांठ

क्रि०प्र०—आणौ, करणौ, खाणौ, देणौ, न्हांकणौ, पाणौ, राखणौ ।

धरमादौ-खातौ–सं०पु०यौ० [सं० धर्म+अ० खत] १ व्यापारियों की वहियों में पुण्यार्थ दिया जाने वाला धन का खाता. २ व्यापारियों की पुण्यार्थ निकाली हुई रकम. ३ पुण्यार्थ ।

धरमाधिक, धरमाधिकरणिक–सं०पु० [सं० धर्माधिकरणिक] १ न्यायाधीश, धर्माधिकारी । उ०—१ राजा जुवराज कुमार राजेस्वर महामंडळेस्वर सांमंत लघू सांमंत तलवर तंत्रपाळ चतुरसीतिक ताडकपति मंत्री महामंत्री ग्रहवाहक स्त्रीकरणिक व्ययकरणि राजकार धरमाधिक ...... ।—व.स.

उ०—२ जुवराज कुमार राजेस्वर महामंडळेस्वर सांमंत लघु सांमंत तलवर तंत्रपाळ चतुरसीतिक ताडकपति मंत्रि, महामंत्रि ग्रहवाहक स्त्रीकरिणिक व्ययकरिणिक राजकरणिक धरमाधिकरणिक ।—व.स.

२ वह स्थान जहां पर न्यायाधीश या राजा मुकदमों पर विचार करता हो, विचारालय ।

रू०भे०—धरमाधिगरण, धरम्माधिगरण ।

धरमाधिकार–सं०पु० [सं० धर्माधिकार] १ धार्मिक कृत्यों का प्रबंध या व्यवस्था. २ न्यायाधीश का पद ।

धरमाधिकारी–सं०पु० [सं० धर्माधिकारिन्] १ धर्म अधर्म की व्यवस्था देने वाला, न्यायाधीश. २ पुण्य खाते का प्रबंधकर्ता, दानाध्यक्ष । ३ धर्मराज ।

धरमाधिगरण—देखो 'धरमाधिकरणिक' (रू.भे.)

उ०—सेनापति मंत्रि महामंत्रि रांणा स्त्रीगरण वयगरण रायगरण धरमाधिगरण देवगरण नायक दंडनायक अंगलेखक भांडागारिक संधिविग्रही साहणी मसाहणि ।—व.स.

धरमारण–सं०पु० [सं० धर्मारण्य] १ गया के अन्तर्गत एक तीर्थ स्थान. २ तपोवन. ३ वह पुण्य भूमि जहां पर गुरुपत्नी तारा के हरण के कुकृत्य से धर्म-व्याकुल होकर चंद्रमा जा घुसा था ।

धरमारथ–क्रि०वि० [स० धर्मार्थ] धर्म के निमित्त, परोपकार के लिये ।

धरमावतार–सं०पु० [सं० धर्मावतार] १ अत्यन्त धर्मात्मा, साक्षात् धर्म-स्वरूप. २ युधिष्ठिर. ३ वह पुरुष जो धर्माधर्म का निर्णय करे, न्यायाधीश ।

धरमासन–सं०पु० [सं०धर्मासन] न्यायाधीश का वह स्थान, कुर्सी, आसन या चौकी जिस पर बैठ कर वह न्याय करता है ।

धरमास्तिकाय–सं०पु० [सं० धर्मास्तिकाय] गति परिणाम वाले जीव और पुद्गलों की गति में जो सहायक हो (जैन)

रू०भे०—धम्मत्थिकाय ।

धरमियौवीर—देखो 'धरम-भाई' (अल्पा.)

उ०—सूवटा रै तूं धरमियौ सै वीर, देख कठैई जांमण जाया नै आवतौ । बाई ए मन में धीरज राख, वीरौ दीसै मनै आवतौ ।

—लो.गी.

धरमी–वि० [सं० धर्मिन्] (स्त्री० धरमण, धरमणी) धर्मात्मा, पुण्यात्मा, धार्मिक । उ०—१ आज धरावू, धरमी, धूंधळो, काळी कांठळ मेह ओ । आज नै वरसै, धरमी, मेहूड़ा, भीजै तंवू री डोर ओ ।—लो.गी.

उ०—२ घरमी नर ऊपर कोमळ कर धारै। पापी पुरुसां नै सदव्रत संहारै।—ऊ.का.

२ गुण विशिष्ठ या धर्म, जिसमें धर्म हो.

३ धर्म या मत को मानने वाला।

सं०पु०—१ धर्मात्मा मनुष्य, पुण्यात्मा व्यक्ति।

उ०—अविणासी को हलकारौ जग में आयौ, लोकन में सक्ति अलौकिक लारै लायौ। स्रुति समाचार को सार पुकार सुणायौ, धरमी सुख धार अधरमी सीस धुणायौ।—ऊ.का.

२ विष्णु. ३ यम (अ.मा.) ४ युधिष्ठिर. ५ धर्म का आश्रय या गुण, धर्म का आधार।

रू०भे०—धरंमी, धरम्मी, ध्रमी, ध्रम्मी।

घरमुरळी—देखो 'मुरळीधर' (रू.भे., नां.मा.)

घरमेलौ—सं०पु० [सं० धर्म्म+रा०प्र०एलौ] भाईचारा, बन्धुत्व

उ०—थारै बाप अर रांमलै-रै बाप में घरमेलौ हौ। तूं तौ टावर हौ।—वरसगांठ

घरमोपदेस—सं०पु० [सं० धर्मोपदेश] १ धर्म का तत्व समझाने या धर्म की ओर प्रवृत्त करने के लिये दिया गया व्याख्यान या कथन, धर्म की शिक्षा. २ धर्म की व्यवस्था, धर्मशास्त्र।

घरमोपदेसक—सं०पु० [सं० धर्मोपदेशक] धर्म का उपदेश देने वाला।

घरम्म—देखो 'धरम' (रू.भे.) उ०—१ भिड़ै ब्रह्म खत्रिय धरम्म अभ्यास। वधै जुध स्यांम-ध्रमी पति व्यास।—सू.प्र.

उ०—२ केवी नू गढ़ कूंचिआं, सूंपै छोड सरम्म। मुख ज्यांरा दीठां मिटै, धर रजपूत धरम्म।—बां.दा.

उ०—३ खंध न फेरै धुर वहै, धवळा एह धरम्म। राघव ज्यां री राखही, सीगां तणी सरम्म।—बां.दा.

धरम्मसभा—देखो 'धरम सभा' (रू.भे.)

धरम्माधिकरणसभा—सं०स्त्री०यौ० [सं० धर्म्माधिकरणसभा] धर्माधिकारियों, न्यायाधीशों अथवा निर्णायकों की सभा। उ०—स्त्रीकरणसभा, व्ययकरणसभा, धरमाधिकरणसभा, देवकरणसभा, पंडितसभा, लेखकसभा, भाडागारिक, कोस्टाकार, सत्राकार।—व.स.

धरम्माधिगरणा—देखो 'धरमाधिकरणिक' (रू.भे.)

उ०—सभावरणनं; रायरांण मंडळिक आखडळीक सांमंत महासामंत लघुसांमंत स्त्रीगरणा वयगरणा धरम्माधिगरणा अमात्य महामात्य सुहासोळा।—व.स.

धरम्मी—देखो 'धरमी' (रू.भे.)

धरर—सं०स्त्री० [अनु०] १ ध्वनि विशेष। उ०—बोलियौ मुख चख किया चांपौ वयण, भड़ां पग मांडजौ सधर रिण री भुयण। लाभ छत्री धरम वहौ ससत्रां लयण, गाज नाळां धरर धूंवा ढकियौ गयण।—रिवदांन बारहठ

२ देखो 'धररा'ट' (रू.भे.)

धररा'ट—सं०स्त्री० [अनु०] १ कंपन, थर्राहट. २ ध्वनि विशेष।

रू०भे०—धरर।

धरवजर—सं०पु० [सं० वज्र+धर] इन्द्र, देवराज, सुरपति (ह.नां.)

धरवणौ, धरववौ—क्रि०स० [सं० ध्रं=तृप्तौ] १ तृप्त करना, अघाना।

उ०—मोटौ उफण्यौ मेह, आयौ धरती धरवतौ। मुझ पांती रौ अेह, छांट न वरस्यौ जेठवा।—जेठवा

२ पीटना, मारना. ३ रखना.

४ देखो 'धरणौ, धरवौ' (रू.भे.)

धरवणहार, हारौ (हारी), धरवणियौ—वि०।

धरविग्रोड़ौ, धरवियोड़ौ, धरव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

धरवीजणौ, धरवीजवौ—कर्म वा०।

धरवर—सं०पु० [सं० धरा+धर] राजा, नृप। उ०—नरइंद 'अभौ' नवकोट नाथ, सरि करण सतरि धरवर समाथ। अहमंद नयर खाटण अनूप, रस वीर प्रगट घट विकट रूप।—रा.रू.

धरवाणौ, धरवावौ—क्रि०स० ('धरणौ' क्रिया का प्रे०रू०) १ देखो 'धरणौ, धरवौ'।

('धारणौ' क्रिया का प्रे०रू०) २ देखो 'धारणौ, धारवौ'।

धरवायोड़ौ—भू०का०कृ० ('धरियोड़ौ' का प्रे०रू०) देखो 'धरियोड़ौ'।

(स्त्री० धरवायोडी)

धरवियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ तृप्त किया हुआ, अघाया हुआ.

२ पीटा हुआ, मारा हुआ. ३ रखा हुआ.

४ देखो 'धरियोड़' (रू.भे.)

(स्त्री० धरवियोडी)

धरसंडौ—देखो 'धरसूंडौ' (रू.भे.)

धरसण, धरसणी—सं०स्त्री० [सं० धर्षिणी] १ दुश्चरित्रा, कुलटा, व्यभिचारिणी (डिं.को.) २ वेश्या, रण्डी।

धरसधर—सं०पु० [सं० धराधर] पर्वत, पहाड़।

उ०—मंत्री तहां मयण वसंत महीपति, सिला सिंघासण धरसधर। माथै अंब छत्र मंडांणा, चलि वाइ मंजरि ढळि चमर।—वेलि.

धरसुता—सं०स्त्री० [सं० धरा-सुता] पृथ्वी की पुत्री, सीता।

धरसूंडौ—सं०पु० [देश०] लकड़ी या लोहे का नीचे की ओर झुका हुआ वह टंडा जो बैलगाड़ी के अग्रभाग में लगा हुआ होता है। इसे बिना जुती हुई गाड़ी को जमीन पर ठहराने के लिये तथा गाड़ी के अग्र भाग को धरातल से कुछ ऊंचा रखने के लिये लगाया जाता है। (डिं.को.)

रू०भे०—धरसंडौ, धरहूंडौ।

धरहड़णौ, धरहड़वौ, धरहडणौ, धरहडवौ—क्रि०अ० [अनु०] १ कंपित होना, थर्राना। उ०—धरहड़ै क्रोध परचंड भूप। भुजडंड अड़ै ग्रहमंड भूप।—वि.सं.

२ ध्वनि करते हुए हिलना। उ०—झळहळीय सायर सत्त सुरगिरि खिगु खिगु खडखडी। खणु एकु असरणु हूउं तिहूयणु राय सयल वि धरहडी।—पं.पं.च.

३ देखो 'घरहरणौ, घरहरबौ' (रू.भे.)

घरहर-संoस्त्रीo [अनुo] ध्वनि विशेष। उo—फौआरूं की पंकति जळ चादरूं का उफांण। जळ-चादरूं की घरहर मांनूं छिल्लै महिरांण। —सू.प्र.

घरहरणौ, घरहरबौ-क्रिoसo [अनुo] १ वर्षना, जल प्लावित करना। उo—काळी करि कांठळि ऊजळ कोरण, धारे स्रांवण घरहरिया। गळि चालिया दिसोदिसि जळग्रभ, थंभि न विरहिण नयण थिया। क्रिoअo—२ गर्जना, गर्जन करना। —वेलि.

उo—घुर घुर आसाढ़ां अंबर घरहरियौ। घोरा डंबर में संवर घरहरियौ। साई सर सरिता आई इकरारा। बोळा जळवर सूं धाई जळधारा।—ऊ.का.

३ तोप, बंदूक आदि की ध्वनि होना, धड़धड़ शब्द होना।

उo—हमगीर करण जुध हैमरां, घोम अरावां घरहरे। चिलतह छतीस आवध धुरस, कुळ छतीस राजस करे।—सू.प्र.

४ नक्कारे का बजना.

५ देखो 'धड़हड़णौ, धड़हड़बौ' (रू.भे.) उo—जमी पुड़ घरहरै उडै रूकां जरक, देग झरणां थरक पीठ दीधी। हचण रण मुकर जम दाढ़ ग्रहियां हरक, करी वाळै असुंड गरक कीधी।

—रावत गुलाबसिंह चूंडावत री गीत

घरहरियोड़ौ-भूoकाoकृo—१ गरजा हुआ. २ दहाड़ा हुआ. ३ धड़ धड़ शब्द किया हुआ. ४ थर्राया हुआ, कांपा हुआ. (स्त्रीo घरहरियोड़ी)

घरहूंडौ—देखो 'घरसूंडौ' (रू.भे.)

घरां-पती—देखो 'धरापति' (रू.भे.) उo—सभापती लखप्पती सुरिंद नरांपती, घरांपती निरंद गढ़ांपती करांमती।—ल.पि.

घरा-संoस्त्रीo [संo] १ पृथ्वी, भूमि, जमीन (डि.को.)

उo—१ आयौ इंगरेज मुलक रै ऊपर, आहंस लीधा खेंचि उरा। धणियां मरे न दीधी धरती, धणियां ऊभां गई धरा।—बां.दा.

उo—२ इंद्र नै चंद्र नागेंद्र चित चमकिया, धड़हड़ची सेस नै धरा धूजे।—प न.चौ.

२ संसार, दुनिया। उo—सखा जग में सतसंगत सार; विना सतसंग न ग्रहा विचार। धरा सतसंग विनां नहि ध्यांन, विनां सतसंग न ग्यांन विग्यांन।—ऊ.का.

३ राज्य। उo—रच्यौ फेर प्रासाद वाहादरा रौ। घनौ भाग भू भाग भाठौ धरा रौ।—मे.म.

४ गर्भाशय. ५ एक वर्ण वृत्त, जिसके प्रत्येक चरण में एक तगण और गुरु होता है।

घराउ, घराऊ—देखो 'घुराळ' (रू.भे.)

उo—धाज घराऊ आभौ घूंधळौ ए पणिहारी ए लो।—लो.गी.

घराज-संoपुo—१ टेढ़ी तिरछी लकड़ी को सीधी करने का बढ़ई का एक औजार।

२ देखो 'घिराज' (रू.भे.) उo—दूजी वार घराज दियौ दुख, सांसण जबत किया हिक-साथ। दळ सिणगार मांडियौ 'देवै', हितवां काज उदक नै हाथ।—लभजी बारहठ

घराड़णौ, घराड़बौ—देखो 'घराणौ, घराबौ' (रू.भे.)

घराड़णहार, हारौ (हारी), घराड़णियौ—विo।

घराड़िओड़ौ, घराड़ियोड़ौ, घराड़्योड़ौ—भूoकाoकृoं।

घराड़ीजणौ, घराड़ीजबौ—कर्म वाo।

घराड़ियोड़ौ—देखो 'घरायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्रीo घराड़ियोड़ी)

घराणौ, घराबौ-क्रिoसo—१ रखाना, ठहराना।

उo—औ उठाय एकंत घरायौ, जा पछै नृप सिद्ध जगायौ।—सू.प्र.

२ निश्चित कराना, मुकर्रर कराना। उo—फेर मुहूरत घराय राजा भोज सिंघासण पास आयौ।—सिंघासण बत्तीसी

३ स्थित कराना। उo—अनइ तरुआरि स रमता भाला उछाळता हाक हीक करता एहवे पायके परिवारिउ, छत्र घरातइ चमर वीजातइ।—व.स.

घराणहार, हारौ (हारी), घराणियौ—विo।

घरायोड़ौ—भूoकाoकृo।

घराईजणौ, घराईजबौ—कर्म वाo।

घराड़णौ, घराड़बौ, घरावणौ, घरावबौ—रूoभेo।

घरातळ-संoपुo [संo घरातल] १ भूमि, पृथ्वी. २ लंबाई चौड़ाई का गुणनफल ३ सतह।

घरातमज-संoपुo [संo] मंगल ग्रह।

घराथंब, घराथंभ-संoपुo [संo धरा+स्तम्भ] १ राजा, नृप (डि.को.)

उo—अवतार उदार लाखी इसौ, जगां जेठ दातार 'जेहै' जिसौ। घराथंभ जाड़ेज धूंनै घड़ै, अवै वाज जेहाज गीतां-वडै।—ल.पि.

२ योद्धा, वीर। उo—छत्र धारी दूजा 'जगा' घराथंभ उदां छात। 'सिभू' रा सिघळी 'दौला' हरा सुरतांण।—वनजी खिड़ियौ

रूoभेo—घरा रौ थंभ।

घराधर-संoपुo [संo] १ शेषनाग। उo—रैवतां वाजीय पौड़ रड़क। धराधर धूजीय कोम धड़क।—सू.प्र.

२ पर्वत, पहाड़ (ह.नां., अ.मा.) ३ विष्णु।

रूoभेo—धारीधर, धारीधरा।

घरा-धव-संoपुoयौo [संo] राजा, नृप।

उo—अर म्हारै तो घरा पै घरा-धवां रै धांम धांम धारा धारा री धमचक देखि औरठै भी पण री पूरणता भरावीजै।—वं.भा.

घराधार-संoपुoयौo [संo] शेष नाग (डि.को.)

यौo—घरा-धार-धारी।

घराधारधारी-संoपुoयौo [संo] महादेव, शिव।

घराधिपति-संoपुoयौo [संo] राजा, नृप।

घरा-धीस-संoपुo [संo घराधीश] १ राजा, नृप (डि.को.)

२ विष्णु, ईश्वर। उ०—नरहर नाग नाथ नारायण गोव्यंद गोप-वर। घराधीस घांनख गिरधारी, कमळाकंत सकमळकर।—र.ज.प्र.

धरानायक-सं०पु० [सं०] राजा, नृप।

उ०—भूंठी धरी धूंवड घाइ ताडइ, अक्रदंती द्रूपदी वूंब पाडइ। घाए धरानायक राखि राखि, ए पापीया नइं फळ दाखि दाखि।
—विराट पर्व

धरापति, धरापती-सं०पु० [सं० धरापति] राजा, नृप।

उ०—धरम विनां देखो धरणी में, भये किते हक भंगी। धरम प्रताप धरापति धारत, रजधांनी बहुरंगी।—ऊ.का.

रू०भे०—धरपत, धरपति, धरपती, धरपत्त, धरांपती।

धरापुत्र-सं०पु० [सं०] मंगल ग्रह।

धरापूर-वि०—पूर्ण, पूरी। उ—कहि धरापूर धुर कथा। विसवा-मित्र विवध।—रांमरासौ

धरायोड़ौ-भू०का०कृ०—१ निश्चित कराया हुआ, मुकर्रर कराया हुआ. २ रखाया हुआ, ठहराया हुआ. ३ स्थित कराया हुआ।
(स्त्री० धरायोड़ी)

धरारण-सं०स्त्री० [सं० धरा] भूमि, धरा। उ०—परिवारण वारण सार संभारण तारण कारण आप लियौ। आरोह खगारण धाय धरारण चक्र चलारण काज कियौ। धिन आप अपारण सोइ विचा-रण टेर उचारण एक ररौ।—करुणा सागर

धरारूप—पर्वत तुल्य। उ०—धरारूप लंबी करां धूप धारैं। नरां एक एकौ हजारां निवारैं।—वं.भा.

धरा-रौ थंभ—देखो 'धराथंभ' (रू.भे., डि.को.)

धराळ-सं०पु०—१ भूमि पर विचरने वाला, स्थलचर।

उ०—जग जाळ असराळ संभाळ छळैं, इन भवख सदा भव सिंधु मही। नभ नाळ तंताळ धराळ मिळैं, त्रयलोक सुरप्पति विद्ध सही।
—करुणा सागर

२ देखो 'धाराळी' (मह., रू.भे.) उ०—धसम्मसि धूहड़ धूणि धराळ, कमध्धज कोपि भयंकर काळ।—राज रासौ

३ देखो 'धूराळ' (रू.भे.)

धराव-सं०पु०—१ पशु. २ पशुधन।

वि०—मूर्ख।

धरावणौ-सं०पु०—'रखवाना' या 'धरवाना' क्रिया का भाव।

धरावणौ, धरावबौ—१ दिलवाना, देराना।

उ०—इतरइ आसउदे नउ गागोरणउ कहि छइ—सो नांहि हो ठाकुरे। इसउ कीजइ अेक धराळां की धार खिरी छइ ते पुनरपि धरावजइ, घाओ पाटा बांधिजइ।—अ. वचनिका

२ देखो 'धरणौ, धरबौ' (रू.भे.) उ०—सांम्रत मिळया सुख सार्गे, धुनि में ध्यांन धरावैं।—ऊ.का.

धरावणहार, हारौ (हारी), धरावणियौ—वि०।

धराविओड़ौ, धरावियोड़ौ, धराव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

धरावीजणौ, धरावीजबौ—कर्म वा०।

धराविधूंसण-सं०स्त्री० [सं० धरा+विध्वंसिनी] तलवार (अ.मा.)

धरावियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ दिलवाया हुआ।

२ देखो 'धरायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० धराविय़ोड़ी)

धरावू—देखो 'धुराऊ' (रू.भे.)

धराहौ-सं०स्त्री०—एक प्रकार की तलवार।

धरिती, धरित्री—देखो 'धरती' (रू.भे.) उ०—माभी नर नाइक फौज रौ मौज रौ महिरांण। दातार कवि हित दाखणौ जस राखणौ घण जांण। भारथि खळां दळ भांजणौ गढ़ गांजणौ गहगीर। धरिती सिरि नांम धारणौ कुळ तारणौ लख धीर।—ल.पि.

धरि-धारण-सं०पु० [सं० धुर-धारण] बैल, वृषभ (डि.नां.मा.)

धरिया-सं०स्त्री०—पँवार वंश की एक शाखा (बां.दा.ख्यात)

धरियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ रूप ग्रहण किया हुआ, आरोपित किया हुआ, धारण किया हुआ. २ व्यवहार के लिये हाथ में लिया हुआ, ग्रहण किया हुआ. ३ निश्चय किया हुआ, विचार ग्रहण किया हुआ. ४ प्रतीत किया हुआ, महसूस किया हुआ. ५ बैठाया हुआ, ग्रहण किया हुआ. ६ स्मरण किया हुआ. ७ पास में रखा हुआ, रक्षा में रखा हुआ. ८ स्वीकार किया हुआ. ९ चौकन्ना किया हुआ, ध्यान धरा हुआ. १० संकल्प किया हुआ, दृढ़ निश्चय किया हुआ.
११ शोभार्थ अथवा रक्षार्थ धारण किया हुआ, देह पर रखा हुआ, पहना हुआ. १२ स्थापित किया हुआ, स्थित किया हुआ, ठहराया हुआ. १३ प्रकट किया हुआ, रखा हुआ. १४ (किसी कार्य में) संलग्न हुवा हुआ, क्रियाशील हुवा हुआ. १५ रखेली रखा हुआ.
१६ वहन किया हुआ, उत्तरदायित्व लिया हुआ. १७ (गर्भ, हर्ष, शोक, उत्साह आदि) धारण किया हुआ, ग्रहण किया हुआ.
१८ गिरवी रखा हुआ, बंधक रखा हुआ. १९ किसी वस्तु को मज-बूती से पकड़ा हुआ या जोर से स्पर्श किया हुआ जिससे वह इधर-उधर नहीं जा सके अथवा हिल नहीं सके. २० डींग मारा हुआ. कहा हुआ. २१ प्रहार किया हुआ, मारा हुआ.
२२ वश में किया हुआ।
(स्त्री० धरियोड़ी)

धरू-सं०पु० [सं० ध्रुपद] ध्रुपद, (संगीत)

उ०—आंगणि जळ तिरप उरप अलि विम्रति, मरुत चक्र फिरि लियत मरू। रांमसरी खुमरी लागी रट, धूया माठा चंद धरू।—वेलि.

धरेट-सं०स्त्री० [सं० दृष्टि] दृष्टिदोष, नजर।

धरेती—देखो 'धरती' (रू.भे.)

धरे-धरे-वेळा—देखो 'ग्रह-ग्रह-वार' (रू.भे.)

धरेस-सं०पु० [सं० धरा+ईश] १ राजा, नृप, नरेश।

उ०—१ संग्रांमसिह पट्टप नरेस। धरि छत्र हुवौ संभर धरेस।
—वं.भा.

२ शेषनाग। उ०—अरेस असेस दहेस अभंग, धरेस सुरेस नरेस सधीर।—र.ज.प्र.

३ ईश्वर।

धरंती—देखो 'धरती' (रू.भे.) (ना.डि.को.)

२ हैरान होने का भाव, तंगी।

धरोड़, धरोहर—सं०स्त्री० [सं धरण] १ अमानत, थाती।

२ गिरवी रखा हुआ द्रव्य या वस्तु।

धरौ—सं०पु० [सं० धर्म] १ संतोष. २ अघाने का भाव, तृप्ति.

धळ-धूंधळ—सं०स्त्री० [देश०] रेतीली भूमि। उ०—१ षेढ मभारै वीसरघो ऊनाळ लुवांणं। धीज करै धळ-धूंधळां तप धोम तपांणं। —पा.प्र.

धव—सं०पु० [सं० धवः] १ पति, स्वामी (डि.को.) उ०—१ धव म्हारा रणवीर, हरण चीर हाथां हुआ। नाकां छळियो नीर, द्रोण सभासद देख रे।—रांमनाथ कवियो

उ०—२ सो धवां रा धड़ पड़ता देखि खड्ग नेटक रा पाटव मैं प्रवीण सूर भाव रै साथ स्रद्धा रै समान माणवां री संहार करती सारी ही मध्यपुर रा प्रकोस्ट रै माथै आवती छिपांणां रै चाढ़ लागी। —वं.भा.

२ मनुष्य (ह.नां., अ.मा.)

३ सूर्य (नां.मा.) ४ देखो 'धाव' (११) (रू.भे.)

उ०—धोर छोड़ धावळां, खैर करमद वकायण। बीजा धव वट वेंत, ईख सुरतर नारायण।—र.ज.प्र.

मुहा०—कीं तो धव ई चीकणा अर कीं कवाड़ा वो भोंटा—कुछ तो धव वृक्ष चिकने हैं तथा कुछ कुल्हाड़ा भी पैना नहीं है अर्थात् परस्पर प्रयुक्त या व्यवहृत होने वाले दो पदार्थों या प्राणियों में कार्यानुसार श्रेष्ठ गुणों की कमी है।

धवई—देखो 'धाय' (रू.भे.)

धवड़ावणो, धवड़ावबो—देखो 'धवाणो, धवाबो' (रू.भे)

धवड़ावियोड़ो—देखो 'धवायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० धवड़ावियोड़ी)

धवड़ी—सं०स्त्री० [डि० धव=सूर्य=सूर=वीर+रा०प्र०ड़ी] वीरप्रसविनी, वीरांगना। उ०—हिवै भींवाजी नै रिणखेत पड़ियां नै दिन दोय हूवा, तिसै तिसां मरै। तिण समीयै कैइक जोगेसर अकळपंथ हींगुळा जंफरस आवै था। तिकै रिणोद देखि वातां करै छै, भाई-भाई रजपूतांणियां धवड़ी रै खरणै रा लोहां धाप पोढ़िया छै। श्री सुर भींवा रै कांनै आयो।—जखड़ा मुखड़ा भाटी री वात

धवणि, धवणी—देखो 'धमण' (अल्पा., रू.भे.) (डि.को.)

उ०—दहूं अंगां यह रीति कहा पुरख कहा नारी। क्रोध अगनि प्रजळै धवणी दोय दुख सुख भागी।—ह.पु.वा.

धवणो, धवबो—देखो 'धमणो, धमबो' (रू.भे.)

धवभंग—सं०पु० [सं०] पति का अवसान, पति की मृत्यु।

